कार्तिक शुक्ल पक्ष षष्ठी 12:35 तक उपरांत सप्तमी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 7 नवंबर 2024
वर्ष 3, अंक 77, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर नगर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



ब्रह्मांड के विकास की गुत्थी आज भी अधूरी है 16

थामा मेरे करियर का सबसे खास प्रोजेक्ट : आयुष्मान 15

## पीएम-विद्यालक्ष्मी योजना को मंजूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

**कैबिनेट के फैसले**



- योजना में मेधावी विद्यार्थियों को मिलेगी आर्थिक मदद
- भारतीय खाद्य निगम को मिलेंगे 10,700 करोड़ रुपये

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मेधावी विद्यार्थियों को आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए पीएम-विद्यालक्ष्मी योजना को बुधवार को मंजूरी दे दी ताकि वित्तीय बाधाएं उन्हें गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा प्राप्त करने से न रोक सकें। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह जानकारी दी। सरकार ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 में कार्यशील पूंजी की जरूरतों को पूरा करने के लिए भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) में 10,700 करोड़ रुपये की इक्विटी पूंजी डालने को भी मंजूरी दे दी।

पीएम-विद्यालक्ष्मी योजना के अनुसार, गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा संस्थानों (क्यूएचईआई) में दाखिला लेने वाला कोई भी विद्यार्थी पाठ्यक्रम से संबंधित ट्यूशन शुल्क और अन्य खर्चों की पूरी राशि को कवर करने के लिए बैंकों और वित्तीय संस्थानों से बिना किसी जमानत या गारंटर के ऋण प्राप्त करने के लिए पात्र होगा। वैष्णव ने कहा कि मंत्रिमंडल ने मेधावी छात्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए योजना को मंजूरी दी है। यह योजना राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग ढांचा (एनआईआरएफ) रैंकिंग द्वारा निर्धारित सरकारी और निजी सभी शीर्ष क्यूएचईआई पर लागू होगी जो एनआईआरएफ में शीर्ष 100 में स्थान रखते हैं। इसमें एनआईआरएफ में 101-200 रैंक पर आने वाले राज्य के उच्च शिक्षा संस्थान और केंद्र द्वारा संचालित सभी संस्थान शामिल हैं। दूसरी ओर चालू वित्त वर्ष 2024-25 में कार्यशील पूंजी की जरूरतों को पूरा करने के लिए भारतीय खाद्य निगम में 10,700 करोड़ रुपये की इक्विटी पूंजी डालने की भी मंजूरी दी गई।

## ट्रंप ने कड़े मुकाबले में हैरिस को हराया

**277** वोट ट्रंप को मिले

**224** वोट हैरिस ने पाए



**अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव** ऐतिहासिक जीत हासिल कर दूसरी बार पहुंचे व्हाइट हाउस

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को दूसरी बार देश के राष्ट्रपति चुनाव में जीत हासिल की जिसे अमेरिकी इतिहास में किसी नेता की सबसे बड़ी राजनीतिक वापसी कहा जा रहा है। ट्रंप ने कड़े चुनावी मुकाबले में अपनी डेमोक्रेटिक प्रतिद्वंद्वी कमला हैरिस को आसानी से हरा दिया। विस्कोन्सिन में जीत के साथ ट्रंप (78) ने राष्ट्रपति पद के लिए जरूरी 270 निर्वाचक मंडल वोट हासिल कर लिए। उन्होंने विस्कोन्सिन जैसी महत्वपूर्ण सीट पर उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को पराजित किया। शाम चार बजे तक उपलब्ध जानकारी के अनुसार, रिपब्लिकन उम्मीदवार ट्रंप ने 277 निर्वाचक मंडल वोट जबकि डेमोक्रेटिक उम्मीदवार कमला हैरिस ने 224 निर्वाचक मंडल वोट हासिल कर लिए हैं। ट्रंप ने फ्लोरिडा के वेस्ट पाम बीच में अपने समर्थकों को संबोधित करते हुए इस जीत को अमेरिका में स्वर्णिम युग की वापसी बताया।

### खरगे और राहुल ने दी बधाई

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की जीत पर बधाई दी और उनके सफल कार्यकाल की कामना की। खरगे ने कहा कि हम वैश्विक शांति और समृद्धि के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ मिलकर काम करने के लिए तत्पर हैं। राहुल गांधी ने डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार रहीं कमला हैरिस को भी भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

### मेरे दोस्त ट्रंप को बधाई : मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिका का राष्ट्रपति निर्वाचित होने और उनकी ऐतिहासिक जीत पर बुधवार को उन्हें बधाई दी तथा वैश्विक शांति, स्थिरता और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए साथ मिलकर काम करने का आह्वान किया। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मेरे दोस्त डोनाल्ड ट्रंप को ऐतिहासिक चुनावी जीत पर हार्दिक बधाई।

## एक नजर

### भड़काऊ भाषण : मिथुन चक्रवर्ती पर प्राथमिकी

**कोलकाता।** बिधाननगर पुलिस ने बुधवार को अभिनेता से भाजपा नेता बने मिथुन चक्रवर्ती के खिलाफ पिछले महीने उत्तर 24 परगना जिले में एक पार्टी कार्यक्रम के दौरान कथित रूप से भड़काऊ भाषण देने के लिए प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, चक्रवर्ती के खिलाफ शिकायत 27 अक्टूबर को साल्ट लेक क्षेत्र में ईजेडसीसी में भाजपा के एक कार्यक्रम के दौरान उनके द्वारा दिए गए भाषण से संबंधित है, जिसके आधार पर पुलिस ने बिधाननगर दक्षिण थाने में प्राथमिकी दर्ज की है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी इस कार्यक्रम में मौजूद थे, जो भाजपा के सदस्यता अभियान के पश्चिम बंगाल चरण की शुरुआत के लिए आयोजित किया गया था।

### आइस और हेरोइन के साथ तीन लोग गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने एक किलोग्राम मेथामफेटामाइन और एक किलोग्राम हेरोइन बरामद करने के साथ ही तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि मेथामफेटामाइन को आइस या फिर क्रिस्टल मेथ के नाम से भी जाना जाता है, जो एक तरीके का मादक पदार्थ है। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि गिरफ्तार किए गए तीन लोगों की पहचान अमृतसर के भकना कलां गांव के रकरणदीप सिंह (22), तरनतारन के चोहला साहिब गांव के रहने वाले जीवन सिंह (19) और मनजिंदर सिंह (21) के रूप में हुई है।

## रातों रात बुलडोजर लाकर घर नहीं गिरा सकते : सुप्रीम कोर्ट

### कोर्ट ने 2019 में ढांचों को गिराने पर उप्र सरकार से नाखुशी जताई

- अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया पर सभी राज्यों को जारी किए निर्देश
- जिसके घर को गिराया उसे 25 लाख रुपये मुवावजा दे उप्र सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी



उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को 2019 में अवैध तरीके से ढांचों को गिराने को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार से नाखुशी जताई और सड़कें चौड़ी करने एवं अतिक्रमण हटाने के लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रिया पर सभी राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों को निर्देश जारी किए।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने उप्र सरकार को निर्देश दिया कि उस व्यक्ति को 25 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाए जिसका घर 2019 में सड़क चौड़ीकरण के लिए गिरा दिया गया था। पीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार के वकील से कहा कि आप ऐसा नहीं कर सकते कि बुलडोजर लेकर आएं और रातों रात भवनों को गिरा दें। आप परिवार को घर खाली करने के लिए समय नहीं देते। घर में रखे घरेलू सामान का क्या? पीठ ने उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव से कहा कि महाराजगंज जिले में मकान गिराने से संबंधित मामले में जांच कराई जाए और उचित कार्रवाई की जाए।

### प्राकृतिक न्याय सिद्धांतों का पालन करें राज्य

अदालत ने राज्यों से कहा कि वे अभिलेखों या मानचित्रों के आधार पर सड़क की मौजूदा चौड़ाई का पता लगाएं तथा सर्वेक्षण करें, जिससे सड़क पर यदि कोई अतिक्रमण है तो उसका पता चल सके। कहा कि यदि सड़क पर अतिक्रमण का पता चलता है तो राज्य को इसे हटाने से पहले अतिक्रमण करने वाले को नोटिस जारी करना होगा और यदि नोटिस की सत्यता और वैधता पर आपत्ति जताई जाती है तो राज्य प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों को ध्यान में रखते हुए स्पीकिंग ऑर्डर (कारण सहित आदेश) जारी करेगा।

### उचित कारण जरूरी, मुनादी से नहीं चलेगा काम

याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ भटनागर और अधिवक्ता शुभम कुलश्रेष्ठ पक्ष रख रहे थे। अदालत ने उनका पक्ष सुनते हुए कहा कि यह स्पष्ट है कि मकान गिराने की प्रक्रिया पूरी तरह मनमानी थी और कानून का पालन किए बिना इसे अंजाम दिया गया। सुनवाई के दौरान पीठ को संबंधित क्षेत्र में 123 ढांचों को गिराए जाने के बारे में सूचित किया गया। पीठ ने राज्य सरकार के वकील से कहा कि आप कह रहे हैं कि आपने केवल मुनादी की थी। बताएं कि किस आधार पर निर्माण कार्य को अनधिकृत बताया गया। जब राज्य के वकील ने सड़क चौड़ीकरण परियोजना के बारे में बताया तो पीठ ने कहा, सड़क चौड़ीकरण बस एक बहाना है। यह उचित कारण नहीं लगता।

### अतिक्रमण हटाने से पहले दी जाए नोटिस

पीठ ने कहा कि यदि आपत्ति को खारिज कर दिया जाता है तो संबंधित व्यक्ति को अतिक्रमण हटाने के लिए एक तर्कसंगत नोटिस दिया जाएगा। यदि संबंधित व्यक्ति इसका अनुपालन नहीं करता, तो सक्षम प्राधिकारी अतिक्रमण हटाने के लिए कदम उठाएंगे, जब तक कि सक्षम प्राधिकारी या अदालत के आदेश से रोक न लगाई जाए। जहां सड़क की मौजूदा चौड़ाई, जिसमें उससे सटी राज्य की भूमि भी शामिल है, सड़क चौड़ीकरण के लिए पर्याप्त नहीं है, तो राज्य कार्रवाई को शुरू करने से पहले अपनी भूमि का अधिग्रहण करने के लिए कदम उठाएगा।

## डीसीएम व ऑटो के बीच भिड़ंत में 11 लोगों की मौत

### मरने वालों में 6 महिलाएं, 3 बच्चे और दो युवक शामिल

- हरदोई जिले के बिल्हौर-कटरा हाईवे पर गांव रोशनपुर के पास हुआ हादसा
- मुख्यमंत्री ने जताई शोक संवेदना, घायलों के समुचित इलाज के दिए निर्देश

संवाददाता, बिलग्राम (हरदोई)



बिल्हौर-कटरा हाईवे पर दुर्घटनास्थल पर लगी भीड़। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** बिलग्राम थाना क्षेत्र के रोशनपुर गांव के पास डीसीएम और ऑटो की भिड़ंत में 11 लोगों की मौत हो गई है। जबकि 3 लोग गंभीर है। सूचना के बाद मौके पर पुलिस पहुंची और घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी भेजा गया। मृतकों में 6 महिलाएं, 3 बच्चे और 2 युवक शामिल हैं। हादसे में मारे गए सभी लोग ऑटो में सवार थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मृतकों के परिजनों को 2- 2 लाख रुपये व घायलों को 50-50 हजार रुपये दिए जाने के निर्देश दिए हैं। उधर, सूचना मिलने पर एसपी नीरज कुमार जादौन मय टीम मौके पर पहुंचे व घायलों के इलाज को अस्पताल पहुंचवाया। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने जिला अस्पताल पहुंचकर घायलों के समुचित इलाज के लिए डाक्टरों को निर्देशित किया।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बुधवार दोपहर 12 बजे बिल्हौर-कटरा हाईवे पर एक सीएनजी आटो माधौगंज से सवारियां लेकर बिलग्राम आ रहा था। ऑटो में 15 लोग सवार थे। आटो जैसे ही गांव रोशनपुर के पास पहुंचा, उसी बीच एक बाइक सवार को बचाने में सामने से आ रही डीसीएम से जा टकराया। सवारियों की चीख-पुकार सुन कर आस-पड़ोस के लोग दौड़ पड़े। उसी बीच चालक डीसीएम छोड़ कर भाग गया। उधर, हादसे के बाद स्थानीय लोग आक्रोशित होकर सड़क जाम करने लगे। पुलिस ने बाद में उन लोगों को किसी तरह शांत कराया। शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भी भेज दिया।

### हादसे में इनकी गई जान

माझगांव निवासी माधुरी (38), सुनीता (40) पटियनपुरवा माधौगंज, आंशी (8), नीलम (60) इटौली, सत्यम (30) पटेल नगर पूर्वी माधौगंज, राधा (42) इटौली, निर्मला (36) अल्लीगढ़ बिलग्राम, रोशनी (30) गुर्रा सवायजपुर, वंशिका (6), प्रांशु (4), विमलेश (25) सर्रा सथरा थाना सुरसा शामिल हैं।

> डीसीएम व आटो के बीच में बाइक सवार के अचानक आ जाने पर हादसा हुआ। आटो चालक घायल है। डीसीएम का चालक फरार है। दोनों वाहनों को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है।
>
> **-प्रशांत कुमार**-द्वितीय, पुलिस उपमहानिरीक्षक, लखनऊ परिक्षेत्र

## एलएमवी लाइसेंस धारक चला सकेंगे ट्रांसपोर्ट वाहन

नई दिल्ली, एजेंसी

- सुप्रीम कोर्ट का निर्णय, 7500 किग्रा वजन की सीमा तय

वाणिज्यिक वाहन चालकों को राहत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि हल्के मोटर वाहन (एलएमवी) का लाइसेंस धारक व्यक्ति 7,500 किलोग्राम तक वजन वाले परिवहन वाहन चला सकता है। प्रधान न्यायाधीश डीवाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ का फैसला बीमा कंपनियों के लिए एक झटका है। बीमा कंपनियां उन दावों को खारिज कर देती थीं, जो एक विशेष वजन के परिवहन वाहनों से होने वाली दुर्घटनाओं से संबंधित होते थे। पीठ के लिए सर्वसम्मति से फैसला लिखने वाले न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय ने कहा कि ऐसे कोई आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं जो यह दर्शाते हों कि देश में सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि के लिए एलएमवी लाइसेंस धारक जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा कि एलएमवी लाइसेंस धारक, जो अधिकतम समय वाहन चलाते हैं, उनकी शिकायतों को खारिज नहीं किया जा सकता। प्रधान न्यायाधीश और न्यायमूर्ति रॉय के अलावा पीठ में न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा, न्यायमूर्ति पंकज मिथल और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल हैं।

## सीबीएसई ने 21 विद्यालयों की संबद्धता वापस ली

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने डमी विद्यालयों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बुधवार को 21 विद्यालयों की संबद्धता वापस ले ली और छह स्कूलों का उच्चतर माध्यमिक का दर्जा घटाकर माध्यमिक कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि यह कदम सितंबर में राजस्थान और दिल्ली के विद्यालयों में किए गए औचक निरीक्षण के बाद उठाया गया है, जिसमें कई खामियां पाई गई थीं। सीबीएसई सचिव हिमांशु गुप्ता ने कहा कि डमी या बिना-उपस्थित प्रवेश की प्रथा स्कूली शिक्षा के मूल उद्देश्य के विपरीत है, तथा इससे छात्रों के आधारभूत विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

## जम्मू-कश्मीर विस में विशेष दर्जा बहाली प्रस्ताव पारित

- भाजपा विधायकों का कड़ा विरोध वेल में कूदे, जमकर हंगामा

श्रीनगर, एजेंसी



विधान सभा के भीतर विरोध प्रदर्शन करते भाजपा के विधायक। ● एजेंसी

जम्मू-कश्मीर विधानसभा ने भाजपा के कड़े विरोध और हाईवोल्टेज ड्रामा के बीच विशेष दर्जा बहाली संबंधी प्रस्ताव को बुधवार को पारित कर दिया। इस प्रस्ताव में केंद्र सरकार से जम्मू-कश्मीर के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के साथ विशेष दर्जा बहाल करने, संवैधानिक गारंटी देने और इन प्रावधानों को बहाल करने के लिए संवैधानिक तंत्र तैयार करने के लिए बातचीत शुरू करने का आह्वान किया गया। उप मुख्यमंत्री सुरिंदर चौधरी द्वारा विशेष दर्जा बहाल करने का प्रस्ताव पेश किया गया जिसका स्वास्थ्य मंत्री सकीना मसूद ने समर्थन किया। प्रस्ताव के बाद सुबह विधानसभा में काफी हंगामा हुआ। प्रस्ताव का मसौदा बहुत ही चतुराई से तैयार किया गया था और इसमें अनुच्छेद 370 या पांच अगस्त 2019 का उल्लेख नहीं था जब जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म किया गया था। भाजपा विधायकों ने खड़े होकर प्रस्ताव का विरोध किया। नारेबाजी-हंगामे के चलते अफरा-तफरी मच गई। कुछ विधायक सदन के वेल में कूद गए और अध्यक्ष अब्दुल रहीम राथर पर हमला करते हुए उनसे प्रस्ताव वापस लेने को कहा। उनमें से कुछ ने अध्यक्ष के खिलाफ नारे लगाए। नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के विधायक भी अपनी सीटों से उठ गए और प्रस्ताव के पक्ष में नारे लगाने लगे।

### प्रस्ताव वापसी तक विस चलने नहीं देंगे : भाजपा

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा में मुख्य विपक्षी दल भाजपा ने कहा कि वह सदन की कार्यवाही तब तक चलने नहीं देगी जब तक राज्य के विशेष दर्जे को बहाल करने के लिए केंद्र शासित प्रदेश के निर्वाचित प्रतिनिधियों और केंद्र के बीच बातचीत संबंधी प्रस्ताव को वापस नहीं लिया जाता। नेता प्रतिपक्ष सुनील शर्मा ने कहा कि यह एक अवैध प्रस्ताव है।

## बाबा सिद्दीकी की हत्या में एक और गिरफ्तार

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या के मामले में बुधवार को पुणे से 23 वर्षीय एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि पुणे शहर के कर्वेनगर इलाके का निवासी गौरव विलास अपुने इस मामले में गिरफ्तार 16वां आरोपी है।

यहां की एक अदालत ने गौरव को नौ नवंबर तक पुलिस हिरासत पर भेज दिया। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए कुछ आरोपियों से पूछताछ में सामने आया कि गौरव महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री सिद्दीकी पर हमले की साजिश में शामिल था, जिसके बाद मुंबई अपराध शाखा की एक टीम ने उसे हिरासत में ले लिया।

## सनातन में सभी को धारण करने की क्षमता

- चित्रकूट में संघ प्रमुख मोहन भागवत बोले- रामायण से हमें मिलती है जीवन जीने की सही सीख

संवाददाता, चित्रकूट



संबोधन करते संघ प्रमुख भागवत, बैठे हुए संत मोरारी बापू।

**अमृत विचार :** संतों के काम में कोई बाधा न आए इसलिए संत जब सनातन धर्म की कथा कहते हैं तो संघ के लोग डंडा लेकर बाहर बैठते हैं। सभी को जोड़कर उन्नति करना हमारे देश का धर्म है। महाभारत हमें सिखाती है कि दुनिया कैसी है और रामायण बताती है कि यहां कैसे रहना है। यह बात बुधवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर संघचालक डॉ. मोहन भागवत ने श्रीधर धाम दास हनुमान देवस्थान आश्रम में प्रख्यात कथावाचक स्व. पं. रामकिंकर उपाध्याय के 3 दिवसीय जन्म शताब्दी समारोह के समापन पर कही। संघ प्रमुख ने कहा कि ऋषि-मुनियों के कठोर परिश्रम से भारत की नींव रखी गई। हम मूल रूप से एक हैं। सनातन का भी यही मूल है, इसमें सभी को धारण करने की क्षमता है। आज देश में धर्म-अधर्म की लड़ाई चल रही है। ऐसे में ईश्वर प्रदत्त कर्तव्य है कि धर्म के पक्ष में खड़े हो जाएं। प्रभु राम ने धर्म को जीकर दिखाया है। संघ प्रमुख ने स्व. रामकिंकर का स्मरण करते हुए कहा कि उनकी कथा कृपा स्वरूपा थी और यही हमारे राष्ट्र का आधार है। जीवन को कुंदन करने के लिए रामकिंकर जी जैसे महान संतों को सुनने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि भगवान की इच्छा है, इसलिए भारत का उत्थान हो रहा है। भगवान की इच्छा पूरी करने के लिए पुरषार्थी लोगों को शस्त्र धारण करना पड़ता है। समारोह में प्रख्यात रामकथा वाचक संत मोरारी बापू भी उपस्थित रहे।

**उपलब्धि** यूपीटीटीआई ने तैयार की सस्ती वाटर प्यूरीफायर डिवाइस, बोतल में लगाने पर 1 साल से ज्यादा समय तक गंदा पानी करेगी साफ

## केवल 50 रुपये में पीजिए एक साल तक शुद्ध पानी

राजीव त्रिवेदी, कानपुर

- पानी से हैवी मैटल, लेड, क्रोमियम जैसे तत्वों को हटाने में सक्षम



**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट (यूपीटीटीआई) ने एक ऐसी डिवाइस बनाई है, जो किसी भी तरह के दूषित पानी को आरओ जैसे स्वच्छ पानी में बदल देगी। इस डिवाइस की खासियत यह है कि इसे पानी की बोतल में आसानी से फिट किया जा सकता है। यह डिवाइस पानी में मौजूद हैवी मैटल, लेड, क्रोमियम जैसे तत्वों को हटाने में सहायक है। पॉलिएस्टर और केमिकल मिश्रित इस डिवाइस की प्रारंभिक कीमत लगभग 50 रुपये होगी। इसे अगले साल मार्च तक बाजार में उपलब्ध कराने की योजना है।

संस्थान ने एक साल के शोध और अनुसंधान के बाद वाटर प्यूरीफायर डिवाइस बनाई है। इसे तैयार करने वाले प्रो. डॉ. जेपी सिंह ने बताया कि यह पॉलिएस्टर सिलामेंट की डिवाइस है। टेक्सटाइल में नैनो टेक्नॉलाजी के जरिए धागा बनाते समय उसमें अति सूक्ष्म सुराख किए गए। डिवाइस इन्हीं सुराखों और केमिकल की मदद से काम करती है। पानी सूक्ष्म छिद्रों से गुजरकर साफ होता है। इस डिवाइस की सबसे बड़ी खूबी यह है कि इस्तेमाल के योग्य नहीं रहने पर इसके दूसरे सिरे से पानी गुजारने पर यह फिर से पहले की तरह शोधन करने लगती है। इस डिवाइस की औसत उम्र एक साल से अधिक है। सभी तरह के प्रयोगों से सफल परिणाम हासिल करने के बाद डिवाइस को पेंटेंट प्रक्रिया के लिए भेजा गया है। पेटेंट हासिल होने के बाद इसे बाजार में उतारने की योजना है। इस संबंध में कई कंपनियों से बातचीत चल रही है। जल्दी ही उत्पादन के लिए एमओयू साइन किया जाएगा

### स्कूली बच्चों और दुर्गम इलाकों के लिए वरदान

यूपीटीटीआई के शोधकर्ता डॉ. जेपी सिंह ने बताया कि यह डिवाइस स्कूली बच्चों और फील्ड में काम करने वाले लोगों तथा दुर्गम इलाकों के लिए काफी उपयोगी है। अमूमन एक बोतल में एक या दो लीटर पानी आता है। यह पानी खत्म हो जाने पर लोगों को दोबारा साफ पानी तलाश करना पड़ता है। ऐसे में इस डिवाइस युक्त बोतल में हर तरह का पानी भरकर साफ पानी हासिल किया जा सकता है। डिवाइस को बनाने में लगभग 9 लाख रुपये खर्च आया है।

> अपने छोटे आकार की वजह से यह डिवाइस बोतल या उसके जैसी किसी भी चीज में आसानी से फिट हो जाती है। इससे बोतल में बार-बार साफ पानी भरने का झंझट खत्म हो जाता है। पेटेंट का आवेदन किया गया है। कंपनियों से बात चल रही है। जल्दी ही डिवाइस को बाजार में उतारने का प्रयास है। **-डॉ. जेपी सिंह**, प्रोफेसर, यूपीटीटीआई, कानपुर।



छठ पूजा की सामग्री खरीदने के लिए बाजार में उमड़ी भीड़। अमृत विचार



पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने घाटों का निरीक्षण किया। अमृत विचार

# तालाब की रेलिंग टूटी नहीं हो रही मरम्मत

**कानपुर।** बाबा पातालेश्वर महादेव मंदिर के समीप स्थित प्रसिद्ध तालाब का विकास अमृत सरोवर के रूप में किया गया था लेकिन आज यहां की स्थिति बहुत ही खराब है। बार बार इस तालाब के सुंदरीकरण की मांग की जा रही है पर नगर निगम के अफसर कोई सुनवाई नहीं कर रहे हैं। इससे नाराज होकर लोगों ने प्रदर्शन किया। कहा कि अव्यवस्था के कारण यहां छठ पूजा में भी दिक्कत आएगी।

लोगों का कहना है कि तालाब में जिन बोल्डरों को गलत तरीके से लगाया गया बोल्डर में कहीं भी डस्ट सीमेंट या बालू डालकर उनकी साइड नहीं भरी गई जिस कारण से तालाब के सारे बोल्डर दब गए। रेलिंग भी टूट चुकी है। स्थिति यह है कि आए दिन लोग गिरते हैं और जख्मी होते हैं। नगर निगम की नजर में जिंदगी की कोई कीमत नहीं है।

छठ पूजा महापर्व पर लाखों श्रद्धालु यहां पूजा करने के लिए आते हैं बावजूद इसके तालाब की अनदेखी की जा रही है। इस अवसर पर श्वेता दुर्गा प्रसाद गुप्ता पार्षद , सौरभ आर्य, नीरज सिंह, अभिषेक तिवारी, सुजीत यादव एडवोकेट, राजन गुप्ता, पंकज सिंह, लाल सविता,राजू यादव,अंकुर ,निशांत जयसवाल,ओम प्रकाश,अंकित पाण्डेय,आदि लोग उपस्थिति रहे।



पातालेश्वर मंदिर के पास तालाब किनारे लोगों ने प्रदर्शन किया।

# खरना पूजन के साथ 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू

## मिट्टी के चूल्हे पर पकाया गया भोग, रंगोली सजाकर छठ मइया को दिया निमंत्रण




कार्यालय संवाददाता, कानपुर



नहर के घाट के किनारे वेदी सजाते लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** छठ पूजा पर खरना का भोग लगाकर बुधवार से 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू हो गया। खरना पर व्रतियों ने विधि विधान से पूजा की। अर्घ्य डाला सजाने के बाद घर में रंगोली बनाकर छठ मइया को निमंत्रण दिया। रसोई साफ करके ठेकुआ भोग बनाने की तैयारी की।

कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की षष्ठी तिथि पर मां स्कंद माता (छठी मइया) का पूजन करने के साथ डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है। इससे पहले बुधवार को खरना हुआ। सुबह व्रतियों ने स्नान किया। साढी के चावल, गुड़ व दूध की खीर पकाई और विधि विधान से पूजा की। शाम को खीर भोग का प्रसाद ग्रहण किया और इसी के साथ 36 घंटे का निर्जला व्रत चालू हो गया। शाम को महिलाओं ने पूरी रसोई साफ की। किसी ने मान्यता के अनुसार मिट्टी के चूल्हे तो किसी ने नया चूल्हा मंगाकर ठेकुआ भोग बनाने की तैयारी शुरू की। इससे पहले महिलाओं ने घर में विभिन्न प्रकार की रंगोली बनाई और छठ माता को निमंत्रण दिया। इसके बाद ही ठेकुआ भोग बनने लगा। व्रती महिलाएं जहां ठेकुआ बनाती हैं, वहीं रात में आराम भी करती हैं। कहा जाता है कि भोग के आसपास किसी को जाने की इजाजत नहीं होती है। इसलिए महिलाएं वहीं रहकर रखवाली करती हैं। खरना के बाद षष्ठी तिथि पर मां स्कंद माता की पूजा करने के बाद डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है।

- आज शाम डूबते सूर्य को अर्घ्य देने घाटों पर आस्था का सैलाब उमड़ेगा

### निशुल्क पहुंचाई जाएगी पूजन सामग्री

- भोजपुरी समाज के संतोष गहमरी ने बताया कि जो गरीब व्रती छठ पूजन सामग्री लेने में असमर्थ हैं, वह केंद्रीय छठ पूजा समिति हेल्पलाइन नंबर 9839107878 पर संपर्क करें। उनके यहां छठ पूजा की सारी सामग्री निशुल्क पहुंचाई जाएगी।

### ये गाना गाएंगी महिलाएं

- घटवा के आरी-आरी रोपब केरवा, बोवब निबुआ...
- नाही छोड़ब हो भइया छठिया बरतिया लेले अइहा हो भईया छठ के मोटरिया...
- कहवां की सूरज के जनमवां कहवां ही होखे ला अजोर...
- अब लीहीं सुरुज मल अरघिया आके करीं न दया...
- चारू पहर राती जल- थल सेइला सेइला चरन तोहर ए छठी मइया...
- चार पहर सती जल थल सेइला, सेइला चरण तोहार हो छठी मइया दर्शन दीहिना तू आज...

### रात तक चलता रहा घाटों पर काम

- शहर के सभी घाटों पर बुधवार देर रात तक सफाई, सजावट और बैरिकेडिंग का काम चलता रहा। महिलाओं व युवतियों ने वेदियों को सजाने का काम किया। पनकी और अर्मापुर नहर घाटों पर बल्लियों के सहारे झालरों से सजावट व रोशनी की गई। कृत्रिम तालाबों में पानी भरने का काम पूरा कर लिया गया।

### पुलिस कमिश्नर ने घाटों की सुरक्षा व्यवस्था देखी

- पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने छठ पर्व को लेकर बुधवार को पनकी, अर्मापुर नहर स्थित पूजा घाटों का निरीक्षण किया। सुरक्षा व्यवस्था परखने के साथ मार्गों पर बैरीकेडिंग व्यवस्था व वाहनों की पार्किंग के उचित प्रबंध के निर्देश दिए। डीसीपी पश्चिम राजेश कुमार सिंह, एडीसीपी पश्चिम विजयेंद्र द्विवेदी, एसीपी पनकी आदि मौजूद रहे। डीसीपी सेंट्रल दिनेश त्रिपाठी ने नजीराबाद स्थित रामलीला ग्राउंड में पूजा घाट का निरीक्षण किया।

## एक नजर

### प्लांट दिलाने के नाम पर हड़पी लाखों की रकम

**कल्याणपुर।** रावतपुर में प्लांट दिलाने के नाम पर एक शातिर ने लाखों की रकम हड़प ली। पीड़ित के रकम वापस मांगने पर शातिर उसे धमकाने लगा। जिस पर पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। केशवपुरम की आई ब्लॉक निवासी उमेश चंद्र कटियार के अनुसार कुछ समय पहले उनकी मुलाकात ओ ब्लॉक निवासी विशन लाल से हुई थी। विशन जमीन खरीद फरोख्त का काम करता है। गत 17 फरवरी 2023 को विशन ने एक प्लॉट दिलाने का झांसा देकर उनसे आठ लाख रुपये ले लिए। लेकिन प्लांट का बैनामा नहीं कराया। जिस पर उन्होंने विशन से अपनी रकम वापस मांगी, तो वह उन्हें धमकाने लगा। रावतपुर थाना प्रभारी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### चोरी करने वाले दो शातिर गिरफ्तार

**कानपुर।** नौबस्ता थानाक्षेत्र में हमीरपुर रोड पर स्थित बउवा टेलीकॉम की दुकान में सेंधमारी कर चोरी करने के दो आरोपियों को नौबस्ता पुलिस ने धर दबोचा है। आरोपियों ने 24 अक्टूबर की रात को दुकान में सेंधमारी कर वहां से लाखों रुपये के मोबाइल और उनकी एसेसरीज चोरी की थी। पकड़े गए आरोपियों के पास से चोरी किए गए 23 मोबाइल फोन, दो टैबलेट और 1100 रुपये बरामद हुए हैं। एडीसीपी साउथ मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि पुलिस ने सटीक सूचना पर दो आरोपियों को पकड़ा है। पकड़े गए आरोपियों में साढ़ थानाक्षेत्र के लक्ष्मणखेड़ा गांव के राकेश पासी व पानीपुरवा गांव के कन्हैया गौतम शामिल हैं। उन्होंने चोरी की बात कबूली है और माल भी बरामद कराया है। दोनों को जेल भेज दिया गया है।

# होटल में युवती से दुष्कर्म कर खींची अश्लील फोटो

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कलक्टरगंज थानाक्षेत्र की घटना, आरोपी के खिलाफ एफआईआर

**अमृत विचार।** कलक्टरगंज थानाक्षेत्र में मदद के बहाने एक युवती को ले जाकर होटल में कॉफी में नशीला पदार्थ मिलाकर दुष्कर्म किया गया। इसके बाद उसकी अश्लील फोटो खींच कर ब्लैकमेलिंग की गई। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

विष्णुपुरी निवासिनी युवती ने दर्ज एफआईआर में बताया कि फरवरी में एक घटना से वह काफी परेशान थीं। कई लोगों से मदद मांगी तो एक महिला मित्र ने दिलीप सिंह का नंबर दिया। उसने थाने में फोन करके मदद की। इसके बाद वह अक्सर उनसे फोन पर बात करने लगे। कहा तुम्हारी मदद की है चाय पिला दो। दिलीप सिंह उनसे रोजाना फोन व वाट्सएप पर बात करने लगा। एक स्थान पर मिलकर चाय पीने की बात कही। पीड़िता के अनुसार 8 अप्रैल को दिलीप सिंह चुन्नीगंज से उसे स्कूटी में बैठाकर ड्रम वाली गली में एक होटल में ले गए। वहां उन्हें कॉफी पिलाई जिसके बाद वह बेसुध हो गईं। आरोप है कि उसने उनके साथ दुष्कर्म किया और अश्लील फोटो खींच ली। उसके बाद से रोजाना धमकी देना शुरू कर दिया। 18 अप्रैल को एक बार फिर धमकाकर सारी फोटो डिलीट कराने के बहाने से बुलाकर दुष्कर्म किया। इस संबंध में कलक्टरगंज इंस्पेक्टर ललित कुमार ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर दिलीप सिंह निवासी अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# शिक्षिका को जबरन घर ले जाकर दुष्कर्म का प्रयास

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बर्रा थानाक्षेत्र में जबरन स्कूटी पर बैठाकर ले गए
- कपड़े फाड़े, शराब पिलाने की कोशिश की

**अमृत विचार।** बर्रा थानाक्षेत्र में मंगलवार शाम ट्यूशन पढ़ाने निकली शिक्षिका को शोहदों ने जबरन स्कूटी पर बैठाया और घर में खींचकर दुष्कर्म का प्रयास किया। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने मनमानी करने से पहले उसे शराब पिलाने की कोशिश भी की। विरोध करने पर आरोपी ने शिक्षिका का मोबाइल तोड़ दिया। शिक्षिका ने अर्द्धनग्न हालत में बाहर भागकर अपनी इज्जत बचाई। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

> शिक्षिका की तहरीर पर आरोपी वैभव वर्मा व एक अन्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। आरोपी फरार हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए टीमें लगाई गई हैं। शिक्षिका मजिस्ट्रेटी बयान कराने को तैयार नहीं है।
>
> –मंजय सिंह, एसीपी नौबस्ता

मूलरूप से जिला औरैया निवासी शिक्षिका दामोदर नगर में भाई के साथ रहती है। शिक्षिका ने दर्ज एफआईआर में बताया कि मंगलवार शाम करीब 6:30 बजे वह घर से कुछ दूरी पर रहने वाले बच्चे को ट्यूशन पढ़ाने निकली थीं। सहेली का दोस्त वैभव एक अन्य युवक के साथ स्कूटी से आया और उसका रास्ता रोक लिया। दोनों युवक जबरन उसे स्कूटी पर बैठाकर बर्रा राम जानकी मंदिर के पास स्थित एक घर में ले गए। वहां सहेली के न होने पर पूछा तो कहा कि वह थोड़ी देर बाद आ जाएगी। इसके बाद उसे शराब पिलाने की कोशिश की। मना करने पर गालीगलौज की। इसके बाद आरोपी ने मारपीट कर दुष्कर्म की कोशिश की। उसने बचने के लिए फोन करने को उठाया तो आरोपी ने उसे तोड़ डाला। पीड़ित शिक्षिका ने दर्ज एफआईआर में बताया कि आरोपी वैभव ने उसके कपड़े फाड़ दिए। वह रोते हुए बाहर भागी और कुछ दूरी पर स्थित एक दुकान पर बैठी महिला से उसने मदद मांगी। उसके फोन से अपने भाई को सूचना दी। इस बीच क्षेत्रीय लोगों ने पुलिस को सूचना दे दी। जब तक बर्रा पुलिस मौके पर पहुंचती, आरोपी वैभव भाग निकला।

# ट्रक से टकराई वैन, तीन लोग घायल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- वैन सवार सात लोग बच्चे का मुंडन कराने जा रहे थे बांदा

**अमृत विचार।** सचेंडी थानाक्षेत्र में कानपुर-आगरा हाईवे पर अचानक ट्रक के मोड़ने पर पीछे से आ रही तेज रफ्तार वैन उसमें टकराई गई। हादसे में कार सवार सात लोगों में से चार लोग घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहन से लोगों को निकालकर अस्पताल भेजा। वैन को क्रेन की मदद से किनारे कराया।

सचेंडी थाना प्रभारी पंकज त्यागी ने बताया कि ओमनी वैन चालक सर्वेश कुशवाहा निवासी ग्राम गिरसी घाटमपुर सात लोगों को लेकर ग्राम विसायकपुर से बांदा के लिए बच्चे का मुंडन करने के लिए जा रहे थे। कानपुर-आगरा हाईवे पर सचेंडी के निकट सीएनजी पंप के पास एक ट्रक के चालक ने ट्रक को अचानक मोड़ दिया। जिससे ट्रक के पिछले हिस्से में वैन टकरा गई। जिसमें चालक सर्वेश, यात्री शिवम सचान तथा सुरेंद्रनाथ व एक अन्य घायल हो गए। थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर मिलने कार्रवाई की जाएगी।



हाइवे पर खड़ी क्षतिग्रस्त वैन। अमृत विचार

**लापरवाही** — कल्याणपुर क्षेत्र के महाबलीपुरम में इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग स्टेशन गलत जगह स्थापित

# यहां लोग कैसे इलेक्ट्रिक गाड़ियों को कर सकेंगे चार्ज?

कार्यालय संवाददाता, कानपुर।

**अमृत विचार।** ई-मोबिलिटी को बढ़ावा देने के लिए नगर निगम से करार के बाद अडाणी समूह ने ईवी (इलेक्ट्रिक व्हीकल) चार्जिंग स्टेशन स्थापित करना शुरू कर दिया है। लेकिन, कई स्थानों पर ईवी चार्जिंग स्टेशन महज दिखावा बने हैं। कल्याणपुर क्षेत्र के महाबलीपुरम में खुली भूमि पर बिना किसी इंतजाम के ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित कर दिया गया है। यहां बड़ी-बड़ी घास और छोटे नाले के किनारे स्टेशन लगाया गया है। यहां कंपनी की ओर से कोई भी इंतजाम नहीं किये गये हैं जिससे लोग स्टेशन के करीब जाने से बच रहे हैं। यही हाल शहर के दूसरे जगह स्थापित ईवी चार्जिंग स्टेशन का भी है।




महाबलीपुर में मैदान में अव्यवस्थित रूप से बना ईवी चार्जिंग स्टेशन। अमृत विचार

शहर में ई-व्हीकल बढ़ रहे हैं। कार, आटो, ई-रिक्शा, दो पहिया वाहनों की संख्या बढ़ रही है। ऐसे में अडाणी टोटल एनर्जीज ई-मोबिलिटी लिमिटेड (एटीईएल) और नगर निगम के बीच इस संबंध में एमओयू पर हस्ताक्षर हुए हैं। जिसके तहत शहर में अडाणी समूह 18 ईवी (इलेक्ट्रिक व्हीकल) चार्जिंग स्टेशन बना रहा है। लेकिन, ईवी चार्जिंग स्टेशन बनाने के बाद भी यह स्टेशन लोगों के काम नहीं आ रहे हैं। महाबलीपुरम में नाले के किनारे बनाए गए चार्जिंग स्टेशन का मुंह सड़क की विपरीत दिशा में है। जिससे पता ही नहीं चलता कि ये है क्या। चार्जिंग स्टेशन तक पहुंचने का रास्ता भी खराब है। वहीं मोतीझील में बने पहले ईवी चार्जिंग स्टेशन की हालत खराब है। यहां स्टेशन पर एक भी गाड़ी चार्ज होने नहीं आती है, चार्जिंग सुविधा नहीं होने की वजह से समस्या है। वहीं, दक्षिण क्षेत्र में पराग डेयरी के बाहर बने चार्जिंग स्टेशन की भी यही हालत है देखरेख न होने की वजह से ईवी चार्जिंग स्टेशन लोगों के काम नहीं आ रहे हैं।

- खुली जगह पर बनाया स्टेशन लोगों को पता भी नहीं, अडाणी समूह ने किया स्थापित

### अडाणी ग्रुप यहां बना रहा चार्जिंग स्टेशन

- टाटमिल चौराहे के बाईं ओर रॉयल गार्डन के बगल में, डिप्टी पड़ाव चौराहा पर पेट्रोल पम्प के सामने, चाचा नेहरू अस्पताल के पास, तिलहन मंडी पेट्रोल पम्प के बगल में, नौबस्ता ब्रिज, बसन्त विहार के बगल में, साउथ एक्स मॉल किदवई नगर के पास, डंपिग स्टेशन, साकेत नगर एवं सड़क के मध्य, स्काउट भवन मेट्रो लाइन, होली प्वाइंट, मोतीझील के सामने, दबौली जोन पांच कार्यालय के पास, गुजैनी मेन रोड, पुलिस चौकी, भाटिया कार एसेसरीज के बगल में, शास्त्री चौक, फजलगंज चौराहा, सरायमीता इलेक्ट्रिसिटी सेन्टर के पास, महाबलीपुरम आदि।

# मरीज की मौत पर अस्पताल में हंगामा

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र के सनिगवां इलाके में मरीज की मौत पर परिजनों ने डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाकर जमकर हंगामा काटा। पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर परिजनों को शांत कराया।

कांशीराम कॉलोनी निवासी अंकुश सोनकर के अनुसार 19 वर्षीय पत्नी सोनल को सोमवार सनिगवां स्थित माही हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। बुधवार शाम डॉक्टर ऑपरेशन के लिए उसे ओटी में लेकर गये। फिर कुछ ही देर में डॉक्टर बाहर आये और सोनल की मौत हो जाने की बात कही। इसके बाद परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामा करना शुरू कर दिया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **राजपती पत्नी श्रीराम निवासी– मो0 21 ऊपरी अशराफ टोला, परगना व तहसील– सण्डीला जनपद हरदोई** की निवासिनी है। मैने अपने बड़े पुत्र प्रदीप कुमार जायसवाल को उसके गलत आचरण के चलते बेदखल कर दिया था अब उसने अपने आचरण में सुधार कर लिया है एवं पूरे परिवार के साथ मिलजुलकर रहता है तथा घर पर किसी से भी झगड़ा नहीं करता है और न ही अब यह किसी गलत संगति में है इसके आचरण से मैं व मेरा पूरा परिवार संतुष्ट व प्रसन्न है। इस कारण हमारे द्वारा मेरे सगे पुत्र प्रदीप कुमार जायसवाल को बेदखली कार्यवाही जो पूर्व में की गई थी उसे निरस्त करती हूँ आज के बाद से मेरी चल अचल सम्पत्ति पर प्रदीप कुमार जायसवाल का अपने सभी भाईयो के बराबर का हक व अंश होगा। अत: श्रीमान जी से निवेदन है कि मेरे द्वारा मेरे सगे पुत्र को आज की दिनाक से मेरी सब चल अचल सम्पत्ति से बेदखली का निरस्तीकरण किया जा रहा है।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरा नाम **प्रियंका पुत्री सुखारी लाल ग्राम संगवा परगना – बभनी पायर तहसील–मनकापुर जिला गोण्डा** की निवासिनी है। डाक विभाग द्वारा खरीदे गये किसान विकास पत्र में कुमारी पूजा देवी पुत्री सुखारी देवी लिखा है।जबकि दोनों नाम एक ही व्यक्ति हैं।

**सूचना**

मैं, JC 829803W Nb Sub Clk Bechu Kumar, ग्राम– जमदरा, पोस्ट चकरा , जिला–मऊ, उत्तर प्रदेश 221705 ,निवासी का हूं , मेरी पुत्री का नाम कुछ कागजातों में गलत नाम संजना दर्ज हो गया है जबकि सही नाम संजना राजभर है, भविष्य में मेरी पुत्री को इसी नाम को सही माना जाए।

**सूचना**

मैंने अपना नाम NAJIM से बदलकर NAJEEM रख लिया है। मुझे भविष्य मे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/O: MOHAMMAD EHASAN, R/o 108/301 TALAB GAGNI SHUKL VTC LUCKNOW G.P.O-226001

**सूचना**

मैंने अपना नाम AMITABH से बदलकर AMITABH VISHWAKARMA रख लिया है। मुझे भविष्य मे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये।S/O: JAYDEV VISHWAKARMA, निवासी– 134 सुल्तानपुर घुघुरी जिला जौनपुर उ0 प्र0 223103

**सूचना**

मैंने अपना नाम JASNOORPREET KAUR से बदलकर JASNOORPREET SIDHU रख लिया है। मुझे भविष्य मे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। W/O: SURJIT SINGH SIDHU R/O: 411/240, NIWAZ GANJ PANNI WALI GALI THAKURGANJ, LUCKNOW.

**सूचना**

मेरे LDA भवन संख्या E- III/89 सेक्टर– H, अलीगंज लखनऊ का आवंटन पत्र व कब्जा पत्र की मूलप्रति कहीं खो गई है जिसका प्रयोग अवैध होगा– **अभिलाष कुमार आनन्द पुत्र राम भजन लाल नि. – 1060, सेक्टर–4, विकास नगर, लखनऊ**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा हाईस्कूल का अंक पत्र रोल नंबर 1154197 वर्ष 2015 और इंटरमीडिएट का अंकपत्र रोल नंबर 5676807 वर्ष 2017 वास्तव में खो गया है। **ऋषभ कुमार मौर्या पुत्र राजेश कुमार मौर्या निवासी गंगापुर वारिद हाल पता टीचर कालोनी मिहीपुरवा थाना मोतीपुर बहराइच।**

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र राघवेन्द्र यादव व पुत्रवधु मनीषा यादव को उसके गलत चाल–चलन व ख़राब आचरण के कारण उन्हें अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। उनके कृत्यों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।– **बृजेश कुमार पुत्र राम आधार, निवासी– 545का 063/27, जे0बी0 गार्डेन, पारा, लखनऊ, उ0प्र0– 226017**

**Notice**

SMT SUTTA DEVI MOTHER of No. 14439708A Rank BHM (TA) Name RAKESH KUMAR YADAV Unit 163 FD REGT resident of H.No-587A/363 GANDHI NAGAR TELIBAGH LUCKNOW UP PIN - 226025As per my Husband/Father/Brother service documents, my Date of Birth has been mentioned as SMT SUTTA DEVI which is incorrect. My correct Date of Birth as per my birth certificate issued by Registrar of Birth & Death/Matric certificate is SMT SUTTA The Date of Birth declared by my Son as 01-01-1945 which is existing in his service-documents is not correct All documents issued by government organization /offices have been signed by authorized designated and government officials.

**सूचना**

सूचित हो कि मेरी जीवन बीमा पॉलिसी जिसका नं0 219604780 में मेरा नाम त्रुटिवश रिनित अंकित हो गया है जो कि गलत है। जबकि अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम रंजीता दर्ज है जो कि सही एवं सत्य है। **रंजीता पुत्री स्व0 रामकिशोर, निवासी – मानखेड़ा, मल्हौर रोड़, चिनहट, लखनऊ।**

**Notice**

I have changed my name from SAROJ DEVI to SAROJ due to culture Husband's surname and my date of birth is 04 Jun 1984 (Four June Nineteen Eighty four). That both Names SAROJ DEVI and SAROJ pertain to one and the same person. SAROJ DEVI spouse of No 14439708A BHM(TA) RAKESH KUMAR YADAV presently resident at Hno.587A/363 Gandhi Nagar, Telibagh, Lucknow (U.P.)

**सूचना**

सूच्य हो कि मेरे ड्राइविंग लाइसेंस संख्या UP33 - 20100012269 और पेन कार्ड संख्या BDCPC 2065 B में मेरा नाम सुभाष चंद्र अंकित है , जो अपूर्ण है । जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम सुभाष चंद्र जायसवाल अंकित है , जो पूर्ण है । अतः मेरे ड्राइविंग लाइसेंस और पेन कार्ड में मेरा पूर्ण नाम सुभाष चंद्र जायसवाल अंकित किया जाए । **सुभाष चंद्र जायसवाल पुत्र श्री अयोध्या प्रसाद जायसवाल निवासी – वार्ड नंबर 5 अकोढीया रोड , नगर पंचायत ऊंचाहार – रायबरेली**

**आज का मौसम**

आसमान साफ रहने के कारण वर्षा की कोई संभावना नहीं है।

32.2° अधिकतम तापमान | 17.8° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 06 : 22 | सूर्यास्त 05 : 22

# एलिवेटेड रेलवे ट्रैक के लिए टेंडर इसी महीने

## पूर्वोत्तर रेलवे के अफसरों ने टेंडर प्रक्रिया के लिए तैयारी पूरी की

**994** करोड़ रुपये लागत है परियोजना की

**15** किलोमीटर होगी ट्रैक की कुल लंबाई

**17** रेलवे क्रॉसिंगों की दूर हो जाएगी बाधा

**30** लाख से ज्यादा लोगों को जाम से राहत

**खुशखबरी**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर के बीच से गुजरने वाले फर्रुखाबाद ट्रेन रूट पर अनवरगंज से कल्याणपुर तक बहुप्रतीक्षित लगभग 15 किलोमीटर लंबे एलिवेटेड रेलवे ट्रैक का निर्माण करने के लिए पूर्वोत्तर रेलवे ने टेंडर प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी कर ली है। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि इसी माह टेंडर आमंत्रित किए जाने के प्रयास हो रहे हैं। इस परियोजना की डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट को लोकसभा चुनाव से पहले ही मंजूरी मिल गई थी। एलिवेटेड रेलवे ट्रैक बनने से अनवरगंज से कल्याणपुर के बीच 17 क्रासिंगों पर फाटक बंद होने के कारण ट्रैक के समानांतर दौड़ रही जीटी रोड पर लगने वाले यातायात जाम से लोगों को छुटकारा मिल जाएगा।

**17 क्रासिंगों पर 30 लाख आबादी रोज जूझती यातायात जाम से :** अनवरगंज से आईआईटी कल्याणपुर के बीच तेजाब मिल कैंपस, जरीब चौकी, गुमटी नंबर पांच, कोकाकोला क्रासिंग, श्रम विभाग , रावतपुर, गीता नगर, शारदा नगर, गुरुदेव चौराहा, न्यू सिविल लाइंस मोड़ गुरुदेव, दलहन अनुसंधान संस्थान , बगिया क्रासिंग, पनकी- कल्याणपुर मार्ग, गूबा गार्डन और आईआईटी गेट मिलाकर 17 रेलवे क्रासिंग हैं।

इनसे 30 लाख से आबादी का प्रतिदिन आवागमन होता है। अनवरगंज-मंधना रेलवे लाइन जीटी रोड के समानांतर है, ऐसे में क्रासिंग बंद होने पर जीटी रोड पर यातायात जाम लग जाता है।



### रावतपुर और कल्याणपुर स्टेशन हो जाएंगे खत्म

- एलिवेटेड रेलवे ट्रैक प्रोजेक्ट पर 994 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसके बनने पर रावतपुर और कल्याणपुर रेलवे स्टेशन खत्म हो जाएंगे। बदले में भारतीय दलहन अनुसंधान संस्थान की भूमि पर नए रेलवे स्टेशन की स्थापना की जाएगी।

### दलहन की भूमि पर अटल बिहारी के नाम से स्टेशन

- दलहन अनुसंधान संस्थान की भूमि पर छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के सामने एलिवेटेड रेलवे स्टेशन बनेगा। इसके लिए दलहन संस्थान की भूमि रेलवे को निःशुल्क दी जाएगी। इस स्टेशन का नाम पूर्व प्रधानमंत्री अटल विहारी वाजपेयी के नाम पर रखा जाएगा। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक एलिवेटेड रेलवे ट्रैक तीन वर्ष में बनकर तैयार हो जाएगा।

### फर्रुखाबाद रूट पर रोज गुजरती हैं 50 ट्रेनें

- अनवरगंज-फर्रुखाबाद रेल रूट पर रोज 50 से अधिक ट्रेनें गुजरती हैं। इनके आवागमन से क्रासिंग बंद होने पर यातायात जाम की समस्या के समाधान के लिए एलिवेटेड ट्रैक का निर्माण होना है। पिछले वर्ष प्रोजेक्ट की डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करके रेलवे बोर्ड और नीति आयोग के पास भेजी गई थी।

### एलिवेटेड ट्रैक व रोड के बीच त्रिशूल आकार का आरओबी

- एलिवेटेड रेलवे ट्रैक के निर्माण में सबसे बड़ी बाधा जरीब चौकी पर प्रस्तावित पुल था। कई बार इसकी डिजाइन बदली गई। अब तय हुआ है कि यहां त्रिशूल के आकार का आरओबी बनाया जाएगा। यह भविष्य में जीटी रोड पर बनने वाली एलिवेटेड रोड और एलिवेटेड रेलवे ट्रैक के बीच से गुजरेगा। इसके बनने से फजलगंज से पीरोड आना जाना आसान हो जाएगा।

**एक नजर**

### ट्रेन की पटरी पर सिर रखकर दी जान

**कानपुर।** गोविंद नगर थानाक्षेत्र में कच्ची मढ़इया बस्ती निवासी 35 वर्षीय लालू राठौर ने पत्नी अनीता से झगड़ा करने के बाद रेलवे ट्रैक पर लेटकर जान दे दी। ट्रेन की चपेट में आने से सिर व धड़ कटकर अलग-अलग हो गए। परिजनों ने बताया कि उसने चार महीने पहले ई रिक्शा लिया था। जिसकी किस्त नहीं जमा कर पा रहे थे। मंगलवार रात पत्नी से किसी बात को लेकर झगड़े के बाद सब शांत हो गया। बुधवार सुबह वह घर से निकला और आत्महत्या कर ली।

### समझौते के साथ गार्ड का अंतिम संस्कार

**कानपुर।** बड़ा चौराहा के जेड स्क्वायर मॉल के टॉप फ्लोर से कूदकर मंगलवार को जान देने वाले सिक्योरिटी गार्ड ब्रज प्रताप यादव उर्फ बिरजू का दाह संस्कार कर दिया गया। सिक्योरिटी एजेंसी और परिजनों में समझौता हो गया।



मंडलायुक्त अमित गुप्ता ने बैठक करके विकास की योजनाओं की समीक्षा की।

# घंटाघर-टाटमिल पुल 3 लेन का होगा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **मंडलायुक्त की अध्यक्षता में हुई बैठक में मौजूदा दो लेन पुल को विस्तार देने का निर्णय**

**अमृत विचार।** शहर में यातायात जाम की समस्या के समाधान को लेकर मंडलायुक्त अमित गुप्ता ने बुधवार को शिविर कार्यालय में बैठक की। इसमें तय हुआ कि घंटाघर और टाटमिल पुल के बीच मौजूदा 2 लेन के पुल को विस्तार देकर 3 लेन का किया जाएगा। इसके साथ ही इस पुल को रामादेवी से गोल चौराहा तक प्रस्तावित एलिवेटेड पुल से जोड़ा जाएगा। मंडलायुक्त ने एलिवेटेड रोड की डिजाइन तैयार कर रहे कंसलटेंट से कहा कि वह अपनी डिजाइन में इस पुल को शामिल कर लें।

मंडलायुक्त ने घंटाघर-टाटमिल पुल पर जाम की समस्या को देखते हुए एक लेन का विस्तार देने के लिए पीडब्ल्यूडी व सेतु निगम अधिकारियों तथा समग्र विकास समिति के समन्वयक नीरज श्रीवास्तव से सर्वे कराया था। इसमें पाया गया कि एक लेन का पुल बनाकर उसे एलिवेटेड रोड से जोड़ने पर रामादेवी की तरफ आना-जाना भी आसान हो जाएगा। समन्वयक नीरज श्रीवास्तव ने सुझाव दिया कि घंटाघर पुल से एलिवेटेड रोड जुड़ने पर नयागंज, मालरोड, शुक्लागंज क्षेत्र के लोगों को भी लाभ मिलेगा। एयरपोर्ट जाने में भी आसानी होगी। मंडलायुक्त ने सेतु निगम के परियोजना अधिकारी से कहा कि वे एलिवेटेड रोड से पुल को जोड़ने का प्रस्ताव भी शामिल करें। बैठक में अनवरगंज-कल्याणपुर एलिवेटेड रेलवे ट्रैक की प्रगति पर अपर जिलाधिकारी भूमि आध्याप्ति ने बताया कि रेलवे की ओर से चिह्नित भूमि का परीक्षण 4 दिन में कर लिया जाएगा। सेतु निगम के परियोजना अधिकारी ने बताया जरीब चौकी सेतु का प्रस्ताव मुख्यालय को भेजा है।

### रिंग रोड पर 14 जगह होगी प्रवेश-निकास की व्यवस्था

- रिंग रोड परियोजना की प्रगति पर बैठक में एनएचएआई के अधिकारी ने बताया कि 14 स्थानों पर प्रवेश और निकास की व्यवस्था की गई है। मंडलायुक्त ने लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता और नीरज श्रीवास्तव से कहा कि वे सर्वे कर देख लें कि कहीं और तो प्रवेश तथा निकास की व्यवस्था करने की आवश्यकता तो नहीं है।

# डॉक्टर का पैर तोड़ने वाला सिपाही निलंबित

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **चकेरी थानाक्षेत्र के लालबंगला के पास हुई थी घटना**
- **सिपाही की बाइक से टकरा गई थी डॉक्टर की कार**

**अमृत विचार।** चकेरी थानाक्षेत्र के लालबंगला इलाके में मंगलवार देर शाम कार सवार न्यूरो सर्जन और बाइक सवार सिपाही के वाहन में टक्कर के बाद दोनों के बीच मारपीट हो गई थी। न्यूरो सर्जन का आरोप था कि उन्हें सिपाही और उसके साथी घसीट कर चौकी ले गए थे। इसके बाद उन्हें बेरहमी से पीटकर पैर तोड़ दिया। मामले में डीसीपी पूर्वी ने सिपाही को निलंबित कर दिया है। मामले में अभी तक रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई है।

चकेरी पटेल नगर निवासी न्यूरो सर्जन डॉक्टर हिमांशु वर्मा मंगलवार देर शाम अपनी कार से क्लीनिक जा रहे थे। पुलिस चौकी चौराहे के पास उनकी कार से बाइक सवार सिपाही आर्यन की बाइक की टक्कर हो गई थी। न्यूरो सर्जन ने सिपाही पर मारपीट करने का आरोप लगाया था। कहा था कि मौके पर मारपीट करने के बाद सिपाही उन्हें चौकी ले गया था और बेरहमी से पीटकर पैर तोड़ दिया था। उन्होंने चकेरी थाने में शिकायत भी की थी। बुधवार को डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने सिपाही आर्यन को निलंबित कर दिया। डीसीपी पूर्वी ने बताया कि तहरीर मिलती है तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# हत्यारोपी की बाइक जिलाधिकारी कंपाउंड में मिली

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सिविल लाइंस निवासी शेयर कारोबारी राहुल गुप्ता की पत्नी एकता गुप्ता हत्याकांड में बुधवार को चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। हत्यारोपी जिम ट्रेनर विमल सोनी की बाइक चार माह से जिलाधिकारी कंपाउंड के अंदर खड़ी है। इसकी जानकारी जिलाधिकारी की सुरक्षा में तैनात कर्मियों को नहीं है या वह लोग जानकर भी पूरी तरह से नजरअंदाज किए हुए हैं। कोतवाली पुलिस हत्यारोपी को 48 घंटे की रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है।

एकता गुप्ता हत्याकांड के विवेचक धर्मेंद्र कुमार फोर्स के साथ बुधवार सुबह 9 बजे जिम ट्रेनर विमल सोनी को कस्टडी रिमांड पर लेने जेल पहुंचे। वहां कागजी कार्यवाही व मेडिकल कराने के बाद उसे 9.30 बजे लेकर कोतवाली पहुंचे। मीडिया कर्मियों को सूचना मिली कि पुलिस टीम विमल को लेकर जिलाधिकारी कंपाउंड स्थित घटनास्थल जा रही है। मीडियाकर्मी वहां पहुंचे तो घटनास्थल पर शाम पांच बजे तक कोई नहीं पहुंचा। इस बीच मीडिया कर्मियों की नजर जिलाधिकारी कंपाउंड के गेट पर सुरक्षा कर्मियों के केबिन के पीछे पंचर हालत में खड़ी होंडा शाइन बाइक पर पड़ी। जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर ( यूपी 78 ईसी 4275 ) था। बाइक के रजिस्ट्रेशन नंबर को आरटीओ के एप पर चेक किया गया तो बाइक 86/65 शक्कर मिल कोपरगंज निवासी हत्यारोपी विमल कुमार की निकली। मामला संज्ञान में आने के बाद कोतवाली पुलिस बुधवार रात मौके पर पहुंची और बाइक को कब्जे में लेकर कोतवाली में खड़ा करा दिया।



जिलाधिकारी कंपाउंड के भीतर खड़ी जिम ट्रेनर की बाइक। अमृत विचार

- **चार माह से खड़ी थी जिम ट्रेनर की बाइक**
- **मीडिया के खुलासे के बाद पुलिस ने जब्त की गाड़ी**

### पुलिस कमिश्नर को दी जानकारी

- मीडियाकर्मियों ने बरामद बाइक की कवरेज शुरू की तो वहां मौजूद सुरक्षा कर्मियों ने इसका विरोध शुरू कर दिया। मामला जिलाधिकारी राकेश कुमार और पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार तक पहुंच गया। पुलिस कमिश्नर ने कोतवाली इंस्पेक्टर को बाइक कब्जे में लेकर दाखिल करने के आदेश दिए। हालांकि इस दौरान जिलाधिकारी अपने आवास पर मौजूद नहीं थे।

जिम ट्रेनर ने बेबाकी से हत्या करना कबूला-पढ़ें पेज-5 पर

# बहनों को घर से घसीटा छेड़छाड़ कर दुपट्टा फाड़ा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **कर्नलगंज थानाक्षेत्र की घटना, सात पर एफआईआर**
- **भीड़ के जुटने पर धमकाते हुए भाग निकले**

**अमृत विचार।** कर्नलगंज थानाक्षेत्र में दबंग घर में घुसकर गालीगलौज करते हुए सगी बहनों को सड़क पर घसीट ले गए। आरोपियों ने छेड़छाड़ की और एक युवती का सरेराह दुपट्टा फाड़ दिया। भीड़ जुटने पर आरोपी धमकाते हुए भाग निकले। पीड़ितों की मां ने रिपोर्ट दर्ज कराई है।

कर्नलगंज में एक हाता निवासी महिला ने दर्ज एफआईआर में बताया कि 4 नवंबर को शाम 7.40 बजे वह अपने घर पर अपनी बेटियों के साथ थीं। तभी घर पर गुच्छी व शमशाद व 3-4 अज्ञात व्यक्ति जबरदस्ती घुसकर गालीगलौज करते हुए दोनों बेटियों को पकड़कर घर से नीचे सड़क पर घसीट ले गए। आरोप है कि शमशाद तथा शादाब बेटियों के साथ गलत हरकत करते हुए छेड़छाड़ करने लगे तथा विरोध करने पर मारपीट करने लगे। एक बेटी का दुपट्टा भी फाड़ दिया। भीड़ जुटने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। इस संबंध में कर्नलगंज इंस्पेक्टर रविंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि गुच्छी, शादाब, शमशाद, व चार अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए टीमें बनाई गई हैं।

# ऑटो पार्ट्स व साड़ी दुकान में आग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर के अलग-अलग थानाक्षेत्रों में शार्ट सर्किट से ऑटो पार्ट्स और साड़ी की दुकान में भीषण आग लग गई। फायर विभाग की टीम ने आग पर कड़ी मशक्कत के बाद काबू पाया।

सीसामऊ थानाक्षेत्र के गांधीनगर पी रोड झीर सागर वाली गली निवासी प्रदीप जायसवाल की सरोजिनी नगर में ऑटो पार्ट्स की दुकान है। वहीं बिल्डिंग के बेसमेंट में ऑटो पार्ट्स का गोदाम बना हुआ है। जिसमें बुधवार सुबह तकरीबन 8 बजे शॉर्ट सर्किट की वजह से भीषण आग लग गई। प्रदीप के बेटे नवनीत जायसवाल ने बताया कि इलाकाई लोगों की मदद से पानी डालकर आग बुझाना शुरू किया लेकिन वह विकराल होती चली गई। इसके बाद दमकल विभाग के कंट्रोल रूम को सूचना दी गई। दमकल की पांच गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद करीब एक घंटे बाद आग पर काबू पा लिया। उनका हजारों का नुकसान हुआ है। इसी तरह बजरिया थानाक्षेत्र में भोर पहर सीसामऊ बाजार में स्थित लकी स्टोर में आग लग गई। शास्त्री नगर रोज गार्डेन निवासी गौतम गुलानी ने बताया कि उनकी साड़ी और सूट की दुकान में झालर में शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लग गई। दमकल की दो गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पा लिया। दुकान मालिक ने बताया कि आग से तकरीबन पांच लाख रुपये से भी ज्यादा का नुकसान हुआ है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी दीपक शर्मा ने बताया कि आग बुझा दी गई है। कोई जनहानि नहीं हुई है। साड़ी की दुकान अंदर से धू-धूकर जल रही थी।



जली पड़ी साड़ी की दुकान। अमृत विचार

- **सीसामऊ और बजरिया थानाक्षेत्र में शार्ट सर्किट से हुए दो हादसे**

# टीबी रोगियों की गांव व वार्ड वार सूची बनेगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** पिछले तीन सालों में जिन क्षेत्रों में टीबी के मरीज मिले हैं, उनकी ग्राम व वार्ड वार सूची बनेगी। इसके बाद वहां विशेष ध्यान देकर स्क्रीनिंग, जांच, उपचार, परामर्श, पोषण व भावनात्मक सहयोग प्रदान करके टीबी मुक्त पंचायत या वार्ड घोषित किया जाएगा। यह जानकारी जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ.आरपी मिश्रा ने दी।

विकास भवन में बुधवार को सभी पंचायतों को टीबी मुक्त बनाने के संबंध में बैठक हुई। इसमें जिला पंचायती राज अधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि गांवों के वार्ड मेंबर और सामाजिक लोगों को निक्षय मित्र बनने के लिए प्रेरित करें। टीबी उन्मूलन स्वास्थ्य विभाग के साथ ही सामाज और सहयोगी विभागों की मदद से संभव होगा। टीबी के लक्षण वाले व्यक्तियों को जांच व इलाज कराने के लिए प्रेरित करें। स्वास्थ्य समितियों के जरिये नए रोगियों को खोजने और उनके इलाज में मदद की जाएगी। टीबी उन्मूलन सामुदायिक जनांदोलन बन सके, इसके लिए सभी सचिव खुद निक्षय मित्र बनकर टीबी मरीजों को गोद लें। दूसरे लोगों को भी मरीजों को गोद लेकर पोषण और मानसिक संबल प्रदान करने के लिए प्रेरित करें। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ.आरपी मिश्रा ने बताया कि क्षय रोगी के परिवार या करीबी लोगों में से ऐसे व्यक्ति की पहचान की जाएगी, जो उसे उपचार दिलाने में मदद व देखभाल कर सके। रोगी के लिए पोषण का ध्यान रखे।

# नन्ही बच्ची के पेट में 3 किलो का ट्यूमर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** हैलट अस्पताल में 10 माह की बच्ची के पेट से डॉक्टरों ने ऑपरेशन कर 3 किलो का ट्यूमर निकाला, जो बच्ची की किडनी में था। वह लिवर, आंत व तिल्ली से चिपका हुआ था। डॉक्टरों ने अत्याधुनिक विधि से ऑपरेशन कर न सिर्फ बच्ची की जान बचाई, बल्कि उसके अंगों को भी सुरक्षित रखा।

जूही लाल कॉलोनी निवासी शकीना की 10 माह की बेटी पेट में गांठ की समस्या से पीड़ित थी। कई जगह दिखाने के बाद परिजन 11 अक्टूबर को बेटी को लेकर हैलट पहुंचे और ओपीडी में वरिष्ठ बाल रोग सर्जन डॉ.आरके त्रिपाठी से परामर्श लिया। डॉक्टर ने बच्ची को अपनी यूनिट में भर्ती किया। डॉ.आरके त्रिपाठी ने बताया कि जांचों के बाद 14 अक्टूबर को अत्याधुनिक विधि से ऑपरेशन कर बच्ची के पेट से करीब 3 किलो का ट्यूमर निकाला। रेडिकल नेफ्रोक्टमी विधि से ऑपरेशन करने पर बच्ची के किसी भी अंग को क्षति नहीं पहुंची और रक्तस्राव भी नहीं हुआ। ऑपरेशन के बाद बच्ची स्वस्थ है। ऑपरेशन करने वाली टीम में डॉ.नैंसी ठाकुर, डॉ.आयुष्या गुप्ता, डॉ.अविनाश चौधरी, डॉ.विवेक दुबे, डॉ.अभिषेक वर्मा, डॉ.पूजा अग्रवाल, डॉ.नेहा मिश्रा, डॉ.सुप्रीत व डॉ.उमेश रहे।



मां की गोद में बच्ची और साथ में डॉ.आरके त्रिपाठी व जेआर। अमृत विचार

- **लिवर, आंत और तिल्ली से चिपकी हुई थी ट्यूमर की गांठ**

**बड़ी उपलब्धि** विश्वविद्यालय ने दक्षिण एशिया क्षेत्र में 263वां स्थान प्राप्त किया

# सीएसजेएमयू क्यूएस एशिया रैंकिंग में आया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **डिग्री हुई मूल्यवान, नियोक्ता छात्र-छात्राओं को देंगे अब खास तरजीह**

**अमृत विचार।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय (सीएसजेएमयू) कानपुर ने क्यूएस एशिया और क्यूएस साउथ एशिया रैंकिंग में पहली बार स्थान बनाकर बड़ी सफलता हासिल की है। एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग के अनुसार सीएसजेएमयू एशियाई विश्वविद्यालयों में 801-850 के बैंड में है।

दक्षिण एशिया क्षेत्र में विश्वविद्यालय का 263वां स्थान आया है। नैक ए प्लस प्लस और एनआईआरएफ के बाद विश्वविद्यालय के लिए यह सबसे बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।

विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने बताया कि एशिया और दक्षिण एशिया रैंकिंग में सीएसजेएमयू के शामिल होने से छात्रों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त संस्थान में अध्ययन करने का गौरव मिलता है। यह मान्यता उनकी डिग्री को अधिक मूल्यवान बनाएगी। छात्र-छात्राएं वैश्विक स्तर पर अधिक प्रतिस्पर्धी बनेंगे। नियोक्ता आमतौर पर रैंकिंग वाले संस्थानों के छात्रों को प्राथमिकता देते हैं। ऐसे में सीएसजेएमयू के स्नातकों को भारत और विदेश के नौकरी बाजार में विशेष पहचान मिलेगी। उच्च रैंकिंग विश्वविद्यालय के लिए दुनिया भर के सम्मानित संस्थानों के साथ नई साझेदारियां स्थापित करने में मददगार होगी। इससे सहयोगी अनुसंधान परियोजनाओं, संयुक्त कार्यक्रमों और अंतरराष्ट्रीय छात्र विनिमय का मार्ग प्रशस्त होगा।




> कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल का आभार है, जिनका अटूट समर्थन, प्रेरणा और अमूल्य मार्गदर्शन इस प्रतिष्ठित रैंक को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण रहा है। क्यूएस दक्षिण एशिया रैंकिंग से विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा बढ़ी है और छात्रों के लिए वैश्विक प्रतिस्पर्धा और अनुभव के नए द्वार खुले हैं। अब सारा ध्यान संस्थान को विश्व रैंकिंग में मान्यता दिलाने की तरफ है।
>
> – प्रो . विनय कुमार पाठक, कुलपति, सीएसजेएमयू



# बेसमेंट में चल रहे 24 कारखाने सीज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** केडीए ने बुधवार को भवनों में बने अवैध बेसमेंट और कामर्शियल गतिविधियों पर बड़ी कार्रवाई की। केडीए ने 24 बेसमेंट परिसरों को सील किया। सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र के कर्नलगंज, बेकनगंज, नाला रोड, मुन्नापुरवा समेत अन्य स्थानों पर कार्रवाई की गई। इन सभी बेसमेंट में अवैध रूप से कॉमर्शियल गतिविधियां संचालित की जा रही थीं।

कर्नलगंज में मो. असद के मकान संख्या 101/187 के बेसमेंट में अवैध रूप से स्नूकर गेम संचालित किया जा रहा था। फारुख रोड कायस्थाना चौराहा पर मो. परवेज के मकान संख्या 101/63 में अवैध रूप से जिम का संचालन किया जा रहा था। जिसे सील कर दिया। कर्नलगंज में मो. अदनान के मकान संख्या 101/61 में छह मंजिला इमारत में बेसमेंट था, जिसे सील कर दिया गया। कर्नलगंज में ही मो. इस्माईल के मकान संख्या 101/61 में छह मंजिला बिल्डिंग के साथ बनाए गए बेसमेंट में रेडीमेड कपड़ा कटिंग और सिलाई का कार्य किया जा रहा था। इस बेसमेंट को भी सील कर दिया गया। इसके अलावा मकान संख्या 101/61 में मो. वसीम राइडर ने छह मंजिला मकान और बेसमेंट बना रखा था। यहां भी बेसमेंट में अवैध रूप से रेडीमेड कपड़ों को बनाने का काम किया जा रहा था, जिसे बंद कराकर बेसमेंट सील कर दिया गया। कर्नलगंज में ही हसीब अहमद खान छह मंजिला मकान बनाकर बेसमेंट में रेडीमेड कपड़ों का कारखाना चला रहे थे, जिसे सील कर दिया गया। इसके साथ ही कई अन्य परिसर भी सील किए गए। विशेष कार्याधिकारी प्रवर्तन जोन-1 सत शुक्ला के नेतृत्व में कार्रवाई की गई।



कर्नलगंज में बेसमेंट में रेडीमेड कपड़ों का कारखाना सील करते अधिकारी।

# यूपी कैटेट की विशेष ऑफलाइन काउंसिलिंग

**कानपुर।** यूपी कैटेट प्रवेश परीक्षा की विशेष ऑफलाइन काउंसिलिंग सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मेरठ में होगी।

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के कुल सचिव डॉक्टर पीके उपाध्याय ने बताया कि विशेष ऑफलाइन काउंसिलिंग के लिए सभी छात्र छात्राएं विशेष काउंसिलिंग के लिए पंजीकरण करा सकते हैं। यह पंजीकरण 8 नवंबर 2024 की शाम 5 बजे तक किया जा सकेगा। छात्र 9 नवंबर को काउंसिलिंग लेटर डाउनलोड कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि स्नातक की विशेष काउंसिलिंग 10 से 13 नवंबर तक रैंक के अनुसार चलेगी। छात्र अपनी तिथि पर रिपोर्ट कर सकते हैं।

# पहले तलवार से, अब व्यवहार से मनाए जाते त्योहार

## निषाद पार्टी के अध्यक्ष व कैबिनेट मंत्री संजय निषाद ने प्रेस वार्ता में कहा, सीसामऊ से भाजपा प्रत्याशी को वोट की अपील की

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



भाजपा मीडिया सेंटर में प्रेसवार्ता करते कैबिनेट मंत्री संजय निषाद। अमृत विचार

**अमृत विचार।** भाजपा से सीसामऊ प्रत्याशी सुरेश अवस्थी के समर्थन में शहर आये निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री संजय निषाद ने कहा कि उत्तर प्रदेश में अब त्योहार तलवार से नहीं, व्यवहार से मनाए जाते हैं। जनता को समझना चाहिए कि उन्हें तलवार चाहिए या व्यवहार। जनता जब से समझदारी दिखाते हुए भाजपा को सत्ता में लाई है तब से व्यवहार से त्योहार मनाए जा रहे हैं और यही रामराज्य है।

जीटी रोड स्थित भाजपा के मीडिया सेंटर में बुधवार को प्रेसवार्ता में उन्होंने कहा कि सपा का पीडीए असल में परिवार डेवलपमेंट अथॉरिटी है। भाई भतीजाबाद, परिवारवाद विपक्ष का आभूषण बन गया है। जब से पिछड़े समाज के लोगों ने पंजा, हाथी, साइकिल का बटन दबाना बंद किया है उनको अपने संवैधानिक अधिकार प्राप्त होने लगे हैं। एनडीए मजबूत होते ही मछुआरा समाज के लोगों को संवैधानिक प्रक्रियाओं का लाभ मिल रहा है। सरकार बिना भेदभाव के आम जन को जन कल्याणकारी योजनाएं दे रही है। मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में अपराधियों पर नकेल कसी जा रही है, समाज भय, माफिया और गुंडा मुक्त हो रहा है। इसलिए जरूरत है कि आप भाजपा के पक्ष में सीसामऊ विधानसभा में मतदान करें।

### हिंदू धर्म की आस्था से खिलवाड़ की छूट नहीं

संजय निषाद ने कहा कि सभी धर्म का हम सम्मान करते हैं और इस बात को विपक्ष के प्रत्याशी को भी समझना चाहिए। हिंदू धर्म की आस्था के साथ किसी को भी खिलवाड़ करने की छूट नहीं दी जा सकती। कुंभ में मुसलमानों के दुकान न लगाने संबंधी बयानों पर कहा कि आस्था के केंद्रों पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। सरकार के तौर पर हम सभी के साथ हैं, लेकिन जिस तरह से पिछले दिनों खाने में थूकने आदि के मामले सामने आए हैं, इससे सवाल खड़े हो रहे हैं।



एनजीओ प्रकोष्ठ के सम्मेलन को संबोधित करते वित्तमंत्री सुरेश खन्ना। साथ में आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल, मानवेंद्र सिंह, सांसद रमेश अवस्थी। अमृत विचार

# योजनाओं के प्रचार में एनजीओ हैं महत्वपूर्ण: खन्ना

विशेष संवाददाता, कानपुर

- कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के एनजीओ प्रकोष्ठ ने आयोजित किया कार्यक्रम
- मंत्री नितिन अग्रवाल ने कहा महिला सशक्तीकरण में भी इनकी भूमिका अहम

**अमृत विचार।** सीसामऊ विस क्षेत्र के उपचुनाव प्रभारी वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के व्यापक प्रचार एवं प्रसार में एनजीओ (गैर सरकारी संगठन) की भूमिका अति महत्वपूर्ण है। स्वयं सहायता समूहों का भी सक्रिय योगदान रहा। महिला सशक्तीकरण में भी इनकी भूमिका सराहनीय है।

वे सिटी क्लब में भाजपा कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के एनजीओ प्रकोष्ठ के एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम का आयोजन प्रकोष्ठ की संयोजक मनीषा वाजपेयी ने किया।

इस अवसर पर राज्यमंत्री नितिन अग्रवाल ने कहा कि उनका अनुभव रहा है कि स्वयं सहायता समूहों ने महिला सशक्तीकरण की दिशा में अपनी-अपनी क्षमता के मुताबिक योगदान दिया है। कार्यक्रम में 100 से ज्यादा स्वयं सहायता समूहों और 60 एनजीओ की भागीदारी रही। इस अवसर पर सामाजिक कार्यों में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए डॉ. नीता अग्निहोत्री, डॉ. सीमा वर्मा, डॉ. सबा यूनुस, डॉ. मोहिनी शुक्ला व सबा खान को सम्मानित किया गया। मनीषा वाजपेयी ने कार्यक्रम का उद्देश्य और एनजीओ की भागीदारी पर प्रकाश डाला। संचालन जिला अध्यक्ष (उत्तर) दीपू पांडे ने किया। कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र अध्यक्ष प्रकाश पाल, उपाध्यक्ष एमएलसी मानवेंद्र सिंह, महामंत्री एमएलसी अनूप गुप्ता, सलिल विश्नोई, सांसद रमेश अवस्थी, विधायक नीलिमा कटियार, सुरेंद्र मैथानी, राहुल बच्चा, महेश त्रिवेदी, पूर्व जिलाध्यक्ष सुनील बजाज, प्रणवीर सिंह, ज्योत्सना मिश्रा, शैलेंद्र प्रताप मिश्रा, नुरूल हुडा, अमन वर्मा, रोहित अवस्थी आदि लोग प्रमुख रूप से थे।



मुख्यमंत्री की जनसभा के लिए सेंट्रल पार्क दर्शनपुरवा में तैयारी देखते मानवेंद्र सिंह।

# मुख्यमंत्री के मंच पर 40 लोग 8 ब्लॉक में बैठेंगे

विशेष संवाददाता, कानपुर

- मुख्यमंत्री की 9 नवंबर को दर्शनपुरवा सेंट्रल पार्क में जनसभा की तैयारी पूरी
- मंच के पीछे ग्रीन रूम में 50 लोगों के साथ चर्चा का भी इंतजाम

**अमृत विचार।** सीसामऊ उपचुनाव को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की 9 नवंबर को दर्शनपुरवा सेंट्रल पार्क में होने वाली जनसभा की तैयारी को अंतिम रूप दे दिया गया है। भाजपा संगठन की ओर से चुनाव प्रभारी बनाए गए प्रदेश उपाध्यक्ष एमएलसी मानवेंद्र सिंह ने बुधवार को सभा के इंतजाम में जुटे कार्यकर्ताओं से तैयारियों के बाबत जानकारी ली। मुख्यमंत्री के मंच पर 40 लोगों के बैठने का प्रबंध किया गया है। मंच के पीछे ग्रीनरूम बनाया जा रहा है। इस विशेष कक्ष में 50 वरिष्ठजनों के साथ बैठक करने का इंतजाम किया गया है। मुख्यमंत्री के लिए एक सेफ रूम अलग से होगा। उनकी फ्लीट की मुख्य गाड़ियों का ठहराव मंच के पीछे किया गया है।

दर्शनपुरवा सेंट्रल पार्क सभास्थल को 8 ब्लाकों में बांटा गया है। इसमें लोगों के बैठने की व्यवस्था की जा रही है। सभा मंच के सामने वरिष्ठजनों और महिलाओं को बैठाया जाएगा। सीसामऊ के हर बूथ से 200 लोगों को सभा में लाने का लक्ष्य दिया गया है। विधानसभा क्षेत्र में कुल 275 बूथ हैं। मंच की व्यवस्था पूर्व जिलाध्यक्ष सुनील बजाज और पूर्व पार्षद सत्येंद्र मिश्रा को सौंपी गयी है।

## एक नजर

### वीजा बनवाने का झांसा दे 40 हजार ठगे

**कानपुर।** बाबूपुरवा थानाक्षेत्र में रहे वाले एक युवक को विदेश जाने के लिए वीजा बनवाने का झांसा देकर 40 हजार की धोखाधड़ी की गई। वीजा न देने पर रुपये वापस मांगने टालामटोली की गई। इस पर पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। बाबूपुरवा निवासी मोहम्मद नसीम के अनुसार विदेश जाने के लिए गयासुद्दीन निवासी ग्राम पुरमई थाना खखेरू जिला फतेहपुर को वीजा के लिए दो वर्ष पूर्व 40,000 रुपये दिये थे। लेकिन इन्होंने वीजा बनवाकर नहीं दिया। बार-बार टालमटोल करते रहे। अगस्त 2023 में पुलिस उपायुक्त दक्षिण ने गयासुद्दीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने का आदेश दिया था। लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। इस बीच वह दूसरी संस्था से वीजा बनवाकर सउदी अरब चले गए। वहां से लौटकर अब फिर मामले में पैरवी शुरू की। आरोपी ने अब भी पैसे देने से इन्कार कर दिया तो पुलिस से फिर शिकायत की। इस संबंध में बाबूपुरवा इंस्पेक्टर अजय कुमार ने बताया कि गयासुद्दीन के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### पुलिस केस का भय दिखाकर अस्पताल में वसूली

**कल्याणपुर।** कल्याणपुर थानाक्षेत्र के एक अस्पताल में युवक की मौत होने के बाद प्रबंधन ने शव देने से इंकार करते हुए पुलिस केस का भय दिखाकर परिजनों से 3500 रुपये ले लिए। पुलिस ने अस्पताल प्रबंधन को फटकार लगाकर परिजनों को रकम वापस कराई और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जिला उन्नाव के बांगरमऊ भिसारी गांव निवासी लालाराम का 18 वर्षीय बेटा नीरज बीए प्रथम वर्ष का छात्र था। सोमवार को नीरज ने जहरीला पदार्थ खा लिया था। आवास विकास तीन के एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान नीरज की मौत हो गई। अस्पताल प्रबंधन ने पुलिस केस का भय दिखाकर 3500 रुपये न जमा करने पर शव देने से इनकार कर दिया था। कल्याणपुर इंस्पेक्टर ने बताया कि परिजनों को शव न दिए जाने की सूचना पर कुछ विवाद हुआ था।

# आज से 10 तक पोस्टल बैलेट से मतदान होगा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पॉलीटेक्निक और रिटर्निंग आफिसर के कार्यालय में बनाए गए फैसिलिटेशन सेंटर

**अमृत विचार।** सीसामऊ विधानसभा उपचुनाव के लिए मतदान 20 नवंबर को है। ऐसे में दूसरे जिले में चुनाव ड्यूटी के लिए भेजे गए कार्मिक या मतदान के दिन जिले में ड्यूटी करने वाले कार्मिक फैसिलिटेशन सेंटर में मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। इसके लिए 2 सेंटर बनाए गए हैं।

डाक मतपत्र से मतदान 7 से 10 नवंबर तक सुबह 9 से शाम 5 बजे तक होगा। इसके लिए फार्म-12 पर खुद हस्ताक्षर करके वोटर आईडी या कार्यालय आईडी, निर्वाचन ड्यूटी पत्र की फोटो कॉपी लेकर आना होगा। रिटर्निंग आफिसर ने डाक मतपत्र (पोस्टल बैलेट) से मतदान प्रक्रिया की जानकारी देते हुए बताया कि मतदान के दिन मतदान ड्यूटी पर लगे मतदान कर्मिकों का मतदान सुनिश्चित करने के लिए राजकीय पॉलीटेक्निक संस्थान रावतपुर तथा रिटर्निंग आफिसर कार्यालय एसीएम तृतीय कक्ष, सिविल लाइन में फैसिलिटेशन सेंटर बनाए गए हैं। यहां सीसामऊ विधानसभा निर्वाचन नामावली में दर्ज निर्वाचन में लगे कर्मी, पुलिस कार्मिक, सरकारी विभागों के कर्मिक पोस्टल बैलेट से मतदान कर सकेंगे।

# मिल रहा प्यार, भाजपा चाहती दबाना : सपा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- इंडिया गठबंधन चुनाव संचालन समिति ने रवाना की पीडीए मिशन की युवा टीम

**अमृत विचार।** इंडिया गठबंधन में शामिल सपा, कांग्रेस, आम आदमी पार्टी समेत सभी कई दलों ने सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र में गहन संपर्क अभियान शुरू किया। महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहा कि मतदाताओं का साथ, प्यार व आशीर्वाद सपा प्रत्याशी नसीम सोलंकी को मिल रहा है। पीडीए परिवार का समर्थन मिल रहा है, लेकिन भाजपा सरकारी तंत्र के द्वारा दबाना चाहती है।

सपा सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र के उप चुनाव के संबंध में बुधवार को इंडिया गठबंधन की चुनाव संचालन समिति ने पीडीए मिशन की युवा टीम को सपा के झंडे के साथ रवाना किया। आदर्श चुनाव आचार संहिता का नियम न तोड़ने का पाठ भी पढ़ाया। महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहा कि जुड़ेंगे और जीतेंगे।



कौशलपुरी वार्ड में जनसंपर्क करतीं इंडिया गठबंधन प्रत्याशी नसीम सोलंकी, साथ में सपा व कांग्रेस नगर अध्यक्ष।

महंगाई, बेरोजगारी और बढ़ते हाउस टैक्स से जनता परेशान है। उसका जवाब 20 नवंबर को सीसामऊ विधानसभा की जनता देगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि रहा नहीं वह वक्त पुराना-पीडीए ने मिलकर है ठाना, अब तक औरों की बनवाई-अब अपनी सरकार बनाएंगे। अब हम परिवर्तन लाएंगे। इन नारों के साथ सपा के फ्रंटल टीम व जनसंपर्क टीम पीडीए मिशन को लेकर 275 बूथों पर पहुंचेगी।

सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुनील सिंह साजन ने कहा कि पूजा स्थल पर पहुंच कर सबका सहयोग करें और नौ नवंबर से मिशन में जुटे। कौशलपुरी वार्ड में भी इंडिया गठबंधन प्रत्याशी नसीम सोलंकी ने जनसंपर्क किया।

महानगर महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर, कांग्रेस जिलाध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी, आलोक मिश्रा, विधायक अमिताभ बाजपेई, पूर्व विधायक संजीव दरियाबादी, प्रदेश सचिव केके शुक्ल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू, अमरीष सिंह गौर, विकास अवस्थी, नीरज त्रिपाठी, अर्पित त्रिवेदी, अरमान खान, रजत मिश्रा, सुलेखा यादव, दीपा, पूजा, राकेश साहू आदि लोग मौजूद रहे।

# टीका न लगने से बढ़ती जटिलताएं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



- सीएमओ कार्यालय में टीकाकरण अभियान की तैयार की रूपरेखा

**अमृत विचार।** बच्चों में बुखार, खांसी, जुकाम, आंखों का लाल होना, शरीर पर चकत्ते दिखने पर खसरा का संकेत माना जाता है। यह सांस के माध्यम से एक से दूसरे में फैलता है। खसरे के कारण अंधापन, इंसेफ्लाइटिस, गंभीर अतिसार और निमोनिया की जटिलाएं भी बढ़ जाती हैं। ऐसे में नौ से 12 महीने की उम्र में एमआर टीके की पहली डोज, 16 से 24 माह की उम्र में दूसरी डोज देना जरूरी है। यह जानकारी जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ.यूबी सिंह ने दी।

रामादेवी स्थित सीएमओ कार्यालय में आशाओं व स्टाफ के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें जिला प्रतिरक्षण अधिकारी ने कहा कि जिले में 25 नवंबर से छह दिसंबर तक जिले के चिन्हित ब्लाक व शहरी क्षेत्र में शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों के लिए टीकाकरण अभियान का संचालन किया जाएगा। जिन बच्चों को टीका नहीं लगा है या वह किसी कारण छूट गए, उनको खसरा रूबेला (एमआर) संक्रमण से बचाने के लिए टीका लगाया जाएगा। आशा कार्यकर्ता एक-एक बच्चे की सूची बनाएंगी। सभी अधीक्षक अपने ब्लाक व शहरी क्षेत्र में वंचित बच्चों के टीकाकरण के संबंध में रोड मैप तैयार करेंगे।

स्वास्थ्यकर्मी घर-घर जाकर सर्वे करेंगे कि किन बच्चों को खसरा-रूबेला वैक्सीन की पहली और दूसरी डोज नहीं लगी। ये डोज बच्चों को पहली 9 माह और दूसरी 16 से 24 माह पर दी जाती है। डॉ.सिंह ने 14 नवंबर तक वंचित बच्चों की रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए। निर्देश दिए कि आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर परिवार के मुखिया का नाम, मोबाइल नंबर, बच्चों की संख्या व घरों की संख्या आदि की जानकारी लेंगी। सर्वे के बाद 14 नवंबर तक पूरी सूचना स्वास्थ्य विभाग के एप पर दर्ज करनी है। इसके बाद पता चलेगा कि कितने बच्चे छूटे हैं।



सांसद देवेंद्र सिंह भोले के मीडिया प्रभारी अशोक सिंह को ज्ञापन देते स्थानीय लोग।

## मंदिर के पास जानलेवा गड्ढा, अंधेरा

**कानपुर।** कल्याणपुर पनकी रोड पर स्थित प्रसिद्ध गायत्री मंदिर के पास लगा विद्युत पोल टेढ़ा होकर राहगीरों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है। खंभे पर लाइट व्यवस्था न होने से समस्या बढ़ गयी है। यहां एक बड़ा गड्ढा कई महीनों से खुदा पड़ा है। जिसके चलते कई लोग गिरकर चोटिल हो चुके हैं। स्थानीय निवासी संतोष पासवान ने बताया कि कई मर्तबा उच्च अधिकारियों को इस समस्या से अवगत कराया परंतु सुनवाई नहीं हुई। दुकानदार संतोष अवस्थी ने कहा कि जनप्रतिनिधियों को भी बताया जा चुका है। स्थानीय निवासी सुनील सिंह गौर, हरी शंकर, शैलेंद्र कुमार, अनुज यादव, आशीष सिंह, प्रदीप कुमार, रीना शर्मा ने सांसद देवेंद्र सिंह भोले के मीडिया प्रभारी अशोक सिंह दद्दा को ज्ञापन सौंपकर गड्ढे पर पुलिया बनवाने की मांग की।

## सार-संक्षेप

### शहर की मिलेट्स कुकीज खाएंगे विदेशी

**कानपुर।** शहर की मिलेट्स कुकीज इस बार क्रिसमस और नए साल पर यूरोप के बाजारों में धूम मचाएंगी। रागी, बाजरा और ज्वार से तैयार 10 हजार किलो कुकीज का निर्यात ऑर्डर मिला है, जिसे एक माह में पूरा किया जाना है। अभी शहर से जापान और दुबई को मिलेट्स कुकीज का निर्यात किया जा रहा है। शहर में निर्मित मिलेट्स कुकीज को यूरोप के रूप में पहली बर नया बाजार मिला है। कारोबारियों ने लगभग 200 किलो कुकीज सैंपल के रूप में वहां भेजी थी, जिसे खासा पसंद किया गया है। निर्यातक संगीता सिंह ने बताया कि यह पहली बार है, जब शहर से मिलेट्स कुकीज का निर्यात यूरोपीय देशों को शुरू हुआ है। ऐसा अनुमान है कि जल्द ही यूरोपीय देश से और बड़ा ऑर्डर मिल सकता है। मिलेट्स निर्यातक को दीपावली पर्व पर पैन इंडिया ऑर्डर मिला था। यह ऑर्डर ग्रेटर नोएडा में हुए इंटरनेशनल ट्रेड शो में मिला था। इससे पहले जापान और दुबई को मिलेट्स के बिस्कुट, नूडल्स और कुकीज का निर्यात शहर से हो चुका है। शहर के मिलेट्स उत्पाद जल्द ही इजिप्ट में भी उपलब्ध हो सकेंगे। इसके लिए शहर से वहां सैंपल भेजे गए हैं। निर्यातक ने बताया कि जल्द ही वहां से बड़ा ऑर्डर आने की उम्मीद है।



व्यापारी नेता ज्ञानेश मिश्रा ने फोरम को समर्थन दिया। अमृत विचार

### व्यापारियों ने पूर्व पार्षद फोरम का किया समर्थन

**कानपुर।** पूर्व पार्षद फोरम के प्रतिनिधि मंडल ने बुधवार को कलक्टरगंज में भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश वरिष्ठ महामंत्री ज्ञानेश मिश्र को नामांतरण शुल्क एवं गृहकर की बढ़ोतरी के संबंध में पत्र देकर समर्थन मांगा। ज्ञानेश मिश्र ने समर्थन देते हुये कहा कि ये पिछले वर्षों से बढ़ा हुआ गृहकर मंज़ूर नहीं किया जायेगा। इसमें व्यापारी उद्यमी भी प्रभावित हो रहे हैं। इस मुहिम में कानपुर का पूरा व्यापारी व उद्यमी समाज एक मंच पर आकर विरोध करेगा। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश मंत्री रोशन गुप्ता, महानगर महामंत्री राजकुमार भगतानी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अब्दुल वहीद व इखलाक मिर्ज़ा, युवा महामंत्री मनोज विश्वकर्मा, महानगर उपाध्यक्ष आनंद ओमर, प्रचार मंत्री पवन गुप्ता, संगठन मंत्री मो. ताहिर, राकेश गुप्ता, अनुपम गुप्ता व शिव कुमार गुप्ता, गिरीश पांडे, सुरेंद्र जायसवाल, अनिल अवस्थी आदि रहे।

### सरसौल में चलता मिला बिना पंजीकृत हॉस्पिटल

**कानपुर।** कल्याणपुर स्थित केपीएस हॉस्पिटल में ट्रेनी नर्स के साथ दुष्कर्म की घटना के बाद स्वास्थ्य विभाग सजग हो गया है। बुधवार को स्वास्थ्य विभाग के एसीएमओ यूबी सिंह ने सरसौल में झोलाछाप व अवैध अस्पताल संचालकों के खिलाफ अभियान चलाया। सरसौल व पुरवामीर में छापेमारी की। सरसौल के नमामि हास्पिटल में मौजूद कर्मचारी कोई कागजात नहीं दिखा सके। वह पंजीकृत भी नहीं मिला। एसीएमओ ने अस्पताल संचालक को नोटिस देकर तीन दिन के अंदर कागजात दिखाने का समय दिया। वहीं, पुरवामीर में झोलाछाप दिनेश को नोटिस जारी किया।

**सुधार कार्य** | शासन को भेजी गई सड़कों के पैचवर्क की रिपोर्ट, 1199 सड़कों का पैचवर्क व नवीनीकरण होना था

# सड़कों पर पैचवर्क 100 और नवीनीकरण का काम 95 फीसदी पूरा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



किदवई नगर मिक्की हाउस के सामने वाली सड़क सीएम ग्रिड योजना के तहत बननी है। इसलिए अभी यहां काम नहीं किया गया है। योजना के तहत सड़क जल्द बनाई जाएगी। अमृत विचार

> हमने दिये लक्ष्य के सापेक्ष 100 फीसदी पैचवर्क का कार्य पूरा कर लिया है। सड़कों के नवीनीकरण का कार्य भी लगभग पूरा है।
>
> – सैय्यद फरीद अख्तर जैदी, नगर निगम मुख्य अभियंता

- शहर के सभी 6 जोन में सड़कों का काम पूरा

**अमृत विचार।** शहर में गड्ढामुक्त सड़कों की रिपोर्ट शासन के पाले में पहुंच गई है। सड़कों के पैचवर्क और नवीनीकरण के कार्य को नगर निगम ने लगभग पूरा करने का दावा किया है। नगर निगम के दावे के अनुसार पैचवर्क 100 फीसदी और सड़कों के नवीनीकरण का कार्य 95.59 फीसदी पूरा हो गया है।

28 अक्टूबर को गड्ढामुक्त सड़कों की डेडलाइन खत्म होने के बाद शासन की ओर से गठित टीम ने शहर की कुछ प्रमुख सड़कों, संपर्क मार्गों का निरीक्षण किया है। नगर निगम के अनुसार शहर में महज अब सीएम ग्रिड की सड़कों पर काम होना है। शहर में सभी 6 जोन में 184 सड़कों पर 151.99 किमी. पैचवर्क होना था। जिसे पूरा किया जा चुका है। 34 किमी. सड़कों का नवीनीकरण होना है। नगर निगम की ओर से जारी ताजा रिपोर्ट के अनुसार 32.50 किमी. सड़कों का नवीनीकरण किया जा चुका है। शासन ने सड़क निर्माण की जांच के लिये कमेटी का गठन किया था। नगर निगम की जांच के लिये नगरीय निकाय निदेशालय की उप निदेशक विजेता को जिम्मेदारी दी गई है। गठित टीम ने औचक निरीक्षण कर सड़कों की हकीकत जानी है।

नगर निगम के अधिकारियों के अनुसार टीम को सड़कों का पैचवर्क पूरा मिला है। कोई भी सड़क पैचवर्क के बिना नहीं बची है। सिर्फ उन सड़कों पर ही दिक्कत है जो सीएम ग्रिड योजना के तहत बनना प्रस्तावित हैं।

इसके साथ ही नई सड़कों का निर्माण कार्य भी जारी है। अधिकारियों के अनुसार टीम निरीक्षण के आधार पर शासन को रिपोर्ट सौंपेगी, हमने भी रिपोर्ट शासन को भेज दी है।

# जिम ट्रेनर ने बेबाकी से हत्या करना कबूला

## और कौन रहा शामिल, इस सवाल पर हो गया खामोश, बोला- एकता दुत्कारने लगी थी इसलिए मारना पड़ा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** न्यायालय से 48 घंटे की पुलिस रिमांड मिलने के बाद बुधवार को जेल से शेयर कारोबारी राहुल गुप्ता की पत्नी एकता गुप्ता के हत्यारोपी जिम ट्रेनर को कोतवाली लाया गया। यहां 8 सब इंस्पेक्टरों और 3 इंस्पेक्टरों ने बारी-बारी से उससे पूछताछ की। पूछा गया कि इस हत्याकांड में तुम अकेले नहीं हो सकते हो, कौन साथ था ? इस पर उसने बड़ी बेबाकी से हत्या की बात कबूली। हत्याकांड में और लोगों के शामिल होने की बात पर वह खामोश हो गया। इसके बाद पूछा गया कि ऑफिसर्स क्लब में गड्ढा कब और कितने लोगों ने खोदा ? हत्या के बाद कब-कब, कहां-कहां और कैसे वहां पहुंचे ? फरारी के दौरान किसने-किसने मदद की ? इस तरह के 100 से अधिक सवालों पर जिम ट्रेनर विमल सोनी सिर पकड़ कर बैठ गया।

रिमांड के दौरान पूछताछ में मौजूद पुलिस सूत्रों ने बताया कि जिम ट्रेनर विमल सोनी ने एकता से प्रेम संबंध स्वीकार किए हैं। लेकिन संबंध एक तरफ से थे या दोनों तरफ से ? इस प्रश्न पर विमल ने मुंह बंद कर लिया। टीम में मौजूद एक सदस्य ने कहा कि बताना तो पड़ेगा, इस पर वह मुस्कुराने लगा और बोला अब क्या बताऊं...इस संबंध में न बात करें।

एकता के पति राहुल गुप्ता से कुछ मुलाकात होने की बात कही। हत्या क्यों की ? इस पर उसने पछतावा होने की बात कही। यह भी कहा कि वह मारना नहीं चाहता था लेकिन एकता उसे दुत्कारने लगी थी जबकि जिम की और महिलाएं उसके लिए खाने-पीने का सामान तक घर से लाती थीं। उसने ये भी बताया कि अपार्टमेंट के गार्ड से वह एकता और राहुल की लोकेशन लेता रहता था। कितनी बार एकता के घर गए ? इस पर वह चुप हो गया और बोला अब एकता ही नहीं तो इन सब बातों का क्या फायदा।

जिलाधिकारी ऑफिस में कौन-कौन मिलने वाला है ? इस पर उसने कहा कि लंबे समय से उसका आना जाना था। पुराने अधिकारी उसे बहुत मानते थे, लिहाजा सभी लोग जानते हैं। उसने ये भी कहा कि वह लगातार जिलाधिकारी आवास आता-जाता था। इस दौरान पुलिस टीम का एक वीडियोग्राफर हर पल की रिकार्डिंग कर रहा था।


जेल से जिम ट्रेनर विमल सोनी को बाहर लेकर रिमांड पर ले जाती पुलिस।

### ये था एकता गुप्ता हत्याकांड

- 24 जून 2024 को सिविल लाइंस में रहने वाली एकता गुप्ता की जिम ट्रेनर विमल सोनी ने हत्या करने के बाद जिलाधिकारी कंपाउंड से सटे ऑफिसर्स क्लब में शव दफना दिया था। चार महीने बाद पुलिस ने शक्कर मिल खलवा रायपुरवा निवासी जिम ट्रेनर विमल सोनी को गिरफ्तार किया तो चौंकाने वाला खुलासा हुआ था। इसके बाद पुलिस ने ऑफिसर्स क्लब से 26 अक्टूबर की देर रात एकता का कंकाल बरामद किया था।


एकता गुप्ता।

**08** सब इंस्पेक्टरों व 3 इंस्पेक्टरों ने की पूछताछ पुलिस रिमांड पर

**48** घंटे की पुलिस रिमांड मिलने के बाद जिम ट्रेनर को कोतवाली लाया गया

### जवाबों से निकल कर आए कई और सवाल

- जांच टीम ने विमल से करीब 100 से अधिक प्रश्नों के उत्तर मांगे। उन प्रश्नों के उत्तर से भी कुछ प्रश्न निकल कर सामने आए हैं। इसके साथ ही वैज्ञानिक साक्ष्य भी एकत्र किए जा रहे हैं। पुलिस ने विमल से एकता के पति राहुल और भाई आदित्य गुप्ता का आमना सामना कराया। तीन मिनट की मुलाकात के दौरान डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह और इंस्पेक्टर कोतवाली संतोष शुक्ला वहां मौजूद रहे। राहुल ने बताया कि विमल के चेहरे पर पछतावा नहीं था। वह इस जघन्य हत्याकांड में सीबीआई जांच की मांग करते हैं।

### पहले से खुदा था गड्ढा, मजदूरों ने की तस्दीक

- जिस गड्ढे में एकता गुप्ता को दफनाया गया था, उस संबंध में जब जिम ट्रेनर विमल से पूछताछ की गई तो उसने बताया कि गड्ढा पहले से ही खुदा हुआ था। इसकी तस्दीक पुलिस ने उन दो मजदूरों से की जो आफिसर्स क्लब की पेंटिंग करने आए थे। मजदूरों ने बताया कि पेंटिंग करने के दौरान गड्ढे में सीढ़ी लगाई गई थी, लिहाजा गड्ढा पहले से खुदा हुआ था।

### घटना का नाट्य रूपांतरण होगा

- अपर पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था हरीश चंदर ने बताया कि अभी घटना का नाट्य रूपांतरण भी कराया जाएगा। जो परिवार वालों के प्रश्न हैं उनके भी उत्तर लिए गए हैं। इन उत्तरों से भी बहुत से प्रश्न निकल कर सामने आए हैं। पूछताछ के बाद जो भी तथ्य सामने आएंगे, उन्हें विवेचना में शामिल किया जाएगा।


अधिवेशन में श्री राम विशेषांक का विमोचन करते डॉ. निरंजना शुक्ला, सुहृदय गिरि, स्वामी नारायणानंद आदि। अमृत विचार

# राम नाम को आधार बना लेना ही रामकथा का सारः सुहृदय गिरि

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- महिला शिक्षा मंडल के वार्षिक अधिवेशन में श्रीराम कथा

**अमृत विचार।** प्रभु राम के नाम को ही आधार बना लेना रामकथा का सार है। रामायण श्रीराम का घर है और रामचरित मानस प्रभु चरित्र का वर्णन है। उसके सभी पात्र त्याग की मूर्ति हैं। राम नाम अपनी जिह्वा पर बसाकर सब काम करते रहना चाहिए। जिससे सांसारिक व आत्मिक जीवन में प्रकाश हो जाए। महिला शिक्षा मंडल के 76वें वार्षिक अधिवेशन में यह विचार कथा व्यास साध्वी सुहृदय गिरि ने व्यक्त किए।

महिला शिक्षा मंडल के 76वें वार्षिक अधिवेशन का शुभारंभ बुधवार को गणेश वंदना, गीता पाठ व ध्वजारोहण से हुआ। इसके बाद हीरा अवस्थी व ज्योति गुप्ता की अगुवाई में महिलाओं ने सिर पर कलश रखकर स्वागत गान किया। इंदौर से आए स्वामी नारायणानंद, स्वामी जगदीश्वरानंद, सीता देवी व निर्मला बंसल ने दीप जलाया। अनुभूति पत्रिका (श्रीराम विशेषांक) का विमोचन हुआ। पत्रिका की मुख्य संपादिका डॉ. निरंजना शुक्ला पूर्व प्रधानाचार्य जुहारी देवी पीजी कॉलेज हैं। श्री गीता ज्ञान यज्ञ वेदी पूजन लक्ष्मी गुप्ता ने यज्ञाचार्य आनंद कुमार गौड़ के नेतृत्व में किया। गायत्री कनोडिया ने पोथी पूजन व व्यास पीठ का पूजन किया। इसके बाद कथा व्यास ने कहा कि प्रभु के नाम को आधार बना लेना ही राम कथा का सार है। प्रभु भाव के भूखे हैं। आपका प्रेम ही तुलसीदल है। संचालन डॉ. ब्रजबाला सिंघल व मीरा गर्ग ने किया। अधिवेशन में जानकी गुप्ता, मधु गुप्ता, मीना गर्ग, नीति गुप्ता, राजेंद्र कुमार गुप्ता, सूरजपाल सिंह, राजेंद्र अवस्थी, रघुवंश कुमार गुप्त, हनुमान प्रसाद कनोडिया, नरेश बंसल, रजनीश सेठी, अनिल कुमार आदि रहे।


ग्रीनपार्क में अभ्यास करते यूपी टीम के खिलाड़ी। अमृत विचार

# ग्रीनपार्क में यूपी की टीम ने प्रैक्टिस में बहाया पसीना

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- अंडर-23 कर्नल सीके नायडू ट्राफी के एलीट ग्रुप-बी का शुक्रवार से होगा मुकाबला
- छत्तीसगढ़ टीम आज अभ्यास सत्र का हिस्सा बनेगी, यूपी टीम में चिकारा भी शामिल

**अमृत विचार।** बीसीसीआई की अंडर-23 कर्नल सीके नायडू ट्राफी के एलीट ग्रुप-बी के मैच शुक्रवार से ग्रीनपार्क स्टेडियम में खेले जाएंगे। मेजबान यूपी का मुकाबला छत्तीसगढ़ के साथ होगा। स्टेडियम में बुधवार को यूपी टीम ने प्रैक्टिस में जमकर पसीना बहाया। लीग के तीन मैच लगातार जीतकर चौथा मैच खेलने जा रही यूपी टीम में बुधवार को स्वास्तिक चिकारा भी जुड़े और अभ्यास सत्र में अपने हाथ खोले। वहीं मेहमान छत्तीसगढ़ टीम देर शाम शहर पहुंचेगी और गुरुवार को प्रैक्टिस में शामिल होगी।

बीते सीजन की उपविजेता यूपी टीम का इस बार भी प्रदर्शन शानदार है। यूपी टीम ने अभी तक खेले गए तीनों लीग मैचों में जीत दर्ज कराकर 39 अंक हासिल कर ग्रुप में पहला स्थान कायम रखा है। अब ग्रीनपार्क स्टेडियम में 8 नवंबर से छत्तीसगढ़ व 15 नवंबर से गोवा से सामना होगा। यूपी टीम घरेलू मैदान में यह दोनों मैच अगर जीत लेती है तो नॉकआउट में पहुंचने का रास्ता साफ हो जाएगा। ग्रुप में 36 अंक हासिल कर गुजरात दूसरे व 28 अंक के साथ छत्तीसगढ़ तीसरे स्थान पर है।

ग्रीनपार्क स्टेडियम में बुधवार सुबह 10 बजे यूपी टीम प्रैक्टिस के लिए पहुंची। टीम ने कोच विक्रमजीत मलिक की निगरानी में कड़ा अभ्यास किया। कप्तान आराध्य यादव समेत स्वास्तिक चिकारा, आदर्श सिंह, रितुराज शर्मा ने नेट पर बल्लेबाजी की, वहीं कुणाल त्यागी, शुभम मिश्रा, रोहित द्विवेदी, विजय यादव, प्रशांत वीर ने अपनी गेंदों को धार दी।

### भक्त ध्रुव की कथा सुनाई

**कानपुर।** गोविंदनगर 9-ब्लाक स्थित पंडित राम प्रसाद त्रिपाठी आदर्श हिंदू धर्मशाला में बुधवार को श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन वृंदावन से पधारे कथा व्यास प्रहलाद महाराज ने भक्त ध्रुव की कथा सुनाई। उन्होंने बताया कि भक्त ध्रुव को 5 वर्ष की उम्र में प्रभु के दर्शन प्राप्त हुए थे। महाराज ने दक्ष व माता सती और भोलेनाथ की कथा सुनाई। काफी संख्या में क्षेत्र वासियों ने कथा सुनी।


प्रहलाद महाराज।

# मदरसों को अरबी-फारसी विश्वविद्यालय से संबद्धता मिले

विशेष संवाददाता,कानपुर

- मदरसा कानून बहाली के लिए लड़ने वालों का किया गया इस्तकबाल

**अमृत विचार।** यूपी मदरसा कानून 2004 को समाप्त करने का फैसला रोकने के लिए मदरसा संचालकों व टीचरों के संगठनों ने बुधवार को सुप्रीमकोर्ट का शुक्रिया अदा किया। मर्चेंट चैंबर में आयोजित इस्तकबालिया कार्यक्रम में मांग की गयी कि मदरसा छात्रों के भविष्य और उच्च शिक्षा के अवसर प्रदान करने के लिए मदरसों को अरबी-फारसी विश्वविद्यालय से संबद्धता दी जाए।

कार्यक्रम में कहा गया कि प्रदेश में 16 हजार मदरसों में 17 लाख बच्चे तालीम पाते हैं। इलाहाबाद हाइकोर्ट ने मदरसा बोर्ड एक्ट को असंवैधानिक बताते हुए छात्रों का दाखिला सामान्य स्कूलों में कराने का आदेश दिया था।

मदरसा एसोसिएशनों ने सुप्रीम कोर्ट में हाईकोर्ट के फैसले को चैलेंज किया था। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कुछ प्रावधानों को छोड़कर उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम 2004 की संवैधानिक वैधता को बरकरार रखा है। इस्तकबालिया तकरीर नायब शहर काजी व उपाध्यक्ष आल इंडिया टीचर्स एसोसिएशन मदारिस ए अरबिया कानपुर कारी मोहम्मद सगीर आलम हबीबी ने की। विशिष्ट अतिथि वहीदुल्ला खां सईदी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला मील का पत्थर साबित होगा।

मैनेजर्स एसोसिएशन के महामंत्री मदारिस ए अरबिया डा. रशीद अनवर सिद्दीकी, कौमी उपाध्यक्ष मौलाना तारिक शम्सी ने संबोधन किया। संचालन मौलाना मोहम्मद आसिफ ने किया। मदरसा एक्ट की बहाली में संघर्षशील रहीं एसोसिएशनों, मैनेजर्स एसोसिएशन मदारिस ए अरबिया के जनरल सेक्रेटरी डॉ.रशीद अनवर सिद्दीकी, आल इंडिया टीचर्स एसोसिएशन मदारिस ए अरबिया के कौमी सदर मौलाना अब्दुल मोईद कासमी, जनरल सेक्रेटरी वहीदुल्ला खां सईदी, उपाध्यक्ष मौलाना तारिक शम्सी, शिक्षणेत्तर एसोसिएशन मदारिस ए अरबिया के जनरल सेक्रेटरी हाजी खुर्शीद आलम व जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी पवन कुमार सिंह, मो. जुनैद इलाहाबाद का शहर काजी मौलाना मुफ्ती मोहम्मद साकिब अदीब मिस्बाही, तकी मोहम्मद, अब्दुल अहद ने इस्तकबाल किया।


पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते मदरसा टीचर्स एजूकेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अब्दुल मुईद। साथ में डॉ. आर एस सिद्दीकी, वहीदुल्ला खां शहिदी व तारिक शम्सी।



कोच के साथ खड़े नेशनल ताइक्वांडो में चयनित खिलाड़ी। अमृत विचार

### तीन छात्र नेशनल ताइक्वांडो में

**कानपुर।** नेशनल स्कूल गेम्स ताइक्वांडो प्रतियोगिता में ओईएफ स्कूल फूलबाग के तीन छात्रों का चयन हुआ है। प्रतियोगिता विदिशा में 8 से 12 नवंबर तक होगी।

स्कूल के प्रधानाचार्य मोहित दुबे ने बताया कि बलिया में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्कूल के अविरल पाठक, देवांश जायसवाल, हार्दिक सिंह ने अपने वर्ग में शानदार प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक जीता था। अब ये तीनों छात्र राष्ट्रीय प्रतियोगिता में दमखम दिखाएंगे। मंडलीय सचिव अनुराग, जनपदीय सचिव एनपी सिंह, एसके तिवारी, ललित कुमार यादव, नितिन गुप्ता ने बधाई दी।

# पावर हिटर्स, आनंदेश्वर पॉलीपैक व एनआरआई वॉरियर्स जीते

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** एनआरआई सिटी परिसर में एनआरआई प्रीमियर लीग के पहले दिन खेले गए तीन मुकाबलों में पावर हिटर्स, एनआरआई वारियर्स और आनंदेश्वर पॉलीपैक थंडर्स ने जीत दर्ज की। दूधिया रोशनी में यह मुकाबले हुए।

पावर हिटर्स व मायर्स मार्वल के बीच पहला खेला गया। जिसमें मायर्स मार्वल ने 15 ओवर में सात विकेट पर 196 रन बनाए। जवाब में पावर हिटर्स ने 14.3 ओवरों में 6 विकेट पर 199 रन बनाकर मैच जीत लिया। पावर हिटर्स के अगम सिंह मैन ऑफ द मैच रहे। ग्रेजिया ग्रांट्स व एनआरआई वॉरियर्स के बीच दूसरा मैच हुआ। ग्रेजिया ग्रांट्स ने 15 ओवर्स 8 विकेट पर 180 रनों का स्कोर खड़ा किया। जिसे एनआरआई वॉरियर्स ने 10.3 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 183 रन बनाकर हासिल कर लिया। वॉरियर्स के ऋषि खंडेलवाल मैन ऑफ द मैच रहे। आनंदेश्वर पॉलीपैक थंडर्स और क्रेजी क्राउड के बीच तीसरा मुकाबला हुआ। आनंदेश्वर पॉलीपैक थंडर्स ने 194 रनों का लक्ष्य दिया। जवाब में क्रेजी क्राउड टीम 11.4 ओवर में 134 रन ही बना पाई। आनंदेश्वर पॉलीपैक ने 59 रन से मैच जीत लिया।

## सार-संक्षेप


पशुपतिनगर से कलश यात्रा निकाली गई। अमृत विचार

### धूमधाम से निकली पोथी व कलशयात्रा

**कानपुर।** पशुपतिनगर श्रीराम सार्वजनिक सेवा समिति की ओर से बुधवार को 11वें श्रीराम कथा के पहले दिन पोथी व कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें सैकड़ों महिलाओं ने सिर पर कलश रखकर यात्रा निकाली। कलशयात्रा श्रीराम कथा पार्क से प्रारंभ होकर पशुपतिनगर, वाई ब्लॉक होते हुए कथा पार्क में समाप्त हुई। पोथी लेकर समिति के महामंत्री राधे शिव हरे यात्रा के आगे चल रहे थे। महिला मंडल में मीना अग्निहोत्री, रत्ना पांडेय, चंद्रप्रभा, मंजू त्रिवेदी, रानी शुक्ला, रश्मि दुबे, लता गुप्ता रहीं। कार्यक्रम के सह संयोजक अभिषेक पांडेय मोनू, कोषाध्यक्ष लाला अग्निहोत्री, विवेक बाजपेई, मुन्ना गुप्ता, दर्शन मिश्रा, जगत नारायण तिवारी, चंद्र कुमार तिवारी आदि रहे।


बच्चों के स्वास्थ्य की जांच करते डॉक्टर। अमृत विचार

### स्वास्थ्य शिविर में छात्र-छात्राओं का हुआ चेकअप

**कानपुर।** यूपी किराना सेवा समिति विद्यालय किदवई नगर में बुधवार को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हुआ। यह स्वास्थ्य शिविर 6 से 16 नवंबर तक चलेगा। जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षक-शिक्षिकाओं व कर्मचारियों का निशुल्क स्वास्थ्य चेकअप किया जाएगा। स्वास्थ्य शिविर मीरा रानी सामाजिक उत्थान संस्थान के चिकित्सकों की ओर से आयोजित किया जा रहा है। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि खैराबाद नेत्र चिकित्सालय के डायरेक्टर डॉ. मनीष महेंद्रा ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मोबाइल का कम से कम इस्तेमाल करें और शारीरिक क्रियाकलाप पर जोर दिया। इस मौके पर महामंत्री राकेश कुमार अग्रवाल, विद्यालय प्रबंधक राजकुमार नेवटिया, राजेंद्र ओमर, अमरनाथ गुप्ता, सुनील गुप्ता, विशाल जैन, अजय खन्ना व प्राचार्या रागिनी राठौर आदि रहीं।

### ओपीएफ की प्रतियोगिता में जीते पुरस्कार

**कानपुर।** डीपीएसयू जीआईएल की रक्षा उत्पादन इकाई आयुध पैराशूट निर्माणी में पूर्व में हुई प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत 28 अक्टूबर से विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था। पुरस्कार वितरण समारोह में अधिकारियों और कर्मचारियों ने सत्यनिष्ठा के साथ कार्य करने का आह्वान भी किया गया। महाप्रबंधक एमसी बालासुब्रमणियम ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा दिलाई। समारोह के दौरान सतर्कता से संबंधित वीडियो का भी प्रदर्शन किया गया। वाद-विवाद, पोस्टर, निबंध लेखन एवं स्लोगन लेखन आदि प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार दिए गए।

**आंखों देखी**

कॉर्डियोलॉजी में दिल के रोगियों को इलाज में लगते घंटों, पहले पर्चा, फिर बीपी जांच और फिर ओपीडी में बीतता पूरा समय

# सुबह से हो गई दोपहर, डॉक्टरों ने नहीं देखा दिल का दर्द

**केस 01**



औरैया से आए ओमकार सिंह ने बताया कि दिल में दिक्कत है, जिस वजह से कॉर्डियोलॉजी में इलाज चल रहा है। वह बुधवार को संस्थान में चौथी बार आए। हर बार वह सुबह आते है और जांच व इलाज पाने में शाम हो जाती है।

**केस 02**



बिल्हौर से आए शंकर लाल गुप्ता ने बताया कि पत्नी को सांस लेने में दिक्कत, सीने में दर्द व घबराहट की समस्या होने पर दिखाने सुबह 11 बजे आए थे, लेकिन दोपहर के 2 बज गया, लेकिन न जांच हुई और न इलाज मिला।

**केस 03**



कानपुर देहात के अकबरपुर निवासी शिवनाथ पाल ने बताया कि पथरी का ऑपरेशन होना है, जिसकी वजह से डॉक्टर ने दिल की जांच लिखी है। इसलिए सुबह साढ़े 11 बजे आए थे, दोपहर के 2 बज गए और जांच नहीं हुई।

**केस 04**



लालबंगला निवासी अरुण कुमार ने बताया कि बड़े भाई को दिखाने सुबह 9 बजे के करीब आए थे, लेकिन दोपहर के 2 बज गए अभी तक ओपीडी के अंदर जाने को नहीं मिला। न ही उनकी किसी प्रकार कोई जांच हो सकी है।

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** रावतपुर स्थित कॉर्डियोलॉजी संस्थान में मरीजों के दिल का दर्द कम होने बजाय उस वक्त और बढ़ जाता है, जब उनको इलाज पाने के लिए घंटों तक इंतजार करना पड़ता है। मरीज यहां पर सुबह इलाज के लिए पहुंचते तो जरूर हैं, लेकिन उनको इलाज दोपहर या शाम तक मिल पाता है। ऐसे में मरीजों को संस्थान के फर्श पर ही लेट कर या बैठकर पूरा दिन काटना पड़ जाता है। अमृत विचार की टीम ने बुधवार को रावतपुर स्थित एलपीएस कॉर्डियोलॉजी संस्थान की पड़ताल की। संस्थान की ओपीडी काउंटर पर मरीज पर्चा बनवाने के लिए लाइन में लगे थे। वहीं, गेट पर ही निजी मेडिकल स्टोर व पैथोलॉजी के एजेंटों का जमावड़ा लगा था। गेट के अंदर पहुंचने पर देखा कि कई मरीज फर्श पर लेटे थे, कुछ की तो सांस तक फूल रही थी, जो अपना नंबर आने की आस में लेटे थे। यहां पर मरीज को पहले पर्चा बनवाने व टोकन नंबर लेने के लिए लाइन में लगना पड़ता है। नंबर मिल भी जाता है तो उसके बाद ब्लड प्रेशर की जांच में घंटों बीत जाते हैं। ब्लड प्रेशर चेक कराने के बाद मरीजों को ओपीडी में हृदय रोग विशेषज्ञ के पास पहुंचना संभव हो पाता। कुछ मरीज तो भीड़ देखकर ही बिना इलाज के लौट जाते हैं।


कॉर्डियोलॉजी में इलाज की आस में लेटे-खड़े दिल के रोगी। अमृत विचार

> कॉर्डियोलाजी में जिस हिसाब से मरीजों की संख्या बढ़ी है, उस हिसाब से संसाधन नहीं हैं। इसलिए मरीजों को थोड़ा इंतजार करना पड़ता है। यहां आए हर मरीज का इलाज किया जाता है।
>
> डॉ. राकेश वर्मा, निदेशक कॉर्डियोलाजी

# ककवन क्रासिंग पर जाम से रोज जूझती जिंदगी

## ज्यादातर रेलवे फाटक बंद होने से पल-पल लगता जाम, क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज ही समस्या का स्थाई हल

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचारः** कानपुर-कासगंज रेलवे रूट पर चौबेपुर-बेला रोड क्रॉसिंग के बाद सबसे ज्यादा व्यस्ततम ककवन रोड क्रॉसिंग नासूर बन गई है। क्रासिंग बंद होने से यहां पल-पल जाम लगता है, जहां जिंदगी जूझती रहती है। ककवन क्रासिंग पर आरओबी का निर्माण ही स्थाई हल है।

कानपुर देहात के साथ ही औरैया जनपद को जोड़ने वाले मार्ग पर हजारों वाहन प्रतिदिन गुजरते हैं, जो ककवन रेलवे क्रॉसिंग में फंसते हैं। स्थानीय लोगों के लिए रेलवे क्रॉसिंग पर लगने वाला जाम दिनों दिन नासूर बनता चला जा रहा है। बिल्हौर कस्बे की आधी आबादी रेलवे क्रॉसिंग के दूसरी ओर पर रहती है। प्रशासनिक भवन ज्यादातर रेलवे क्रॉसिंग के नगर पालिका क्षेत्र वाले हिस्से में हैं, ऐसे में ट्रेनों की आवाजाही के चलते रेलवे क्रॉसिंग बंद होने से अक्सर जाम लगता है।

बिल्हौर बार एसोसिएशन के पूर्व पदाधिकारी अमित कुमार श्रीवास्तव कहते हैं कि रेलवे क्रॉसिंग पर वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग जाती हैं, जिससे स्थानीय लोगों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के रास्ते पर भी सैकड़ो लोग रेलवे क्रॉसिंग बंद होने के चलते खड़े रहते हैं। लोगों को अक्सर तहसील में काम के चलते रेलवे क्रॉसिंग पार करके जाना होता है, लेकिन ट्रेनों के क्रॉस होने के कारण रेलवे क्रॉसिंग पर हजारों वाहनों की संख्या खड़े हो जाते है, जिससे पैदल निकलने वाले राहगीर भी परेशान हो जाते हैं।


ककवन क्रॉसिंग पर जाम की समस्या आम हो गई है। अमृत विचार

- कानपुर देहात और औरैया को सीधे जोड़ती है सड़क

प्रतिदिन लगभग तीन दर्जन से अधिक ट्रेन रेलवे क्रॉसिंग से गुजरती हैं, जिसके चलते हर 15 मिनट के अंतराल में रेलवे क्रॉसिंग बंद हो जाती है। इससे रोजमर्रा के होने वाले कामकाज पूरी तरह प्रभावित हो जाते हैं। अक्सर स्कूल बच्चों की वहां भी कई मिनट खड़े होने के कारण विद्यालय जाने में देरी हो जाती है। प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक प्रशांत कुमार मिश्रा ने कहा कि ओवरब्रिज की सख्त जरूरत है। जीटी रोड का चौड़ीकरण हो गया है, ओवरब्रिज की भी आवश्यकता है। ककवन रोड पर ओवरब्रिज नहीं होने से विकास नहीं हो पा रहा है।

### जल्द होगा निरीक्षण

- सेतु निगम के प्रोजेक्ट मैनेजर होतीलाल का कहना है कि रेलवे, लोक निर्माण विभाग और सेतु निगम तीनों मिलकर संयुक्त रूप से निरीक्षण करेंगे। इसके बाद विस्तृत आख्या तैयार कर जिलाधिकारी को सौंपी जाएगी। तीनों विभागों के अधिकारी संयुक्त रूप से निरीक्षण के दौरान आने वाली समस्याओं के बारे में भी चर्चा करेंगे और भूमि अधिग्रहण को लेकर भी बातचीत करेंगे। उधर, इज्जत नगर मंडल के प्रवक्ता राजेंद्र कुमार ने कहा कि मामला उच्चाधिकारियों के संज्ञान में है। बिल्हौर के विधायक की ओर से विभागों को पत्र लिखा गया है। जल्द ही रेलवे की टीम निरीक्षण करेगी।


ककवन रेलवे क्रॉसिंग पर पैदल निकलने वाले लोग भी परेशान होते हैं। विभाग को जल्द से जल्द ओवरब्रिज बनाने की प्रक्रिया को शुरू करनी चाहिए।

–शिवांश चंदेल, कार्यकारी अध्यक्ष करणी सेना


प्रतिदिन तीन दर्जन से अधिक ट्रेन गुजरती हैं। क्रॉसिंग बंद होने से रोजमर्रा के कामकाज प्रभावित होते हैं। ओवरब्रिज का जल्द निर्माण होना चाहिए।

–कमल मिश्रा, अधिवक्ता

ककवन रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज की मांग दशकों से चली आ रही है, जिसके लिए हम प्रयासरत हैं। जिलाधिकारी को रिपोर्ट दी गई है। जल्द ही विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण को लेकर चर्चा की जाएगी और जरूरी कदम उठाए जाएंगे।

–राहुल बच्चा सोनकर, विधायक

# स्मृति वाटिका के रूप में विकसित समाधि स्थल

संवाददाता, घाटमपुर

- जिला पंचायत सदस्य की पहल से तैयार हुई वाटिका
- अपनों के नाम वृक्ष दान का किया जा रहा आह्वान

**अमृत विचारः** घाटमपुर विकास खंड क्षेत्र के किरांव गांव की परती पड़ी जमीन पर स्मृति वाटिका तैयार हो रही है। जिला पंचायत सदस्य की पहल पर स्मृति वाटिका में फल-फूल और छायादार पौधों की बगिया विकसित हुई है। लोगों से अपनों के नाम वृक्ष दान का आह्वान किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आह्वान पर किरांव में खाली पड़ी नवीन परती भूमि गाटा संख्या-388 में मां के नाम एक वृक्ष लगाओ की पहल की गई। इसके अंतर्गत जिला पंचायत सदस्य शिवनाथ सिंह निषाद सहित ग्राम पंचायत सदस्यों और ग्रामीणों की ओर से पौधरोपण की शुरुआत की गई थी। ग्रामीणों की ओर से अब इसे प्रसिद्ध समाजसेवी नंदी बाबा की समाधि स्थल को रमणीय स्थल के रूप में विकसित करने का ताना-बाना बुना गया है। ग्रामीणों की ओर से इसे वाटिका एवं स्मृति वन के रूप में विकसित किया जा रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि यहां पर कोई भी अपनों की स्मृति और शादी विवाह, पुण्यतिथि, जन्मतिथि, मुंडन संस्कार, जनेऊ संस्कार, नामकरण संस्कार इत्यादि के मौके पर यादगार के रूप में पौधे लगाकर उसकी सुरक्षा कर सकते हैं। इससे लोगों की यादगार लंबे समय तक रहेगी। पर्यावरण का संरक्षण होगा और पौधे लगाने के लिए प्रेरणा मिलेगी, साथ ही सरकार के सपनों को पंख लग सकेंगे।चित्रकूट निवासी डॉ. पुनीत कुमार ने अपने पुत्र के मुंडन संस्कार की याद में पांच फलदार वृक्ष लगाए गए हैं। अनेक ग्रामीण इस कार्य में शामिल हुए। गांव के डॉ. शिवलाल सिंह ने बताया कि इन वृक्षों की देखभाल और सुरक्षा करने की जिम्मेदारी ली गई है, उसे बखूबी निभाया जा रहा है। गांव में शिव मंदिर है, जहां रोज सैकड़ों लोग आते हैं। लोग यहां रुकहर समाधि स्थल पर मत्था टेकते हैं और इस कार्य की सराहना करते हैं।

## एक नजर

### पयार डालने में दो पक्ष भिड़े

**घाटमपुर।** साढ़ थाना क्षेत्र के मेहरौली गांव में खेत पर पयार उतारने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। एक पक्ष ने युवक की लाठी- डंडों व धारदार हथियार से पिटाई कर दी, जिसमें युवक लहूलुहान हो गया। पीड़ित लालसिंह कुशवाहा ने तहरीर देकर बताया कि गांव के ही अवधेश, सुरेश व शिवप्रसाद ने उनके खेत पर जबरन पयार डाल रहे थे, जिसका उन्होंने विरोध किया तो आरोपियों ने गालीगलौज करते हुए हमला कर दिया। पुलिस ने घायल लालसिंह को भीतरगांव सीएचसी भेजा। साढ़ थाना प्रभारी के पी सिंह ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### अश्लीलता पर भेजा जेल

**कानपुर।** स्वरूप नगर थानाक्षेत्र में हैलट अस्पताल के सामने दांत का एक्सरे कराने के दौरान किशोरी के साथ छेड़छाड़ और अश्लीलता करने वाले पैथोलॉजी कर्मचारी पर स्वरूप नगर पुलिस ने शांतिभंग की कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया। पुलिस ने सीएमओ को पत्र भेजकर पैथोलॉजी की जांच कराने को कहा है। किशोरी अपने परिजनों के साथ डॉक्टर को दिखाने के लिए हैलट अस्पताल के सामने पैथोलॉजी गई थी। एक्सरे के दौरान पैथोलॉजी कर्मचारी ने किशोरी के साथ अश्लीलता की। बाद में परिजनों ने कर्मचारी को पीटा और हंगामा किया था। प्रभारी निरीक्षक सूर्यबली पांडेय ने बताया कि कर्मचारी के खिलाफ शांति भंग की कार्रवाई कर जेल भेजा गया है।

### चाकू मारने में 4 पर रिपोर्ट

**कानपुर।** जाजमऊ थानाक्षेत्र में गाली गलौज के विरोध में युवक को चाकू मारने के मामले में आरोपी समेत चार पर हत्या के प्रयास की रिपोर्ट दर्ज की गई है। ओमपुरवा निवासी अनिल को मंगलवार रात गाली गलौज का विरोध करने पर पड़ोसी सोनू समेत उसकी मां जानकी, बहन ममता और शुभम ने मारापीटा था। सोनू ने अनिल के पेट में चाकू मार दिया था। परिजनों ने अनिल को हैलट अस्पताल में भर्ती कराया था। थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्र ने बताया कि सोनू समेत चार के खिलाफ मामला दर्जकर उनकी तलाश की जा रही है।

# युवा महोत्सव में दिखाया हुनर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सीएसजेएमयू के युवा महोत्सव में बुधवार को युवाओं ने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। आदिवासी व लोक नृत्य आकर्षण का केंद्र रहे। दो दिनी महोत्सव के अंतिम दिन बेहतर प्रदर्शन करने वाले युवा पुरस्कृत किए गए।

विवि के वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई सभागार में लोक धुनों पर हुए नृत्य को सभी ने सराहा। इस नृत्य प्रतियोगिता में छात्रा अंशी अग्निहोत्री एवं समूह प्रथम रहे। शिल्पकार में स्वाति सविता प्रथम, मानसी द्वितीय स्थान पर एवं अंश अग्निहोत्री तृतीय स्थान पर रहे। अन्य अनुकरण प्रतियोगिता में तनिष्क सिंह प्रथम, जानवी मिश्रा द्वितीय एवं सक्षम त्रिवेदी तृतीय रहे। सीनेट हॉल में आयोजित वाग्मिता प्रतियोगिता में अवनी यादव प्रथम, अविरल शुक्ला द्वितीय एवं अक्षिता सचान तीसरे स्थान पर रहे। फाइन आर्ट्स विभाग में आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता में शिवी यादव प्रथम, आर्ची दुबे दूसरे एवं इनाम अंसारी तीसरे स्थान पर रहे। ऑन स्पॉट पेंटिंग प्रतियोगिता में रवि प्रताप प्रथम, आरुषि कुशवाह दूसरे एवं स्वस्ति झा तृतीय रहे। क्ले मॉडलिंग प्रतियोगिता में प्रणवीर मौर्य प्रथम , हर्षित यादव दूसरे एवं अनन्या मिश्रा तीसरे स्थान पर रहे। रंगोली प्रतियोगिता में मोहिनी सिंह प्रथम, गरिमा मिश्रा दूसरे एवं प्राणजीत मिश्रा तीसरे स्थान पर रहे। मेहंदी प्रतियोगिता में सत्यम वर्मा प्रथम, वैष्णवी सिंह द्वितीय एवं प्रांजल शर्मा तृतीय स्थान पर रहे।



मंच पर नृत्य पेश करतीं युवतियां। अमृत विचार

- आदिवासी नृत्य और लोक नृत्य रहे आकर्षण का केंद्र

# पुजारी, शीतगृह संचालक के 64 लाख रुपये हड़पे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- रावतपुर और फजलगंज थाना क्षेत्र की घटनाएं

**अमृत विचार।** शहर के अलग-अलग थानाक्षेत्रों में समस्याएं बताकर पुजारी और कोल्डस्टोरेज संचालक से परिचितों ने लाखों रुपये हड़प लिए। रावतपुर में कोल्डस्टोरेज संचालक से 54 लाख रुपये जबकि फजलगंज में पुजारी से 10 लाख रुपये ले लिए। वापस मांगने पर आरोपियों ने टाला-मटोली शुरू कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

रावतपुर शारदा नगर निवासी रनवीर सिंह के अनुसार वह गडविन कोल्ड स्टोरेज के पार्टनर हैं। उनके परिचित शिवराजपुर के बैरी गांव निवासी प्रवीण कुमार ने आर्थिक संकट बताते हुए कई बार में करीब 54 लाख रुपये लिए थे लेकिन वापस मांगने पर धमकाना शुरू कर दिया। रावतपुर पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इसी प्रकार, फजलगंज चेन फैक्ट्री चौराहा निवासी राजकुमार अवस्थी के अनुसार वह हनुमान गढ़ी मंदिर के पुजारी हैं। पिछले 9 वर्षों से एकता अग्रवाल व उनके दो बेटे आदित्य व अनंत अग्रवाल मंदिर आते थे। घर में समस्या बताकर 2018-19 में सभी ने चार बार में 10 लाख रुपये ले लिए और लौटाए नहीं। फजलगंज पुलिस ने मां व दोनों बेटों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## सार-संक्षेप



इंटरलॉकिंग रोड का लोकार्पण करतीं ब्लाक प्रमुख अनुराधा अवस्थी। अमृत विचार

### ब्लॉक प्रमुख ने किया इंटरलॉकिंग रोड का लोकार्पण

**बिठूर।** क्षेत्र के बागदौधी बांगर ग्राम पंचायत में गोराहा रोड से पुईया गुप्ता के घर तक बनी इंटरलॉकिंग सड़क व नाली का कल्याणपुर ब्लॉक प्रमुख अनुराधा अवस्थी ने लोकार्पण किया। इसकी लगभग लागत 13 .47 लाख रुपये है। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता दिनेश अवस्थी, जिला पंचायत सदस्य राजू दिवाकर, गजेन्द्र सिंह, फैलू दुबे, दिनेश पाल, राजा मिश्रा, बउआ बाजपेई, लव सिंह, पुइया गुप्ता, अवर अभियंता रविन्द्र पालीवाल और ग्रामवासी मौजूद रहे। ग्राम वासियों ने कहा पहले कीचड़ गड्ढों के चलते निकलने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था, अब सड़क बनने से राहत हुई है। सभी ने ब्लॉक प्रमुख को धन्यवाद दिया।



सुभाष नगर की बारातशाला में कूड़ा डंप है। अमृत विचार

### शिवराजपुर की बारातशाला बनी कूड़ाघर

**शिवराजपुर।** कस्बे के वार्ड नंबर 5 सुभाष नगर में बनी बारातशाला में कूड़ा फैला है। गंदगी फैली होने कस्बावासियों को खासी परेशानी का समाना करना पड़ रहा है। यह बारातशाला किसी के उपयोग में नहीं आती। कस्बा निवासी रविन्द्र मिश्रा, देवेंद्र शुक्ला ने बताया कि कस्बे के सुभाष नगर में बारातशाला की हालत दिन पर दिन बदतर होती जा रही है। रखरखाव के आभाव में भवन भी खस्ता हाल होता जा रहा है। ऋतिक सिंह, राजू वर्मा, मोहित यादव का कहना है कि जहां त्यौहार में सभी जगह सफाई कराई जाती है, वहीं कस्बे की बारातशाला में कूड़ा डंप है। अधिशाषी अधिकारी दिव्या गुप्ता ने कहा कि जल्द कर्मचारियों को भेजकर सफाई कराई जाएगी।

### लक्ष्मी नारायण को लगाया 56 भोग, गूंजे जयकारे

**कानपुर।** प्रयाग नारायण मंदिर शिवाला में विराजमान प्रभु लक्ष्मी नारायण मंदिर में बुधवार को परंपरागत श्री अन्नकूट महोत्सव मनाया गया। इस दौरान प्रभु को 56 प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाया गया। वहीं जूही गौशाला चौराहा स्थित सांई मंदिर में भी अन्नकूट महोत्सव पर 56 लोग लगाया गया। लक्ष्मी नारायण मंदिर में मुख्य मंडप में रखा गया गोवर्धन पर्वत चावल मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। प्रभु के सम्मुख 56 प्रकार के व्यंजन प्रस्तुत किए गए। शाम को प्रभु की महाआरती में जयकरों की गूंज से वातावरण धार्मिक हो गया। राघव नारायण तिवारी ने भक्तों को महाप्रसाद बांटा। कार्यक्रम में मंदिर अध्यक्ष मुकुल विजय नारायण तिवारी व प्रबंधक अभिनव नारायण तिवारी, रवींद्र शर्मा, रविशंकर बाजपेई, महेश त्रिवेदी, विजय पांडेय, मनोज तिवारी, सलिल विश्नोई, अनिल शर्मा, श्याम अरोड़ा, लव दुबे, मनोज सेंगर, अंगद सिंह, जगेंद्र अवस्थी आदि रहे।

# विवाद से विश्वास योजना के बारे में जागरूक किया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- लंबित मामलों से बचाव को योजनाओं का लाभ जरूरी

**अमृत विचार।** कानपुर आयकर अधिवक्ता संघ की प्रत्यक्ष कर संगोष्ठी में विवाद से विश्वास योजना के बारे में जागरूक किया गया। विशेषज्ञों ने बताया कि योजना का उद्देश्य लम्बे समय से लंबित टैक्स विवादों का निपटारा करना है। इस तरह की योजनाओं का लाभ उठाना जरूरी है।

वक्ता शैलेंद्र सचान से बताया कि विवाद से विश्वास योजना 2024 भारतीय आयकर विभाग द्वारा शुरू की गई एक पहल है। जिसका उद्देश्य लम्बे समय से लंबित टैक्स विवादों का निपटारा करना है। विवादों को कम करना और टैक्स संग्रह प्रक्रिया को सरल बनाना है। गोष्ठी में योजना की पात्रता और दायरा भी बताया गया। बताया गया कि जो अपील या न्यायालय में मुकदमे 22 जुलाई 2024 को लंबित हैं वही अपील या मुकदमे इस स्कीम के अन्तर्गत माने जाएंगे। यह योजना विभिन्न अपील स्तरों पर लंबित आयकर विवादों पर लागू होती है, जिसमें कुछ विशिष्ट अपवाद भी शामिल हैं। सभापति दिनेश शुक्ला ने कहा कि विवाद से विश्वास योजना 2024 लंबे समय से लंबित टैक्स विवादों का निपटारा करने के लिए एक आवश्यक तंत्र प्रदान करती है।

# बैंक मैनेजर के बंद घर का ताला तोड़कर 15 लाख की चोरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नौबस्ता थाना क्षेत्र के देवकी नगर इलाके में यूनियन बैंक के मैनेजर के ताला बंद घर से चोरों ने एक लाख रुपये की नकदी और 14 लाख रूपये के जेवर समेत अन्य सामान पार कर दिया। घर के पास लइया-चना भूजने वाले युवक ने मैनेजर के पिता को घटना की जानकारी दी। घर लौटे परिवार ने नौबस्ता थाना पुलिस को घटना की जानकारी देकर तहरीर दी। पुलिस ने जांच शुरू की तो सीसी फुटेज में चोरों की धुंधली तस्वीर आई है।

देवकी नगर निवासी बैंक मैनेजर धर्मेंद्र कुमार गुप्ता ने बताया मंगलवार को परिवार में एक लोगों का निधन हो जाने पर वह परिवार के साथ फतेहपुर खागा गए थे,जबकि सुरक्षा के लिए रात में घर में सोने के लिए पास में रहने वाले लइया-चना भूजने वाले को चाबी दे दी थी। बुधवार शाम उसने बताया कि उनके घर का कुंडा टूटा हुआ और अंदर सामान बिखरा है। उसने कहा कि वह रात में सोने नहीं गया था। शाम को वह घर लौटे और नौबस्ता थाना पुलिस को सूचना दी।उन्होंने बताया कि चोर नकदी-जेवर समेत 15 लाख का माल ले गए हैं। पुलिस ने सीसी कैमरे जांचे तो मंगलवार रात 2 बजकर 22 मिनट पर घर के कार्नर पर एक युवक के खड़े फुटेज दिखी,लेकिन फुटेज साफ नहीं आई। इस संबंध में थाना प्रभारी संतोष सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश की जा रही है।

### 5 भैंस खोल ले गए चोर

**साढ़।** थाना क्षेत्र के बेहटा गंभीरपुर गांव में दरवाजे पर बंधी पांच कीमती भैंस चोर खोल ले गए। बेहटा गंभीरपुर निवासी प्रमोद मिश्रा ने बताया कि घर के बाहर उसकी पांच भैंसें बंधी थीं। मंगलवार की रात चोर सभी भैंस खोल ले गए। बुधवार सुबह जागने पर घटना की जानकारी हुई। पीड़ित ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर चोरों का पता लगाने की गुहार लगाई है। थानाध्यक्ष केपी सिंह ने कहा कि मामले की जानकारी मिली है। जांच कर जल्द चोरों को गिरफ्तार किया जाएगा और चोरी का खुलासा किया जाएगा।

**छठ पर्व** संतान की दीर्घायु और खुशहाली के लिए महिलाओं ने रखा निर्जला व्रत, शाम को घर में सूर्योपासना कर तोड़ा उपवास

# महिलाओं ने भोग लगाकर ग्रहण किया खरना का प्रसाद


छठ पूजा के लिए नबीपुर में नहर किनारे बनाई गई वेदी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** संतान की दीर्घायु और खुशहाली के लिए की जाने वाली छठ पूजा के दूसरे दिन बुधवार को खरना पर निर्जला व्रत रखकर महिलाओं ने सूर्य देव की उपासना की। घरों में शाम के समय गेहूं की रोटी, गन्ने के रस की खीर आदि से भोग लगाने के बाद प्रसाद ग्रहण किया। इससे पूर्व बाजारों में छठ पूजा की तैयारियों के चलते पूजन सामग्री, गन्ने, कोसी, कपड़े, श्रृंगार का सामान आदि की खरीदारी की गई।

जनपद में छठ पूजा हर साल हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है, जिसकी धूम शुरू हो चुकी है। महापर्व के दूसरे दिन खरना मनाया गया। महिलाओं ने निर्जला व्रत रखकर सूर्य देव की उपासना की। घरों में पूजन की तैयारियां सुबह से ही शुरू हो गईं। महिलाओं ने विशेष तरीके से गन्ने के रस की खीर बनाई गई। इसके अलावा गेहूं की रोटी बनाईं गई। उपवास रखने वाली महिलाओं ने शाम के समय अपने-अपने घरों में सूर्यदेव की उपासना कर गेहूं की रोटी, खीर का भोग लगाकर प्रसाद ग्रहण किया।

अकबरपुर क्षेत्र के नबीपुर निवासी कुसुम देवी, तैतरी देवी आदि ने बताया कि संतान की दीर्घायु और खुशहाली के लिए की जाने वाली छठ पूजा का पर्व चार दिन तक मनाया जाता है। बुधवार को दूसरे दिन खरना पर महिलाओं ने उपवास रखा और शाम के समय घरों में खीर आदि से भोग लगाने के बाद प्रसाद ग्रहण किया।

गुरुवार को तीसरे दिन शाम को महिलाएं छठ पूजा स्थल पर एकत्र होंगी। जहां नदी, तालाब, बंबे के पानी में खड़े होकर महिलाएं डूबते सूर्य देव को अर्घ्य देंगी। शुक्रवार को चैथे दिन भोर उगते सूर्य देव को अर्घ्य दिया जाएगा। इसके लिए छठ पूजा स्थल पर पहले से ही साफ-सफाई कराकर रंगाई-पुताई कराई जा चुकी है। इसके अलावा इन स्थानों को फूलों और रंग-बिरंगी झालरों से काफी खूबसूरत ढंग से सजाया जा रहा है।

### पूजन सामग्री खरीदारी को लगी भीड़

- छठ पूजा के दूसरे दिन बाजारों में लोगों की काफी चहल-पहल रही। लोगों ने पूजन सामग्री की जमकर खरीदारी की। दुकानदारों ने बताया कि छठ पूजा के लिए सभी तरह की सामग्री मंगाई गई थी। जिससे लोगों को इधर-उधर न भटकना पड़े। जहां पर लोगों ने नारियल, काला चना, चावल, सुपारी, लकड़ी की सांच, छाज, डलिया, कोसी, ढकना, ढकनी, गुड़, गन्ने, फल, सब्जी आदि से जमकर खरीदारी की। जिससे बाजारों में पूरे दिन खूब चहल-पहल रही।

# देशी शराब ठेका लूट में पुलिस के खाली हाथ

**रूरा।** मुरलीपुर के देशी शराब ठेका सेल्समैन से 70 हजार रुपये की लूट मामले में डीआईजी द्वारा खुलासे को दी गई चार दिनों की समय सीमा खत्म हो गई। इसके बावजूद पुलिस लुटेरों को तलाश नहीं कर पाई है।

रूरा थाना क्षेत्र के मुरलीपुर गांव स्थित देशी शराब ठेका में बीते शुक्रवार की रात सेल्समैन पर तमंचा तान कर 70 हजार रुपये की लूट हुई थी। विरोध करने पर लुटेरों ने सेल्समैन अरविंद व एक ग्राहक अजीत के साथ मारपीट की थी। घटना के बाद डीआईजी जोगेंद्र कुमार, एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति, एएसपी राजेश पांडेय, सीओ सदर तनु उपाध्याय ने जांच की थी।

थानाध्यक्ष जय प्रकाश शर्मा व हल्का को पांच दिन में घटना का खुलासे के निर्देश दिए थे, लेकिन पांच दिन बीत जाने के बावजूद रूरा पुलिस अभी लुटेरों से बहुत दूर है। वहीं आसपास के सीसीटीवी कैमरों में एक संदिग्ध कार दिख रहीं है।

### बंटवारे को लेकर मारने का प्रयास, रिपोर्ट दर्ज

**कानपुर।** हनुमंत विहार थानाक्षेत्र के जोगी बाबा मंदिर के पास रहने वाली महिला सरोजनी गुप्ता ने बेटे, बहू और उसके मायके वालों के खिलाफ चोट पहुंचाने और जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। सरोजनी के अनुसार बेटा रोहित, बहू आरती मकान का बंटवारा चाहते हैं। ये लोग छोटे बेटे व पति के साथ मारपीट करते हैं। आरोप है कि कुछ माह पहले बहू उसके भाई दिनेश, पिता रामप्रकाश ने उन पर मकान का बंटवारा करने का दबाव डाला। मना करने पर बहू व उसके पिता और भाई ने उन्हें छत से धक्का दिया। इससे जांघ की हड्डी टूट गई। 13 अक्टूबर को भी बहू और बेटे ने अकेले पाकर मुंह दबाकर जान से मारने की कोशिश की।

**आवश्यक सूचना**

आधार हाउसिंग फाइनेन्स लि0 स्थित कानपुर नगर की ओर से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता महावीर सिंह पुत्र स्व0 नवाब सिंह नि0 तौधकपुर, कानपुर नगर जो कि आराजी नं0 758मि0 ग्राम बिनगवां, जिला कानपुर नगर रकबा 0.2250 हे0 के सह मालिक व काबिज हैं तथा उक्त आराजी में प्लाटिंग करके अपने हिस्से के प्लाट को विक्रय कर रहे हैं। आधार हाउसिंग फाइनेन्स लि0 के ग्राहक श्रीमती रश्मी देवी पत्नी सन्तोष कुमार निवासिनी 815 सिद्धार्थ नगर, कानपुर नगर द्वारा उपरोक्त विक्रेता महावीर सिंह से, प्राइवेट प्लाट स्थित जुज भाग आराजी नं0 758 मि0 ग्राम बिनगवां, जिला कानपुर नगर रकबा 76 वर्गगज उक्त आधार हाउसिंग फाइनेन्स लि0 से ऋण लेकर क्रय कर रही हैं अतः उक्त सम्पत्ति आधार हाउसिंग फाइनेन्स लि0 में बंधक की जा रही है, उक्त सम्पत्ति की सीमाएं निम्नवत हैः– पूरब– प्लाट राजेश तिवारी, पश्चिम– भवन विनय कुमार व प्लाट लक्ष्मी मिश्रा, उत्तर– प्लाट रेखा, दक्षिण– 15 फिट रोड। यदिं उक्त सम्पत्ति के पक्ष में अथवा किसी अन्य व्यक्ति या किसी वित्तीय संस्था या बैंक को क्रय विक्रय या बंधक के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो नीचे लिखे निम्न पते पर सूचना प्रकाशन की तिथि से 7 दिनों के अन्दर आपत्ति करने का कष्ट करें। उपरोक्त समयावधि के बाद किसी प्रकार का कोई दावा विचार योग्य नही माना जायेगा।

दिनांकः 28/10/2024

भवदीय

कुलदीप कुमार निगम, एडवोकेट
मेन गेट निकट गवाह घर, सिविल कोर्ट कम्पाउण्ड, कानपुर नगर।
मो0नं0: 8009968582

## एक नजर

### बारात लौटाने पर पुलिस के पास पहुंचा मामला

**संदलपुर।** चौकी क्षेत्र के मुखबिलपुर में आई बारात किसी कारण को लेकर लड़की द्वारा मना कर दिया। लड़के की मां नंदा देवी निवासी हरिरामपुरवा थाना रानियां ने चौकी में शिकायती प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि वह लोग बारात लेकर आए थे। लड़की ने अचानक मना कर दिया। चौकी प्रभारी कौशल ने बताया कि मामला जानकारी में है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### केमिकल पिलाने से युवक की हालत गंभीर

**पुखरायां।** धोखे से केमिकल्स पिलाने से युवक की हालत बिगड़ गई। टयोंगा गांव के राजेश्वर ने बताया कि भांजा अवधेश कुमार (28) को गांव में दोस्तों के द्वारा शराब में कैमिकल मिलकर पिला दिया गया। हालत बिगड़ने पर परिजन सीएचसी ले गए। जहां डॉ. सौरभ सिंह ने प्राथमिक उपचार करने पर हालत में सुधार न होने पर जिला अस्पताल रेफर किया है।

### दहेज हत्या के दो आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़े

**कानपुर देहात।** दहेज हत्या में वांछित दो अभियुक्तों को रसूलाबाद पुलिस ने गिरफ्तार किया है। शिवली कोतवाली क्षेत्र के नौगांव के मजरा लालपुर निवासी मुन्नालाल ने पुत्री की दहेज के लिए हत्या करने की रिपोर्ट बीती 27 अक्तूबर को दर्ज कराई थी। मामले में पुलिस ने आरोपी आनंद कुमार यादव व बलवान सिंह निवासीगण वंशी निवादा थाना रसूलाबाद को बुधवार को मुखबिर की सूचना पर विषधन तिराहा रसूलाबाद से गिरफ्तार किया है। एसआई कृपाल सिंह ने बताया कि आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा जाएगा।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल

**पुखरायां।** वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो लोग घायल हो गए। जुनेदापुर गांव के अरुण कुमार (26) व सहाबापुर गांव के पंकज (34) बाइक में सवार होकर नगीना बांगर गांव किसी कार्य के लिए गए थे। जहां से वापस होकर मूसानगर जाते समय मुगल रोड पर बाइक सवारों को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गए। लोगों ने उन्हें सीएचसी भेजा। जहां डॉ. प्रीती ने प्राथमिक उपचार के बाद अरुण कुमार की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# वेबसाइट के सदुपयोग पर दिया जोर

**वेबिनॉर**

संवाददाता, पुखरायां

- सतर्कता जागरूकता बेबिनार पर शिक्षाविदों ने रखे विचार
- समाज व राष्ट्र को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने पर किया चिंतन



वेबिनार में विचार रखते शिक्षाविद।

**अमृत विचार।** केंद्रीय सतर्कता आयोग किसी भी कार्यकारी प्राधिकारी के नियंत्रण से मुक्त व केंद्रीय सरकार के अंतर्गत सभी सतर्कता गतिविधियों की निगरानी करता है। आज आवश्यकता इस बात की है कि कैसे समाज व राष्ट्र को भ्रष्टाचार मुक्त बनाया जाए। यह बात डॉ. राममनोहर लोहिया लॉ विश्वविद्यालय के कानून विभाग की प्रोफेसर डॉ अपर्णा सिंह ने वेबिनार पर जागरूकता कार्यक्रम के दौरान कही।

छात्र परिचय सत्र की अध्यक्षता करते हुए इग्नू क्षेत्रीय केंद्र लखनऊ की वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक डॉ मनोरमा सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों को इग्नू में क्या करना और क्या नहीं करना है? इसको जानना अति आवश्यक है। इसके लिए उन्होंने कन्वेंशनल सिस्टम व ओपन डिस्टेंस लर्निंग की कार्य विधि पर विस्तार से चर्चा की। एडिशनल डायरेक्टर डॉक्टर अनिल कुमार मिश्रा ने विद्यार्थियों को असाइनमेंट एवं प्रोजेक्ट आदि के विषय में विस्तार से चर्चा की।

डॉ कीर्ति विक्रम सिंह ने बताया कि इग्नू एक ऐसा विश्वविद्यालय है, जो अपने विद्यार्थियों को गुणवत्ता युक्त स्टडी के माध्यम से उनके अंदर स्टार्टअप लांच करने के गुण को सिखाता है। इसके लिए समय-समय पर इंटर्नशिप भी कराई जाती है। डॉ अनामिका सिन्हा ने कहा कि इग्नू के विद्यार्थियों को आवश्यकता इस बात की है कि वह उपयोग में आने वाली वेबसाइट एव लिंक का कैसे सदुपयोग कर सकें। डॉ रीना कुमारी ने परीक्षा से संबंधित चर्चा की। डॉ पर्वत सिंह ने विद्यार्थियों को अध्ययन केंद्र द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं के विषय में विस्तार से जानकारी दी।

# आवासीय भवन के लिए 814.36 लाख मंजूर

गीतेश अग्निहोत्री, शिवली

▸▸ नए मैथा मांडा थाना भवन के निर्माण को हरी झंडी, अभी मैथा में चल रही पुलिस चौकी

**अमृत विचार।** जिले के नवीन स्वीकृत थाना मैथा के आवासीय भवनों के निर्माण के लिए सरकार ने धनराशि को जारी कर दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी है। पुलिस कर्मियों के आवासीय भवनों के निर्माण के लिए 814.36 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इससे पहले अनावासीय भवनों के लिए सरकार धन जारी कर चुकी है।

धनराशि जारी होने के बाद मैथा में जल्द ही थाना बनने की उम्मीद बंध गई है। साथ ही पुलिस कर्मियों के रहने के लिए आवास भी उपलब्ध होंगे। योगी सरकार ने रनियां और मैथा को एक साथ थाना घोषित किया था। रनियां थाना पूर्व में चौकी में संचालित होने लगा है, जबकि मैथा में आवासीय व अनावासीय भवन न होने की वजह से थाना संचालन शुरू नहीं हो सका है।

थाने के भवन के निर्माण के लिए विभाग ने पहले ही जमीन का चयन कर लिया था। अभी तक मैथा में पुलिस चौकी के सहारे पूरे क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था निर्भर है। फिलहाल शिवली कोतवाली में मैथा, बाघपुर, भाऊपुर, औनाहां सहित चार पुलिस चौकी हैं। मैथा में थाना बनने के बाद मैथा और भाऊपुर पुलिस चौकी इससे जुड़ जाएंगी। इसके बाद क्षेत्र में पुलिसिंग व्यवस्था दुरुस्त होगी।



मैथा के नवीन स्वीकृत थाने के अनावासीय भवन के निर्माण के लिए मुख्यमंत्री ने 833 .79 लाख रुपये की स्वीकृत दी है। सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने और आने वाले उद्योगों के लिहाज से मैथा थाना स्थापित करने के लिए सरकार का यह सराहनीय कदम है।

**–प्रतिभा शुक्ला, राज्यमंत्री**



सरकार ने मैथा में थाना स्थापित कर सराहनीय कार्य किया है। भवन निर्माण के बाद जल्द ही संचालन शुरू होना चाहिए।

**–पवन राजपूत**
**मंडल अध्यक्ष भाजपा**



मैथा में शीघ्र ही थाने का निर्माण पूर्ण कर संचालन भी शुरू कराया होना चाहिए, जिससे लोग भयमुक्त वातावरण में रह सकें।

**–आशुतोष द्विवेदी, समाजसेवी**



मैथा में थाना भवन बनने से लोगों को भागदौड़ से राहत मिलेगी। साथ ही त्वरित न्याय भी मिल सकेगा। सरकार का यह सराहनीय कदम है।

**–रिंकू सिंह, पूर्व प्रधान**

# फैक्ट्रियों में मानकों की जांच कराई जाए

## जिले के प्रभारी मंत्री डॉ.संजय निषाद ने कानून व्यवस्था एवं विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- ग्राम सचिवालयों में योजनाओं का प्रचार-प्रसार करने के निर्देश




बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक करते जिले के प्रभारी मंत्री डा. संजय निषाद। अमृत विचार

**अमृत विचार।** प्रदेश के मत्स्य पालन एवं जिले के प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में कानून व्यवस्था एवं विकास कार्यों की समीक्षा बैठक मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष कलेक्ट्रेट में हुई। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

बुधवार को बैठक में प्रभारी मंत्री डा. संजय कुमार निषाद ने बेसिक शिक्षा अधिकारी को स्कूलों में छात्रों की उपस्थिति बढ़ाने, अधिक से अधिक विद्यालयों को निपुण बनाने, सभी बीईओ को प्रतिदिन चार स्कूलों का भ्रमण व बच्चों को पढ़ाने के निर्देश दिए। माध्यमिक शिक्षा विभाग को राजकीय विद्यालयों में डिजिटल लाइब्रेरी व खेलकूद मैदान बनाने व सभी आवश्यक व्यवस्थाएं दुरस्त कराने के लिए कहा गया। प्रभारी मंत्री ने कहा कि सभी प्रधानाध्यापक व प्रबंधकों की समय-समय पर मीटिंग बुलाकर उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए जाएं।

उन्होंने डीपीआरओ को ग्राम सचिवालय में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में पंफलेट लगवाने के निर्देश दिए। कहा कि सचिवालयों पर ग्राम प्रधान, सचिव व अन्य संबंधित अधिकारियों के मोबाइल नंबर, नाम आदि का भी प्रदर्शन किया जाए। उन्होंने विद्युत रिपेयरिंग संबंधित कार्य में शटडाउन के लिए रजिस्टर बनाने व बिना लिखापढ़ी पूरा किए शटडाउन आदि न देने की हिदायत दी। प्रभारी मंत्री ने सीएमओ को निर्देशित किया की सभी डिप्टी सीएमओ की ड्यूटी लगाई जाए। वे नियमित रूप से सीएचसी-पीएचसी का निरीक्षण करें। स्वास्थ्य केंद्रों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं दुरस्त रहें।

उन्होंने पीडब्ल्यूडी विभाग को सभी सड़कों के मरम्मतीकरण व गड्ढामुक्त करने को कहा। प्रभारी मंत्री ने कहा कि सभी फैक्ट्रियों में मानकों की जांच कराई जाए और मानकों को पूरा कराया जाए। कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्रत्येक थाने व चैकी पर संबंधित उच्चाधिकारियों के नाम व मोबाइल नंबर प्रदर्शित किए जाएं। साथ ही समय-समय पर क्षेत्राधिकारी निरीक्षण करें। अपराधियों और असामाजिक तत्वों पर कठोर कार्रवाई की जाए।

बैठक में राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला, जिलाधिकारी आलोक सिंह, एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति, एडीएम वित्त एवं राजस्व केशव नाथ गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एके सिंह, परियोजना निदेशक वीरेंद्र सिंह, डीएफओ एके द्विवेदी, उप निदेशक कृषि रामबचन राम, डीएसटीओ प्रतिभा सिंह, डीपीआरओ विकास पटेल आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप



शिवली के रविंद्रपुरम गांव में पकवान बनातीं महिलाएं। अमृत विचार

### महिलाओं ने संतान के लिए रखा उपवास

**शिवली।** चार दिन तक चलने वाले छठ महोत्सव की मंगलवार से शुरुआत हो गई। क्षेत्र के रविंद्रपुरम इंदिरा नगर केसरी नवादा गांव में रहने वाले पूर्वांचल के लोगों ने बताया कि व्रत के लिए गेहूं की रोटी, खीर आदि बनाया। इसके बाद भोग लगाकर प्रसाद ग्रहण किया। महापर्व में सूर्य देव और छठी मैया की पूजा विधि–विधान से की जाती है। छठ का व्रत महिलाएं संतान की लंबी उम्र और सुख–समृद्धि के लिए रखती हैं।




मैथा में आयोजित शिविर में मरीज देखते डाक्टर। अमृत विचार

### मानसिक शिविर में 36 लोगों का किया गया परीक्षण

**शिवली।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मैथा में बुधवार को मानसिक स्वास्थ शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ. एके सिंह, मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ. राकेश यादव, रंजू साहू ने प्रतिभाग किया। इस दौरान 36 मरीजों का मानसिक स्वास्थ्य परीक्षण कर डॉक्टरों ने उन्हें सुझाव व दवाएं दी। इस मौके पर पीएचसी प्रभारी डा. सिद्धार्थ पाठक, डा. प्रशांत पांडेय, डॉ. राशि जैन, गजेंद्र सिंह, शिवमोहन अवस्थी, अमरेश कुशवाहा, सौरभ अवस्थी आदि मौजूद रहे।

### हत्या का मुख्य आरोपी और बाल अपचारी गिरफ्तार



पुलिस हिरासत में मुख्य आरोपी।

**रूरा।** सिठमरा में बालक की गला रेतकर हत्या के मुख्य आरोपी व दो बाल अपचारियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। रूरा थाना क्षेत्र के सिठमरा गांव में बीते शनिवार की देर शाम पटाखा चलाने के दौरान आठ वर्षीय बालक आर्यन की गला रेत कर हत्या कर दी गई थी। बवाल की आशंका पर डीएम आलोक सिंह, एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति, एएसपी राजेश पांडेय, सीओ सदर तनु उपाध्याय व कई थाने की पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची थी। परिजनों ने मुकदमा दर्ज न करने पर रविवार को रूरा–झींझक मार्ग को अवरूद्ध कर दिया गया था। जिसके बाद पुलिस ने तहरीर पर एक नामजद व पांच अज्ञात के विरूद्ध हत्या व बलवा समेत अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज की थी। बुधवार को मुखबिर की सूचना पर चिलौली ग्राम के पास स्थित एक ईंट भट्ठा के पहले हत्या में नामजद आरोपी विकास पाल व दो बाल अपचारियों को थानाध्यक्ष जय प्रकाश शर्मा, लक्ष्मण सिंह व पुष्पेंद्र ने गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि मुख्य आरोपी विकास को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेजा गया है। वहीं दोनों बाल अपचारियों को किशोर न्यायालय में पेश किया गया है।

# पुलिस कर्मियों पर केस के लिए कोर्ट में अपील

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- 12 नवंबर को होगी सुनवाई पुलिस से मांगी गई रिपोर्ट

**अमृत विचार।** अकबरपुर चौकी प्रभारी सहित तीन पुलिस कर्मियों पर अभद्रता व गालीगलौज कर थाने में बैठाए रखने का आरोप लगाते हुए एक अधिवक्ता ने सीजेएम कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। अदालत ने थाना प्रभारी अकबरपुर से रिपोर्ट तलब करते हुए सुनवाई के लिए 12 नवंबर की तिथि नियत की है।

अकबरपुर निवासी अधिवक्ता रामनरेश मिश्रा ने सीजेएम कोर्ट में चौकी इंचार्ज पवन कुमार सिंह, थाने के आरक्षी प्रवीण कुमार व सुशील कुमार के खिलाफ अपने अधिवक्ता पुत्र नैतिक मिश्रा के साथ अभद्रता व गालीगलौज करने के साथ थाने में जबरन बैठाए रखने का आरोप लगात हुए प्रार्थना पत्र दिया है। इसमें बताया है कि उसके अधिवक्ता पुत्र को 18 सितंबर की शाम एक आईजीआरएस में की गई शिकायत के संबंध में पुलिस ने उसे अकबरपुर थाने बुलाया था। जब उसका पुत्र थाने गया तो वहां मौजूद कस्बा चौकी इंचार्ज पवन कुमार सिंह ने उसके साथ अभद्रता की और विरोध करने पर गालीगलौज के साथ ही उसे कई घंटों तक थाने में बैठाए रखा। पीड़ित अधिवक्ता ने बताया कि घटना की शिकायत पुलिस के उच्चाधिकारियों के साथ ही आईजीआरएस में की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अदालत ने थाना प्रभारी अकबरपुर से रिपोर्ट तलब करते हुए सुनवाई के लिए 12 नवंबर की तिथि नियत की है।

## महिला ने फंदा लगा दी जान

**पुखरायां।** भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में महिला ने फंदा लगाकर जान दे दी। पुलिस ने छानबीन की है।

गौरीकरन गांव के रामसेवक ने बताया कि बहू प्रिया उर्फ संध्या (27) ने संदिग्ध परिस्थितियों में घर के कमरे में गमछे से पंखे के कुंडे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों को जानकारी होने पर पुलिस को सूचना दी गई। सीओ संजय कुमार सिंह और कोतवाल अंजन कुमार मौके पर पहुंचे और जानकारी ली।

वहीं फारेंसिक टीम को बुलाकर मौके से साक्ष्य एकत्रित कराए गए। मृतका के ससुर ने बताया कि बेटा मोहित एंबुलेंस चलता है। उसकी शादी करीब चार वर्ष पूर्व ऊंचाहार रायबरेली में हुई थी। उसके एक लड़का कृष्णा है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# जहरीला कीड़ा काटने से 2 लोगों की गई जान

संवाददाता, पुखरायां

- भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में हुईं घटनाएं घरों में मचा कोहराम

**अमृत विचार।** भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के तीन अलग-अलग जगहों पर जहरीले कीड़ा काटने से किसान व अधेड़ की मौत हो गई।

गौरी रज्जन गांव के शिवम ने बताया ने बताया कि पिता रमेश पुत्र स्व गयादीन 50 वर्ष ,अपने खेत में जानवरो की लिए चारा के लिए गए थे, जहां पर जहरीले कीड़े के काटने से हालत बिगड़ने पर परिजनों के द्वारा अर्ध बेहोशी हालत में जिला अस्पताल लाया गया।जहां पर चिकित्साधिकारी के द्वारा जांच के बाद मृत घोषित कर दिया गया।

वही पर पुलिस को सूचना मिलने पर अमरौधा चैकी इंचार्ज शोभित कटियार पुलिस बल के साथ पहुंचकर परिजनों से जांच करके मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। जबकि मृतक की पत्नी राजकुमारी सहित अन्य परिजनों का रो रोकर बेहाल हो गए।

इसी तरह पुखरायां कस्बा के मंडी निवासी रवि ने बताया कि शमशाद (40) को घर में जहरीले कीड़े ने काट लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन सीएचसी ले गए। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया, लेकिन एंबुलेंस से अस्पताल ले जाते समय रास्ते में अधेड़ की मौत हो गई। जानकारी पर मृतक की पत्नी गुलफशा सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। घर में गम पसरा हुआ है।

## मंदिर की बाउंड्री गिराकर कब्जा करने की शिकायत

**शिवली।** मांडा गांव के काली माता मंदिर परिसर में एक व्यक्ति द्वारा कब्जा कर लेने की शिकायत उपजिलाधिकारी से की गई है।

शिवली कोतवाली क्षेत्र के हथिका गांव के रहने वाले अजय सिंह चंदेल ने उपजिलाधिकारी सुरभि शर्मा को बताया कि एक व्यक्ति ने मांडा गांव के काली माता मंदिर परिसर की जबरन बाउंड्रीवाल गिराकर मंदिर परिसर में छप्पर रखकर जानवर बांधने लगा है। मना करने पर विवाद करने लगता है। मंदिर परिसर में गंदगी पनप रही है। अधिकारियों से कई बार शिकायत की गई है। उप जिलाधिकारी ने जांच कर कार्रवाई का भरोसा शिकायतकर्ता को दिया है। एसडीएम का कहना है कि पूरे मामले की गहराई से जांच कराकर दोषी लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**न्यायालय उप जिलाधिकारी**
**मैथा जनपद कानपुर देहात।**
वाद सं0–टी0– 202403400704529 सन्– 2024
अन्तर्गत धारा– 116 उ0प्र0राजस्व संहिता–2006, ग्राम– काशीपुर, तहसील– मैथा, जनपद कानपुर देहात
**शिवशंकर आदि**
बनाम
**रामकुमार आदि**
1– रामप्रकाश पुत्र होरीलाल नि0 ग्राम पैलाही म0 काशीपुर तह0 मैथा कानपुर देहात। 2– रामकुमार पुत्र बाबूलाल नि0 ग्राम पैलाही म0 काशीपुर तह0 मैथा कानपुर देहात। 3– रामसजीवन पुत्र होरीलाल नि0 ग्राम पैलाही म0 काशीपुर तह0 मैथा कानपुर देहात। बाजेह हो कि आपके नाम एक नालिस बाबत...दायर की है, लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 08/11/2024 ई0 बवक्त बमुकाम असलिता या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वार्किफ किया गया हो और कुल उमर अहम मुतालिका मुकदमा का जवाब दे सकें या जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाबदेरी दावा को कीजिए और आपको लाजिम है कि उस रोज अपने जमला गवाही की जिनकी शहादत पर नीव जुमला दस्तावेजात जिस पर आप बताइद अपनी जवाबदेही के इस्तदलात कराना चाहते हो उसी रोज पेश किरए। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज कजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा गैरहाजिरी आपके मसमूआ फैसला होगा। बसक्ष्न मेरे दस्तखत और मुहर अदालत आज बतारीख 29/10/2024 ई0 को जारी किया गया।
उप जिलाधिकारी,
मैथा, कानपुर देहात।

**न्यायालय उप जिलाधिकारी**
**मैथा जनपद कानपुर देहात।**
वाद सं0–टी0– 202403400704527 सन्– 2024
अन्तर्गत धारा– 116 उ0प्र0राजस्व संहिता–2006, ग्राम– काशीपुर, तहसील– मैथा, जनपद कानपुर देहात
**शिवशंकर आदि**
बनाम
**रामकुमार आदि**
1– रामकुमार पुत्र बाबूलाल नि0 ग्राम पैलाही म0 काशीपुर तह0 मैथा कानपुर देहात। बाजेह हो कि आपके नाम एक नालिस बाबत...दायर की है, लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 08/11/2024 ई0 बवक्त बमुकाम असलिता या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वार्किफ किया गया हो और कुल उमर अहम मुतालिका मुकदमा का जवाब दे सकें या जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाबदेरी दावा को कीजिए और आपको लाजिम है कि उस रोज अपने जमला गवाही की जिनकी शहादत पर नीव जुमला दस्तावेजात जिस पर आप बताइद अपनी जवाबदेही के इस्तदलात कराना चाहते हो उसी रोज पेश किरए। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज कजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा गैरहाजिरी आपके मसमूआ फैसला होगा। बसक्ष्न मेरे दस्तखत और मुहर अदालत आज बतारीख 29/10/2024 ई0 को जारी किया गया।
उप जिलाधिकारी,
मैथा, कानपुर देहात।

**न्यायालय उप जिलाधिकारी**
**मैथा जनपद कानपुर देहात।**
वाद सं0–टी0– 202403400704526 सन्– 2024
अन्तर्गत धारा– 116 उ0प्र0राजस्व संहिता–2006, ग्राम– काशीपुर, तहसील– मैथा, जनपद कानपुर देहात
**शिवशंकर आदि**
बनाम
**रामकुमार आदि**
1– रामकुमार पुत्र बाबूलाल नि0 ग्राम पैलाही म0 काशीपुर तह0 मैथा कानपुर देहात। 2– भगवानदीन पुत्र बलदेव नि0 ग्राम पैलाही म0 काशीपुर तह0 मैथा कानपुर देहात। बाजेह हो कि आपके नाम एक नालिस बाबत...दायर की है, लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 08/11/2024 ई0 बवक्त बमुकाम असलिता या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वार्किफ किया गया हो और कुल उमर अहम मुतालिका मुकदमा का जवाब दे सकें या जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाबदेरी दावा को कीजिए और आपको लाजिम है कि उस रोज अपने जमला गवाही की जिनकी शहादत पर नीव जुमला दस्तावेजात जिस पर आप बताइद अपनी जवाबदेही के इस्तदलात कराना चाहते हो उसी रोज पेश किरए। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज कजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा गैरहाजिरी आपके मसमूआ फैसला होगा। बसक्ष्न मेरे दस्तखत और मुहर अदालत आज बतारीख 29/10/2024 ई0 को जारी किया गया।
उप जिलाधिकारी,
मैथा, कानपुर देहात।

**न्यायालय उप जिलाधिकारी**
**मैथा जनपद कानपुर देहात।**
वाद सं0–टी0– 202403400704523 सन्– 2024
अन्तर्गत धारा– 116 उ0प्र0राजस्व संहिता–2006, ग्राम– काशीपुर, तहसील– मैथा, जनपद कानपुर देहात
**शिवशंकर आदि**
बनाम
**रामकुमार आदि**
1– रामकुमार पुत्र बाबूलाल नि0 ग्राम पैलाही म0 काशीपुर तह0 मैथा कानपुर देहात। बाजेह हो कि आपके नाम एक नालिस बाबत...दायर की है, लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 08/11/2024 ई0 बवक्त बमुकाम असलिता या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वार्किफ किया गया हो और कुल उमर अहम मुतालिका मुकदमा का जवाब दे सकें या जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाबदेरी दावा को कीजिए और आपको लाजिम है कि उस रोज अपने जमला गवाही की जिनकी शहादत पर नीव जुमला दस्तावेजात जिस पर आप बताइद अपनी जवाबदेही के इस्तदलात कराना चाहते हो उसी रोज पेश किरए। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज कजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा गैरहाजिरी आपके मसमूआ फैसला होगा। बसक्ष्न मेरे दस्तखत और मुहर अदालत आज बतारीख 29/10/2024 ई0 को जारी किया गया।
उप जिलाधिकारी,
मैथा, कानपुर देहात।

**न्यायालय उप जिलाधिकारी**
**मैथा जनपद कानपुर देहात।**
वाद सं0–टी0– 202403400704532 सन्– 2024
अन्तर्गत धारा– 116 उ0प्र0राजस्व संहिता–2006, ग्राम– ज्योति, तहसील– मैथा, जनपद कानपुर देहात
**कुन्हां**
बनाम
**रामबेटी आदि**
1– लालाराम पुत्र त्रिलोकी नि0 ज्योति तह0 मैथा कानपुर देहात। 2– ग्राम सभा/ग्राम प्रधान नि0 ज्योति तह0 मैथा कानपुर देहात। 3– राजकुमारी पत्नी लालाराम नि0 ज्योति तह0 मैथा कानपुर देहात। 4– प्रताप सिंह पुत्र महादेव सिंह नि0 ज्योति तह0 मैथा कानपुर देहात। बाजेह हो कि आपके नाम एक नालिस बाबत...दायर की है, लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 08/11/2024 ई0 बवक्त बमुकाम असलिता या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वार्किफ किया गया हो और कुल उमर अहम मुतालिका मुकदमा का जवाब दे सकें या जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाबदेरी दावा को कीजिए और आपको लाजिम है कि उस रोज अपने जमला गवाही की जिनकी शहादत पर नीव जुमला दस्तावेजात जिस पर आप बताइद अपनी जवाबदेही के इस्तदलात कराना चाहते हो उसी रोज पेश किरए। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज कजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा गैरहाजिरी आपके मसमूआ फैसला होगा। बसक्ष्न मेरे दस्तखत और मुहर अदालत आज बतारीख 29/10/2024 ई0 को जारी किया गया।
उप जिलाधिकारी,
मैथा, कानपुर देहात।

**न्यायालय उप जिलाधिकारी**
**मैथा जनपद कानपुर देहात।**
वाद सं0–टी0– 202403400704376 सन्– 2024
अन्तर्गत धारा– 116 उ0प्र0राजस्व संहिता–2006, ग्राम– फतेहपुर, तहसील– मैथा, जनपद कानपुर देहात
**अशोक कुमार**
बनाम
**कैलाशी आदि**
1– संतोष कुमार पुत्र राजाराम नि0 फतेहपुर तह0 मैथा जिला कानपुर देहात। बाजेह हो कि आपके नाम एक नालिस बाबत...दायर की है, लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 08/11/2024 ई0 बवक्त बमुकाम असलिता या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वार्किफ किया गया हो और कुल उमर अहम मुतालिका मुकदमा का जवाब दे सकें या जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाबदेरी दावा को कीजिए और आपको लाजिम है कि उस रोज अपने जमला गवाही की जिनकी शहादत पर नीव जुमला दस्तावेजात जिस पर आप बताइद अपनी जवाबदेही के इस्तदलात कराना चाहते हो उसी रोज पेश किरए। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज कजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा गैरहाजिरी आपके मसमूआ फैसला होगा। बसक्ष्न मेरे दस्तखत और मुहर अदालत आज बतारीख 29/10/2024 ई0 को जारी किया गया।
उप जिलाधिकारी,
मैथा, कानपुर देहात।

**न्यायालय उप जिलाधिकारी**
**मैथा जनपद कानपुर देहात।**
वाद सं0–टी0– 202403400704533 सन्– 2024
अन्तर्गत धारा– 116 उ0प्र0राजस्व संहिता–2006, ग्राम– मवैया, तहसील– मैथा, जनपद कानपुर देहात
**रामसिंह**
बनाम
**भारत आदि**
1– भारत पुत्र नन्हा नि0 ग्राम मवैया तह0 मैथा जिला कानपुर देहात। 2– रघुवीर पुत्र नन्हा नि0 ग्राम मवैया तह0 मैथा जिला कानपुर देहात। 3– रामसेवक पुत्र नन्हा नि0 ग्राम मवैया तह0 मैथा जिला कानपुर देहात। 4– शिवपाल पुत्र नन्हा नि0 ग्राम मवैया तह0 मैथा जिला कानपुर देहात। बाजेह हो कि आपके नाम एक नालिस बाबत...दायर की है, लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 08/11/2024 ई0 बवक्त बमुकाम असलिता या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वार्किफ किया गया हो और कुल उमर अहम मुतालिका मुकदमा का जवाब दे सकें या जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाबदेरी दावा को कीजिए और आपको लाजिम है कि उस रोज अपने जमला गवाही की जिनकी शहादत पर नीव जुमला दस्तावेजात जिस पर आप बताइद अपनी जवाबदेही के इस्तदलात कराना चाहते हो उसी रोज पेश किरए। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज कजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा गैरहाजिरी आपके मसमूआ फैसला होगा। बसक्ष्न मेरे दस्तखत और मुहर अदालत आज बतारीख 29/10/2024 ई0 को जारी किया गया।
उप जिलाधिकारी,
मैथा, कानपुर देहात।

# वृद्ध दुकानदार की ईंट से कूंचकर हत्या

## कहासुनी के बाद सुबह सोते समय पड़ोसी दुकानदार ने वारदात को दिया अंजाम, हत्यारोपी गिरफ्तार

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव



तुलसीराम।

**अमृत विचार।** निजी बस स्टैंड के पास दो गुमटी दुकानदारों में चल रही व्यवसायिक प्रतिद्वंद्विता में बुधवार सुबह युवक ने गुमटी के बाहर सो रहे वृद्ध को ईंट से चेहरे व सिर पर ताबड़तोड़ वारकर लहूलुहान कर दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग दौड़े और पुलिस को सूचना देकर उसे सीएचसी लाए। जहां जांच के बाद डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने मौके की जांच कर शव मोर्चरी भेजा। वहीं हत्यारोपी को पकड़कर पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। उधर, पुलिस ने तुलसीराम के शव का पोस्टमार्टम कराया। जिसमें उसके सिर पर आई गंभीर चोटों से मौत की पुष्टि हुई है। पीएम रिपोर्ट के मुताबिक उसके सिर में चार से पांच गंभीर चोटें मिली हैं।



घटनास्थल पर रखा तखत व गुमटी । अमृत विचार

बांगरमऊ कोतवाली अंतर्गत नगर क्षेत्र के संडीला मार्ग स्थित रेलवे क्रासिंग के पास बस अड्डा है। इसके पास सज्जन कुमार पुत्र कमल किशोर अपने घर के बाहर लकड़ी की गुमटी रखकर कोल्डड्रिंक व अन्य घरेलू उपयोग का सामान बेचता है। वहीं पास में काजीपुर गांव निवासी लाल बहादुर पाल के प्लाट के सामने बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के जोगीकोट गांव निवासी तुलसीराम (60) पुत्र रामभजन भी गुमटी में वहीं सामान बेचता था। व्यवसायिक प्रतिस्पर्धा को लेकर उनमें खुन्नस भी चलती थी। मंगलवार शाम भी दोनों में कहासुनी के बाद नौबत मारपीट तक पहुंच गई थी। सूचना पर पहुंची चौकी पुलिस उन्हें समझाकर झगड़ा शांत कराकर वापस लौट गई थी। इसी से खुन्नस खाए सज्जन ने बुधवार भोरपहर साढ़े चार बजे अपनी गुमटी के बाहर तखत पर सो रहे तुलसीराम के सिर पर ईंट से ताबड़तोड़ हमलाकर उसे लहूलुहान कर दिया। चीख पुकार सुन मोहल्ले वाले दौड़े तो आरोपी भाग निकला। उसे लहूलुहान पड़ा देख लोगों में सनसनी फ़ैल गई। बेटा प्रशांत कुमार पड़ोसियों की मदद से पिता को सीएचसी लाया।



रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

### मादक पदार्थ भी बेचता था आरोपी

**बांगरमऊ।** लोगों में चर्चा रही कि हत्यारोपी सज्जन पान मसाला व कोलड्रिंक की आड़ में चोरी छुपे गांजा व शराब भी बेचता है और वह खुद भी नशे का आदी है। दिवंगत तुलसीराम का बेटा प्रशांत भी नशे का लती है। इससे पत्नी उसे छोड़कर मायके में रह रही है। प्रशांत अक्सर नशा करने के लिए सज्जन की गुमटी पर जाता था इसी के चलते तुलसीराम उससे खफा रहता था। निजी बस अड्डे के चलते दोनों दुकानदारों में बिक्री को लेकर काफी समय से झगड़ा चला आ रहा था। दिवंगत तुलसी की पत्नी सुकीर्ति मानसिक बीमार है।

जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस आरोपी को उसके घर के पास से पकड़कर कोतवाली लाई। जहां उससे पूछताछ की जा रही है। एएसपी दक्षिणी प्रेमचंद व सीओ अरविंद चौरसिया ने भी मौके पर पहुंचकर जांच की। एएसपी ने बताया कि पड़ोसी दुकानदारों में हुए विवाद के बाद हत्या हुई है। आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

## पंजीकृत कीटनाशक दुकानदारों से ही करें खरीदारी

**उन्नाव।** रबी फसल की बुआई के दौरान कीटनाशी रसायनों का क्रय पंजीकृत कीटनाशक दुकानों से ही करें तथा अधिकतम से ज्यादा मूल्य न दें। वहीं, कैश रसीद भी प्राप्त कर लें। गुणवत्ता में किसी प्रकार का संशय हो या अधिक मूल्य पर कीटनाशी रसायन बिकता है तो कृषि रक्षा अधिकारी से शिकायत करें। जिला कृषि रक्षा अधिकारी विकास शुक्ला ने कीटनाशी रसायन विक्रेताओं को निर्देशित करते हुए कहा कि कम्पनी के प्राधिकार पत्र के अनुसार ही रसायनों की बिक्री व भंडारण करें। यदि एक से अधिक कंपनियों के रसायन बेचना चाहते हैं तो निर्धारित शुल्क जमा कर प्राधिकार पत्र अपने लाइसेन्स पर अंकित कराकर ही बेचें। रसायन बिक्रय करते समय फसलों पर रसायन के छिड़काव की मात्रा पानी की मात्रा समय का सुझाव एवं उस रसायन की बिक्रय रसीद कृषकों को अवश्य दें। प्रतिबंधित दवाओं का बिक्रय व भंडारण न करें। शिकायत मिलने या जांच के दौरान विना लाइंसेंस के कीटनाशक दवा बेचते पाए जाने पर कार्रवाई की जायेगी।

## झाड़ियों में पड़ा मिला लापता बच्चे का शव, हत्या की चर्चा

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- बीते शनिवार को अचानक घर से लापता हो गया था बच्चा
- परिजनों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ढूंढ रही थी

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली अंतर्गत मगरवारा चौकी क्षेत्र से बीते शनिवार लापता हुए बच्चे का शव क्षेत्र के एक लकड़ी के टाल के पीछे झाड़ियों से पुलिस ने बरामद किया। पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं बच्चे की पीट-पीटकर हत्या किया जाने की चर्चा है।

मगरवारा गांव निवासी अजय (9) पुत्र राममोहन बीती शनिवार दोपहर अचानक लापता हो गया था। तभी से परिजन व पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट भी दर्ज की थी। सूत्रों के अनुसार, पुलिस ने हर संभावित स्थल के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली थी लेकिन बच्चे का पता नहीं चला था। मगरवारा चौकी इंचार्ज अरुण उपाध्याय ने दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की थी। जिसमें एक युवक ने बच्चे की हत्या करने की बात भी कबूली थी। बुधवार को पुलिस ने बच्चे का शव क्षेत्र के एक लकड़ी के टाल के पीछे झाड़ियों से बरामद कर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बताया जाता है कि गांव के ही किसी युवक ने उसकी पीट-पीटकर हत्या की है। वहीं, लोगों में बच्चे का अपहरण कर उसकी हत्या किये जाने की चर्चा रही है।

### एक हफ्ते से बीमार चल रही गर्भवती ने तोड़ा दम

**हसनगंज।** कोतवाली क्षेत्र के गांव मुस्तफाबाद निवासी सरवन की 21 वर्षीय पत्नी लक्ष्मी एक हफ्ते से बीमार चल रही थी। उसका इलाज परिजन निजी अस्पताल में करा रहे थे। हालत गंभीर होने पर बुधवार को उसे मियागंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक इलाज के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। अधीक्षक डॉ. नितिन कुमार ने बताया कि महिला 3 माह की गर्भवती थी। एक हफ्ते से अधिक समय से बीमार चल रही थी। परिजन निजी अस्पताल में इलाज करा रहे थे। हालत सीरियस होने पर हॉस्पिटल आई थी। जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। कोतवाल चंद्रकांत मिश्रा ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम को भेजा गया है।

# पेड़ पर लटका मिला युवक का शव

संवाददाता सफीपुर उन्नाव

- प्रेम प्रसंग में आत्महत्या करने की लोगों में रही चर्चा
- परिजनों ने बताया किसी बात से नाराज होकर लगाई फांसी

**अमृत विचार।** सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के इब्राहिमाबाद गांव निवासी युवक शव घर से कुछ दूर एक पेड़ पर फंदे लटका देख ग्रामीणों में सनसनी फैल गई। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। उसकी मौत से परिजनों में कोहराम मचा रहा।

कोतवाली सफीपुर क्षेत्र के इब्राहिमाबाद गांव निवासी विनीत कुमार (19) पुत्र राजकुमार मंगलवार को घर से निकला था। लेकिन देररात तक नहीं लौटा। तभी खेतों से लौट रहे ग्रामीणों ने उसका शव घर से 200 मीटर दूर गांव के ही रामचंद्र शर्मा के खेत मे लगे सागवन के पेड़ में दुपट्टे से लटका देखा तो उनके होश उड़ गए।

पुलिस ने जांच कर शव नीचे उतरवाकर मोर्चरी भेजा। जहां बुधवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। पिता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बेटे ने किसी बात से नाराज होकर आत्महत्या की है। वहीं ग्रामीणों में प्रेमप्रसंग में आत्महत्या करने की चर्चा रही। बेटे की मौत से मां लीलावती, बहनें आरती, गुड़िया व छोटे भाई सुनीत कुमार का रो-रोकर बुरा हाल है। कोतवाल श्याम नारायण सिंह ने बताया कि पिता की तहरीर पर शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

### युवक ने कीटनाशक निगलकर दी जान

**औरास उन्नाव।** ससुराल में पत्नी से हुई कहासुनी से आहत पति ने कीटनाशक निगल लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे सीएचसी लाए, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुन परिजनों में कोहराम मच गया। हरदोई जिला के बालामऊ कोतवाली क्षेत्र के दलेल नगर गांव निवासी लवकुश (36) पुत्र विजय थानाक्षेत्र के जब्बर खेड़ा गांव स्थित अपनी ससुराल आया था। बुधवार को पत्नी प्रियंका से घर लौटने की बात पर उसकी कहासुनी हो गई। इससे आहत लवकुश ने गुस्से में कीटनाशक निगल लिया। उसे उल्टियां करता देख परिजनों को इसकी जानकारी हुई। इस पर उसे सीएचसी लाया गया। जहां जांच के बाद डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। यह सुनते ही परिजनों में चीख पुकार मच गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### कलह के चलते किशोरी ने निगला कीटनाशक, रेफर

**बांगरमऊ।** फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के गांव शिवपुरी निवासी नन्हेलाल की 15 वर्षीय बेटी संगीता देवी ने बीती मंगलवार देररात घरेलू कलह के चलते घर में रखा जहरीला पदार्थ निगल लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। यह देख परिजन आनन-फानन उसे सीएचसी लाए। जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## मारपीट की घटनाओं में 7 लोग घायल

**सफीपुर उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के सफीपुर ग्रामीण व नगर में मारपीट की घटनाएं घटीं।

पहली घटना बुधवार सुबह उन्नाव-हरदोई मार्ग स्थित डाकखाने के पास हुई। इसमें रंजीत व संदीप और बड़क्के के बीच दुकान लगाने को लेकर लाठी-डंडे व कुर्सियां चल गईं। इसमें दोनों पक्ष घायल हो गए। अतिक्रमणकारी सड़क किनारे सरकारी जमीनों पर दबंगई के बल पर कब्जा कर दुकान रखें हैं या किराया वसूल कर रहे हैं। वहीं, दूसरी घटना बीती रात सफीपुर ग्रामीण के गांव खादिमअली खेड़ा में चाचा-भतीजे में विवाद होने पर दोनों पक्ष से एक पुरुष सहित पांच महिलाएं घायल हुई हैं। इसमें बीती रात हरिचन्द व उसके भतीजे संतोष में भैयादूज के दिन बुआ के आने जाने पर विवाद हुआ था। इसे लेकर दोनों में लाठी-डंडे चल गए। जिसमें एक पक्ष से संतोष की पत्नी शन्नो व दूसरे पक्ष से हरिचन्द, उसकी बेटी कोमल व काजल घायल हो गईं।

# चापड़ से वारकर बुजुर्ग की हुई हत्या

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली के अंबिकापुरम मोहल्ले में बुधवार शाम एक दिल दहला देने वाली घटना घटी, जब 60 वर्षीय श्रीनारायण मिश्रा की चापड़ से वार कर हत्या कर दी गई। यह हत्या दिनदहाड़े उनके घर के बाहर हुई, जिससे पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। हत्या के बाद मोहल्ले के लोग सकते में हैं ।

मृतक श्रीनारायण मिश्रा बुधवार शाम साढ़े चार बजे अपने घर के बाहर कुर्सी पर बैठकर आराम कर रहे थे। तभी एक युवक जो लाल शर्ट और अंगौछा पहने था उनके पास आया और दोनों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। यह विवाद अचानक उग्र हो गया और आरोपी ने श्रीनारायण मिश्रा पर चापड़ से ताबड़तोड़ कई वार कर दिये। हमले के बाद श्रीनारायण घायल होकर कुर्सी से नाली में गिर गए। उनकी पत्नी शांति मिश्रा ने बताया कि इस दौरान उनके नाती घर के बाहर चाय देने के लिए निकले थे तभी उसने नाना को खून से लथपथ देखा तो उसने शोर मचाया ,जिससे परिवार के अन्य सदस्य बाहर आए और देखा कि श्रीनारायण गंभीर घायल पड़े थे परिजन उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर सीओ सिटी सोनम सिंह, कोतवाल अनुराग सिंह और अन्य पुलिस बल मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए और फील्ड यूनिट की टीम ने भी मदद ली।

इस दौरान पुलिस ने आस-पास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, जिसमें आरोपी युवक को लाल शर्ट और अंगौछा पहने हुए देखा गया। इंस्पेक्टर अनुराग सिंह ने बताया कि अंबिकापुरम निवासी डब्ल्यू शर्मा उर्फ दिलीप को घटना के बावत गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है। प्रथम दृष्टया पकड़ा गया युवक मानसिक विक्षिप्त लग रहा है। घटना की रिपोर्ट दर्ज की जा रही है। अभी परिजनों की ओर से कोई तहरीर नहीं आई है।



हत्या की जानकारी देतीं मृतक श्रीनारायण की पत्नी शांति व अन्य परिजन।

### बेटे ने हत्यारोपी का किया था पीछा, आरोपी भागा

घटना के बाद श्रीनारायण का छोटा बेटा रोहित तुरंत हमलावर के पीछे भागा, लेकिन आरोपी ने उसे भी चापड़ दिखा कर उसे डराते हुएभाग गया। रोहित ने पिता को तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### हत्या का कारण स्पष्ट नहीं

हालांकि, हत्या की वजह को लेकर पुलिस फिलहाल कोई स्पष्ट बयान देने में असमर्थ है। मृतक की पत्नी शांति मिश्रा ने बताया कि एक साल पहले उनके पति का नेहरू नगर के एक युवक से नशेबाजी को लेकर विवाद हुआ था, और उन्हें शक है कि वही युवक इस हत्या के पीछे हो सकता है।

### आरोपी हुआ गिरफ्तार

घटना के बावत पुलिस ने तत्परता दिखाते हुये आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उससे पूछताछ की जा रही है। बताया जा रहा है कि आरोपी हत्या करने के लिये पिछले कई दिनों से प्लान बना रहा था।

# रिपोर्ट से पता चला बीमारी से हुई थी महिला की मौत

फॉलोअप

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** दही थानाक्षेत्र के गांव बरीगवां निवासी महिला की मौत के बाद पहुंचे पिता ने दामाद पर बेटी से मारपीट करने का आरोप लगाया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उसकी बीमारी से मौत होने की बात सामने आई है।

दही थानाक्षेत्र के गांव बरिगवां निवासी गीता (35) को बीते शुक्रवार पति ने अस्पताल में भर्ती कराया था। कानपुर के एक निजी अस्पताल में उसकी मंगलवार को मौत हो गई थी। मृतका के पिता राम प्रसाद ने पति की पिटाई से बेटी की मौत होने का आरोप लगाया था। बुधवार को शव का पोस्टमार्टम कराया गया। जिसमें उसकी मौत बीमारी से होने की बात सामने आई है।

पिता ने बताया कि उसने बेटी की शादी रामबरन के छोटे भाई दिनेश से की थी। इससे उसके तीन बच्चे थे। लेकिन दिनेश की दिल्ली में छह साल पहले मौत हो गई थी। रामबरन की पहली पत्नी गंगादेई की भी मौत हो चुकी थी। इसके बाद गीता की शादी रामबरन से हुई थी।

# पीएनसी की आड़ में कहीं और पहुंचाई जा रही मिट्टी

संवाददाता सोहरामऊ उन्नाव

**अमृत विचार।** सोहरामऊ थानाक्षेत्र के गांव सहरांवा स्थित एक वेयर हॉउस में अवैध खनन क़र राजस्व को चूना लगाया जा रहा है। जिसमें राजस्व के साथ लाखों की लागत से बनीं सड़कें भी टूट रही हैं। माफिया द्वारा विभागीय अफसरों की आखों मे धूल झोंककर रोजाना सैकड़ों डंपर मिट्टी का खनन किया जा रहा है। सूत्र बताते हैं कि इस खेल मे पीएनसी के एक ठेकेदार की भी भूमिका संदिग्ध है।

पुरवा तहसील क्षेत्र के केवनी गांव में पीएनसी की आड़ में भारी मात्रा में अवैध खनन कर लाई जा रही मिट्टी को सहरांवा स्थित निर्माणाधीन एक वेयरहाउस में डाला जा रहा है। करीब 130 बीघा जमीन पर यह वेयरहाउस बनाया जा रहा है। जिसके निर्माण में भारी मात्रा में मिट्टी की आपूर्ति होनी है। इससे खनन माफिया हाईवे निर्माण करा रही संस्था पीएनसी की आड़ लेकर इस वेयरहाउस में पहुंचाकर मोटी रकम वसूल रहे हैं। लोगों के अनुसार, इन खनन माफियाओं को सत्ताधीशों का संरक्षण प्राप्त है। जिससे विभागीय अधिकारियों के अलावा प्रशासनिक अफसर भी कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।



अवैध रूप से खनन कर डाली जाती मिट्टी। अमृत विचार

### बोले जिम्मेदार

इसे लेकर जिला खनन अधिकारी केबी सिंह ने कहा कि आपसे ही इस मामले की जानकारी हुई है। अभी मीटिंग में हूं। पूरे मामले की जांच कराई जाएगी। अगर कहीं भी अवैध खनन मिला तो तो कार्रवाई होगी।

### अवैध खनन करते डंपर को एसडीएम ने पकड़ा

**सफीपुर।** कोतवाली क्षेत्र के माथर गांव के पास बीते कई दिनों अवैध रूप से मिट्टी खनन हो रहा था। देररात मिट्टी खनन की शिकायत उपजिलाधिकारी नवीन चंद्र से हुई। जिस पर उन्होंने मामले का संज्ञान लिया और वे मौके पर पहुंच गए। जहां दो डंपर अवैध रूप से मिट्टी खनन करते मिले। जबकि जेसीबी व अन्य लोग अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। जानकारी के अनुसार ठेकेदार ने दूसरे स्थान पर खनन की परमीशन ले रखी थी जबकि खनन अन्य स्थान पर हो रहा था। एसडीएम ने डंपरों व चालकों को पुलिस को सौंपा है।

## सार-संक्षेप

### बंद व घाटे में चल रहे सिनेमाघरों को मल्टीप्लेक्स बनाया जायेगा

**उन्नाव।** सरकार व राज्य आयुक्त ने जिले के बंद पड़े सिनेमाघरों को फिर से संचालित करने की पहल की है। इन सिनेमाघरों को मल्टीप्लेक्स बनाया जाएगा। इसके तहत बंद पड़े और घाटे में चल रहे सिनेमाघरों को फिर से नए कलेवर में चलाने की तैयारी है। मनोरंजन कर अधिकारी श्याम सुंदर पाठक ने बताया कि बंद या घाटे में चल रहे छविगृहों को तोड़कर उनके स्थान पर आधुनिक सुविधाओं से युक्त लघु क्षमता के सिनेमाहाल, व्यवसायिक काम्प्लेक्स का निर्माण किया जाएगा। बंद सिनेमाघरों के भवन की आंतरिक संरचना में भी परिवर्तन किया जाएगा। सरकार ने इसके लिए पहल की है। बंद एकल सिनेमाघरों को बिना किसी आंतरिक संरचना में परिवर्तन किए यथास्थिति में चलाने के साथ उनमें व्यवसायिक गतिविधियों को बढ़ाया जाएगा। एकल स्क्रीन सिनेमाघरों का निर्माण किया जाएगा। सिनेमाघरों के मल्टीप्लेक्स के तहत उच्चीकरण करने के लिए सरकार ने योजना शुरू की है। उन्होंने बताया कि जो इस योजना का लाभ लेना चाहते हैं वह आवेदन भरकर जमा करें।

### रिटायर्ड सीओ ने एसडीएम पर लगाया आरोप

**हसनगंज।** लखनऊ जिला के आलमबाग नहरिया चौराहा निवासी विजिलेंस से रिटायर सीओ भगवान स्वरूप (75) व उनकी पत्नी गुंजीत श्रीवास्तव (62) ने बुधवार सुबह जन सुनवाई के दौरान एसडीएम रामदेव निषाद के कार्यालय पहुंचकर बताया कि उन्होंने 8 वर्ष पूर्व तहसील क्षेत्र के मोहम्मदपुर गांव निवासी करतार सिंह व मिलन आदि से 5 बीघा जमीन की रजिस्ट्री कराई थी। जिस पर बृजभूषण नाम के व्यक्ति ने आपत्ति लगाई थी। जिसका वाद नायब तहसीलदार कोर्ट में विचाराधीन है। इसकी जानकारी के लिए जनसुनवाई के दौरान पति-पत्नी एसडीएम से मिलने आये थे। दंपती का आरोप है कि एसडीएम उनकी बात सुनते ही नाराज हो गए और सुरक्षा गार्ड को बुलाकर उन्हें धक्के मारकर बाहर निकाल दिया। साथ ही दोबारा आने पर रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेजने की धमकी भी दी। पीड़ित ने कोतवाली में एसडीएम द्वारा अभद्रता करने की शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत मिश्र ने बताया कि प्रार्थनापत्र मिला है। मामला उच्चाधिकारियों को बता दिया गया है। इसे लेकर एसडीएम हसनगंज रामदेव निषाद ने बताया कि दंपति आये थे और तेज आवाज में खुदको रिटायर्ड सीओ होने की धमकी दे रहे थे। इस पर उन्हें बाहर भेजा गया था।

### बाल वैज्ञानिक प्रतियोगिता में 2 छात्रों का हुआ चयन

**सफीपुर उन्नाव।** बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में महात्मा गांधी इंटर कॉलेज के दो छात्रों के चयन पर प्रधानाचार्य मनीष कुमार ने छात्रों को बुलाकर उन्हें सम्मानित किया तथा प्रदेश से लेकर राष्ट्रीय स्तर पर ले जाने में हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। जिला स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी की प्रतियोगिता जिला मुख्यालय पर आयोजित हुई थी। इसमें स्थानीय महात्मा गांधी इंटर कॉलेज के छात्र सतीश कुमार व अभिनव वर्मा का द्वितीय व तृतीय स्थान पाकर मंडल स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया था। जो 11, 12 व 13 नवंबर को लखनऊ में होने वाली प्रतियोगिता में प्रतिभा करेंगे। दोनों छात्रों का मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में चयन होने पर प्रधानाचार्य मनीष कुमार ने विद्यालय में दोनों छात्रों को सम्मानित किया । इस मौके पर शिक्षक चंदन ओझा, राजीव कुमार कुशवाहा, अवधेश कुमार सहित स्टाफ मौजूद रहा।

### गैंगस्टर एक्ट के 2 दोषियों को 2 साल की सजा

**उन्नाव।** गैंग बनाकर अपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहने वाले दो शातिर अपराधियों को कोर्ट ने गैंगस्टर एक्ट में दोषी ठहराते हुए उन्हें दो-दो साल की सजा सुनाई है। सदर कोतवाली क्षेत्र के विक्रम खेड़ा गांव निवासी लखन व चैरा गांव निवासी भैयालाल पर गैंग बनाकर लोगों को धमकाकर धन अर्जित करने का आरोप था। 2 सितंबर-2022 को गंगाघाट कोतवाली के एसएचओ राकेश कुमार गुप्ता की तहरीर पर उन पर गैंगस्टर की कार्रवाई हुई थी। तत्कालीन दही एसओ अनुराग सिंह ने जांच कर उनके विरुद्ध 17 अगस्त-2023 को कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया था। बुधवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई के दौरान एडीजे शिप्रा आर्य ने शासकीय अधिवक्ता विश्वास त्रिपाठी व अलंकार द्विवेदी की दलील व साक्ष्य के आधार पर लखन व भैयालाल को दोषी ठहराते हुए उन्हें दो-दो साल की सजा सुनाई है।

बदलता मौसम — तापमान में गिरावट आने से दुकानदारों ने गर्म कपड़ों से सजाई दुकानें

# मौसम ने बदला मिजाज, ऊनी कपड़ों में आई गर्मी

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

**अमृत विचार।** दीवाली बीतते ही मौसम ने करवट बदलाना शुरू कर दिया है। इसे देखते हुए रेडीमेड कपड़ा बाजार में भी बदलाव शुरू हो गया। शहर की रेडीमेड गारमेंट्स की दुकान हो या कपड़ों का कोई शोरूम व अन्य जगह पर गर्म कपड़ों का स्टॉक आना शुरू हो गया है। दुकानों पर गर्म कपड़े सजने लगे हैं। ऑनलाइन बाजार से सीधी टक्कर होने से इस बार किफायती दामों में गर्म कपड़े बेचने की तैयारी की जा रही है।

दीवाली का त्योहार निकलते ही कपड़ा कारोबारियों ने अपनी दुकानों पर गर्म कपड़ों का स्टॉक लाना शुरू कर दिया है। दुकानदारों ने अब ठंडे कपड़ों के स्टॉक को उठाकर रखना शुरू कर दिया है। शहर के स्टेशन रोड, बड़ा व छोटा चौराहा के साथ ही धवन रोड सहित अन्य रेडीमेड गारमेंट्स की दुकानें हों या बड़े शोरूम, हर जगह धीरे धीरे सजाने के बाद गर्म कपड़ों की बिक्री होनी शुरू हो गई है। ग्राहकों को रिझाने के लिए आकर्षक डिजायन के गर्म कपड़े यहां सजे नजर आने लगे हैं। कपड़ा कारोबारियों का कहना है कि इस वर्ष कपड़ा कारोवार की भी ऑनलाइन बाजार से अच्छी टक्कर रहेगी। ऐसे में कारोबारी ग्राहकों को ऐसे दामों पर गर्म कपड़े बेचने की तैयारी कर रहे हैं, जिससे वह ऑनलाइन बाजार को मात दे सकें कानपुर, लखनऊ, दिल्ली, लुधियाना और अन्य शहरों से रियायती दरों पर वूलन का माल तेजी से लाया जा रहा है। स्टेशन रोड बाजार से भी होगा मुकाबला सर्दी के मौसम में हर साल धवन रोड व स्टेशन रोडपर बाजार लगाया जाता है। इस बाजार में गर्म कपड़ों की बिक्री अधिक की जाती है।



शहर के स्टेशन रोड स्थित दुकानों में लगे ऊनी कपड़े। अमृत विचार



कपड़ा व्यापारी शानू अवस्थी ने बताया कि मौसम के अनुरूप अब स्टॉक में कुछ परिवर्तन किया गया है। अभी तक ठंडे परिधानों में हल्के सूती सूट की विक्री कर रहे थे, अब गर्म सूटों को सजाना शुरू कर दिया है।



कपड़ा दुकानदार अजीत सिंह के अनुसार, अभी फुल आस्तीन के ब्लाउज व अन्य आईटम मंगवाये हैं। लोग अब अलग-अलग डिजाइन के गर्म कपड़ों की मांग करने लगे हैं। इससे शॉल, चुन्नी, जैकेट भी आ रहे हैं।




राज्यमंत्री का स्वागत करते भारतीय जनहित महासभा के पदाधिकारी। अमृत विचार

# सामूहिक विवाह में 18 जोड़ों ने थामा एक-दूजे का हाथ

संवाददाता पुरवा उन्नाव

**अमृत विचार।** भारतीय जनहित महासभा द्वारा तहसील क्षेत्र के पहासा गांव में आयोजित आदर्श सर्व समाज के सामूहिक विवाह समारोह कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि गन्ना विकास व चीनी उद्योग विभाग व राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष ने विवाह बंधन में बंधे 18 जोड़ों को आशीर्वाद देकर प्रमाणपत्र दिया।

तहसील क्षेत्र के पहासा गांव में भारतीय जनहित महासभा ने आदर्श सर्व समाज सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया। जिसमें मुख्य अतिथि राज्यमंत्री गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग संजय सिंह गंगवार ने नव दंपति जोड़ों को आशीर्वाद देकर कहा कि भाजपा सरकार में ही ऐसे आयोजन हो रहे हैं। जबकि, पूर्व की सरकारों मे ऐसे आयोजनों में लूट होती थी। सपा सरकार में बहू-बेटियां सुरक्षित नहीं थी।

### कानपुर से उन्नाव रिश्तेदार के अंतिम संस्कार में शामिल होने आए थे 4 लोग

# गंगा में गिरी कार, किदवई नगर के 2 युवकों की हुई मौत

- गंगा किनारे से निकलकर रोड पर आते समय पुलिया के पास हुआ हादसा

कार्यालय संवाददाता उन्नाव


घटनास्थल पर मौजूद पुलिस व ग्रामीण। अमृत विचार

**अमृत विचार।** टूटे संपर्क मार्ग के किनारे से पुलिया पर चढ़ाते समय तेज रफ्तार कार अचानक फिसलकर गंगा नदी की तलहटी में जा गिरी। इसमें एक की परिवार के चार लोग कार समेत पानी में समा गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से उन्हें बाहर निकालकर जिला अस्पताल भेजा। जहां डाक्टर ने दो को मृत घोषित कर दिया। जबकि, दो अन्य लोग सुरक्षित बच गए। कार सवार कानपुर नगर के किदवई नगर निवासी थे और उन्नाव के बारासगवर थानांर्गत भगवंतनगर निवासी अपनी रिश्तेदार के अंतिम संस्कार में शामिल होने गए थे। जहां से वे वापस लौट रहे थे। तभी वे हादसे का शिकार हो गए।

बता दें कि कानपुर नगर के थाना व मोहल्ला किदवई नगर निवासी बृजेंद्र नंदन चौधरी (62) पुत्र गिरजा नंदन, उनका बेटा छोटू (35), मुन्नू उर्फ आशीष नंदन चौधरी (24) पुत्र जगत नंदन व रवि नंदन (57) पुत्र स्व. सुमित्रा नंदन अपनी रिश्तेदार कमला पत्नी स्व. रघुनंदन निवासी गांव टेड़ा थाना बारासगवर के निधन का समाचार मिलने पर उनके अंतिम संस्कार में शामिल होने आए थे। थानाक्षेत्र के गढेवा गांव स्थित गंगातट पर दाह संस्कार के बाद वे लोग अपने साले राजू पटेल के घर टेड़ा जाने को निकले थे। तभी गढ़ेवां गांव के पास टूटे संपर्क मार्ग के किनारे से पुलिस पर चढ़ाते समय कार अचानक अनियंत्रित हो गई और गंगा की तलहटी में चली गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें बाहर निकालकर पास के अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टर ने ब्रजेंद्र नंदन व मुन्नू उर्फ आशीष को गंभीर देख जिला अस्पताल भेज दिया। जहां मौजूद ईएमओ ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जबकि, अन्य दोनों लोग बाल-बाल बच गए।

#### भगवंतनगर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक के रिश्तेदार थे कार सवार

- उन्नाव। हादसे का शिकार हुए लोग भगवंतनगर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक स्व. चौधरी देवकी नंदन के रिश्तेदार थे। कार में पूर्व विधायक के भाई स्व. सुमित्रा नंदन का बेटा रवि नंदन व उनके दूसरे भाई गिरजा नंदन के बेटे बृजेंद्र नंदन चौधरी व परिवार का मन्नू उर्फ आशीष नंदन व छोटू उर्फ आनंद सवार थे। हादसे की खबर मिलते परिवार में कोहराम मचा है।

#### आए थे अंतिम संस्कार में शामिल होने अब उठेगी अर्थी

- उन्नाव। कानपुर से उन्नाव अपने रिश्तेदार के निधन की सूचना पर उसके अंतिम संस्कार में शामिल होने आए चार लोगों ने यह कभी नहीं सोंचा होगा कि जहां वे जा रहे हैं वहां उनमें से दो लोगों की अर्थी उठने वाली है। हादसे के बाद इसमें बचे दो लोग जैसे ही घटना को याद करते हैं तो उनकी रूह कांप जाती है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

दुर्घटनाएं

संवाददाता हसनगंज उन्नाव

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के पूरा बरौना गांव निवासी शिवा मौर्य (23) मंगलवार देरशाम बाइक से हसनगंज कस्बा एटीएम से रुपये निकलने जा रहा था।


शिवा मौर्य।

तभी मेहंदी गांव के पास सामने से आ रहा अज्ञात वाहन उसकी बाइक में टक्कर मारते हुए रसूलाबाद की ओर भाग निकला। लोगों की सूचना पर पुलिस उसे सीएचसी लाई। जहां डॉक्टर ने उसे गंभीर देख ट्रामा सेंटर भेज दिया। जहां रास्ते में उसकी मौत हो गई। उसकी मौत की सूचना से मां कृष्ण कुमारी व छोटा भाई शुभम व अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने बताया कि वह मुंबई में रेडीमेड कपड़े की सिलाई का कार्य करता था। गांव में होने वाले मेला में शामिल होने दो दिन पूर्व आया था।

### अलग-अलग सड़क हादसों में 5 लोग घायल

**बांगरमऊ।** फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के गांव भट्ठन खेड़ा गोंदरी निवासी सुनील (35) पुत्र नन्हू इस समय उन्नाव मार्ग स्थित किरन धर्मकांटा के पास अपने नवनिर्मित मकान में रहता है। वह बीती मंगलवार देररात अपनी पत्नी गायत्री (32) और बेटे वासु (14) को लेकर बाइक से कोतवाली क्षेत्र के हरदोई मार्ग स्थित एक ढाबे पर खाना खाने गया था। घर लौटते समय गांव दुल्ला पुरवा के पास तेज रफ्तार डीसीएम ने बाइक में टक्कर मार दी। इसमें तीनों सड़क पर गिरकर गंभीर घायल हो गए। हादसे के बाद चालक डीसीएम सहित भाग निकला। सूचना पर पुलिस एंबुलेंस घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाई। जहां चिकित्सक ने उन्हें गंभीर देख ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। वहीं, फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के गांव सकरौली निवासी अभिषेक (18) पुत्र सुनील कुमार बुधवार सुबह अपनी मां पप्पी (37) को बाइक से लेकर बांगरमऊ से गांव सकरौली जा रहा था। तभी रास्ते में बांगरमऊ-बरुआघाट मार्ग स्थित गांव मुझइया के पास तेज रफ्तार बाइक अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। इसमें मां-बेटे सड़क पर गिरकर गंभीर घायल हो गए।

## सार-संक्षेप


व्यासपीठ का पूजन करते आचार्य। अमृत

### जीवन के उद्देश्य को दर्शाती है श्रीमद्भागवत कथा

**उन्नाव।** फतेहपुर चौरासी कस्बे के आदर्श नगर में आर्यावत वैंक के पास बुधवार को भव्य कलश पूजन के साथ श्रीमद्भागवत कथा की शुरुआत हुई, जिसमें अनेक मंदिरों से कलश पूजन पवित्र जलस्त्रोत से कलश को भर कर लाने के बाद कथा आयोजन स्थल पर धार्मिक विधि एवं मंत्रोच्चरण के साथ स्थापित किया गया। प्रथम दिवस श्रीमद्भागवत कथा में कथावाचक आचार्य अवधेश पांडेय महाराज ने उपस्थित श्रद्धालुओं को सर्वप्रथम इसकी महिमा से अवगत कराया। उन्होंने कहा श्रीमद्भागवत कथा, ऐसी कथा है, जो जीवन के उद्देश्य एवं दिशा को दर्शाती है। इसलिए जहां भी भागवत कथा होती है, इसे सुनने मात्र से वहां का संपूर्ण क्षेत्र दुष्ट प्रवृत्तियों से खत्म होकर सकारात्मक उर्जा से सशक्त हो जाता है। इस मौके पर यजमान पं. चंद्र प्रकाश पांडेय व राजवती पांडेय, मीना देवी, पूनम मिश्रा, राधिका अवस्थी, श्यामा दीक्षित, विजय गोल्डी पांडेय, सुशील, हेमेंद्र मिश्रा व कान्हा सहित अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे।

### टप्पेबाजों ने उड़ाई महिला की चेन

**उन्नाव।** शहर में घूम रहे टप्पेबाजों ने एक महिला को निशाना बना कर उसकी सोने चेन लेकर फरार हो गए। महिला ने दही पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। दही थानाक्षेत्र के आवास विकास-ए ब्लॉक कालोनी निवासी कुसमा शुक्ला पत्नी राज नारायण घर के पास दुकान से सब्जी खरीदने गई थी। तभी एक बाइक सवार व्यक्ति ने खुद को पुलिस कर्मी बता जेवर पहनकर आगे जाने से मना किया। बताया कि आगे मर्डर हो गया है। वहीं पास में खड़े दूसरे व्यक्ति ने अपनी चेन उतार बाइक में बैठे व्यक्ति को दे दी। उसने महिला से भी उसकी चेन ले ली और कागज की पुड़िया में लपेटकर वापस लौटा दी। आगे जाकर कुसमा ने पुड़िया को खोलकर देखा तो उसमें कंकड़ रखे थे। महिला के मुताबिक वह उस दौरान अर्धचेतन अवस्था में चली गई थी। दही एसओ संजीव कुशवाहा ने बताया कि महिला की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।


जांच करते सीएचसी प्रभारी। अमृत विचार

### महिला की मौत के बाद जागे जिम्मेदार, चलाया चेकिंग अभियान

**औरास उन्नाव।** क्षेत्र में इन दिनों अवैध हॉस्पिटल, क्लीनिक व जांचकेंद्रों की भरमार है। जहां अप्रशिक्षित व बिना पंजीयन के चिकित्सक व झोलाछापों द्वारा लोगों का इलाज किया जाता है। जिससे पीड़ित जान गंवाने तक को मजबूर हैं। इसकी शिकायत पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बुधवार को क्षेत्र में पहुंचकर जांच की। इसमें एक क्लीनिक खुला मिला। जिसके विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उसे सीज कर दिया गया। औरास थानांतर्गत रामपुर गढ़ौवां में बीते दिनों प्रसूता की तबियत बिगड़ गई थी। परिजन उसे पास के निजी क्लीनिक ले गए थे। जहां मौजूद झोलाछाप द्वारा उसका गलत इलाज किया गया। इसमें प्रसूता की मौत हो गई थी। परिजनों ने थाने में प्रार्थनापत्र देकर झोलाछाप के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की गई थी। इसके बाद पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए झोलाछाप के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू की थी। मामला मीडिया में वायरल होने पर सीएचसी प्रभारी डॉ. अनूप कुमार तिवारी बुधवार को स्टाफ के साथ रामपुर गढ़ौवां पहुंचे। जहां करीब आधा दर्जन क्लीनिक व अस्पताल चेक किए गए। इनमें से ज्यादातर क्लीनिक व हॉस्पिटल बंद मिले। जबकि एक क्लीनिक के खुला मिलने पर जिसे नोटिस देकर क्लीनिक को सीज कर दिया गया। इस संबंध में सीएचसी प्रभारी ने बताया कि जो अवैध क्लीनिक खुले मिले उन्हें नोटिस देकर सीज की कार्रवाई की गई है।

# जिलाधिकारी के निर्देश पर बनना शुरू हुई सड़क

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)


सड़क बनाते मजदूर।

**अमृत विचार।** शुक्लागंज के मिश्रा कॉलोनी जाने वाले मार्ग पर स्थित पैदल पुल के पास सड़क काफी समय से टूटी पड़ी सीसी रोड की मरम्मत की कवायद आखिरकार बुधवार से शुरू हो गई।

यह समस्या काफी दिनों से बनी हुई थी, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए थे। गंगा किनारे आयोजित छठ पर्व के मौके पर जिलाधिकारी गौरांग राठी ने घाटों का निरीक्षण किया और रास्ते में बुरी तरह से टूटी सीसी रोड को देख पालिका को शीघ्र सुधार कार्य करने का निर्देश दिया। इसके बाद मंगलवार शाम को जिलाधिकारी ने घाटों का निरीक्षण किया और खराब सड़क को दुरुस्त करने को कहा। बुधवार को प्रशासन ने काम शुरू कर दिया।

जेई घनश्याम मौर्या ने बताया कि छठ पर्व पर होने वाली भारी भीड़ को देखते हुए यह सुधार कार्य तेजी से किया जा रहा है।

# घरेलू झगड़े में महिला ने फांसी लगाकर दी जान

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)


रानी निषाद।

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के परमसुख खेड़ा में बुधवार को एक महिला ने घरेलू झगड़े के बाद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर विधिक कार्रवाई की है। वहीं फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंचकर साक्ष्य संकलित किये हैं।

परमसुख खेड़ा निवासी धर्मेन्द्र निषाद की पत्नी रानी निषाद का बुधवार सुबह पति से किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। विवाद बढ़ने पर रानी कमरे में चली गई और छत पर लगे छल्ले से रस्सी के सहारे फांसी लगा ली। दिन करीब ग्यारह बजे रानी की सास कांती ने उसे फांसी के फंदे पर लटका हुआ देखा। चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग एकत्र हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। जहां पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतरवाया और जांच पड़ताल कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बिंदा नगर चौकी पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि पति-पत्नी के बीच हुए विवाद के बाद महिला ने यह कदम उठाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।


मौके पर जांच करती पुलिस व मौजूद परिजन। अमृत विचार

### निर्माणाधीन मकान में मजदूर ने लगाई फांसी

**शुक्लागंज (उन्नाव)।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के जाजमऊ चौकी के पास स्थित अखलॉक नगर में एक निर्माणाधीन मकान में बुधवार को 28 वर्षीय मजदूर अमरदीप का शव पंखे के छल्ले से फांसी पर लटका हुआ मिला। मृतक मजदूर अमरदीप अचलगंज थानाक्षेत्र के जोजापुर गांव का निवासी था। बीते कुछ दिनों से वह कानपुर निवासी आकिब के निर्माणाधीन मकान में मजदूरी कर रहा था। बुधवार को जब अन्य मजदूरों ने अमरदीप का शव फांसी से लटका देखा, तो उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलते ही गंगाघाट कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा तैयार किया और पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मामले की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच के अनुसार यह घटना आत्महत्या का मामला प्रतीत हो रहा है।


कथा का बखान करते कथा वाचक सर्वेश महाराज। अमृत विचार


प्रांगण में कथा सुनते भक्त। अमृत विचार

# श्रीराम के वन जाने का प्रसंग सुन भावविभोर हुये श्रोता

- श्रीराम कथा सुनने को उमड़ रहे श्रद्धालु

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार।** डॉकतार कॉलोनी में चल रही श्री राम कथा के दूसरे दिन कथा वाचक ने श्री राम कथा का प्रसंग सुनाया। इसके साथ ही श्री रामचरित मानस में 14 वर्ष का वनवास जाने के दौरान कैकेई माता से प्रेम पूर्वक विदा लेने का प्रसंग का बखान किया। जिसे सुन वहां मौजूद श्रोता मंत्रमुग्ध हो गये।

पोनी रोड डॉकतार कॉलोनी में श्री मां गंगा सेवा समिति एवं सनातन परिवार के तत्वावधान में आयोजित श्री राम कथा के दौरान कथा वाचक सर्वेश जी महाराज ने मौजूद श्रोताओं को कथा का रसपान कराया। इस दौरान उन्होंने कहा कि कि पुरुष के चार लक्ष्य हैं। जिन्हें पुरुषार्थ कहते हैं। यह पुरुषार्थ हैं धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष हैं। धर्म को सिद्धि के लिए दक्ष की कथा का वर्णन किया। रामचरित मानस में 14 वर्ष के वनवास जाने के दौरान कैकेई माता से प्रेम पूर्वक विदा लेने का प्रसंग दर्शाता है। ऐसे निश्चल प्रेमी प्रभु की भक्ति सागर में डूबने वाले भक्त को ही राम नाम के रसपान का प्रसाद मिलता है। इस दौरान प्रभु राम की आरती उतार कर सैकड़ों भक्त ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे, श्रीकांत पांडे, संदीप पांडे, निर्भय मिश्रा, वासुदेव शुक्ला, आशुतोष पांडेय, उदित चौरसिया, राजेश शुक्ला, देवी दयाल, बड़े लाल बाजपेई, प्रशांत अवस्थी मौजूद रहे।

# देवकी नंदन महाराज भक्तों को सुनाएंगे श्रीराम कथा

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

**अमृत विचार।** शहर के साकेत धाम रामलीला मैदान में कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर का सात दिवसीय राम कथा आज से प्रारंभ होगी। कथा की तैयारियों लगभग पूरी कर ली गई हैं। इससे पहले देवकी नंदन ठाकुर दो बार भागवत कथा कह चुके हैं। अबकी भक्तों को आग्रह पर वह रामकथा कहने जा रहे हैं। कथा गुरुवार 7 से 13 नवंबर तक दोपहर तीन से शाम छह बजे तक चलेगी।

शहर के रामलीला मैदान में होने वाली राम कथा का आयोजन सदर विधायक पंकज गुप्ता, आरकेजी अभिनंदन परिवार के साथ मिलकर जिले में तमाम कथा प्रेमी करा रहे हैं। देवकी नंदन ठाकुर ने कहा कि अयोध्या में रामलला की स्थापना के बाद उन्नाव गुरुवार से 13 नवंबर तक रामलीला मैदान में पहली बार राम कथा तीन बजे आयोजित की जा रही है। जिसकी शुरूआत आज से की जाएगी। कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर के साथ सदर विधायक पंकज गुप्ता के अलावा बड़ी संख्या में लोग पहले दिन 200 मीटर भगवा ध्वज के साथ सनातनी कलश यात्रा निकालकर कथा की शुरूआत होगी। कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर सभी सनातन प्रेतियों से सनातनी यात्रा में भगवा वस्त्र पहनकर शामिल होने की अपील की है। वही बुधवार को सात दिवसीय राम कथा अनुष्ठान के लिए प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य संरक्षक सदर विधायक पंकज गुप्ता ने बताया कि 200 मीटर भगवा ध्वज के साथ सनातनी कलश यात्रा निकाली जायेगी।


छठ पूजा के लिये सामान खरीदते लोग। अमृत विचार

# छठ पूजा के दूसरे दिन घरों में हुये अनुष्ठान

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार।** छठ पूजा चतुर्थी को नहाय-खाय के साथ शुरू हो गई थी। बुधवार को दूसरे दिन खरना (इसमें प्रसाद में गन्ने के रस से बनी खीर दी जाती है)। षष्ठी को शाम और सप्तमी सुबह को सूर्य देव को अर्घ्य देकर छठ पूजा की समाप्ति की जाती है। इसके साथ ही पालिका ने छठ पूर्व को देखते हुए बुधवार को भी पूरे दिन घाटों की साफ सफाई कराई।

छठ पर्व का बुधवार को दूसरा दिन है। पहले दिन नहाय-खाय के बाद दूसरे दिन खरना या लोहंडा है। छठ पूजा सुबह और शाम के अर्घ्य के साथ 8 नवम्बर तक चलने वाली है। छठ पूजा में सूर्य को पहला अर्घ्य 7 नवम्बर की शाम को अर्घ्य होते हुये को दिया जाएगा। वहीं गुरुवार को शाम चार बजे से ही अस्त होते सूर्य देवता को अर्घ्य देने के लिए लोग घाटों पर भारी संख्या में एकत्र होंगे। अगले दिन शुक्रवार को उदय होते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद पूजा को अंतिम रूप देंगे। मैथिल नव चेतना समिति के अध्यक्ष सुनील झा, वीरेन्द्र शुक्ला ने बताया कि छठ पूजा पर पूर्वांचल के लोगों के लिए समिति व्यापक व्यवस्था करेगी।

#### महंगाई का दिखा असर

- छठ पर्व में इस बार महंगाई का असर देखने को मिले। जहां पिछले वर्ष पूजन के लिये लोग बड़ी डलिया तैयार कराते थे, वह इस बार छोटी से ही काम चला रहे हैं।

#### यह रहा सामग्री का भाव

- पूजन के लिये हरी अदरक 320 रुपये प्रति किलो, हरी हल्दी 200 रुपये प्रति किलो, शरीफा 100 रुपये प्रति किलो, इमली 120 रुपये प्रति किलो, चकोतरा 60 रुपये प्रति पीस, अमरस 10 रुपये प्रति पीस और गन्ना 50 रुपये प्रति पीस।

तैयारी | घाटों को किया गया चमाचम, अधिकारियों ने किया निरीक्षण दिये दिशा-निर्देश, पुलिस की रहेगी पर्याप्त व्यवस्था

# छठ पूजा को लेकर रंग बिरंगी झालरों से जगमगाए घाट

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)


प्रकाश व्यवस्था के लिये घाट पर लगाई जाती लाइट। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मंगलवार को नहाय खाय के साथ छठ मइया का महापर्व शुरू हो गया था। शुक्रवार को डूबते सूर्य को अर्घ्य देने के लिये हजारों की संख्या में लोग गंगा तट पर पहुंचेंगे। जिसे देखते हुये पालिका कई दिनों से घाटों का साफ सफाई कराने में जुटा हुआ है। वहीं बुधवार को घाटों पर लाइटिंग से लेकर बैरीकेडिंग लगाकर घाटों को चमाचम कर दिया गया है।

मंगलवार शाम जिलाधिकारी गौरांग राठी, एसपी दीपक भूकर, सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा समेत तमाम अधिकारियों ने घाटों का निरीक्षण किया और पालिका के अधिशाषी अधिकारी मुकेश कुमार मिश्रा के अलावा मातहतों को दिशा निर्देश भी दिये। जिस पर छठ महापर्व के दौरान शुक्लागंज के सभी घाटों पर जिलाधिकारी के निर्देश पर लाईटिंग व्यवस्था, एनाउन्समेन्ट सिस्टम, मोबाइल टॉयलेट, यूरीनल, महिलाओं के वस्त्र बदलने का स्थान (इनक्लोजर) आदि व्यवस्थाएं की गई हैं। जिससे किसी को कोई परेशानी न उठानी पड़े। वहीं घाटों पर बेरीकेडिंग लगाई गई है। इसके साथ ही लाइटें भी लगवाई गई हैं। रात के समय लाइटें जलने से घाट जगमग हो गये। वहीं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंगघाट कोतवाली प्रभारी अनुराग सिंह ने बताया कि घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर व्यापक व्यवस्थाएं की गई है।

#### 15 नावों के साथ होंगें 30 गोताखोर

- छठ पूजा को लेकर पालिका ने तैयारियां पूरी कर ली है। गुरुवार शाम और शुक्रवार सुबह पूजा के दौरान स्टीमर वोट के साथ 15 नावों का प्रबंध किया गया है। इसके साथ ही स्नानार्थियों की सुरक्षा को लेकर 15 नाविकों संग 30 गोताखोर भी तैनात किये गये हैं।

### छठ पूजा के चलते ट्रेनों में जबरदस्त भीड़

**उन्नाव।** छठ पूजा के चलते बिहार प्रांत से आने-जाने वाली ट्रेनों में भीड़ बढ़ गई है। जनरल कोच तो पहले से ही फुल थे अब रिजर्वेशन कोच में भी सफर आसार नहीं रहा। सीट न मिलने से लोग फर्श पर सफर करने को मजबूर हैं। जनरल कोच में बैठना तो दूर चढ़ना भी मुश्किल हो गया है। इन दिनों छठ पर्व की धूम चल रही है। ट्रेनों में यात्रा करने वालों के हाल बहुत खराब हैं। दिल्ली से कुछ एक्सप्रेस ट्रेनें बिहार तक जाती हैं। इन ट्रेनों में वैसे भी अधिक भीड़ भी रहती है। वहीं, छठ पर्व शुरू होते ही इन ट्रेनों में यात्रियों की संख्या और भी बढ़ गई है। दोपहर बाद उन्नाव स्टेशन पहुंची ट्रेन में यात्रियों की भीड़ देख लोग दंग रह गए। स्टेशन पहुंचे कुलदीप त्रिवेदी ने कहा कि अभी तक तो सिर्फ जनरल कोच ही भरे रहते थे। इस बार तो स्लीपर में भी जगह नहीं दिख रही है। इसी ट्रेन से उन्नाव आये भानू अवस्थी ने कहा कि वे आगरा से ट्रेन में बैठे थे। सीट रिजर्व न होने पर भी तमाम यात्री उनकी सीट पर आकर बैठ गए। महिलाएं और बच्चे भी थे। इसलिए उन्हें हटाया नहीं। लेकिन, भीड़ के कारण पूरे रास्ते परेशानी उठानी पड़ी। भागलपुर के रोहित कुमार ने बताया कि कानपुर से जनरल टिकट लेकर एक्सप्रेस ट्रेन में चढ़े थे। लेकिन जनरल कोच में जगह नहीं मिली। नीचे से लेकर ऊपर की सीट तक चार-चार लोग बैठे थे। कोच के गेट व शौचालय के पास भी लोग फर्श पर बैठे थे। आखिर में वे एक स्लीपर कोच में चढ़ गए। पूरे रास्ते यही डर सताता रहा कि कहीं टीटी न आ जाए।

अर्थागमो नित्यमरोगिता च प्रिया च भार्य प्रियवादिनी च।
वश्यश्च पुत्रोऽर्थकरी च विद्या षट् जीवलोकस्य सुखानि राजन् ॥

धन प्राप्ति, स्वस्थ जीवन, अनुकूल पत्नी, मीठा बोलने वाली पत्नी, आज्ञाकारी पुत्र तथा धनाजर्न करने वाली विद्या का ज्ञान से छह बातें संसार में सुख प्रदान करती हैं।

## संपादकीय

# असाधारण वापसी

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दुनिया की सबसे शक्तिशाली सेना और सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के प्रमुख कमांडर के रूप में अपनी भूमिका को फिर से शुरू करने के लिए तैयार हैं। ट्रंप ने बुधवार को दूसरी बार राष्ट्रपति चुनाव में जीत हासिल की जिसे अमेरिकी इतिहास में किसी नेता की सबसे बड़ी राजनीतिक वापसी कहा जा रहा है। बुधवार को ट्रंप को उनकी जीत पर बधाई देते हुए दुनिया भर के नेताओं ने उनकी वापसी को इतिहास की सबसे बड़ी वापसी कहा है। चुनाव में जीत हासिल करके ट्रंप ने सिद्ध कर दिया कि वे राजनीति में एक बड़े खिलाड़ी थे और रहेंगे। वह पहले ऐसे पूर्व राष्ट्रपति हैं जिन्हें आपराधिक आरोपों में दोषी करार दिए जाने के बाद भी इस पद के लिए नामांकन का अवसर मिला। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें बधाई दी और वैश्विक शांति, स्थिरता और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए साथ मिलकर काम करने का आह्वान किया। ट्रंप अगले वर्ष जनवरी में कार्यभार संभालेंगे। ट्रंप की जीत के बाद भारत के संदर्भ में कई ऐसे सवाल हैं, जो सामने आना शुरू हो चुके हैं। ट्रंप प्रशासन के नेतृत्व में भारत अमेरिका के रिश्तों पर क्या असर पड़ेगा?

गौरतलब है कि दीपावली के अवसर पर ट्रंप ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर पोस्ट करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना दोस्त बताया था। उन्होंने भारत और अमेरिका के संबंधों को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता जताई। साथ ही अपनी सरकार आने पर दोनों देशों के बीच की साझेदारी को और आगे बढ़ाने का वादा किया। चीन मामले में भी ट्रंप ने भारत का समर्थन किया है। पिछली बार ट्रंप के कार्यकाल में ही इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में चीनी प्रभाव का मुकाबला करने के लिए अमेरिका, भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया के बीच सुरक्षा साझेदारी क्वाड को मजबूत किया गया था। हालांकि भारत के प्रति ट्रंप की वीजा नीति प्रवासियों के लिए काफी मुश्किलें पैदा कर सकती हैं। ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल में एच-1 बी वीजा नियमों पर सख्ती दिखाई थी। इसका भारतीय पेशेवरों और टेक्नोलॉजी कंपनियों पर असर दिखा था। अगर ये नीति जारी रही तो भारतीयों के लिए अमेरिका में नौकरियों के अवसर कम होंगे। महत्वपूर्ण है कि भारत और अमेरिका के बीच एक मजबूत व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी है, जो लंबे समय से साझा लोकतांत्रिक मूल्यों, साझा हितों और दोनों देशों के लोगों के बीच संबंधों पर आधारित है। ऐसे में भारत और अमेरिका के बीच रक्षा सहयोग और बेहतर व मजबूत होने की संभावनाएं हैं।

# कैंसर से जंग की नई उम्मीदें



निरंकार सिंह
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल ने अपने नए शोध के जरिए एक टेबलेट विकसित की है, जिसमें मुख्य बातें ये हैं कि विकसित की गई टैबलेट कैंसर ट्रीटमेंट थेरेपी यानी कीमोथेरेपी के दुष्प्रभावों को कम करने में असरदार होगा।

आधुनिक चिकित्सा विज्ञान और दवाओं ने कई असाध्य रोगों पर विजय प्राप्त कर ली है, लेकिन खतरनाक कैंसर सभी चिकित्सा विधियों को चकमा देकर आगे बढ़ने वाला रोग साबित हुआ है। पिछले 20 सालों में दुनियाभर में कैंसर के मरीजों की संख्या दोगुनी हो गई है। भारत में कैंसर के मामलों पर किए गए और बीएमसी कैंसर जर्नल में प्रकाशित आइसीएमआर (भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद) के 2022 के एक अध्ययन ने अनुमान जाहिर किया कि 2025 तक भारत में कैंसर के 2.98 करोड़ मामले हो सकते हैं। ये नीति आयोग के अनुमान के हिसाब से इस साल भारत की 1.4 अरब आबादी की दो फीसदी होगी।

कैंसर के नए इलाजों में जहां इम्यूनोथेरेपी एक बड़ी उम्मीद के रूप में देखी जा रही है वहीं कुछ परंपरागत तौर तरीकों में बड़े बदलाव से भी इस जानलेवा बीमारी को काबू में करने की कोशिशें लगातार जारी हैं। इम्यूनोथेरेपी एक प्रकार का कैंसर उपचार है। यह प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ावा देने और शरीर को कैंसर कोशिकाओं को खोजने व नष्ट करने में मदद करने के लिए शरीर द्वारा या प्रयोगशाला में बनाए गए पदार्थों का उपयोग करती है। उधर कैंसर के इलाज में भारतीय मसाले बेहद कारगर हैं। आईआईटी मद्रास के अनुसंधानकर्ताओं ने कैंसर के इलाज के लिए इनका पेटेंट करवाया है। 2028 तक बाजार में उपलब्ध होने की उम्मीद है। मुंबई स्थित देश के सबसे बड़े टाटा मेमोरियल कैंसर हॉस्पिटल और रिसर्च सेंटर की तरफ से अब इस जानलेवा बीमारी को लेकर एक उम्मीद जगाने वाली खबर सामने आई है। मुंबई के टाटा मेमोरियल सेंटर के एक शोध में यह दावा किया गया है कि उन्होंने कैंसर की एक बेहद किफायती संभावित दवा ढूंढ ली है, जो कैंसर सेल्स को फिर से बढ़ने से रोक सकती है और कैंसर ट्रीटमेंट थेरेपी के दुष्प्रभावों को कम करने में सहायक है।

टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल ने अपने नए शोध के जरिए एक टेबलेट विकसित की है, जिसमें मुख्य बातें ये हैं कि विकसित की गई टैबलेट कैंसर ट्रीटमेंट थेरेपी यानी कीमोथेरेपी के दुष्प्रभावों को कम करने में असरदार होगा। यह टैबलेट कीमोथेरेपी जैसे ट्रीटमेंट के बुरे प्रभावों को 50 प्रतिशत तक कम करने में मददगार साबित हो सकती है। कैंसर के दोबारा बढ़ने या होने से रोकने के लिए संभावित दवा हो सकती है। कैंसर के दोबारा होने की संभावना को 30 प्रतिशत तक कम करने में मददगार साबित हो सकती है। टाटा रिसर्च ने जो दवा विकसित की है डॉक्टर्स करीब 12 साल से काम कर रहे हैं। चूहों पर प्रयोग कर इस दवा का सकारात्मक असर दिखा। कैंसर ट्रीटमेंट के दुष्परिणामों पर असर का परीक्षण चूहों और इंसानों दोनों पर किया गया, लेकिन इसकी रोकथाम का परीक्षण अभी सिर्फ चूहों पर किया गया है। इसके लिए मानव परीक्षण यानी ह्यूमन ट्रायल पूरा करने में लगभग पांच साल यानी 2028 तक का समय लगेगा। लोगों को इसका लाभ मिलने के लिए कुछ वर्षों तक इंतजार करना पड़ सकता है।



राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस

वैकल्पिक चिकित्सा के क्षेत्र में कई दशकों से काम करने वाली संस्था डीएस रिसर्च सेंटर ने पोषक ऊर्जा से कैंसर की औषधि तैयार करके यही काम किया है। वैज्ञानिक परीक्षणों में भी इस औषधि के नतीजे बेहतर पाए गए हैं। कोलकाता के जाधवपुर विश्वविद्यालय के नैदानिक अनुसंधान केन्द्र (सीआरसी) के निदेशक डॉ. टीके चटर्जी के अनुसार- 'डीएस रिसर्च सेंटर की पोषक ऊर्जा से तैयार की गई औषधि सर्वपिष्टी के पशुओं पर किए गए परीक्षण के परिणाम उत्साहजनक पाए गए हैं। यदि पशुओं के शरीर पर सर्वपिष्टी का प्रयोग किए जाने के बाद सीआरसी ने उत्साहजनक परिणाम प्राप्त किए हैं तो ऐसे ही परिणाम इसे मानव शरीर पर प्रयोग करने से भी प्राप्त किए जा सकते हैं, जो कैंसर उपचार के इतिहास में युगांतकारी घटना होगी। सीआरसी विभिन्न रोगों के लिए दवाइयों का नैदानिक परीक्षण करता है।

इसी सिलसिले में उन्होंने सर्वपिष्टी का भी नैदानिक परीक्षण किया था। किसी दवाई की प्रभावकारिता का स्तर सुनिश्चित करने के लिए सामान्यतः दो प्रकार का परीक्षण किया जाता है- पहला, औषधीय (फार्माकोलॉजिकल) परीक्षण और दूसरा, विष विद्या संबंधी (टॉक्सिकोलॉजिकल) परीक्षण। ये परीक्षण आयातित सफेद चूहों पर किए गए। पशु शरीर में कैंसर कोशिकाओं को प्रविष्ट कराया गया और जब ट्यूमर निर्मित हो गया तब हमने दवा देना शुरू किया। 'पोषक ऊर्जा' के परीक्षण की स्थिति में 14 दिनों बाद जो प्रतिक्रिया देखी गई उनमें कोशिकाओं की संख्या स्पष्ट रूप से कम होना शुरू हो गई थी। पशु शरीर में कोई अल्सर पैदा नहीं हुआ। ट्यूमर विकास दर 46 प्रतिशत तक कम हो गई थी और दवाई की विषाक्तता लगभग शून्य थी। ऐसे सकारात्मक परिणाम हाल के समय में नहीं देखे गए थे। इस औषधि में कैंसर को रोकने और उससे लड़ने की अपरिमित संभावनाएं हैं।'

औषधियों के परिणाम-परीक्षण की एक सुनिश्चित वैज्ञानिक पद्धति है। औषधियां प्रायः विषों और ड्रगों से बनती है अतएव पहला परीक्षण किया जाता है कि वे स्वास्थ्य और जीवन को खतरे में तो नहीं डाल देंगी, लेकिन डीएस रिसर्च सेंटर ने तो मानवीय भोज्य पदार्थों में सन्निहित पोषक ऊर्जा को प्राप्त करके औषधियां तैयार की थीं इसलिए वे औषधियां मानव स्वास्थ्य के लिए सर्वथा अनुकूल थीं। यहां तक कि औषधि के सेवन का माध्यम भी दुग्ध शर्करा को बनाया गया था, जो एक मानवीय भोज्य है और स्वास्थ्य पर इसका कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता है। डीएस रिसर्च सेंटर के संस्थापक वैज्ञानिक डॉ. उमाशंकर तिवारी के अनुसार सर्वपिष्टी कोई औषधीय सूत्र नहीं है, बल्कि पोषक ऊर्जा वर्ग की औषधीय का प्रतिनिधित्व करती है। सन 1982 में सेंटर ने कैंसर की औषधि तैयार की। इस औषधि के परीक्षण के लिए प्रारंभ से ही नीति बनी कि केवल ऐसे रोगियों की तलाश की जाए, जिन्हें अस्पताली चिकित्सा के धर्मकांटे ने चिकित्सा के लिए अयोग्य मानकर अंतिम रूप से छोड़ दिया हो। खोजबीन करके इस तरह के रोगियों तक पोषक ऊर्जा की खुराकें पहुंचाई जाने लगी। उन्हें यह भी कह दिया गया कि अपने कष्टों के लिए और स्वास्थ्य के विकास के लिए जो भी औषधियां वे लेते रहे हैं उन्हें लेते रहें। सेंटर के वैज्ञानिक तिवारी के निर्देशन में परीक्षण अभियान शुरू हुआ। अंततः औषधि की सफलता और उसके प्रभाव-परिणाम की सकारात्मकता, रोगियों के अपने अनुभवों तक सीमित नहीं रही, वह जांच रिपोर्टों से भी प्रमाणित हुई और पारंपरिक चिकित्सा के वर्तमान सूत्रधारों को अक्सर विस्मित भी करती रही, पर यह औषधि बाजार में उपलब्ध नहीं है।

हमारे भोजन में प्रयोग होने वाले मसालों से तैयार नैनोमेडिसिन ने फेफड़े स्तन सर्विकल, मुख, बृहदांत्र व थॉयराइड सेल लाइन के खिलाफ कैंसर रोधी गतिविधि दिखाई है, लेकिन ये सामान्य कोशिकाओं के लिए सुरक्षित है। पशुओं पर यह अध्ययन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ है, अब क्लिनिकल ट्रायल की तैयारी चालू है। प्रोफेसर नागराज नैनो इमल्शन की स्थिरता महत्वपूर्ण विचार था। हालांकि कैंसर कोशिकाओं के साथ सक्रिय अवयवों व उनके संपर्क के तरीकों की पहचान करने के लिए और अधिक अध्ययन प्रयोगशालाओं में जारी रखेंगे। वास्तव में पारंपरिक कैंसर उपचार में थेरेपी की तुलना में नैनो-ऑन्कोलॉजी के ढेरों फायदे तो हैं ही, इसके कोई साइड इफेक्ट्स भी नहीं हैं। अपने भोजन में इन मसालों का महत्व हमेशा से है। हमारी रसोई में हल्दी, जीरा, मेथी, इलायची, काली मिर्च, अजवाइन, तेजपत्ता व गरम मसालों की मौजूदगी बताती है। हम पुरातन वक्त से इनके महत्व को समझ रहे हैं। इस तरह से तैयार की जाने वाली दवाएं बेहद सुरक्षित साबित हो सकती हैं। साथ ही इन मसालों के शुद्ध रूप को रोजाना के भोजन में शामिल कर हम इन रोगों से खुद को सुरक्षित रखने के प्रयास भी कर सकते हैं।

## प्रसंगवश

# शारदा सिन्हा का पान भी सुरीला था



नवेद शिकोह
वरिष्ठ पत्रकार

छठ मईया की आवाज, लोकसंगीत की लता मंगेशकर, स्वर कोकिला, बिहारी माटी की सुगंध, भोजपुरी-मैथिली गीतों की पवित्रता, मां शारदा की शक्ति, जैसी पहचान बनाने वाली शारदा सिन्हा का जिक्र और गीत गूंज रहे हैं। ये छठ महापर्व का शोक काल है। उनके कई गीत भावुक कर देते हैं, छठ की संगीतमय फिजाओं में शारदा की विदाई बेहद भावुक करने वाली है।

आस्था को चरम पर पहुंचाने वाले उनके गीतों की स्वर लहरियां जब फिजाओं में तैर रहीं हैं। ऐसे में उनकी रुखसती ने कइयों को रुला दिया। त्योहारों के अलावा मांगलिक आयोजनों में भी बिहार की इस स्वर कोकिला के गीत गूंजे बिना यहां सब कुछ अधूरा सा लगता है। सुपर हिट फिल्म- 'मैंने प्यार किया' के अलावा दर्जनों फिल्मों में भी उनके लोकगीतों ने धमाल मचा दिया था। साड़ी, बिंदी, सिंदूर। भारतीय संस्कारमय महिला का रूप, मां का स्वरूप शारदा ने छठ मईया की आस्था को भावनात्मक परंपराओं की उन ऊंचाइयों तक पंहुचा दिया, जहां आस्था के आगे कोई टिक ही नहीं सकता। पाश्चात्य संस्कृति की गोद में रहने वाले बिहार, यूपी, झारखंड इत्यादि सूबों के एनआरआई भी छठ पर्व पर शारदा के गीत सुनने की तलब में बेचैन हो जाता है, उनकी एक धुन से तड़प उठते हैं। धर्म, आस्था, सनातन धर्म और अपनी जड़ों की तरफ खिंचे चले आते हैं। जैसे उनकी मिट्टी की सुगंध उन्हें आवाज दे रही हो। ये बेचेनी साबित करती है कि किसी भी धर्म की आस्था तलवार की रक्षा से नहीं, सत्ता के स्वार्थ वाली धर्म-जाति की राजनीति से नहीं, बल्कि संगीत की ताकत से सुरक्षित होती है, आगे बढ़ती है और फलती-फूलती है।

धर्म कोई भी हो पारंपरिक धुन, लय, गीत और संगीत की परंपराओं से धार्मिक आस्था परवान चढ़ती है। सनातन, सिख, क्रिश्चियनिटी तो छोड़िए इस्लाम धर्म तक में धुनों के बिना मजहबी अरकान अधूरे हैं। हालांकि इस्लाम के बहत्तर फिरकों में कुछ संगीत को गैर इस्लामी मानते हैं। जबकि अजान तक रिदम और लय के बिना अधूरी समझी जाती है। कुरआन की तिलावत भी लयबद्ध होती है। मिलाद, नात, कव्वाली, सलाम, पेशखानी, मातम, नौहा ख्वानी सबमें संगीत है, लय, रिदम और धुन के साथ ही ये आस्था में धार पैदा करते हैं। परंपराएं शुरू करते हैं, जो अटूट बन जाती हैं। ये रवायतें लोगों को खींचती हैं, जोड़ती हैं और आकर्षित करती हैं। शारदा सिन्हा ने अपने गीत-संगीत और मधुर आवाज की जादूगरी से सनातन धर्म की सेवा की, रक्षा की और पाश्चात्य युग में भी नई पीढ़ी को संगीत के माध्यम से धार्मिक परंपराओं से जोड़ा। क्योंकि संगीत में जोड़ने की जो शक्ति है वो तलवार से डराकर, सियासत से रिझाकर भी नहीं पैदा की जा सकती।

संगीत फेविकोल से कहीं अधिक जोड़ना की ताकत रखता है। चौबीस बरस पहले भी शारदा सिन्हा की तूती बोलती थी, उस जमाने में लखनऊ महोत्सव में देश के नामी-गिरामी कलाकार महोत्सव की रौनक बनते थे। यहां उनकी परफार्मेंस थी। गोमती होटल में वो ठहरी थीं। महोत्सव के दौरान लखनऊ के सांस्कृतिक संवाददाता बहुत व्यस्त रहते थे। मैं भी व्यस्त था। उन दिनों पान की लत थी। ये लत लगाई थी लखनऊ के जागरण चौराहे पर दीवान पान वाले ने। आजकल जिस चौराहे पर पुलिस बूथ है यहां दीवान की बड़ी सी पान की गुमटी हुआ करती थी। दीवान के पान की दीवानगी ये थी कि उसके हाथ के लगे पान के अलावा कहीं का पान अच्छा नहीं लगता था। उस दिन व्यस्तता के कारण उसके हाथ का लगा पान नहीं खा सका था। गोमती होटल में शारदा सिन्हा का इंटरव्यू लेने गया। बात करते-करते उन्होंने अपना पानदान निकाला और पान निकालकर खाया। बताया कि वो ये छोटा सा पानदान हमेशा अपने पास रखती हैं। बात करते-करते मैं रुक गया और मेरी लालच भरी निगाहों को उन्होंने ताड़ लिया। बोलीं-पान खाना है? झिझक से बोला जी खिला दीजिए। उनका पान खाकर दीवान का पान का स्वाद फीका पड़ गया। उनके पान में ऐसी मुलायमियत, ताजगी और अपनी मट्टी के सौंधे पन जैसा संगीत था। इतना स्वादिष्ट और सुरीले पान का स्वाद आज भी महसूस करता हूं।

चौबीस बरस हो गए अभी भी मुंह में उनके पान का स्वाद है। छठ महापर्व पर जब-जब शारदा सिन्हा के गीत कानों तक पहुंचे मुंह में उनके पान का स्वाद ताजा हो गया। सच तो ये है कि मां शारदा की भक्तन शारदा सशरीर नहीं रहीं, लेकिन उनकी आवाज, लोकगीत, धुने, भक्ति हमेशा जीवित रहेगी। छठ हो, मांगलिक कार्य या जीवन का संघर्ष, हर मौके पर शारदा सिन्हा का लोकसंगीत मिट्टी की सुगंध के साथ महकता रहेगा।

# पहाड़ों का मौन संघर्ष



जय प्रकाश पांडेय
वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी

यह सिस्टम, यह समाज क्या कभी इन आवाजों को सुन पाएगा या केवल उन्हें इसी दर्द के साथ जीने का हुक्म देगा?

अल्मोड़ा में बीते दिनों फिर एक बस, किसी पुरानी घड़ी की टूटी सुई की तरह, खाई में गिर गई। हर बार की तरह, इस बार भी बस में भीड़ थी, उतनी ही जितनी अमूमन होती है- जैसे लोग अपनी जिंदगियों का बोझ साथ लेकर चल रहे हों और मौत एक बेजान पहरेदार हो, जो हर मोड़ पर मौन घात लगाए बैठा है। बसें तो वैसे भी पहाड़ों में उस संयम से नहीं दौड़तीं, जैसा मैदानों में।

यहां की बसें, अनियमित हैं-कभी आती हैं, कभी नहीं। लोग अपने भाग्य को बस की सीट पर यूं फेंक देते हैं, जैसे कोई सिक्का उछालते हों, जिसमें सामने मौत और पीठ पर जिंदगी हो। कोई विकल्प नहीं है उनके पास, शायद पहाड़ों ने उन्हें यही सिखाया है कि भीड़-भाड़, अनिश्चितता और असुरक्षित सफर ही उनकी नियति है। सरकार का ध्यान इस पर क्यों नहीं जाता कि इन संकरे रास्तों पर हर मोड़ पर एक बैरियर की जरूरत है। यहां हर खाई जैसे चुपचाप इंतजार कर रही है-किसी अनजान यात्री के लिए, जो उसे भरने आ सके। क्या ये सारे सुरक्षा उपाय, ये मापदंड, केवल आंकड़ों तक सीमित हैं? इस तरह जैसे पहाड़ों ने अपनी नियति को स्वीकार कर लिया हो, यहां हर सफर एक अंतिम सफर की तरह लगता है।

रात का अंधेरा...वह पहाड़ों का अपना है, जो रास्तों को मौन की चादर में लपेट देता है। इन अंधेरी सड़कों पर रोशनी नहीं है, शायद यह संदेश देने के लिए कि अंधेरा ही यहां का स्थाई साथी है। समय जैसे ठहर जाता है और हर मोड़ पर जिंदगी कहीं खो सी जाती है। बसें जब गुजरती हैं तो जैसे कोई प्राचीन गाथा की प्रतिध्वनि सुनाई देती है, जो हर साल थोड़ी और धुंधली होती जाती है। हर साल सरकार बजट बनाती है, जिनमें पर्वतीय क्षेत्रों का भी जिक्र होता है, लेकिन यह बजट किस खाई में गिरकर खो जाता है, यह सवाल हर पहाड़ी के दिल में कहीं चुपचाप बैठा है। वे अनायास ही इस खोखले आश्वासन को महसूस करते हैं, जैसे कोई बरसात के बाद की कुहासा हो, जो कुछ पल को तो दिखे, लेकिन छूते ही बिखर जाए। ये संकरी सड़कें बस प्रतीक्षारत हैं, जैसे किसी ने उनके हिस्से का इंतजार उन पर थोप दिया हो और बस दुर्घटनाएं हैं, जो उनकी जीवंतता की याद दिलाती हैं।

अस्पताल, जैसे एक ऐसी उम्मीद, जो खुद अपने अस्तित्व को लेकर अनिश्चित है और फिर वही परिचित घटना। कोई हादसा होता है, अधिकारी आते हैं, निरीक्षण करते हैं और कुछ आश्वासनों के कागजों पर हस्ताक्षर करके लौट जाते हैं। ऐसा लगता है जैसे पहाड़ के लोग केवल दुर्घटनाओं का इंतजार करें और उनके दर्द को किसी पुराने इतिहास के धूल भरे पन्नों में दफन कर दिया जाए। लोग कुछ दिनों के शोक में डूबते हैं और फिर इस दुख को कहीं गहरे छिपा लेते हैं। यह मान लिया गया है कि पहाड़ के लोग बस यूं ही जिएं, जैसे जीवन एक लंबा रास्ता हो, जिसमें हर मोड़ पर एक खाई इंतजार कर रही है। पहाड़ों में असुरक्षा एक अनिवार्य सत्य बन गई है। यहां हर दिन लोग इस अनिश्चितता के बीच रहते हैं- भीड़ से भरी बसों का सफर, मोड़ों पर बैरियर का न होना, और अस्पतालों में इलाज की उम्मीद न होना। जैसे यह सब महज घटनाएं नहीं, बल्कि यहां के लोगों के जीवन का स्थायी हिस्सा हैं। शायद यह लोग सोचते हैं कि एक दिन कोई उनकी चीखें सुनेगा, लेकिन तब तक अनगिनत आवाजें इन वादियों में कहीं खो जाती हैं।

यह त्रासदी सिर्फ एक घटना नहीं, बल्कि उन अनकही चीखों का स्वर है, जो इन वादियों में गूंजता है। हर झरने की धारा, हर खाई की गहराई, मानो इस पीड़ा को अपने भीतर समेटे हुए है। यह खामोशियां एक इंतजार हैं कि एक दिन कोई इनकी बात सुनेगा। पर कब? कब तक पहाड़ों के लोग यूं ही खाइयों में गुम होते रहेंगे? कब तक उनकी आवाजें इस सन्नाटे में डूबी रहेंगी? कहते हैं, पहाड़ों में धैर्य होता है- हर शिखर तक पहुंचने का, हर मौसम की मार सहने का। पर क्या यही धैर्य उनकी नियति बन गया है? यह चीखें, जो पहाड़ के सन्नाटे में दबी हैं, क्या हमेशा के लिए मौन ही रहेंगी? यह सिस्टम, यह समाज क्या कभी इन आवाजों को सुन पाएगा या केवल उन्हें इसी दर्द के साथ जीने का हुक्म देगा? हर हादसे के बाद एक उम्मीद जन्म लेती है कि शायद अब कुछ बदलेगा। शायद अब पहाड़ों की तकलीफें सुनी जाएंगी। पर क्या यह एक भ्रम नहीं? क्या यह पर्वतों की ऊंचाइयों में गूंजता एक असंभव प्रश्न है, जिसका उत्तर शायद कभी न मिले?

## सोशल फोरम

# तेजी से बढ़ रहा कैंसर



सुहेल वहीद अंसारी
उर्दू लेखक

घोर यातना से गुजर जाना है कैंसर इंस्टीट्यूट में चंद घंटे गुजारना। हर तीसरे चौथे आदमी के चेहरे के हिस्से कटे-पिटे देखना पड़ता है। कच्चे टांके और ताजी उगती खाल, रिसता पस और उधड़ी हुई मुंह के अंदर की सफेद चर्बी के साथ लाल गुलाबी खाल ज्यादातर ने अंगोछे से अपना मुंह ढक रखा है और कुछ ऐसे ही डॉक्टर को दिखाने के लिए बैठे या लेटे हैं।

लखनऊ में कल्याण सिंह सुपर स्पेशियलिटी कैंसर इंस्टिट्यूट के हर कोने आतर में मरीज और उनके तीमारदार इधर उधर बैठे हैं। डॉक्टर रोजाना औसतन सौ सवा सौ की ओपीडी कर रहे हैं। डब्ल्यूएचओ कहता है हर साल करीब एक करोड़ से ज्यादा लोगों की मौत कैंसर से होती है। भारत में कैंसर तेजी से बढ़ रहा है। इंडिया अगेंस्ट कैंसर के मुताबिक भारत में सन 2020 में कैंसर से करीब 8.5 लाख लोगों की मौत हुई। नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन में छपे एक पेपर में कहा गया है कि अगर लाइफस्टाइल में बदलाव कर लिया जाए तो कैंसर को पूरी तरह ठीक किया जा सकता है। एक हालिया रिसर्च में खुलासा हुआ है कि मुंह के कैंसर के मामले साउथ एशिया में सबसे ज्यादा हैं और इसकी सबसे बड़ी वजह तंबाकू है। इंटरनेशनल कैंसर रिसर्च एजेंसी की स्टडी कहती है कि सन बाइस में कुल 3,89,800 ओरल कैंसर मामलों में से 1,20,200 मामले बिना धुएं वाली तंबाकू से भारत में हुए थे।

स्टडी में यह भी बताया गया है कि महिलाओं में मुंह के कैंसर के मामलों का सबसे बड़ा कारण सुपारी 30 प्रतिशत और तंबाकू वाले पान मसाले 28 प्रतिशत हैं। इसके बाद गुटखा 21 प्रतिशत और खैनी 21 प्रतिशत का नंबर आता है। पुरुषों में ओरल कैंसर की सबसे बड़ी वजह खैनी 47 प्रतिशत, गुटखा 43 प्रतिशत, तंबाकू वाला पान मसाला 33 प्रतिशत और सुपारी 32 प्रतिशत है। इंस्टीट्यूट में जगह-जगह तंबाकू खाकर न आने के लिए तो लिखा है, लेकिन यह कहीं नहीं लिखा है कि गुटखा न खाएं, जो सबसे ज्यादा तेजी से कैंसर फैला रहा है। पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी की तारीफ करनी ही पड़ेगी, जिन्होंने अपने स्टेट में गुटखे के प्रोडक्शन, कंजम्पशन और बिक्री, तीनों पर कड़ा प्रतिबंध लगाया। कैंसर इंस्टीट्यूट जाकर लगता है कि गुटखा यहां कैंसर की आपदा लाकर ही रहेगा।

**-फेसबुक वॉल से**

# मीराबाई और प्रेतकल्प आलोचक



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

क्या वह आलोचक कल्पना कर सकता है कि सत्ता के विरुद्ध बगावत करने का अर्थ क्या होता है? मीरा का काव्य किसी आलोचक की संपत्ति नहीं है, वह समस्त लोक की संपदा है और ऐरा गैरा कोई आलोचक नहीं, लोकपरंपरा उसका प्रमाण है।

## विमर्श में कंवल भारती का व्याख्यान

मीरा भारत के लोकजीवन और लोकमानस की इतनी और इतनी गहराइयों में व्याप्त है, जितनी गहराइयों में उसका मोल में खरीदा हुआ गिरिधर-गोविंद व्याप्त है-माई मैंने गिरिधर लीयौ मोल! कोई कहै सस्ता कोई कहै महंगा अरी मैंने लियौ तराजू तोल। जब मीरा ने गिरिधर को मोल में ले ही लिया तो फिर मीरा और कृष्ण में भेद ही नहीं रहा। उपास्य और उपासक का भेद मिट गया। दोनों एक रूप-एक रस हो गए। मीरा और कृष्ण एक हो गए-राधा के भी श्याम और मीरा के भी श्याम। भारत के भक्त संगीत में मीरा एक धारा या परंपरा बन चुकी है। मीरा की वाणी भारत के लोकमानस के साथ एक रस हो चुकी है, जहां तक मीरा की साहित्य संपदा की बात है, मीरा की साहित्य संपदा बहुत ही विशाल है।

मीरा की क्रांति चेतना ने राणा को चुनौती दी थी। ऐसी चुनौती कि महात्मा गांधी ने सत्याग्रह दर्शन की चर्चा में मीरा बाई का स्मरण किया था। मीरा की क्रांति चेतना अपनी आन-मरजाद, कुल परंपरा को छोड़ने की घोषणा कर दी। मीरा की विद्रोही चेतना ने निस्संकोच होकर कह दिया था कि संतन ढिंग बैठि बैठि लोकलाज खोई। अथवा लोग कहें मीरा भई रे बाबरी सास कहे घर नासी रे। राणा जी के विरुद्ध विद्रोह की नायिका थी मीरा। जहर का प्याला राणा जी ने भेजा पीबत मीरा नाची रे। सुकरात को भी जहर दिया गया था और मीरा को भी। सुकरात मर गया और मीरा जीवित बच गई, लेकिन सत्य तो दोनों के पास था। उन दिनों वृंदावन में श्री जीवगोस्वामी भक्ति संप्रदाय के बड़े आचार्य थे, मीराबाई जब उनसे मिलने गईं तो उन्होंने कहलवा दिया कि "मैं स्त्रियों से नहीं मिलता।" मीराबाई ने कहने वाले को उत्तर दिया कि "अच्छा, वृंदावन में श्रीकृष्ण के अतिरिक्त भी कोई पुरुष रहता है, यह मुझे आपसे ही ज्ञात हुआ है" और तुरंत चली गईं, जब जीव गोस्वामी के पास मीरा का उत्तर पहुंचा तब वे पहचान सके कि जो स्त्री आई थी, वह तो असाधारण थी। मीरा के दर्शन शास्त्र में पुरुष ही एक है: ऐसे वर को क्या वरों, जो जन्में और मर जाय।/ ऐसे वर को मैं वरों, जो मेरा चुलड़ा अमर है जाय। मीरा वृंदावन से द्वारका की ओर चल दीं। उस मीराबाई को लेकर कोई आलोचक यह लिखे कि कोई आदमी था गिरिधर जोगी और मीरा उससे सांसारिक प्रेम करती थी तो उस आलोचक को आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी के शब्दों में "प्रेतकल्प" ही कहा जा सकता है। क्या वह आलोचक कल्पना कर सकता है कि सत्ता के विरुद्ध बगावत करने का अर्थ क्या होता है? मीरा का काव्य किसी आलोचक की संपत्ति नहीं है, वह समस्त लोक की संपदा है और ऐरा गैरा कोई आलोचक नहीं, लोकपरंपरा उसका प्रमाण है। ध्यान से समझने की बात यह है कि लोकचेतना में मीराबाई का क्या स्वरूप है?

# जगदंबा घर में दियराबारने चली गईं शारदा



डॉ. राहुल मिश्र
मुंबई

जगदंबा घर में दियरा बार अइनी हे, जगतारन घर में दियरा बार अइनी हे। शारदा सिन्हा का यह गीत उनकी पहचान था। शारदा जिज्जी जगदंबा घर में दियराबारने चली गईं। भोजपुरी की ख्यातनाम गायिका शारदा सिन्हा के गीतों के बिना छठ के पर्व की कल्पना भी नहीं की जा सकती। छठ के घाटों पर उनके गीत न बजें, ऐसा हो ही नहीं सकता। छठ के गीत गाने वालों की कोई कमी नहीं है।

भोजपुरी के गायक भी कम संख्या में नहीं होंगे, लेकिन भोजपुरी माटी के सोंधेपन की जो अनुभूति शारदा जिज्जी के गीतों में मिलती है, वह दुर्लभ है। वह आवाज शांत हो गई। उनके गाए गीतों का संकल हमारे सबके साथ रहेगा और उनकी स्मृतियों को सदैव जीवंत रखेगा। शारदा सिन्हा जीवनभर भोजपुरी की पहचान के लिए कार्य करती रहीं। भोजपुरी गीतों में आए फूहड़पन को वे बिल्कुल पसंद नहीं करती थीं। आज भी भोजपुरी गीतों की मिठास और जीवंतता इसी फूहड़पन के कारण समाज के बड़े वर्ग से दूर है। शारदा जी ने इस रिक्तता को भरा था। उनका स्वर जितना सुरीला और भोजपुरिया लहजे से पूर्ण था, उतना ही शब्दों की मर्यादा, गीतों के मुखड़े-बोल-अर्थ की मर्यादा का उन्होंने ध्यान रखा। इसी कारण उनके सामाजिक-सांस्कृतिक गीतों को आज भी अनेक पारिवारिक कार्यक्रमों में, विभिन्न संस्कारों में संस्कार के गीतों के रूप में गाया जाता है, सुना जाता है। शारदा सिन्हा जी जीवनपर्यंत भोजपुरिया संगीत, साहित्य व संस्कृति के लिए सक्रिय रहीं। इससे बड़ी बात उनकी भारतीयता के प्रति आस्था की है।

आज देश ही नहीं, विदेशों में भी भोजपुरी गीत-संगीत सहित समग्र भारतीय सांस्कृतिक चेतना की सशक्त हस्ताक्षर के रूप में शारदा सिन्हा की जो छवि है, उसे किसी परिचय की आवश्यकता नहीं है। शारदा सिन्हा जी का देहावसान ऐसी रिक्तता दे गया है, जो कभी नहीं भर पाएगी। शारदा सिन्हा जी के गीत न केवल हमारी सांस्कृतिक पहचान को जिलाए रखेंगे, वरन भोजपुरिया गीत-संगीत के भविष्य को एक दिशा भी देते रहेंगे, पथ प्रदर्शन करते रहेंगे।

# प्रेमिका से बात करने पर दोस्त की हत्या

## निचली गंग नहर में फेंका शव, पुलिस ने आरोपी समेत तीन को पकड़ा, पूछताछ के बाद बरामद हुआ शव

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के जगतापुर गांव में प्रेमिका से बात करने पर साथियों के साथ मिलकर दोस्त ने ही युवक की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। शव को निचली गंग नहर में फेंक दिया। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने तीन आरोपियों को पकड़ लिया। इसके बाद पूरा राज फाश हो गया। पांच माह बाद युवक दीपावली पर दिल्ली से घर लौटा था।


गगन गुप्ता उर्फ रामू।

इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के गांव जगतापुर निवासी गगन गुप्ता उर्फ रामू (18) पुत्र रमेश चंद्र गुप्ता तीन नवंबर की शाम करीब सात बजे घर से बिना सूचना के गायब हो गया। वह देर रात तक घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने इंदरगढ़ थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। इसके बाद भी गगन का कोई पता नहीं चला। इस पर परिजनों ने उसके खास मित्र गांव के ही अंकित राजपूत पुत्र परशुराम पर हत्या करने का आरोप लगाया। उसके घर पहुंच कर गगन के संबंध में जानकारी की तो परिजनों ने अंकित के घर में सोने की जानकारी दी। अंकित पर आरोप लगने के बाद पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछतांछ की लेकिन वह गुमराह करता रहा। जब पुलिस ने सख्ती की तो आरोपी ने पूरी घटना उगल दी। पुलिस ने निचली गंग नहर में तलाश की लेकिन शव नहीं मिला। इसके बाद पुलिस ने गुनाह पुल से लेकर उमर्दा तक खोज की तो नहर के अंदर शव मिला। पुलिस के बुलाने पर पहुंचे परिजनों ने गगन के रूप ने पहचान की। इसके बाद पुलिस ने अंकित से अन्य साथियों के संबंध में जानकारी ली तो उसने पूराराय राम निवासी सूजल दिवाकर व जगतापुर निवासी अमित ठाकुर के नाम बताए। इंदरगढ़ थानाध्यक्ष पारुल चौधरी ने इन दोनों को भी हिरासत में ले लिया। तीनों से पूछताछ की गई तो आरोपियों ने अपना गुनाह कबूल कर लिया। बता दें कि दीपावली पर गगन घर आया था। मृतक के चचेरे भाई दुर्गेश ने बताया कि अंकित का प्रेम संबंध किसी युवती से चल रहा था। वह युवती गगन से भी फोन पर बात करने लगी। इसकी जानकारी पर अंकित ने दोस्तों के साथ मिलकर भाई गगन को 3 नवंबर को बुलाया। यहां उसे नशीला पदार्थ खिला दिया। इस के बाद चाकू से गोदकर उसकी हत्या कर दी। शव को गुनाह पुल से निचली गंग नहर में डाल दिया। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया।

**पुलिस से बचने के लिये अपने सिर में मारी चोट:** कन्नौज। इंदरगढ़ थाने में बंद आरोपी अंकित जब पुलिस के हाथ दोबारा लग गया तो खुद को बचाने के लिये उसने अपने सिर में गंभीर चोट मार ली।


पोस्टमार्टम हाउस में मौजूद युवक के परिजन। अमृत विचार


इंदरगढ़ थाने में बैठे हत्या के दोनों आरोपी। अमृत विचार

### आतिशबाजी की दुकान में मददगार बना था गगन

- **कन्नौज।** परिजनों ने बताया कि गगन गुप्ता व आरोपी अंकित घनिष्ठ मित्र थे। वह पांच माह के बाद दीपावली पर घर आया। दोस्त अंकित पर भरोसा करता था। इसी लिये आरोपी अंकित ने पटाखे की दुकान लगाई तो देर रात तक गगन वहां बैठकर बिक्री कराता रहा। भाई दूज पर शाम सात बजे के करीब अंकित उसे साथ ले गया, जहां उसने प्रेमिका से बात करने के कारण उसकी हत्या करदी।

### शौच के बहाने थाने से भाग गया था आरोपी

- **कन्नौज।** हत्या जैसे गंभीर मामले के आरोपी की निगरानी में पुलिस चूक गई। दो दिन थाने में बैठाये रहने के बाद जब पुलिस को शव मिल गया तो आरोपी अंकित चकमा देकर थाने से भाग गया। आनन-फानन पुलिस व मृतक के परिजनों ने उसकी खोज की शुरू की। करीब तीन घंटे के प्रयास से पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# कर्ज में डूबे किसान ने कर ली खुदकुशी

**महोबा।** पत्नी के इलाज के लिए साहूकारों से लिए गए कर्ज की अदायगी न होने से परेशान किसान ने घर पर पंखे के हुक में रस्सी का फंडा डालकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। रात में पत्नी जब उठी तो पति को फांसी के फंदे पर झूलता देख चीखने चिल्लाने लगी। चीख पुकार सुनकर परिजन दौड़ पड़े और आसपास के लोग भी एकत्र हो गए।

कोतवाली चरखारी के ग्राम कीरतपुरा जीतू (26) पुत्र दुर्गाप्रसाद की पत्नी ज्ञानवती काफी दिनों से बीमार चल रही थी। मानसिक रुप से परेशान होने के कारण उसके पति ने साहूकारों से कर्ज ले लिया था और फसल आने पर कर्ज की अदायगी करने की बात कही थी, लेकिन इस साल बेमौसम हुई बारिश से खरीफ की फसल बर्बाद हो जाने के कारण किसान साहूकारों के कर्ज की अदायगी को लेकर परेशान रहने लगा। उधर साहूकारों से लिए गया सारा कर्ज पत्नी के ग्वालियर के उपचार में खर्च हो गया। खरीफ फसल की पैदावार की बेमौसम बारिश से बर्बाद हो गई। एक तरफ साहूकारों का कर्ज और दूसरी तरफ फसल की बर्बादी से परेशान किसान ने मंगलवार की रात घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। अब पत्नी को छोटे- छोटे बच्चों की परवरिश की चिंता सता रही है।

# संदिग्ध परिस्थिति में दो भाइयों की मौत

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- पुलिस बता रही हादसा, घर वाले कह रहे हत्या की बात
- पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार जांच-पड़ताल में जुटी पुलिस

**अमृत विचार।** अजनर मार्ग दो सगे भाइयों का शव लहूलुहान मिला। संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत की पुलिस जांच कर रही है। तमाम लोग जहां उनकी मौत का कारण सड़क हादसा बता रहे हैं तो परिजनों का आरोप है कि उनकी हत्या की गई है। मृतकों के पिता ने हत्या की तहरीर दी है। पुलिस हर पहलू पर मामले की जांच करने में जुट गई है।

थाना अजनर के ग्राम टिकरिया निवासी महेश के यहां जनपद हमीरपुर के ग्राम धगवां निवासी रुपेश (20) पुत्र अशोक अपने मौसा के यहां आया हुआ था। मंगलवार की देर शाम को रुपेश अपने मौसेरे भाई अरुण के साथ शौच के लिए गया था।

काफी देर तक दोनों भाईयों के घर न लौटने पर परिजन उनकी तलाश में निकले और गांव के बाहर इधर उधर तलाश करने लगे तभी अजनर टिकरिया मोड़ के पास एक खेत में दोनों के शव पड़े मिले। इसकी खबर फैलते ही ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। पुलिस की मदद से परिजन दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेलाताल ले गए, जहां पर डाक्टरों ने उन्हें देखते ही मृत घोषित कर दिया।


अरुण और रूपेश।

मृतक अरुण के पिता महेश ने संदिग्ध अवस्था में हुई दोनों भाइयों की मौत पर हत्या की आशंका जताते हुए अजनर थाने में तहरी दे दी है। तहरीर मिलने के बाद पुलिस घटना की जांच पड़तला करने में जुट गई है। उधर पुलिस क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ हर्षिता गंगवार ने बताया कि डायल 112 पुलिस को सूचना मिली थी।

बाइक सवार दो युवक पेड़ से टकरा जाने के कारण घायल हो गए हैं, जिन्हें पुलिस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेलाताल में भर्ती कराया गया, जहां पर डाक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया है। उनका कहना है कि घटना की जांच कराई जा रही। पुलिस ने शव का पंचनामा कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# युवती से रेप का आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

- गैंगरेप का मामला नहीं, आरोपी ने अकेले ही की वारदात

**अमृत विचार।** आलोचनाओं को झेल रही पुलिस को आखिरकार लगभग 11 दिन बाद महत्वपूर्ण कामयाबी मिली। निजी अस्पताल में काम करने वाली युवती से दुराचार के आरोपी को पुलिस ने दबोच लिया। एसपी अरुण कुमार सिंह ने बुधवार को पत्रकारों को इसकी जानकारी दी। एसपी ने बताया गैंगरेप नहीं हुआ था बल्कि एक युवक ने दुराचार किया था। युवक पर पहले से शंकरगढ़ थाने में दुराचार का एक मामला दर्ज है।


आरोपी शुभम।

गौरतलब है कि 26 अक्टूबर को निजी अस्पताल में काम करने वाली युवती से गैंगरेप का मामला सामने आया था। इस संबंध में युवती के पिता ने थाना बरगढ़ में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अस्पताल जाने वाले रास्ते पर जंगल में एक अज्ञात व्यक्ति ने बाइक से उसकी बेटी का रास्ता रोका था और फिर उसे साइकिल से गिरा दिया था। इसके बाद दो-तीन व्यक्ति और आ गए थे। इन्होंने सामूहिक दुष्कर्म किया था। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि इस ब्लाइंड केस के खुलासे के लिए अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी के नेतृत्व में पांच टीमों का गठन किया गया। एसपी ने बताया कि पीड़िता के बयानों में आए तथ्यों, साक्ष्यों व घटना के समय कुछ लोगों द्वारा वहां देखे गए युवकों के स्केच एवं मुखबिर की सटीक सूचना पर आरोपी को सेमरा रोड पर जंगल जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया। आरोपी ने अपना नाम शुभम मिश्रा उर्फ सुग्गा पुत्र कमलेश कुमार उर्फ मुन्ना निवासी ग्राम बिहरिया थाना शंकरगढ़ (प्रयागराज) बताया और दुष्कर्म की बात कुबूली। आरोपी से बाइक, मोबाइल फोन बरामद हुआ।

### डराने के लिए किया नाटक

- एसपी ने बताया कि आरोपी ने पूछतांछ में बताया कि घटना उसने अकेले की है। साथ में कोई और नहीं था। किसी को उसने बुलाया नहीं था। बताया कि मोबाइल से फोन करने का नाटक कर रहा था, जिससे युवती डरी रहे। हट्टे कट्टे आरोपी से युवती ने खुद को बचाने की बहुत कोशिश की पर नाकामयाब रही।

# बुंदेली प्रतिभाओं को खजुराहो में मिलेगा मंच

**चित्रकूट।** बुंदेली सेना के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह को खजुराहो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के लिए उत्तर प्रदेश का प्रभारी मनोनीत किया गया है। संयोजक राजा बुंदेला ने उन्हें यह दायित्व सौंपा। उनको विशेषकर बुंदेलखंड की प्रतिभाओं को कार्यक्रम में सम्मिलित कराने को निर्देशित किया है। अजीत सिंह ने बताया कि समारोह 5 से 11 दिसंबर तक खजुराहो में होगा।

इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में देशी -विदेशी फिल्मों का प्रदर्शन होगा। मुंबई की फिल्मी हस्तियां शिरकत करेंगी। मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश की राजनीतिक हस्तियों का जमावड़ा लगेगा। 9 वर्षों में सफलता के कीर्तिमान गढ़ने वाले फिल्म फेस्टिवल के 10वें आयोजन का आगाज हो गया है।

# उरई में पत्नी की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या

कार्यालय संवाददाता उरई

- पत्नी के चरित्र पर करता था शक, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अमृत विचार।** सिरसाकलार थाना क्षेत्र के ग्राम मानपुर में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी के चरित्र पर शक करते हुए उसकी कुल्हाड़ी से हमलाकर हत्या कर दी। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। मौके पर पुलिस अधीक्षक दुर्गेश कुमार भी जांच पड़ताल करने पहुंचे। वहीं पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है।


पुलिस अधीक्षक दुर्गेश कुमार ने घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन की।

सिरसाकलार थाना क्षेत्र के ग्राम मानपुर निवासी अमर सिंह यादव 33 वर्ष पुत्र पीतम सिंह ने बुधवार की सुबह 9 बजे अपनी 30 वर्षीय पत्नी कुशमा देवी के गले में ताबड़तोड़ कुल्हाड़ी से वारकर उसकी हत्या कर दी। जघन्य हत्यकांड को अंजाम देने के बाद हत्यारोपी पति मौके से भाग गया। आसपास के लोगों को जानकारी होने के बाद घटना से गांव में अफरातफरी मच गई। देखते ही देखते घटनास्थल पर लोगों की भीड़ लग गई। वहां पर पहुंचे ग्रामीणों ने घटना की खबर पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल की जांच पड़ताल की। वहीं पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी पति को हिरासत में ले लिया और उससे पूछताछ शुरू कर दी। पूछताछ के दौरान हत्यारोपी पति ने अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया कि मेरी पत्नी चरित्र ठीक नहीं था। बताया कि कई बार घर से भाग जाने की भी धमकी देती थी, जिससे तंग आकर उसने वारदात को अंजाम दे दिया। मृतका की मां ने बताया कि वह अपनी बच्ची कुशमा के साथ ही मानपुर में ही रहती है। मृतका कुशमा के दो बच्चे 7 वर्षीय लड़का और 3 वर्षीय लड़की है। फिलहाल घटना स्थल पर पुलिस अधीक्षक दुर्गेश कुमार के साथ अपर पुलिस अधीक्षक और सीओ जालौन के अलावा थानाध्यक्ष ब्रजेश बहादुर सिंह पुलिस वल के साथ मौके पर पहुंचे और आरोपी पति को गिरफ्तार कर शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। फिलहाल घटना के बाद से मृतक के बच्चों सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# अपहरण केस में 10 साल का कारावास

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट नंबर 11 मधु गुप्ता ने 11 साल पुराने अपहरण केस की सुनवाई करते हुए एक आरोपी को 10 साल की सजा सुनाई। उस पर 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। जुर्माना अदा न करने पर तीन माह का अतिरिक्त सजा होगी।

अभियोजन पक्ष के अनुसार बलरई क्षेत्र के नगला ताल निवासी सुलेखा देवी ने रिपोर्ट में आरोप लगाया था कि उसकी शादी 24 अप्रैल 2012 को फिरोजाबाद जिले के सिरसागंज क्षेत्र के नगला मदारी के प्रदीप कुमार के साथ हुई थी। प्रदीप के पिता की बचपन में ही मौत हो गई थी। उसकी मां ने दूसरी जगह घरौना कर लिया। प्रदीप को दादी ने पाला था। दादी की 2 अक्टूबर 2012 को मौत हो गई। इसके बाद प्रदीप की जमीन पर परिवार वालों ने कब्जा कर लिया। 20 मई 2013 को ताऊ के लड़के बृजमोहन व पवन कुमार बहाने से प्रदीप को घुमाने ले गए। इसके बाद से उसका कोई पता नहीं चला। विवेचना के बाद पुलिस ने दोनों के खिलाफ आरोपपत्र पेश किया। पवन के किशोर होने पर मामला किशोर बोर्ड भेज दिया गया। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट नंबर 11 ने अपर जिला शासकीय अधिवक्ता वीरेंद्र सिंह वर्मा की ओर से पेश किए साक्ष्यों व गवाहों के आधार पर बृजमोहन को 10 साल की सजा व 10 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

# पुलिस से मुठभेड़ में दो मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**पत्रकार हत्याकांड**

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** पत्रकार दिलीप सैनी हत्याकांड के मुख्य आरोपी दो सगे भाइयों को मलवां क्षेत्र के कैंची मोड़ के पास हुई मुठभेड़ में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ में एक आरोपी के पैर में गोली लगी है। दो नामजद आरोपी अभी भी पकड़ से दूर हैं। पुलिस ने मुठभेड़ के बाद आरोपियों के पास चाकू, कार और नकदी बरामद की है।


घायल आरोपी को लेकर जाती पुलिस।

सदर कोतवाली क्षेत्र के चकबिसौली स्थित यार्ड में 30 अक्टूबर की रात पत्रकार दिलीप सैनी की चाकुओं से गोदने के बाद गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्या उनके करीबियों ने की थी। पत्रकार दिलीप सैनी की पत्नी मनु ने नौ लोगों के खिलाफ नामजद और 5-6 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। बाकी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित की गई थीं, जो आसपास के जिलों में दबिशें दे रही थीं। मोबाइल फोन की लोकेशन के आधार पर पुलिस टीम मध्य प्रदेश तक गई, लेकिन आरोपी उनके हाथ नहीं लगे। सोमवार को आरोपियों की ओर से अदालत में समर्पण की अर्जी डाली गई तो पुलिस की सक्रियता बढ़ गई। बुधवार की भोर पहर हाईवे से सटे वाहिदपुर कैंची मोड़ के समीप इंटेलीजेंस विंग की टीम और मलवां थाने की पुलिस संयुक्त रूप से चेकिंग कर रही थी, तभी एक कार पर दो लोग आते दिखे। पुलिस ने रोकने का इशारा किया तो पीछे भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस ने घेराबंदी की तो एक युवक कार से उतरा और फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक आरोपी के पैर पर गोली लगी। दूसरे ने भागने की कोशिश की, जिसे पुलिस ने दौड़ाकर पकड़ लिया। पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। एएसपी विजय शंकर मिश्रा ने कहा कि गोली से घायल अनुराग तिवारी, उसका भाई आलोक तिवाली उर्फ अक्कू खागा क्षेत्र के सरसई के निवासी हैं, जो शहर के पक्का तालाब में रहते हैं।

### अब खुलेगा हत्या का राज

- पत्रकार दिलीप सैनी हत्याकांड के मुख्य आरोपी दो सगे भाइयों की गिरफ्तारी के बाद हत्याकांड से पर्दा उठने की उम्मीद है। हालांकि फिलहाल पुलिस अधिकारियों ने हत्याकांड की वजहों को लेकर कोई खुलासा नहीं किया, मगर संभावना है कि पुलिस जल्द ही खुलासा करेगी। दोनों मुख्य आरोपियों से गहराई से पूछताछ की गई है। पूछताछ के आधार पर पुलिस हत्याकांड की कड़ियों को जोड़ने के प्रयास में जुटी है।

# पत्रकारों को पीटने वाले सरीला चेयरमैन गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** सरीला के दो पत्रकारों को नग्न कर पीटने के आरोपी नगर पंचायत के चेयरमैन पवन अनुरागी को गिरफ्तार कर लिया गया है। भाजपा जिलाध्यक्ष ने प्रदेश अध्यक्ष को पत्र लिखकर उन्हें पार्टी से निष्कासित करने की संस्तुति की। पार्टी अध्यक्ष ने तत्काल प्रभाव से निष्कासित कर दिया है।

क्षेत्रीय पत्रकारों अमित द्विवेदी व शैलेन्द्र शुक्ला ने नगर पंचायत में भ्रष्टाचार की खबर प्रकाशित की थी, जिससे बौखलाए भाजपा नेता एवं नगर पंचायत अध्यक्ष ने साथियों के साथ दोनों पत्रकारों को बंधक बनाने के बाद निर्वस्त्र कर पीटा था। पीड़ितों ने तहरीर दी तो पहले पुलिस ने एफआईआर नहीं लिखी। मामला मानवाधिकार आयोग के पास पहुंचा तो पुलिस को रिपोर्ट दर्ज करनी पड़ी। इसके बाद भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील पाठक ने कार्रवाई की संस्तुति करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी को पत्र लिखा। भाजपा प्रदेश महामंत्री/मुख्यालय प्रभारी गोविंद नारायण शुक्ला ने पार्टी से निष्कासित कर दिया। इस घटना के चार आरोपी पहले ही गिरफ्तार हो चुके थे। बुधवार को पार्टी से निष्कासित होने के बाद पुलिस ने मुख्य आरोपी चेयरमैन पवन अनुरागी को भी गिरफ्तार कर लिया। सीओ घनश्याम सिंह ने कहा कि दोनों पत्रकारों के घरों में पुलिस लगाई गई है। विवेचना के आधार पर धारा 140 बढ़ाई गई है।

**समारोह** श्रीधर धाम में प्रख्यात कथावाचक स्व . रामकिंकर उपाध्याय के 3 दिवसीय जन्म शताब्दी समारोह का समापन

# साधु प्रतिष्ठा को नहीं, निष्ठा को प्रणाम करता है : बापू

चित्रकूट कार्यालय

**अमृत विचार।** प्रख्यात रामकथा वाचक संत मोरारी बापू ने कहा कि बिना संवेदनशीलता के जीवन में लक्ष्य नहीं मिलता। साधु प्रतिष्ठा को नहीं निष्ठा को प्रणाम करता है। वह बुधवार को श्रीधर धाम में प्रख्यात कथावाचक स्व. रामकिंकर उपाध्याय के तीन दिवसीय जन्म शताब्दी समारोह के समापन समारोह पर बोल रहे थे।

संत मोरारी बापू ने संघ प्रमुख मोहन भागवत को राष्ट्रपुरुष बताया। कहा, साधु प्रतिष्ठा को नहीं निष्ठा को प्रणाम करता है, मैं भी आपकी राष्ट्रनिष्ठा को प्रणाम करता हूं। उन्होंने कार्यक्रम के आयोजक मैथिलीशरण की सराहना की। कहा कि कोई मेवा के लिए गुरु के निकट होता है कोई सेवा के लिए पर मैथिलीशरण सबल सरल और संवेदनशील हैं। मैथिलीशरण की ग्रंथ और गुरु में अटूट निष्ठा सही रूप में अनुष्ठान है। **तो रामकथा के रहस्य से अनभिज्ञ रहता:** मोरारी बापू ने स्व.रामकिंकर के साथ संस्मरण साझा किए। कहा कि उनको रामकिंकर जी में पांच तत्व दिखाई दिए। पहला विश्वास, दूसरा विचार, तीसरा विलास, चौथा विराग और पांचवां विनोद।


शताब्दी समारोह के मौके पर मौजूद लोग। अमृत विचार

### संतों का किया गया सम्मान

श्री रामकिंकर विचार मिशन के संस्थापक अध्यक्ष स्वामी मैथिलीशरण ने सभी का स्वागत किया। संत मोरारी बापू व मैथिलीशरण ने रामकथा रसिक संतों और भक्तों को श्री रामकिंकर भारत भूषण सम्मान से सम्मानित किया। इनमें रामकथा वक्ता प्रेमभूषण, भागवत प्रवक्ता मनोज मोहन शास्त्री, भजन गायिका बीना देसाई, डा. अनामिका तिवारी, संगीता शर्मा, राजीव शर्मा, लखन लाल असाटी, ब्रह्मचारी संत, उत्तम स्वामी, स्वामी प्रपत्यानंद, महंत रामहृदय दास, संतोषदास, स्वामी श्रवणानंद सरस्वती, मालिनी अवस्थी शामिल हैं।

### चलते-फिरते विश्वकोश थे रामकिंकर: स्वामी चिदानंद

परमार्थ निकेतन ऋषिकेश के स्वामी चिदानंद ने कहा कि रामकिंकर तो चलते-फिरते ग्रंथकार थे, विश्वकोश थे। कहा कि गैर हिंदू अपनी आपस में आलोचना नहीं करते हैं, इसीलिए हमें भी एक दूसरे की आलोचना नहीं करनी है।

### कर्ज उतारने के लिए चित्रकूट में रामकथा जरूर कहूंगा

मोरारी बापू ने कहा कि उन पर पंडित रामकिंकर के विचारों का कर्जा है, जिसे उतारने के लिए वह चित्रकूट में रामकथा जरूर कहेंगे। उन्होंने महान संत रणछोड़ दास और नानाजी देशमुख को भी याद किया।

# रसगुल्ला मैन अनुज कुमार का नाम ओएमजी बुक ऑफ रिकार्ड में दर्ज

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- 20 से 30 फीट ऊपर उछाल कर खाते हैं गुलाब जामुन
- दिल्ली में शोभना सम्मान से भी सम्मानित हो चुके अनुज

**अमृत विचार।** गुलाब जामुन खाना सभी को पसंद है। शहर के शांति कॉलोनी में रहने वाले सेवानिवृत्त सब इंस्पेक्टर रामसेवक के 29 वर्षीय पुत्र अनुज कुमार का गुलाब जामुन खाने का अंदाज ही अलग है। वह गुलाब जामुन को 20 से 30 फीट ऊपर उछाल कर खाते हैं। करीब 10 साल से अलग अंदाज से गुलाब जामुन खाने की वजह से उनका नाम अजीबोगरीब कारनामा करने वाली किताबों में दर्ज हो गया है।

हाल ही में उनका नाम ओएमजी बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज हुआ है। वह इस उपलब्धि को हासिल करने वाले इटावा के पहले युवा हैं। उनके इस अनूठे अंदाज की वजह से उन्हें लोग रसगुल्ला मैन कहकर बुलाते हैं। वह अपनी इस कला का प्रदर्शन तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के समक्ष लखनऊ में पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के जन्मदिन पर भी कर चुके हैं। इस पर उन्हें पुरस्कृत भी किया गया था।


पुरस्कार दिखाते रसगुल्ला मैन अनुज।

इसके अलावा उन्हें कई शिक्षण संस्थानों में भी अपनी प्रतिभा दिखा चुके हैं। वह इटावा महोत्सव के पंडाल में भी रसगुल्ला उछालकर खा चुके हैं। दिल्ली में उन्हें शोभना सम्मान से भी सम्मानित किया जा चुका है। अनुज कुमार बताते हैं कि उन्हें अपने परिवार खासकर पत्नी रुचि कुमारी का पूरा सहयोग मिलता है। कंधे से कंधा मिलाकर साथ देती आ रही हैं।

# रामलला के साथ होगी पंचवटी, रामेश्वरम की अनुभूति

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

**अमृत विचार:** अब अयोध्या में रामलला के दर्शन के साथ पंचवटी, रामेश्वरम जैसे स्थानों के दर्शन और वहां मौजूदगी की अनुभूति भी की जा सकेगी। यह सब संभव होगा वर्चुअल रियलिटी (वीआर) के जरिए। अयोध्या विकास प्राधिकरण ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। श्रीराम वन गमन स्थलों का वर्चुअल रियलिटी (आभासी वास्तविक) पर डेमों शुरू कराया है। जल्द ही श्रद्धालुओं को पूरी अयोध्या के दुर्लभ स्थानों के दर्शन के लिए इसके अन्य केंद्र खोले जाएंगे।

हनुमानगढ़ी से श्रीराम जन्मभूमि मार्ग स्थित राजद्वार पार्क के गेट पर दुर्लभ दर्शन केंद्र पर डेमो की व्यवस्था की गई है। आधुनिक तकनीक से सुसज्जित इस केंद्र में हेडफोन के जरिए श्रीराम वन गमन की अनुभूतिक पूरा यात्रा कराई जाती है। इसमें थ्री डी नियर-आई डिस्पले और पोज ट्रैकिंग का प्रयोग किया जाता है। इसमें हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल करके एक नकली दृश्य बनाया जाता है। दर्शकों को दृश्य इतना वास्तविक लगता है कि कई लोग वीआर से यात्रा के दौरान दुर्गम ऊंचे पहाड़ों के दृश्य के साथ यात्रा करते अपने को उसके इतना करीब पाते हैं कि गिरने के भय में चिल्लाने लगते हैं। शो रुकवा देते हैं। इस आभासी लेकिन वास्तविक यात्रा में तमसा तट के बाद श्रृंगबेरपुर, प्रयागराज में भारद्वाजमुनि के आश्रम के बाद चित्रकूट के अनुसूइया आश्रम के वास्तविक दृश्यों के साथ घटनाओं को दिखाया और इसके बारे जानकारी दी जाती है। नदियों, पहाड़ों के वास्तविक दृश्य के साथ वहां मौजूदगी का अहसास होता है। पंचवटी, ऋष्यमूक पर्वत और रामेश्वरम की यात्रा के बाद श्रीराम के साथ अयोध्या वापसी होती है।

केंद्र के निदेशक हर्षित ने बुधवार को बताया कि राम गमन के साथ डेमो शुरू किया गया है। एडीए से अनुमति के बाद अयोध्या के विभिन्न स्थलों हनुमानगढ़ी, श्रीराम जन्मभूमि में आरती, भरतकुंड, देवकाली, नागेश्वरनाथ जैसे स्थलों की शूटिंग करके इसको समाहित किया जाएगा। 10 से 15 मिनट की वर्चुअल रियलिटी शो में अयोध्या के स्थलों के दुर्लभ दर्शन कराए जाएंगे।


दुर्लभ दर्शन केंद्र पर वर्चुअल रियलिटी से श्री राम वन गमन यात्रा का दर्शन करते श्रद्धालु।

### उज्जैन, वैष्णोदेवी सहित अन्य स्थानों पर चल रहे

दुर्लभ दर्शन की व्यवस्था अयोध्या से पहले ज्योर्तिलिंग महाकालेश्वर मंदिर परिसर, काशी विश्वनाथ कारीडोर, मां वैष्णो देवी के भवन, शारदा देवी मंदिर परिसर के साथ ज्योर्तिलिंग ओंकारेश्वर मंदिर गेट के बाहर दुर्लभ दर्शन केंद्र की स्थापना की गई है। यहां श्रद्धालुओं को संबंधित स्थलों से जुड़े स्थानों के दुर्लभ दर्शन कराए जा रहे हैं।

श्रद्धालुओं को रामलला के साक्षात दर्शन के साथ श्रीराम से जुड़े स्थानों के आभासी वास्तविक दुर्लभ दर्शन कराए जाने का प्रयास है। दुर्लभ दर्शन केंद्र के जरिए श्रीराम वन गमन का डेमो दिखाया जा रहा है। श्री राम जन्म भूमि मंदिर परिसर में शूटिंग के लिए अनुमति मांगी गई है। अनुमति के बाद राम मंदिर सहित अयोध्या के अन्य स्थानों की शूटिंग होगी। फिर पूरी अयोध्या के दुर्लभ स्थानों के वीआर के जरिए दर्शन की व्यवस्था की जाएगी।

–अश्विनी कुमार पांडेय, उपाध्यक्ष, अयोध्या विकास प्राधिकरण

# बौद्ध स्थलों पर सुविधाओं का किया जा रहा विस्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● नई दिल्ली में दो दिवसीय बौद्ध शिखर सम्मेलन संपन्न

**अमृत विचार।** गौतम बुद्ध से जुड़े स्थल कुशीनगर में टीएफसी, गेट कांप्लेक्स व अन्य पर्यटन सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। श्रावस्ती में बौद्ध विहार, कौशांबी में बौद्ध थीम पार्क और गेट कांप्लेक्स निर्माण की तैयारी है। कपिलवस्तु स्थित बौद्ध विहारों के विकास के साथ ही विपश्यना केंद्र का निर्माण किया जा रहा है। यह बात पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दिल्ली के निजी होटल में दो दिवसीय बौद्ध शिखर सम्मेलन के अंतिम दिन बुधवार को कही।

अन्तर्राष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ एवं संस्कृति मंत्रालय के संयुक्त तत्ववाधान में आयोजित दो दिवसीय समिट में पर्यटन मंत्री ने बताया कि समिट का विषय 'एशिया को मजबूत करने में बुद्ध धम्म की भूमिका' रखा गया था। समिट में प्रदेश के बौद्ध स्थलों का व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए बौद्ध अनुयायियों को राज्य में आने का निमंत्रण दिया।

# भाजपाइयों की नौटंकी से किसान हो रहा परेशान

## किसानों की आय दुगनी करने का वादा किया था अब जिक्र तक नहीं

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**अमृत विचार।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार ने किसानों को बर्बाद कर दिया है। आज किसान सबसे ज्यादा बदहाल और परेशान है। अगर काटने बांटने की भाषणबाजी और पॉलिटिकल पर्यटन से मुख्यमंत्री को फुर्सत मिले तो अपने गृह जिले समेत पूरे राज्य में डीएपी बंटवा दें, बुवाई का सीजन फिर साल भर बाद ही आएगा। भाजपाइयों की नौटंकी और भाषणबाजी से किसान परेशान हैं।

सपा प्रमुख ने बुधवार को अपने बयान में कहा कि भाजपा ने किसानों की आय दुगनी करने का वादा किया था किन्तु उसका अब कहीं जिक्र तक नहीं होता है। थोपे गये तीन काले कानूनों की वापसी के लिए सात सौ से ज्यादा किसानों की मौतें हो गई फिर भी सरकार ने किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) देने का कानून नहीं बनाया। किसानों की समस्याएं दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याओं के निदान के लिए केन्द्र की भाजपा सरकार ने जो कमेटी बनाई थी उसका भी कहीं अता-पता नहीं है। भाजपा सरकार की प्राथमिकता में पूंजीपति हैं किसान नहीं। खेती में हमेशा घाटा ही रहा है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में विरोध किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं। सरकारी धांधली के खिलाफ आवाज उठाने पर सरकारी काम में बाधा डालने के आरोप में किसानों पर फर्जी मुकदमे दर्ज किए जा रहे हैं।

### अयोध्या की जीत के बाद कहीं भी हराना असंभव नहीं



■ सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि अयोध्या की जीत के दिखा दिया है कि कुछ भी असंभव नहीं है। इसलिए सपाईयों के लिए सुनहरा मौका है कि भाजपा के सबसे बड़े शहरी गढ़ गाजियाबाद में उसे हराए। सोशल मीडिसा एक्स पर बुधवार को उन्होंने कहा कि गाजियाबाद में हर वर्ग परेशान है, भ्रष्टाचार और महंगाई का शिकार हैं। हम लोग भाजपा के मतदाताओं से कहेंगे कि इस बार तार्किक रूप से सोचविचार का मतदान करे, परिवर्तन के लिए मतदान करे। न्यायालय द्वारा जुर्माना लगाने पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा राज में उप्र. में फैली अराजकता का कोई और सबूत है, अब क्या भाजपा सरकार खुद पर बुलडोजर चलवाएगी।

## विशेष पुनरीक्षण अभियान 9 से

**लखनऊ।** विधानसभा उपचुनाव की नौ सीटों को छोड़कर प्रदेश में मतदाता सूची को अद्यतन करने के लिए विशेष पुनरीक्षण अभियान 9 नवंबर से शुरू होगा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के तहत अर्हता तिथि 1 जनवरी 2025 के आधार पर प्रदेश की कुल 394 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम चलाया जाएगा। 28 नवंबर से 24 दिसंबर तक दावे और आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा।

6 जनवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण से जुड़े अधिकारियों-कर्मचारियों के स्थानांतरण पर पुनरीक्षण अवधि 6 जनवरी तक रोक लगी हुई है। जिला निर्वाचन अधिकारियों, उप जिला निर्वाचन अधिकारियों, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों आदि को निर्वाचन आयोग की बिना अनुमति के स्थानांतरित नहीं किया जा सकेगा।


सैलानी द्वारा कैमरे में कैद किया गया बाघ। अमृत विचार

# पहले ही दिन किशनपुर सेंचुरी में दिखा बाघ

संवाददाता, पलिया कलां (खीरी)

**अमृत विचार।** किशनपुर वन्य जीव विहार का मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक सिंह ने हवन -पूजन कर शुभारंभ किया। पहले दिन ही सैलानियों को किशनपुर सेंचुरी में बाघ के दीदार हो गए। इससे सैलानी खुशी से उछल पड़े।

दुधवा नेशनल पार्क व किशनपुर सेंच्युरी बुधवार से पर्यटकों के लिए खोल दी गई है। नवीन पर्यटन सत्र के पहले दिन दुधवा में सैलानियों को बाघ के दर्शन नहीं हो पाए, लेकिन किशनपुर सेंचुरी में सैलानियों को पहले दिन ही बाघ दिखने से वे खुशी से झूम उठे। उन्होंने उसके चित्र को अपने कमरे में भी कैद किया। दुधवा टाइगर रिजर्व की किशनपुर सेंच्युरी ने के अधिकारियों ने इसकी पुष्टि भी की है। किशनपुर सेंचुरी के शुभारंभ के दौरान वन्य जीव प्रतिपालक किशनपुर धर्मेंद्र द्विवेदी, खंड विकास अधिकारी बांकेगंज ऋषि कुमार, वन क्षेत्राधिकारी किशनपुर मोहम्मद अयूब सहित आसपास के रिजार्ट स्वामी आदि ग्रामीण व वनकर्मी मौजूद रहे।

# असलहे के बट से मारकर सर्राफा व्यापारी से लूट

संवाददाता, सुलतानपुर

● मौके पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक ने की जांच, खुलासे को लगाई टीम

**अमृत विचार:** दुकान बंद कर घर जा रहे बाइक सवार सर्राफा व्यापारी को कार सवार चार बदमाशों ने ओवरटेक कर असलहे की बट से मारकर आभूषणों से भरा बैग लेकर फरार हो गए। गंभीर रूप से घायल व्यापारी को सीएचसी कूरेभार में भर्ती कराया गया है। एसपी ने घटना स्थल का निरीक्षण कर बदमाशों की तलाश में पुलिस टीम लगा दी है। घायल व्यापारी ने बताया कि उसके 14 से 15 लाख के आभूषण लूटे गए हैं। वही रात करीब 9 बजे आईजी अयोध्या प्रवीण कुमार भी घटनास्थल पर पहुंचे हैं।

मामला गोसाईगंज थाना क्षेत्र के भरथीपुर नहर के समीप का है। भरथीपुर गांव निवासी सुरेश चंद्र सोनी की गोसाईगंज थाने के सुदनापुर बाजार में सुरेश ज्वैलर्स के नाम से दुकान है। सुरेश बुधवार की शाम करीब 6 बजे दुकान बंद कर आभूषण को बाइक की डिक्की में रखकर घर के लिए निकले। करीब साढ़े छह बजे वह भरथीपुर नहर के समीप पहुंचे थे, तभी पीछे से आई ऑल्टो कार ने ओवर टेक किया और उसे टक्कर मारकर गिरा दिया। जब तक वह कुछ समझ पाता कार से उतरे लुटेरे आभूषण से भरे झोले को छीनने लगे। व्यापारी ने विरोध किया तो बदमाशों ने व्यापारी पर असलहे की बट से हमला कर उसे लहूलुहान कर दिया और आभूषण से भरा झोला लेकर भाग निकले। सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस घायल व्यापारी को सीएचसी कूरेभार में भर्ती कराया। मौके पर पहुंचकर एसपी सोमेन बर्मा ने जांच-पड़ताल की है। उन्होंने स्वाट टीम व सीओ जयसिंहपुर के नेतृत्व में जांच टीम गठित कर दी है। अपर पुलिस अधीक्षक अखंड प्रताप सिंह ने बताया कि अभी जांच चल रही है।

## 14 करोड़ 65 लाख की लागत से विकास कार्यों का होगा शिलान्यास

**लखनऊ।** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बुधवार को राजभवन में 14 करोड़ 65 लाख रुपये की लागत के आठ विकास कार्यों का शिलान्यास किया। इससे राजभवन स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय का कायाकल्प हो सकेगा। विद्यालय की जर्जर कक्षाओं को स्मार्ट कक्षाओं में बदलने का कार्य होगा।

इसके अलावा राजभवन की छतों की मरम्मत, अग्निशमन प्रणाली का उन्नयन, विभिन्न भवनों की छतों पर रूफ टॉप सोलर पैनल, किचन का जीर्णोद्धार, गांधी सभागार में नई वातानुकूलन तकनीक, विद्युत डीजी सेट की आपूर्ति और स्थापना कार्य शामिल हैं। राज्यपाल ने सभी निर्माण कार्यों को समयबद्धता और उच्च गुणवत्ता से करने व उनकी नियमित समीक्षा के निर्देश दिए। राज्यपाल ने कहा कि यहां पढ़ने वाले विद्यार्थी संस्कारवान बनें, आधुनिक तकनीक का उपयोग करें और अपने भविष्य के निर्माता स्वयं बनें।

# किच्छा के पास पटरी से उतरी बीसीएम

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बहेड़ी-किच्छा सेक्शन में 4 घंटे ठप रहा रेल संचालन, रेल अफसरों में मची खलबली
- रास्ते में रोकी गईं कई ट्रेनें और मालगाड़ियां, परेशान हुए यात्री
- इज्जतनगर मंडल के अधिकारियों को भेजी गई घटना की रिपोर्ट

**अमृत विचार:** किच्छा स्टेशन के पास बुधवार सुबह यार्ड में जाते समय ब्लास्ट क्लिनिंग मशीन (बीसीएम) डिरेल हो गई। इस घटना से रेल प्रशासन में खलबली मच गई। घटना के बाद बहेड़ी-किच्छा रेल मार्ग चार घंटे तक बंद रहा। इसकी वजह से दो यात्री ट्रेन और कई मालगाड़ियों का संचालन प्रभावित हुआ।

बताया जा रहा है कि बुधवार तड़के तीन बजे बहेड़ी स्टेशन पर दो बीसीएम काम करके किच्छा लौट रही थीं। आगे वाली बीसीएम तो निकल गई लेकिन पीछे से आ रही दूसरी बीसीएम ने जैसे ही शंट सिग्नल पार किया, ड्यूटी पर तैनात स्टेशन मास्टर ने प्वाइंट रिवर्स से नॉर्मल कर दिया। इस वजह से बीसीएम पटरी से उतर गई। आगे की ट्रॉली के चारों चक्के पटरी से उतर गए। इसके बाद आनन-फानन लालकुआं से रिलीफ टीम बुलाकर बीसीएम को पटरी से लाने का काम शुरू किया गया।

सेल्फ प्रोपेल्ड एक्सीडेंट रिलीफ ट्रेन (स्पार्ट मशीन) की मदद से करीब 5:45 बजे उसे पटरी पर लाया जा सका लेकिन रेलवे ट्रैक बहाल करने में कई घंटे लग गए। चार घंटे बाद सुबह करीब सात बजे ट्रैक को फिट घोषित करने के बाद इस रेलवे लाइन पर ट्रेनों का संचालन बहाल हो सका।



### ढाई घंटे खड़ी रहीं आगरा फोर्ट

बीसीएम डिरेल होने की वजह से ट्रेनों का संचालन बुरी भी प्रभावित हो गया। 15055 आगरा फोर्ट–रामनगर एक्सप्रेस को देवरनिया स्टेशन पर करीब सवा दो घंटा रोकना पड़ा तो दूसरी तरफ 05046 राजकोट–लालकुआं स्पेशल ट्रेन को भी ढाई घंटा से ज्यादा खड़ा रखा गया। इससे इन दोनों ट्रेनों के यात्रियों को दिक्कत का सामना करना पड़ा। कई मालगाड़ियों का संचालन भी प्रभावित हुआ।

### लीपापोती: अफसरों का डिरेलमेंट होने से ही इन्कार

घटना के बाद इज्जतनगर रेल मंडल के अधिकारी उस पर पर्दा डालने की कोशिश में जुट गए। इज्जतनगर रेल मंडल के जनसंपर्क अधिकारी राजेंद्र सिंह ने डिरेलमेंट की घटना से ही इन्कार कर दिया। उन्होंने कहा कि ब्लॉक लेकर काम किया जा रहा था जिसके लंबा खिंच जाने से ट्रेनों का संचालन प्रभावित हुआ। क्षमता परीक्षा में फेल कर्मचारियों से काम कराने के सवाल को टाल दिया कि यह अलग विषय है।

रामंमदिर | निर्माण समिति के अध्यक्ष ने कार्यदायी संस्था के अधिकारियों के साथ निर्माणाधीन स्थलों का किया निरीक्षण

# एक माह पीछे चल रहा परिसर के निर्माण का काम : नृपेंद्र

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** दिवाली की छुट्टी पर गए श्रमिकों का आने का क्रम शुरू हो गया है। छठ के बाद राम जन्मभूमि परिसर में मंदिरों का निर्माण फिर शुरू कर दिया जाएगा। इसके पूर्व मंदिर निर्माण में किए गए कार्यों की समीक्षा की जाएगी। मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र बुधवार को अयोध्या पहुंचे। उन्होंने कार्यदायी संस्था एलएंडटी के अधिकारियों के साथ निर्माणाधीन स्थलों का निरीक्षण किया। नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि परिसर के निर्माण का काम एक माह पीछे चल रहा है।

उन्होंने बताया कि 100 से अधिक श्रमिक अयोध्या पहुंच भी चुके हैं, लेकिन निर्माण कार्य को प्रारंभ करने के लिए जितने मजदूरों की आवश्यकता है उतने नहीं हैं। जिस कारण निर्माण कार्य पूर्ण रूप से प्रारंभ नहीं हो सका है। परिसर में निर्माण कार्य के लिए लगने वाले पत्थरों को उनके उचित स्थान पर रखने का कार्य शुरू कर दिया गया है। मंदिर के शिखर निर्माण के लिए गुजरात और राजस्थान के कारीगरों ने बुधवार से कार्य प्रारंभ कर दिया है।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के व्यवस्था प्रभारी गोपाल जी राव ने बताया कि धीरे-धीरे मजदूरों की संख्या बढ़ रही है। छठ के बाद यह संख्या पूरी हो जाएगी। उन्होंने बताया कि वर्ष में प्रमुख दो त्योहार होली और दीपावली में सभी श्रमिक छुट्टी पर जाते हैं।


हनुमान गढ़ी पर महंत संजय दास से मुलाकात करते हुए मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र। अमृत विचार

### शेषावतार मंदिर, परकोटा व सप्त मंडपम का हो रहा निर्माण

■ परिसर में 800 मीटर परकोटे का निर्माण किया जा रहा है। जिसमें छह मंदिर के निर्माण का कार्य भी चल रहा है। कार्य लगभग 60 प्रतिशत पूरा हो चुका है। परिसर में शेषावतार और सप्त मंडपम का निर्माण किया जा रहा है। जिसमें महर्षि वाल्मीकि, महर्षि विश्वामित्र, महर्षि अगस्त्य, निषाद राज, माता अहिल्या और शबरी की मूर्ति को स्थापित किया जाएगा। ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने कहा कि शिखर निर्माण का कार्य जनवरी तक पूरा हो जाएगा। परकोटा और अन्य मंदिरों के निर्माण का कार्य भी जुलाई 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य है। बताया कि मंदिर के निर्माण कार्य में लगभग 2500 मजदूर कार्य शामिल हैं। आवश्यकता के अनुसार कार्यदायी संस्था श्रमिकों की संख्या को घटाती–बढ़ाती है।

## राजभवन में मनाया गया पंजाब राज्य का स्थापना दिवस

**लखनऊ।** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में बुधवार को राजभवन में पंजाब राज्य का स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान पंजाब राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को दर्शाने वाले विभिन्न लोक नृत्य, लोक गायन की प्रस्तुतियों के साथ-साथ पंजाब की संस्कृति व विविधता पर आधारित डॉक्यूमेंट्री का भी प्रदर्शन किया गया। राज्यपाल ने कहा कि जीवन के हर पहलु में उत्साह व आनंद होता है। हर राज्य अपने त्योहारों, स्थापना दिवस व सांस्कृतिक परंपराओं के माध्यम से अपनी विविधता को प्रदर्शित करता है।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद – राठ (हमीरपुर)** स्वच्छ सर्वेक्षण 2023

पत्राक: 1626/1 न0पा0 प0– राठ / म्यु0सू0 /2024–25/ दिनांक: 06/11/2024

सूचना प्रकाशन
(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक / आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो यह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता / भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | कर निर्धारण / नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती माया देवी पत्नी राघवेन्द्र | श्रीमती राम किशोरी पत्नी हरीमोहन | पठानपुरा –2 | 12 | पंजीकृत विक्रय पत्र |

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पालिका परिषद, राठ – हमीरपुर

**कार्यालय नगर पालिका परिषद – राठ (हमीरपुर)** स्वच्छ सर्वेक्षण 2023

पत्राक: 1628/1 न0पा0 प0– राठ / म्यु0सू0 /2024–25/ दिनांक: 06/11/2024

सूचना प्रकाशन
(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक / आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो यह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता / भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | कर निर्धारण / नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती आशारानी पत्नी सुखदेव | श्रीमती राम किशोरी पत्नी हरीमोहन | पठानपुरा –2 | 12 | पंजीकृत विक्रय पत्र |

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पालिका परिषद, राठ – हमीरपुर

**कार्यालय नगर पालिका परिषद – राठ (हमीरपुर)** स्वच्छ सर्वेक्षण 2023

पत्राक: 1627/1 न0पा0 प0– राठ / म्यु0सू0 /2024–25/ दिनांक: 06/11/2024

सूचना प्रकाशन
(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक / आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो यह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता / भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | कर निर्धारण / नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती आशारानी पत्नी सुखदेव | श्रीमती राम किशोरी पत्नी हरीमोहन | पठानपुरा –2 | 12 | पंजीकृत विक्रय पत्र |

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पालिका परिषद, राठ – हमीरपुर

**कार्यालय ग्राम पंचायत रनुआं विकास खण्ड सैफई–इटावा**

पत्रांक: मेमो/ग्राम पंचायत–रनुआं/निविदा प्रकाशन/2024–25/ दिनांक: 06.11.2024

नोटिस/विज्ञप्ति

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से ग्राम पंचायत रनुआं सैफई–इटावा के अन्तर्गत वर्ष 2024–25 की कार्ययोजना के अनुसार मनरेगा/15वें वित्त/पंचम वित्त आयोग के टाइड एवं अनटाइड मद/पी0एफ0एम0एस0 निम्नांकित विवरण के अनुसार कराये जाने वाले निर्माण कार्यो हेतु ग्राम पंचायत रनुआं विकास खण्ड सैफई में फर्मो/ठेकेदारों से निविदायें/टेण्डर 07.11.2024 से 12.11.2024 समय 02:30 तक आमंत्रित एवं दिनांक 12.11.2024 की ग्राम निविदा समिति द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 03:30 पर खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 07.11.2024 से 12.11.2024 तक ग्राम पंचायत रनुआं सचिवालय कार्यालय दिवस में प्रातः 10:30 से 01:00 बजे तक निर्धारित शुल्क अदा कर क्रय किये जा सकते हैं। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है–

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | योजना का नाम | प्राक्कलन की लागत | जमानत धनराशि 2 प्रतिशत | निविदा का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | प्रा0वि0न0 अजाब में इन्टरलॉकिंग कार्य | पंचम वित्त /15वाँ वित्त | 1,50,561.00 | 3011.00 | 300.00 |

निविदा की शर्तें ग्राम पंचायत रनुआं कार्यालय में किसी भी कार्यदिवस में देखी जा सकती हैं।
01– अपर मुख्य सचिव उ0प्र0 शासन के पत्र सं0– 730/33–3–2022–11/2022 दिनांक 26.04.2022 के अनुसार वित्त आयोग के अंतर्गत सामग्री आपूर्ति हेतु पंचायती राज विभाग से जुड़े पदाधिकारी /कर्मी (क्षेत्र पंचायत प्रमुख, खंड विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी (पं0), ग्राम प्रधान पंचायत सचिव पंचायत सहायक पंचायती राज विभाग में संविदा पर कार्यरत कर्मी) के परिवारिक सदस्यों और रिश्तेदारों द्वारा स्थापित फर्म /वेण्डर की निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। साक्ष्य प्राप्त होने पर निविदा स्वतः निरस्त की दी जायेगी।

प्रधान ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत रनुआं विकास खण्ड सैफई–इटावा

**कार्यालय नगर पंचायत इकदिल (इटावा)**
नोटिस
अर्न्तगत धारा 146 (2) नगर पालिका अधिनियम 1916 के अर्न्तगत द्वारा अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत इकदिल (इटावा)

सर्वसाधारण सूचित किया जाता है कि श्री स्वराजनाथ गुप्ता पुत्र श्री अमर नाथ गुप्ता निवासी गण बजरिया सराय इकदिल तहसील इटावा जनपद इटावा ने एक प्रार्थना पत्र के साथ बैनामा की छाया प्रति/नकल/हलफनामा वसीयत प्रस्तुत की है। उन्होंने मकान रामस्वरूप आदि जिसका रकबा...... पूर्व पश्चिम ....... उत्तर दक्षिण ...... है। जिसकी सीमा पूर्व में मकान राम स्वरूप आदि पश्चिम में मकान अरविन्द कुमार गुप्ता उत्तर में गली 8 फीट चौड़ी दक्षिण में सड़क सरकारी मोहल्ला श्री सुरेन्द्रनाथ गुप्ता, राजेन्द्र नाथ व जितेन्द्र नाथ पुत्र श्री कैलाश नाथ गुप्ता निवासी मोहल्ला सड़क बाजार इकदिल से क्रय किया गया है। और प्रार्थना है कि उनका नाम मालिक की हैसियत से दर्ज किया जाय। अगर उपरोक्त सम्बन्ध में किसी को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस नोटिस पत्रासन के तीस (30) दिन के अन्दर अपनी आपत्ति साक्ष्य सहित इस कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा वाद–विवाद नोटिस नगर पंचायत किसी आपत्ति पर विचार न कर सकेगी और वाँछित नाम अंकित कर दिया जायेगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत इकदिल इटावा

**कार्यालय नगर पंचायत इकदिल (इटावा)**
नोटिस
अर्न्तगत धारा 146 (2) नगर पालिका अधिनियम 1916 के अर्न्तगत द्वारा अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत इकदिल (इटावा)

सर्वसाधारण सूचित किया जाता है कि श्रीमती समला देवी पत्नी श्री ओम प्रकाश निवासी गण दौलतपुर सराय इकदिल तहसील भर्थना जनपद इटावा ने एक प्रार्थना पत्र के साथ बैनामा की छाया प्रति/नकल/हलफनामा वसीयत प्रस्तुत की है। उन्होंने ....... जिसका रकबा...... पूर्व पश्चिम ....... उत्तर दक्षिण ..... . है। जिसकी सीमा पूर्व में प्लाट सुघर राजपूत पश्चिम में प्लाट विक्रेता प्रथम पक्ष उत्तर में वृक्षारोपड़ कथगवाँ लिंक मार्ग दक्षिण में रास्ता 16 फीट मोहल्ला श्री सुघर सिंह राजपूत पुत्र श्री पलटू निवासी मोहल्ला मो0 लुधियाँत इकदिल से क्रय किया गया है। और प्रार्थना है कि उनका नाम मालिक की हैसियत से दर्ज किया जाय। अगर उपरोक्त सम्बन्ध में किसी को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस नोटिस पत्रासन के तीस (30) दिन के अन्दर अपनी आपत्ति साक्ष्य सहित इस कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा वाद–विवाद नोटिस नगर पंचायत किसी आपत्ति पर विचार न कर सकेगी और वाँछित नाम अंकित कर दिया जायेगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत इकदिल इटावा

## एक नजर

### 1576 किसानों ने धान क्रय के लिए कराया पंजीकरण

**अमृत विचार, लखनऊ :** धान क्रय के लिए अभी तक मंडल में 1576 किसानों ने पंजीकरण कराया है। लखनऊ, हरदोई, सीतापुर, लखीमपुर-खीरी, उन्नाव और रायबरेली में धान खरीद 1 नवंबर से शुरू हो गई है। मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने धान क्रय को लेकर बुधवार को विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की। सामान्य धान का मूल्य 2300 रुपये प्रति क्विंटल है, जबकि ग्रेड ए धान का मूल्य 2320 रुपये प्रति क्विंटल है। उन्होंने कहा कि धान क्रय योजना का प्रचार-प्रसार करते हुए कृषकों को पंजीयन के लिए प्रेरित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि क्रय के बाद किसानों को शीघ्र भुगतान किया जाए।

### आयुष पीजी की तीसरी काउंसिलिंग 11 से

**अमृत विचार, लखनऊ :** आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक और यूनानी कॉलेजों में रिक्त परास्नातक (पीजी) सीटों पर दाखिले के लिए अभ्यर्थियों को अंतिम मौका 11 नवंबर से मिलेगा, तीसरे चरण की ऑनलाइन काउंसिलिंग शुरू होगी, 16 नवंबर को सीट आवंटन किया जाएगा। आयुष पीजी काउंसिलिंग के नोडल अधिकारी एवं निदेशक यूनानी प्रो. जमाल अख्तर ने बताया कि दूसरे चरण की काउंसिलिंग चल रही है। दाखिले के बाद भी कॉलेजों में रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए 11 नवंबर से पंजीकरण शुरू होगा, 13 व 14 नवंबर में दस्तावेजों का सत्यापन कर पंजीकृत अभ्यर्थियों की सूची जारी कर दी जाएगी। 20 नवंबर तक कॉलेजों में दाखिले की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

### आकांक्षा हाट 2024 की शुरुआत 9 से

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 9 नवंबर को लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित होने वाले आकांक्षा हाट 2024 की शुरुआत करेंगे। यह कार्यक्रम उप्र. की महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक नई पहल है, जिसका उद्देश्य महिला उद्यमियों और स्व-सहायता समूहों को अपने उत्पादों और कौशलों को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करना है। आकांक्षा हाट 2024 में ट्विन स्टेट इनिशिएटिव के तहत जम्मू और कश्मीर से महिला उद्यमियों और स्वयं सहायता समूहों को भी आमंत्रित किया गया है।

# अधिवर्षता आयु बढ़ाने के बाद भी विभाग में विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी

## अधिवर्षता आयु 65 साल करने से औचित्यहीन हुई पुनर्नियोजित योजना, वीआरएस मांगने वालों के बढ़े आवेदन

पद्माकर पाण्डेय, लखनऊ



**अमृत विचार :** अधिवर्षता आयु 65 साल करने के बाद भी स्वास्थ्य विभाग में विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी दूर नहीं हुई है, बल्कि बढ़ गयी है। इसकी वजह स्वास्थ्य विभाग द्वारा सेवानिवृत्त चिकित्सकों के लिए शुरू की गयी पुनर्नियोजित योजना औचित्यहीन होना भी कारण है। क्योंकि अब अधिकतर चिकित्सक 62 साल में स्वैच्छिक सेवानिवृत्त (वीआरएस) की मांग कर रहे हैं।

> संयुक्त निदेशक स्तर ग्रेड-पांच तक के चिकित्सक 62 साल में सेवानिवृत्त हो रहे हैं, योजनांतर्गत चिकित्सकीय सेवाएं जारी रखने के लिए पुर्नियोजित हो सकते हैं। फिलहाल, योजना में आयु बढ़ाने का कोई प्रस्ताव नहीं है।
> –शिव सहाय अवस्थी, विशेष सचिव एवं निदेशक प्रशासन स्वास्थ्य विभाग

अब तक 40-45 चिकित्सकों को वीआरएस मिल चुका है। इनमें से तमाम चिकित्सक चाह कर भी तकनीकी कारणों से पुनः सेवाएं नहीं दे पा रहे हैं।

19011 चिकित्सकों के कैडर वाले स्वास्थ्य विभाग द्वारा 2014 में 60 साल की आयु में सेवानिवृत्त होने वाले चिकित्सकों को पुनः पांच साल तक यानी 65 साल आयु तक सरकारी सेवाओं में बनाए रखने के लिए पुनर्नियोजित योजना लागू की गयी थी। विभिन्न जिलों में पद निर्धारित कर पूरे प्रदेश में कुल 1000 पद सृजित किए गए थे। साल 2017 में विशेषज्ञ और एमबीबीएस चिकित्सकों में 500-500 पद आरक्षित कर दिए गए। उसी साल 2017 में अधिवर्षता आयु 62 साल होने से यह योजना सेवानिवृत्त चिकित्सकों के लिए तीन साल के लिए रह गयी। इसके बाद भी विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी न खत्म होने पर प्रदेश सरकार ने चिकित्सकों की अधिवर्षता आयु 65 साल कर दी है। सरकार के इस निर्णय के बाद विशेषज्ञ चिकित्सक तकनीकी रूप (शारीरिक अक्षम) से विभाग छोड़ने को मजबूर हो गये। जिसकी वजह से विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता बनाए रखने में विभाग को खासा झटका लगा है।

### वीआरएस लेना मजबूरी

मेडिकल अनफिट प्रमाणित चिकित्सक तकनीकी रूप से पुनर्नियोजन के अंतर्गत चिकित्सकीय सेवाएं नहीं दे पा रहे हैं। सरकारी चिकित्सकों का कहना है कि रिटायर होने पर पीएफ फंड समेत समस्त देयों का भुगतान हो जाता है। समय पर समस्त भुगतान प्राप्त करने के लिए वीआरएस लेना मजबूरी है।

### नियम में हो बदलाव

पुनर्नियोजित योजना में सेवा देने वाले चिकित्सकों का कहना है कि एनएचएम और चिकित्सा शिक्षा विभाग में 70 साल तक सेवाएं देने का नियम है। उक्त को नजीर मानकर प्रदेश सरकार को पुनर्नियोजन में भी आयु 65 वर्ष से बढ़ाकर 68 वर्ष या 70 वर्ष कर देनी चाहिए। ताकि सेवाएं देने के इच्छुक चिकित्सक सेवाएं दे सकें।

### सेवानिवृत्ति में आई कमी

अधिवर्षता आयु 65 साल करने के बाद स्वास्थ्य विभाग में स्तर पांच, छह व सात के चिकित्सक ही सेवानिवृत्त हो रहे हैं। विभाग में इनकी कुल संख्या 127 है, इनमें हर माह गिनती के चिकित्सक सेवानिवृत्त हो रहे हैं। जबकि पुनर्नियोजित योजना 19011 पदों के सापेक्ष लागू हुई थी।

### 652 पद रिक्त

स्वास्थ्य विभाग में पुनर्नियोजित योजना के तहत मात्र 273 विशेषज्ञ चिकित्सक और 75 एमबीबीएस चिकित्सक सेवारत हैं, शेष 652 पद रिक्त हैं। सबसे ज्यादा राजधानी में 80 पद हैं, इनमें भी सात पद रिक्त हैं। इसी प्रकार दूरदराज के अवेसित जिलों में बड़ी संख्या में पद रिक्त चल रहे हैं।

## स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने वाली तीन निजी कंपनियों को नोटिस

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में उपभोक्ताओं के आवासों पर लगाये जा रहे स्मार्ट प्रीपेड मीटर में रीडिंग, स्वीकृत भार व समय के गलत ढंग से रिकॉर्ड होने की आशंका बन गई है। उप्र. पावर कॉरपोरेशन की उच्च स्तरीय तकनीकी टीम की जांच में मीटर में कई खामियां पाई गई हैं। कॉरपोरेशन की ओर से मीटर लगाने वाली तीन निजी कंपनियों को नोटिस जारी की गई है।

जिन निजी कंपनियों को नोटिस दी गई है, उसमें पोलरिस, इन टेलीस्मार्ट व जीएमआर शामिल हैं। ये तीनों कंपनियां दिल्ली की एलाइड इंजीनियरिंग वर्क्स में निर्मित मीटर लगाने का कार्य कर रही हैं।

# लखनऊ में बनेगी अत्याधुनिक फॉरेंसिक साइंस लैब, काम शुरू

**18 महीने में निर्माण कार्यों को पूरा करने का रखा गया है लक्ष्य**

## 87.50 करोड़ की लागत से 20,572.80 स्क्वॉयर मीटर बिल्ड अप एरिया में होगा निर्माण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार ने लखनऊ में अत्याधुनिक फॉरेंसिक साइंस लैब के निर्माण को गति देने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस आधुनिक फॉरेंसिक साइंस लैब का निर्माण बेसमेंट समेत 7 मंजिला परिसर (बीएस 5) के रूप में होगा। 87.50 करोड़ की लागत से 20,572.80 स्क्वॉयर मीटर बिल्ड अप एरिया में इसका निर्माण व विकास कार्य किया जाएगा। इस कार्य को पूरा करने का जिम्मा नियोजन विभाग के ईपीसी सेल को सौंपा गया है तथा डीटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट, आर्किटेक्चरल डिजाइन समेत विभिन्न रिपोर्ट्स की निर्धारण प्रक्रिया शुरू हो गई है।

▸▸ **चारबाग स्टेशन से 20 किमी दूरी पर होगा फॉरेंसिक लैब का निर्माण**



मालूम हो कि यूपी स्टेट फॉरेंसिक इंस्टीट्यूट द्वारा उपलब्ध कराई गई जमीन पर यह निर्माण प्रस्तावित है तथा रानीपुर रोड के जरिए लखनऊ-कानपुर हाइवे से इसे कनेक्ट किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन अनुसार, भविष्य की जरूरतों के अनुसार इस फॉरेंसिक लैब का निर्माण किया जाएगा।

### ईपीसी सेल ने बनाई विस्तृत कार्य योजना

आधुनिक फॉरेंसिक लैब के निर्माण व विकास के लिए नियोजन विभाग के ईपीसी सेल ने कार्यवाही शुरू कर दी है। इसके लिए एक विस्तृत कार्ययोजना बनाई गई है। 18 महीने में सभी निर्माण व विकास कार्यों को पूरा करने की समयावधि तय की गई है। वहीं, निर्माण प्रक्रिया को पूरा करने के पूर्व एक डीटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनाई जाएगी, जो मास्टरप्लान की तरह कार्य करेगा। मास्टरप्लान में आर्किटेक्चरल डिजाइन, टोपोग्राफी, साइट सर्वे, सब सॉयल सर्वे समेत विभिन्न रिपोर्ट्स का संकलन व निर्धारण होगा और 90 दिनों की समयावधि के बीच इस कार्य को पूरा करने पर फोकस किया जा रहा है। देश के प्रतिष्ठित संस्थान जैसे कि आईआईटी दिल्ली, आईआईटी कानपुर, आईआईटी रुड़की, आईआईटी बीएचयू तथा एनआईटी प्रयागराज जैसी संस्थाओं की रायशुमारी और अनुशंसा को भी फॉरेंसिक लैब के निर्माण में शामिल किया जाएगा।

चिह्नित क्षेत्र में निर्मित होने वाले परिसर चारबाग स्टेशन से 20 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। यह सोलर पीवी इनेबल्ड होगा तथा अंडरग्राउंड टैंक, इंसीनरेटर, कंपोज्ड प्लांट, अकॉस्टिक वॉल पैनलिंग, गैस बेस्ड फायर फाइटिंग सिस्टम, डीजी सेट, इलेक्ट्रिक सब स्टेशन तथा हॉर्टिकल्चर समेत सौंदर्यीकरण के विभिन्न कार्यों को पूरा किया जाएगा।

# 60 आईपीएस अफसरों के प्रमोशन की प्रक्रिया शुरू, चल रहा मंथन

## जनवरी में कमेटी की बैठक में हो सकती है डीपीसी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में लगभग पांच दर्जन आईपीएस अफसरों के प्रमोशन होने हैं, जिसकी प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। इसके लिए पुलिस महानिदेशक मुख्यालय में मंथन चल रहा है। अगले वर्ष जनवरी माह में होने वाली विभागीय प्रोन्नत कमेटी की बैठक में करीब दो दर्जन एसपी से डीआईजी, आधा दर्जन डीआईजी से आईजी और तीन आईजी से एडीजी स्तर के अधिकारियों के प्रमोशन पर विचार किया जा सकता है। इसके अलावा डेढ़ दर्जन से अधिक सहायक पुलिस अधीक्षकों को पुलिस अधीक्षक की रैंक मिल सकती है।

जानकारी के अनुसार, आईजी से एडीजी के पद पर प्रोन्नत होने वाले अफसरों में गौतमबुद्धनगर की पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह, लखनऊ रेंज के आईजी प्रशांत कुमार-द्वितीय और एटीएस के आईजी नीलाब्जा चौधरी के नाम शामिल हैं। जबकि डीआईजी से आईजी होने वालों में जोगेन्द्र कुमार, रवि कुमार छवि, विनोद कुमार सिंह, भारती सिंह, बाबूराम, राकेश प्रकाश, योगेश सिंह और गीता सिंह हैं। इसी तरह एसएसपी से डीआईजी बनने की प्रक्रिया में मुजफ्फरनगर के एसएसपी अभिषेक सिंह, मथुरा के एसएसपी शैलेश पांडेय, फर्रुखाबाद के एसएसपी आलोक प्रियदर्शी, झांसी की एसएसपी सुधा सिंह और शाहजहांपुर के एसपी राजेश के अलावा एसपी रामबदन सिंह, हृदयेश कुमार, तेजस्वरूप, देवरंजन वर्मा, अजय कुमार, हेमंत कुटियाल, शालिनी, स्वप्लिन ममगैन, प्रदीप कुमार, सूर्यकांत त्रिपाठी, अरुण कुमार श्रीवास्तव, विकास कुमार वैध, राजेश कुमार सक्सेना, डॉ. अरविन्द चतुर्वेदी, सुनीता सिंह, दिनेश सिंह, कमला प्रसाद यादव, अरविन्द मौर्य और सुभाष चंद शाक्य के नाम शामिल हैं।

### इन अफसरों के प्रमोशन में हो सकती है देरी

डीपीसी बैठक में आईपीएस अतुल शर्मा, शगुन गौतम, हिमांशु कुमार, अमित पाठक, धर्मवीर सिंह, विपिन मिश्रा और अजय पाल शर्मा के प्रमोशन का लिफाफा बंद हो सकता है। बताया जाता है कि इन अफसरों के खिलाफ किसी न किसी मामले को लेकर विभागीय जांच चल रही है। चूंकि डीपीसी बैठक होने में अभी लगभग दो महीने का समय है। हो सकता है तब तक कुछ अफसरों को जांच में क्लीन चिट मिल जाय।

# चमकेंगे टोल प्लाजा व सड़कें

## टोल कर्मचारियों को दिया जाएगा व्यवहार कौशल प्रशिक्षण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ **महाकुंभ से पहले हाईवे और मार्गों का किया जा रहा कायाकल्प**

▸▸ **एनएचएआई के चेयरमैन ने की समीक्षा बैठक, दिए निर्देश**

**अमृत विचार :** प्रयागराज महाकुंभ से पहले रास्ते में पड़ने वाले टोल प्लाजा की लगातार मॉनीटरिंग की जाएगी। कुंभ में आने वाले देशी-विदेशी पर्यटकों को बेहतर अनुभव देने के लिए टोल प्लाजा की सुंदरता बढ़ायी जाएगी। इतना ही नहीं टोल प्लाजा स्टाफ की भी बिहेवियरल ट्रेनिंग (व्यवहार कौशल प्रशिक्षण) कराई जाएगी, ताकि वे सभी आने वालों से विनम्रता से पेश आएं।

दरअसल, प्रदेश सरकार का जोर महाकुंभ के अवसर को ऐतिहासिक बनाने पर है। इसी क्रम में हाईवे से लेकर प्रयागराज सिटी को जोड़ने वाली सड़कों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी की मंशा के अनुरूप एनएचएआई और पीडब्ल्यूडी हाईवे और सिटी को जोड़ने वाली सड़कों को चमकाने में जुट गए हैं। महाकुंभ 2025 के दौरान जब देश और दुनिया से करोड़ों श्रद्धालु सड़क मार्ग से होकर प्रयागराज पहुंचेंगे तो उन्हें चौड़ी सड़क के साथ ही निश्चित अवधि में मल्टीलिंग्वल साइनेज बोर्ड, ग्रीनरी और पेंटिंग नजर आएंगी। यही नहीं, टोल प्लाजा के पास भी उन्हें तमाम सुविधाएं प्राप्त हो सकेंगी।

बुधवार को प्रयागराज मेला प्राधिकरण स्थित सभागार में एनएचएआई के चेयरमैन संतोष कुमार यादव ने प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात और प्रमुख सचिव पीडब्ल्यूडी अजय चौहान के साथ एनएचएआई के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि महाकुंभ ऐतिहासिक अवसर है और इस दौरान हमें सिर्फ सड़क नहीं बनानी है, बल्कि उसे अच्छा और खूबसूरत भी बनाना है। उन्होंने कहा कि सड़क ऐसी हो कि जिसकी चमक श्रद्धालुओं को आनंदित करे।

### महाकुंभ में हर आपात स्थिति से निपटने की तैयारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** दुनिया के सबसे बड़े सांस्कृतिक कार्यक्रम महाकुंभ 2025 में परिंदा भी पर न मार सके, इसके लिहाज से स्वास्थ्य कर्मियों के साथ एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की कई टीमें मिलकर काम कर रही हैं।

महाकुंभ से पहले केमिकल, बायलॉजिकल, रेडिएशनल और न्यूक्लियर प्रॉब्लम से निपटने के लिए भी टीम को तैयार कर लिए जाने की योजना है। इसके लिए बकायदा कर्मचारियों को हर आपदा से निपटने की विधिवत ट्रेनिंग दी जाएगी। यही नहीं योगी सरकार के निर्देश पर श्रद्धालुओं के मेडिकल टेस्ट के लिए भी प्रयागराज के अस्पतालों को स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी अपग्रेड करने में लगे हैं।

महाकुंभ के दौरान देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की देखरेख के लिए 291 एमबीबीएस व स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की तैनाती रहेगी। इसके अलावा 90 आयुर्वेदिक और यूनानी विशेषज्ञ भी इस अभियान में सहयोग के लिए मौजूद रहेंगे। साथ ही 182 स्टॉफ नर्स इन चिकित्सकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर जरूरतमंदों के स्वास्थ्य की देखभाल करेंगी।

# कानून के अनुसार सर्वेक्षण किया अथवा नहीं : हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **बहराइच ध्वस्तीकरण मामले में नोटिस जारी करने को लेकर सरकार से पूछा सवाल**

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने बहराइच में कथित अतिक्रमण के विरुद्ध ध्वस्तीकरण की कार्रवाई को चुनौती देने वाली जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान राज्य सरकार से पूछा है कि कानून के अनुसार सर्वेक्षण व सीमांकन किया गया अथवा नहीं। कोर्ट ने राज्य सरकार से अन्य बिंदुओं पर भी जानकारी मांगते हुए मामले में अगली सुनावाई के लिए 11 नवम्बर की तिथि नियत कर दी है।

वहीं, राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि उसका जवाबी हलफनामा दाखिल हो चुका है। इस पर न्यायालय ने याची को प्रत्युत्तर दाखिल करने का आदेश दिया। यह आदेश न्यायमूर्ति एआर मसूदी व न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की खंडपीठ ने एसोसिएशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स की ओर से दाखिल जनहित याचिका पर पारित किया।

सुनवाई के दौरान न्यायालय ने राज्य सरकार के अधिवक्ता को अगली तिथि पर यह भी बताने को कहा है कि क्या इस बात की जांच कराई गई थी कि जिन लोगों को नोटिस जारी किया गया है, वह संपत्ति के असली मालिक हैं या नहीं? वहीं याची के अधिवक्ता ने दलील दी कि जिन अधिकारियों ने नोटिस जारी की है, वे संबंधित प्रावधानों के तहत नोटिस जारी ही नहीं कर सकते। उन प्रावधानों के तहत नोटिस जारी करने का अधिकार सिर्फ जिलाधिकारी को है। न्यायालय ने अगली सुनवाई पर यह भी बताने को कहा कि क्या नोटिस उपयुक्त प्राधिकारियों द्वारा नोटिस जारी किया गया। न्यायालय ने याची के अधिवक्ता से भी कहा है कि जिन व्यक्तियों को नोटिस जारी की गई है, उसका विवरण अगली सुनवाई पर पेश करें।

### केंद्रीय मंत्रिमंडल के फैसलों पर योगी ने जताया आभार

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा लिए गए बड़े फैसलों पर आभार व्यक्त किया। योगी ने एफसीआई में 10,700 करोड़ रुपये की इक्विटी निवेश व पीएम विद्यालक्ष्मी योजना को मंजूरी देने के फैसले की सराहना करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट साझा की।

## वर्ग पहेली-244

**बाएं से दाएं**

2. सबसे छोटी उंगली, कनिष्ठिका, कनिष्ठा, कानी उंगली।
4. 1. राशि, ढेर 2. वह स्थान जहां जलाने की लकड़ी बिकती हो, टाल।
5. 1. वह जिसने जंभाई ली हो 2. प्रसारित 3. प्रस्फुटित 4. चेष्टित।
8. सम्मन तामील करने वाला कर्मचारी या चपरासी।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. किसी वस्तु, जैसे- कंकड़, धूल आदि का बहुत छोटा टुकड़ा या कण 2. अप्रिय अनुभव, हेठी, अपमान।
3. भारत के दक्षिण-पश्चिम में स्थित एक राज्य।
4. 1. किसी के पास जाना, पहुंच 2. प्रवेश।
6. 1. घरेलू काम-काज तथा सेवा करने वाली नौकरानी, बाई 2. ग्वालिन नामक पक्षी।
7. यूरोपीय संघ के सत्ताईस में से सोलह राष्ट्रों की आधिकारिक मुद्रा।




### वर्ग पहेली -243 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 अ | क | थ | | | 2 कृ |
| व | | | 3 पै | | पा |
| 4 डे | ढ़ी | | 5 गं | धा | लु |
| र | | | ब | | |
| | 6 झिं | गा | र | 7 ना | |
| 8 पू | | | | जु | |
| ती | | 9 रे | खां | क | न |

## सुडोकू-157

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | 5 | | 9 | | 8 | 6 | |
| | 9 | | 5 | | | 1 | | |
| | 7 | | 2 | | | | | |
| | 8 | | 4 | 1 | | 9 | | 3 |
| 5 | | | | | | | | 8 |
| 9 | | 2 | | 6 | 5 | | 4 | |
| | | | | | 4 | | 1 | |
| | | 3 | | | 7 | | 8 | |
| | 6 | 8 | | 5 | | 2 | 9 | |

### सुडोकू - 156 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 4 | 2 | 8 | 7 | 9 | 5 | 1 |
| 8 | 9 | 7 | 6 | 5 | 1 | 3 | 4 | 2 |
| 2 | 1 | 5 | 9 | 3 | 4 | 7 | 8 | 6 |
| 1 | 8 | 6 | 4 | 9 | 3 | 2 | 7 | 5 |
| 5 | 2 | 9 | 7 | 1 | 8 | 4 | 6 | 3 |
| 7 | 4 | 3 | 5 | 2 | 6 | 1 | 9 | 8 |
| 4 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 8 | 3 | 9 |
| 6 | 3 | 1 | 8 | 7 | 9 | 5 | 2 | 4 |
| 9 | 5 | 8 | 3 | 4 | 2 | 6 | 1 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 7 नवंबर गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-कार्तिक, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-षष्ठी 8 नवंबर 00.34 तक तत्पश्चात सप्तमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-दक्षिण। **ऋतु**-हेमंत।
चन्द्रबल- मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाषाढ़ा 11.47 तक तत्पश्चात उत्तराषाढ़ा।


मेष

आज नई तकनीक के प्रति आपका रूझान बढ़ेगा। आपको दूसरों की मदद करने के कारण लोकप्रिय रहेंगे। साधु प्रवृत्ति के लोगों के साथ आपका संपर्क मजबूत होगा। दांपत्य जीवन का असंतोष भी आप संवाद के बल पर दूर कर सकते हैं।


वृष

आज दवाइयों पर धन खर्च हो सकता है। घर और कार्यक्षेत्र आवश्यक वस्तुओं की कमी के कारण आप क्रोधित हो सकते हैं। नए प्रेम संबंधों को लेकर सावधान रहें। पाचन शक्ति कमजोर होने के कारण दस्त और उल्टी जैसी समस्या हो सकती है।


मिथुन

आज नव विवाहित जोड़े परिवार आगे बढ़ाने के फैमिली प्लानिंग करने का विचार बना सकते हैं। जॉब व व्यवसाय में अपने लक्ष्यों को समय पूर्व ही निपटा लेंगे। आपको एक बड़ा पद सौंपा जा सकता है। ससुराल पक्ष से शुभ सूचना मिल सकती है।


कर्क

आज नौकरीपेशा लोगों को सहकर्मियों के व्यवहार से परेशानी होगी। अपने लक्ष्य के प्रति आप एकाग्र रहेंगे। व्यापार में अचानक धन लाभ हो सकता है। आपके मस्तिष्क में कुछ बेहतरीन रचनात्मक विचार आएंगे। इसका प्रयोग आप नए स्टार्टअप के लिए भी कर सकते हैं।


सिंह

आज का पूरा दिन आत्मविश्वास से भरपूर रहेगा। विवादित मामलों पर समझौता हो सकता है। आप लोगों के बीच आपकी लोकप्रिय रहेंगे। प्रशासन से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।


कन्या

आज पुरानी उलझनों को लेकर आप थोड़े परेशान हो सकते हैं। अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखें। घर के बुजुर्ग आपसे प्रसन्न रहेंगे। प्रेमीजन के साथ आप कहीं घूमने जा सकते हैं। ऑफिस में काम ज्यादा न होने के बाद भी आपको ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी।


तुला

आज कार्यक्षेत्र में आपका दिन बहुत अच्छा रहेगा। दृढ़ निश्चय के दम पर आप कोई बड़ा काम कर सकते हैं। परिजनों की अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे। आपके सामाजिक दायरे में वृद्धि होगी। बहुमूल्य वस्तुओं की खरीदारी कर सकते हैं।


वृश्चिक

आज लोन से जुड़े मामले उलझने की आशंका है। कब्ज के रोगियों को परेशानी होगी। बेवजह के मुद्दों पर आप घिर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में अधिकारी वर्ग के लोग आपसे प्रसन्न रहेंगे। फाइनेंस से जुड़े कार्यों में देरी हो सकती है।


धनु

आज कारोबार में आपका प्रदर्शन शानदार रहेगा। अनावश्यक खर्चों में नियंत्रण पाने में सफल रहेंगे। आपके काम की गुणवत्ता में वृद्धि होगी। दांपत्य जीवन बेहद सुखद रहेगा। आप परिजनों के साथ बेहतरीन समय बिताएंगे।


मकर

आज पुराने रोग दोबारा उभर सकते हैं। शाम के समय आप दिखावे में धन खर्च करेंगे। विदेशी स्रोतों से धन लाभ मिलने के योग बन रहे हैं। समस्याओं को लेकर आप लापरवाह हो सकते हैं। अति उत्साह के कारण आपके काम बिगड़ने की आशंका है।


कुंभ

आज पैतृक कारोबार में आपको बड़ा लाभ मिल सकता है। आपके द्वारा बनाई हुई योजना सफल होगी। विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए बेहतरीन अवसर प्राप्त होने की संभावना है। आप अपने घर में किसी उत्सव का आयोजन कर सकते हैं।


मीन

आज नए कार्य की योजना बनाने के लिए दिन शुभ है। व्यापार में पार्टनरशिप करने के मौके मिलेंगे। जीवनसाथी के प्रति आपके मन में सम्मान भाव बढ़ेगा। परिवार में प्रसन्नता का माहौल रहेगा। कानूनी पचड़ों से मुक्ति मिल सकती है।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
- हिरासत — सुबह : 08.17
- मि. नटवरलाल — शाम : 06.23

&pictures
- एक विवाह ऐसा भी — सुबह : 11.07
- कोई...मिल गया — रात : 08.00

SONY PIX
- इट चैप्टर 2 — सुबह : 10.31
- 2012 — रात : 09.00

ZEE CINEMA
- बिजनेसमैन 2 — सुबह : 10.08
- खिचड़ी 2 — रात : 08.00

ZEE ACTION
- फूल और अंगार — सुबह : 10.49
- जलजला — रात : 07.30

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पुलिस- हम पुलिस वाले हैं, दरवाजा खोलो।
चिंटू- क्या काम है?
पुलिस- बात करनी है।
चिंटू- कितने लोग हो?
पुलिस- चार लोग हैं।
चिंटू- तो फिर मेरा क्या काम है, आपस में बात कर लो।

चेन स्नैचिंग वाले महिला के गले से हार खींच कर ले गए।
अगले दिन महिला बहुत ज्यादा दुखी हुई। हार के लिए नहीं, अखबार वालों ने छाप दिया- वृद्ध महिला के गले से हार छीन भागे चेन स्नैचर।



# आईसीसी टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में छठे स्थान पर पहुंचे ऋषभ

दुबई, एजेंसी



भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत पिछले हफ्ते मुंबई में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट में प्रदर्शन के बूते बुधवार को ताजा जारी आईसीसी पुरुष टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में पांच पायदान के फायदे से छठे स्थान पर पहुंच गए। पंत ने मुंबई टेस्ट के दौरान दो अर्धशतकीय पारियां खेलीं, हालांकि भारत तीसरे और अंतिम टेस्ट में हार से श्रृंखला 0-3 से गंवा बैठा।

इस प्रदर्शन से पंत को रैंकिंग में फायदा हुआ जो संकेत है कि वह गंभीर कार दुर्घटना के बाद अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में वापसी कर चुके हैं। अब यह बायें हाथ का बल्लेबाज जुलाई 2022 में रैंकिंग में हासिल किए गए अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ पांचवें स्थान से महज एक कदम पीछे है। शीर्ष टेस्ट बल्लेबाजों की सूची में शामिल अन्य भारतीय बल्लेबाजों में बायें हाथ के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल भी मौजूद हैं जो एक पायदान नीचे चौथे स्थान पर खिसक गए हैं। न्यूजीलैंड ने मुंबई में 25 रन की करीबी जीत से श्रृंखला में वाइटवाश किया जिससे शीर्ष 10 टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में पंत और दौरा करने वाली टीम के डेरिल मिचेल को फायदा हुआ। मिचेल आठ पायदान की छलांग से सातवें स्थान पर पहुंच गए, उन्होंने मुंबई टेस्ट में भारत के खिलाफ पहली पारी में 82 रन की पारी खेली जिससे वह टीम के साथी केन विलियमसन (दूसरे स्थान) के साथ शामिल हो गये जो न्यूजीलैंड के शीर्ष 10 में मौजूद एकमात्र खिलाड़ी थे।

इंग्लैंड के दायें हाथ के बल्लेबाज जो रूट ने सूची में शीर्ष पर अपनी बढ़त बरकरार रखी है जिसमें विलियमसन, हैरी ब्रुक (तीसरे), जायसवाल (चौथे) और स्टीव स्मिथ (पांचवें) उनके लिए चुनौती हैं।

### गेंदबाजी रैंकिंग में जडेजा छठे स्थान पर पहुंचे

भारत के शुभमन गिल ने मुंबई में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहली पारी में 90 रन की पारी खेली जिससे वह चार पायदान के लाभ से 16वें स्थान पर पहुंचे जबकि न्यूजीलैंड के प्लेयर ऑफ द सीरीज विल यंग 29 पायदान की उछाल से 44वें स्थान पर काबिज होने में सफल रहे। रविंद्र जडेजा न्यूजीलैंड के खिलाफ 10 विकेट लेने से टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में दो पायदान के फायदे से छठे स्थान पर पहुंचे जिससे वह रविचंद्रन अश्विन से एक स्थान पीछे हैं। कागिसो रबाडा शीर्ष रैंकिंग पर काबिज हैं। ऑस्ट्रेलिया के जोश हेजलवुड भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और पैट कमिंस से आगे दूसरे स्थान पर हैं। वहीं टीम साथी वाशिंगटन सुंदर टेस्ट गेंदबाजों में सात पायदान के लाभ से 46वें स्थान पर पहुंच गये। न्यूजीलैंड के स्पिन जोड़ीदार एजाज पटेल (12 पायदान के फायदे) और ईश सोढी (तीन पायदान के फायदे) क्रमशः 22वें और 70वें स्थान पर बने हुए हैं।

# डेविस कप कोच आशुतोष सिंह को 16 साल के मानस धामने से काफी उम्मीदें

नई दिल्ली, एजेंसी



- कोच बोले भविष्य के लिए अहम खिलाड़ी हो सकते हैं मानस

जीशान अली की जगह नये डेविस कप कोच बने आशुतोष सिंह को उम्मीद है कि मानस धामने अपनी कड़ी मेहनत और शानदार जज्बे की बदौलत भारतीय टेनिस के लिए भविष्य में अहम खिलाड़ी साबित हो सकते हैं। आशुतोष ने स्टॉकहोम में मालेगांव के इस युवा खिलाड़ी को देखा जहां भारत ने स्वीडन के खिलाफ डेविस कप ग्रुप एक मुकाबले में हिस्सा लिया था। हालांकि 16 वर्षीय धामने को कोई मैच खेलने का मौका नहीं मिला लेकिन वह एक अन्य युवा खिलाड़ी आर्यन शाह के साथ स्टॉकहोम गई टीम का हिस्सा थे।

भारत को मेजबान टीम के हाथों 0-4 से हार का सामना करना पड़ा, लेकिन कोच आशुतोष ने स्वीडन में हुए इस निराशाजनक प्रदर्शन में सकारात्मक पहलू देखा। पूर्व डेविस कप खिलाड़ी बलराम सिंह के बेटे आशुतोष ने कहा मानस एक मेहनती खिलाड़ी है। कोर्ट पर वह सिर्फ आंखों से संपर्क बनाता है और ओके करता है। उसके पास एकल में भारत के मिस्टर डिपेंडेबल बनने की क्षमता है जिसकी तलाश भारतीय टेनिस को लंबे समय से है। निश्चित रूप से अभी बहुत लंबा सफर तय करना है। लेकिन वह जिस रास्ते पर चल रहा है और उसके मेहनती दृष्टिकोण से यह संभव लगता है। यह भी ध्यान रखना होगा कि मानस सिर्फ 16 साल का है और उसे अपने कार्यभार प्रबंधन के कुछ पहलुओं में सतर्कता बरतते हुए निगरानी की जरूरत है। लेकिन वह इटली में अपने ट्रेनिंग बेस में सही ट्रेनिंग ले रहा है। भारत के पास शीर्ष-100 में केवल एक खिलाड़ी सुमित नागल (83) है। उनके बाद रामकुमार रामनाथन हैं जो 309वें नंबर पर हैं।

## खेल डायरी

### किरण जॉर्ज कोरिया मास्टर्स के दूसरे दौर में पहुंचे

**इसकान सिटी (कोरिया)।** भारत के किरण जॉर्ज ने बुधवार को यहां कड़े मुकाबले में वियतनाम के कुआन लिन कुओ को तीन गेम में हराकर कोरिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई। भारत के चौबीस साल के किरण ने इस बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 टूर्नामेंट के पहले दौर में वियतनाम के खिलाड़ी के खिलाफ 57 मिनट में 15-21, 21-12, 21-15 से जीत दर्ज की। टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे एकमात्र भारतीय और दुनिया के 44वें नंबर के खिलाड़ी किरण दूसरे दौर में चीनी ताइपे के तीसरे वरीय ची यू जेन से भिड़ेंगे। किरण ने मुकाबले की धीमी शुरुआत की जिसका फायदा उठाकर किन कुओ ने 11-4 की बढ़त बनाई और फिर आसानी से पहला गेम जीत लिया। किरण ने 0-1 से पिछड़ने के बाद दूसरे गेम की शुरुआत लगातार छह अंक के साथ और फिर दूसरा गेम जीतकर मुकाबला 1-1 से बराबर किया।

### घरेलू वनडे और टी-20 में असलंका करेंगे कप्तानी

**कोलंबो।** चरिथ असलंका न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू एकदिवसीय और टी-20 सीरीज के लिए श्रीलंका टीम की कप्तानी करेंगे। श्रीलंका ने हाल ही में भारत और वेस्टइंडीज के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करने वाले अनुभवी खिलाड़ियों को भी दोनों प्रारूपों के लिए टीम में जगह दी है। नौ और 10 नवंबर को दो टी-20 मैच खेले जाएंगे। वहीं 13, 17 और 19 नवंबर को एकदिवसीय मैच होंगे। पहले तीन मैच रांगिरी दांबुला अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में तथा अंतिम दो एकदिवसीय मैच पल्लेकेले अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे। श्रीलंका की वनडे टीम में चरिथ असलंका (कप्तान), पथुम निसंका, अविष्का फर्नांडो, कुसल परेरा, कुसल मेंडिस, कामिंदु मेंडिस, जेनिथ लियानगे, सदीरा समरविक्रमा, निशान मदुश्का, डुनिथ वेलालेज, वानिंदु हसरंगा, महीश थीक्षाणा, जेफरी वांडरसे, चामिदु विक्रमसिंघे, असिथा फर्नांडो, मदुशंका और शिराज होंगे। श्रीलंका की टी-20 टीम में चरिथ असलंका (कप्तान), निसंका, कुसल मेंडिस, कुसल परेरा, कामिंदु, चंडीमल, अविष्का, भानुका, हसरंगा, थीक्षाना, डुनिथ, जेफरी वांडरसे, चामिदु, नुवान, पथिराना, बिनुरा और असिथा फर्नांडो को रखा गया है।

### पाकिस्तान के खिलाफ जोश होंगे ऑस्ट्रेलिया के कप्तान

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया ने जोश इंग्लिस को पाकिस्तान के खिलाफ सफेद गेंद घरेलू सीरीज के लिए टीम का नया कप्तान बनाया हैं। चयन समिति के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने बुधवार को कहा जोश एकदिवसीय और टी-20 अंतर्राष्ट्रीय टीमों का अभिन्न सदस्य है और मैदान के अंदर और बाहर एक बेहद सम्मानित खिलाड़ी है। बेली ने कहा वह पहले भी ऑस्ट्रेलिया ए टीम का नेतृत्व कर चुके है और उनको मैट शॉर्ट और एडम जम्पा जैसे खिलाड़ियों के साथ-साथ ग्लेन मैक्सवेल और मार्कस स्टोइनिस जैसे वरिष्ठ खिलाड़ियों से भी भरपूर समर्थन मिलेगा। इंग्लिस के प्रमोशन से टेस्ट कप्तान पैट कमिंस और साथी रेड-बॉल सितारे मिशेल स्टार्क, जोश हेजलवुड, मार्नस लाबुशेन और स्टीव स्मिथ पाकिस्तान के खिलाफ चल रही एकदिवसीय सीरीज के अंतिम मैच से बाहर रहेंगे। वहीं तेज गेंदबाज स्पेंसर जॉनसन और जेवियर बार्टलेट को विकेटकीपर-बल्लेबाज जोश फिलिप और एक अन्य तेज गेंदबाज लांस मॉरिस के साथ टीम में जगह दी गई है। पाकिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला का पहला मैच दो विकेट से जीत चुका है।

### डेविड वार्नर सिडनी थंडर के कप्तान नियुक्त

**सिडनी।** डेविड वार्नर को बुधवार को बिग बैश लीग की टीम सिडनी थंडर का कप्तान नियुक्त किया गया। यह छह साल बाद पहला अवसर होगा जबकि यह आक्रामक सलामी बल्लेबाज स्वदेश में किसी टीम का नेतृत्व करेगा। दक्षिण अफ्रीका में गेंद से छेड़छाड़ के विवाद के बाद क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने वॉर्नर की कप्तानी पर आजीवन प्रतिबंध लगा दिया था। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने हालांकि पिछले महीने यह प्रतिबंध हटा दिया था जिससे उनका सिडनी थंडर की कप्तानी करने का रास्ता साफ हो गया था। वार्नर ने जून में वेस्टइंडीज में खेले गए टी-20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया की हार के बाद अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। उन्होंने कहा कि फिर से थंडर की कप्तानी मिलना उनके लिए काफी मायने रखती है। इस सत्र में फिर से थंडर की कप्तानी करना मेरे लिए काफी मायने रखती है। मैं शुरू से इस टीम का हिस्सा रहा हूं और फिर से मेरे नाम के आगे कप्तान लिखा जाना शानदार है।

# ऑस्ट्रेलिया 3-1 से जीत सकती है : रिकी

## पोंटिंग ने की भविष्यवाणी- श्रृंखला में शमी के बिना भारत के लिए 20 विकेट लेना चुनौती

दुबई, एजेंसी

पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि भारत के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया बोर्डर-गावस्कर 3-1 से जीतेगा क्योंकि मोहम्मद शमी की गैरमौजूदगी में मेहमान टीम के लिए टेस्ट मैच में 20 विकेट चटकाना सबसे बड़ी चुनौती होगी।

ऑस्ट्रेलिया की नजरें बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में खिताब के सूखे को खत्म करने पर टिकी हैं। भारत ने 2014-15 से सभी चार श्रृंखलाएं जीती हैं जिसमें ऑस्ट्रेलिया में 2018-19 और 2020-21 में हुई श्रृंखलाएं भी शामिल है। भारत को हालांकि पिछली टेस्ट श्रृंखला में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहली बार अपनी सरजमीं पर 0-3 से क्लीन स्वीप का सामना करना पड़ा जिसके बाद पोंटिंग का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया के पास मेहमान टीम को हराने का बेहतर मौका है। पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू शो पर ऑस्ट्रेलिया की संभावनाओं के बारे में कहा संभवतः अब पहले ही तुलना मे बेहतर है। शमी चोटों के कारण पिछले साल नवंबर से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेले हैं और पोंटिंग का मानना है कि उनकी गैरमौजूदगी में जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप, प्रसिद्ध कृष्णा और पदार्पण का इंतजार कर रहे हर्षित राणा की मौजूदगी वाले भारत के गेंदबाजी आक्रमण में कमी नजर आती है।



पोंटिंग ने कहा शमी की अनुपस्थिति में गेंदबाजी समूह में बहुत बड़ा अंतर आ गया है। उस समय (अगस्त में) कुछ अटकलें लगाई जा रही थीं कि शमी फिट होंगे या नहीं। उन्होंने कहा मुझे लगता है कि भारत के लिए टेस्ट मैच में 20 विकेट लेना सबसे बड़ी चुनौती होगी। मुझे लगता है कि वे मौजूदा बल्लेबाजों के साथ यहां अच्छी बल्लेबाजी करेंगे। ऑस्ट्रेलिया की एक अधिक स्थिर टीम के रूप में प्रशंसा करते हुए पोंटिंग 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होने वाली श्रृंखला में भारत को पूरी तरह से कमजोर नहीं मानते। पोंटिंग ने भविष्यवाणी की मुझे लगता है कि भारत पांच टेस्ट मैचों में से किसी एक टेस्ट मैच में जीतेगा। लेकिन मुझे अब भी लगता है कि ऑस्ट्रेलिया शायद थोड़ा अधिक स्थिर, थोड़ा अधिक अनुभवी है और हम जानते हैं कि उन्हें घर पर हराना बहुत मुश्किल है। इसलिए मैं 3-1 के साथ जाऊंगा।

### पंत बना सकते हैं सबसे ज्यादा रन

पोंटिंग को लगता है कि अनुभवी स्टीव स्मिथ या तेजतर्रार ऋषभ पंत में से कोई एक पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला में सबसे ज्यादा रन बनाने वाला खिलाड़ी होगा। उन्होंने कहा सबसे ज्यादा रन बनाने वालों में मैं स्टीव स्मिथ या ऋषभ पंत को चुनूंगा। मुझे लगता है कि स्मिथ, यह तथ्य कि वह सलामी बल्लेबाज से नंबर चार पर वापस आ गया है, शायद उसके पास साबित करने के लिए और भी बहुत कुछ है... कि शायद उसे पारी का आगाज करने के लिए भेजा ही नहीं जाना चाहिए था और नंबर चार उसका स्थान है और जहां उसे संभवत: पूरे समय रहना चाहिए था और जहां वह संभवत: अपना करियर खत्म करेगा। पोंटिंग का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया के लिए तेज गेंदबाजों मिशेल स्टार्क और पैट कमिंस से अधिक विकेट जोश हेजलवुड चटकाएंगे। मुझे लगता है कि ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजों में से हेजलवुड इस समय अन्य गेंदबाजों की तुलना में अपनी क्षमता के चरम पर हैं। इसलिए मैं उन्हें सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज के रूप में चुनूंगा।

# इगा को हराकर डब्ल्यूटीए के सेमीफाइनल में गॉफ

- बारबोरा क्रेजिकोवा ने अमेरिका की जेसिका पेगुला को हराया
- कोको बोलीं- स्वियाटेक के साथ खेलना मेरे लिए काफी कठिन



मैच के दौरान शॉट लगातीं स्वियाटेक >>

**रियाद।** अमेरिका की महिला टेनिस स्टार कोको गॉफ ने डब्ल्यूटीए फाइनल में गत चैंपियन इगा स्वियाटेक को सीधे सेटों में हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली हैं।

ऑरेंज ग्रुप एकल के दूसरे दौर के मंगलवार को हुए मुकाबले में दोनों खिलाड़ियों ने पहले सेट में 3-3 तक सर्विस बरकरार रखी। इसके बाद गॉफ ने लगातार दो बार स्वियाटेक की सर्विस तोड़कर पहला सेट 6-3 से जीत लिया। दूसरे सेट में दोनों खिलाड़ियों ने पहले आठ गेम में दो बार एक दूसरे की सर्विस तोड़ी और स्कोर 4-4 पर पहुंच गया। इसके बाद गॉफ ने एक बार फिर स्वियाटेक की सर्विस तोड़कर यह सेट 6-4 से जीतकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। मैच के बाद गॉफ ने कहा आज यह निश्चित रूप से मेरे लिए एक अच्छा मैच था। आप जानते हैं कि इगा के साथ खेलना मेरे लिए कठिन है, लेकिन मैं वास्तव में खुश हूं कि मैं पूरा मैच में खेलने में कामयाब रही। वहीं एक अन्य मैच में चेक गणराज्य की बारबोरा क्रेजिकोवा ने अमेरिकी जेसिका पेगुला को एक घंटे और 9 मिनट चले मुकाबले में 6-3, 6-3 से हराया।

# साक्षी मलिक ने मोदी व मांडविया से की कुश्ती बचाने की अपील

**चंडीगढ़।** पहलवान साक्षी मलिक ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया से कुश्ती का भविष्य बचाने की अपील की।

मलिक ने सोशल मीडिया एक्स पर प्रधानमंत्री और खेल मंत्री को संबोधित करते हुये जारी वीडियो सन्देश में कहा पिछले साल कुश्ती फेडरेशन के चुनाव हुये। उसके दूसरे ही दिन ब्रजभूषण की बेहूदगी और दबदबे को आपने और पूरे देश ने देखा, जिससे दुखी होकर और बड़े परेशान मन से मुझे अपनी कुश्ती को त्यागना पड़ा। साक्षी ने कहा मैं उन बच्चों की मजबूरियां समझ सकती हूं, उनका पूरा करिअर उनके आगे है।

# रियल मैड्रिड और मैनचेस्टर सिटी की बड़ी हार

मिलान, एजेंसी

यूरोप की चोटी की टीमों रियल मैड्रिड और मैनचेस्टर सिटी दोनों को चैंपियंस लीग फुटबॉल प्रतियोगिता में बड़ी हार का सामना करना पड़ा। मौजूदा चैंपियन रियल मैड्रिड को एसी मिलान ने अपने घरेलू मैदान पर 3-1 से हरा दिया, जबकि मैनचेस्टर सिटी को एर्लिंग हालैंड की पेनल्टी में चूक महंगी पड़ी और चौथे मिनट में बढ़त बनाने के बावजूद उसे पुर्तगाल की टीम स्पोर्टिंग लिस्बन में 4-1 से हार झेलनी पड़ी।

लिवरपूल के लिए यह शानदार दिन था जिसने लुइस डियाज की हैट्रिक और कोडी गाकपो गोल की मदद से एनफील्ड में खेले गए मैच में जर्मन चैंपियन बायर लेवरकुसेन पर 4-0 से जीत दर्ज की। लिवरपूल चार मैचों में चार जीत के साथ लीग चरण तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया है। उसके बाद स्पोर्टिंग और मोनाको का नंबर आता है जिनके तीन जीत और एक ड्रॉ के बाद समान 10 अंक हैं।

15 बार के चैंपियन रियल मैड्रिड का चैंपियंस लीग में खराब प्रदर्शन जारी रहा। वह अपने दूसरे मैच में लिली से हार गया था। मलिक थियाव ने 12वें मिनट में मिलान को बढ़त दिला दी थी। विनीसियस जूनियर ने 23वें मिनट में पेनल्टी पर बराबरी का गोल किया। इसके बाद अल्वारो मोराटा और तिजानी रिजेंडर्स ने मिलान के लिए गोल किए।



गोल दागने के बाद जश्न मनाती मैनचेस्टर सिटी की टीम।

**15** बार के चैंपियन का चैंपियंस लीग में खराब प्रदर्शन जारी लिवरपूल की शानदार जीत

### रोनाल्डो के गोल से अल नासर की बड़ी जीत

**रियाद।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो के गोल की मदद से अल नासर ने एएफसी चैंपियंस लीग फुटबॉल प्रतियोगिता के एलीट वर्ग में संयुक्त अरब अमीरात के क्लब और गत चैंपियन अल ऐन को 5-1 से हराकर 12 टीमों की तालिका में शीर्ष तीन में जगह बनाई। सऊदी अरब के क्लब अल नासर के चार मैचों में 10 अंक हैं तथा वह स्थानीय प्रतिद्वंद्वियों अल हिलाल और अल अहली से दो अंक पीछे हैं। इन दोनों ने अभी तक अपने चारों मैच जीते हैं। इस बीच जापान के विसेल कोबे ने दक्षिण कोरिया के ग्वांगजू एफसी पर 2-0 से जीत से अपने ग्रुप में पहला स्थान हासिल कर लिया।

# रित्विक-केब्रल ने किया उलटफेर

**मेट्ज (फ्रांस)।** भारत के रित्विक चौधरी बोलीपल्ली और उनके जोड़ीदार फ्रांसिस्को केब्रल ने बुधवार को यहां मोसेले ओपन टेनिस टूर्नामेंट में सेंटियागो गोंजालेज और एडवर्ड रोजर वेसलीन की जोड़ी को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

भारत और पुर्तगाल की गैर वरीय जोड़ी ने मैक्सिको के गोंजालेज और फ्रांस के रोजर वेसलीन की जोड़ी को क्वार्टर फाइनल में हराया। हैदराबाद के रित्विक ने एटीपी टूर पर पहली बार किसी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई है। रित्विक और केब्रल अगले दौर में मैनुएल गुइनार्ड और ग्रेगोएर जैक तथा पियरे ह्यजेस हर्बर्ट और अल्बानो ओलिवेटी के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से भिड़ेंगे।

## बॉलीवुड हलचल

# थामा मेरे करियर का सबसे खास प्रोजेक्ट : आयुष्मान



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना का कहना है कि फिल्म थामा उनके करियर का सबसे खास प्रोजेक्ट है। मैडॉक फिल्म्स ने हाल ही में अपनी ब्लॉकबस्टर हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स की नई फिल्म थामा की घोषणा की है। इस फिल्म में आयुष्मान खुराना, रश्मिका मंदाना, परेश रावल और नवाज़ुद्दीन सिद्दीकी मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म थामा दिवाली 2025 पर रिलीज होगी और यह फिल्म निर्माता दिनेश विजन के साथ आयुष्मान की बाला के बाद दूसरी फिल्म है। बाला ने बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ का आंकड़ा पार किया था। आयुष्मान ने कहा मुझे खुशी है कि दिनेश विजन को लगता है कि यह मेरे लिए उनके ब्लॉकबस्टर हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स में शामिल होने का सही समय है। स्त्री 2 के बॉलीवुड के इतिहास में सबसे बड़ी फिल्म बनने के बाद मैं इस यूनिवर्स का हिस्सा बनकर गर्व महसूस कर रहा हूं। मुझे यकीन है कि यह एक ऐसा सिनेमाई अनुभव होगा जिसे दर्शक लंबे समय तक याद रखेंगे। दिनेश ने इस यूनिवर्स को जिस तरह से बनाया है, वह काबिले तारीफ है।

# पुष्पा 2: द रूल ने अमेरिका में 15 हजार से अधिक टिकट बेचकर बनाया रिकॉर्ड

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय स्टार अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 : द रूल ने अमेरिका में 15 हजार से अधिक टिकट बेचकर रिकॉर्ड बना दिया है। पुष्पा 2 : द रूल फास्टेस्ट इंडियन फिल्म बन गई है, जो यूनाइटेड स्टेट में 15000 से ज्यादा टिकट्स बेच चुकी है। वर्ष 2021 की ब्लॉकबस्टर पुष्पा : द राइज का मच अवेटेड सीक्वल दुनिया भर में फैंस के बीच बहुत एक्साइटमेंट पैदा कर रहा है। इसका प्रीमियर 04 दिसंबर को होने वाला है और वर्ल्डवाइड रिलीज 05 दिसंबर होगी। मेकर्स ने घोषणा के साथ एक नया पोस्टर शेयर करते हुए लिखा है, एक-एक करके रिकॉर्ड तोड़ते हुए #पुष्पा2दरूलबनी अमेरिका में सबसे तेजी से 15 हजार से ज्यादा टिकट बेचने वाली भारतीय फिल्म यूएसएप्रीमियर 4 दि संबर को 5 दिसंबर, 2024 को वर्ल्ड वाइड ग्रैंड रिलीज होगा। पुष्पा 2 : द रूल साल में अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना और फहाद फासिल की मुख्य भूमिका है। इस फिल्म का निर्देशन सुकुमार ने किया है और इसे मैथ्री मूवी मेकर्स और सुकुमार राइटिंग्स द्वारा प्रोड्यूस किया गया है, जिसमें टी-सीरीज का म्यूजिक है।

# अजय देवगन की फिल्म आजाद का टीजर रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन की नई फिल्म आजाद का टीजर रिलीज हो गया है। फिल्म आजाद में अजय देवगन के साथ डायना पेंटी, अमन देवगन और राशा थडानी नजर आएंगे। फिल्म आजाद का टीजर फिल्म के निर्देशक अभिषेक कपूर ने सोशल मीडिया पर शेयर किया है। उन्होंने लिखा, हर जंग में, हर बहादुर योद्धा के साथ, एक वफादार घोड़ा जरूर रहा है। आजाद का टीजर रिलीज हुआ, जनवरी 2025 में बड़े पर्दे पर रोमांस का नजारा देखें। इस टीजर में महाराणा प्रताप को दिखाया गया है, जिन्होंने 40 हजार की एक खतरनाक दुश्मन सेना का सामना केवल आठ से नौ हजार सैनिकों के साथ किया। टीजर में महाराणा प्रताप के घोड़े पर फोकस किया गया है। टीजर में उसे हाथी जितना लंबा, मोर की तरह पतली गर्दन वाला और बिजली की तरह तेज बताया गया है। फिल्म आजाद अजय देवगन के भतीजे अमन देवगन और रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी की बॉलीवुड में पहली फिल्म है।

### सिंघम अगेन ने कमाए 150 करोड़

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन की फिल्म सिंघम अगेन ने भारतीय बाजार में 150 करोड़ से अधिक की कमाई कर ली है। रोहित शेट्टी के निर्देशन में बनी फिल्म सिंघम अगेन, सिंघम फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म है। सिंघम अगेन दीवाली के अवसर पर 1 नवंबर को रिलीज हुई है। सिंघम अगेन में अजय देवगन, करीना, दीपिका, अर्जुन, टाइगर, अक्षय, रणवीर, रवि किशन और जैकी श्रॉफ की अहम भूमिका है। भारत में ओपनिंग डे पर 43 .5 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था। दूसरे दिन फिल्म ने 42 .5 करोड़, तीसरे दिन 35 .75 करोड़, चौथे दिन 18 करोड़ और पांचवे दिन 13 .5 करोड़ रुपए की अनुमानित कमाई की है। इस तरह फिल्म ने पांच दिन में भारत में 153 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई कर ली है।



# भारत ए ने बदली गेंद का किया विरोध वार्नर-कोवान ने मांगा स्पष्टीकरण

सिडनी, एजेंसी

- डेविड बोले- जल्द ही निपटा दिया गया मामला, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया को करना है अंतिम फैसला

भारत ए के खिलाड़ियों ने ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ पिछले सप्ताह खेले गए पहले अनौपचारिक टेस्ट मैच के अंतिम दिन के खेल के दौरान दी गई बदली हुई गेंद की स्थिति पर असंतोष व्यक्त किया, जबकि डेविड वार्नर और एड कोवान ने मामले में क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से स्पष्टीकरण देने को कहा है। एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है।

यह मसला पिछले सप्ताह मैकाय में खेले गए चार दिवसीय मैच के अंतिम दिन सामने आया था जब अंपायरों ने भारतीय टीम को अलग गेंद दी। भारतीय खिलाड़ी, विशेषकर इशान किशन, इस फैसले से नाखुश थे तथा इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने इसे मूर्खतापूर्ण फैसला करार दिया था। सिडनी मार्निंग हेराल्ड में बुधवार को प्रकाशित रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय टीम गेंद बदलने को लेकर नहीं बल्कि बदली गई गेंद की स्थिति को लेकर विरोध कर रही थी। रिपोर्ट में कहा गया है इस मामले को लेकर एक तथ्य जो अभी तक पता नहीं था यह है कि भारत ए की टीम इसलिए नाराज नहीं थी कि गेंद को बदल दिया गया है बल्कि वह बदली गई गेंद की स्थिति को लेकर नाखुश थी। यह कोई बड़ा मुद्दा नहीं था क्योंकि खिलाड़ियों और अंपायरों के बीच बदली गई गेंद को लेकर दशकों से बहस होती रही है। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाजों डेविड वार्नर और एड कोवान ने अब क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से यह स्पष्ट करने को कहा है कि मैकाय में मैच के अंतिम दिन क्या हुआ था। वार्नर ने कहा कि यह मामला जल्द से जल्द खत्म कर दिया गया है क्योंकि भारत की सीनियर टीम पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर आने वाली है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। संपादक-**शंभू दयाल वाजपेयी**, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह* 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा।)

## पिछले चुनाव में शिकस्त के बाद ट्रंप ने की जोरदार वापसी, अमेरिका के राष्ट्रपति निर्वाचित होने वाले सबसे उम्रदराज शख्स

# फिर चला ट्रंप कार्ड, कमला आउट

वाशिंगटन, एजेंसी

डोनाल्ड ट्रंप चार साल पहले जो बाइडन से राष्ट्रपति चुनाव हारने के बाद काफी मायूस और खिन्न थे तथा इसके कुछ हफ्तों बाद उनके समर्थकों की एक हिंसक भीड़ ने जब यूएस कैपिटल (अमेरिकी संसद भवन) पर धावा बोला था तो इसे रिपब्लिकन नेता के राजनीतिक करियर का अंत माना जाने लगा था। हालांकि, ठीक चार साल बाद, ट्रंप (78) ने व्हाइट हाउस में दूसरा कार्यकाल सुनिश्चित कर अमेरिका के इतिहास में अभूतपूर्व और जोरदार राजनीतिक वापसी की है। वह भी, एक गंभीर अपराध के मामले में दोषी करार दिये जाने और उनकी हत्या की दो नाकाम कोशिशों के बाद।

ट्रंप और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के बीच कड़े मुकाबले का नतीजा अब तक आधिकारिक रूप से घोषित नहीं किया गया है, लेकिन रिपब्लिकन नेता के व्हाइट हाउस में लौटने की तस्वीर लगभग साफ हो गई है। राजनीतिक विश्लेषक अनंग मित्तल ने कहा, यह अमेरिकी इतिहास में सबसे बड़ी राजनीतिक वापसी में से एक है। मार्च में, ट्रंप को उनकी पार्टी की ओर से प्रत्याशी नामित किया गया और कई अदालती मामलों के कारण ट्रंप के महीनों तक राजनीतिक वनवास में रहने के बाद जुलाई में रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन (आरएनसी) में इस पर मुहर लगाई गई। असल में, एक गंभीर अपराध में दोषी करार दिये जाने के बाद शीर्ष पद के लिए नामांकन पाने वाले वह पहले पूर्व राष्ट्रपति बन गए। ट्रंप अब भी चार आपराधिक अभियोगों का सामना कर रहे हैं और फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि इन मुकदमों का क्या होगा। पूर्व राष्ट्रपति 2021 में महाभियोग की सुनवाई से भी बच गए, जो उनके बरी होने के साथ समाप्त हो गई।

जुलाई में, पेन्सिलवेनिया में एक रैली के दौरान उन पर गोली चली, जो उनके कान के ऊपरी हिस्से को छूते हुए निकल गई। इसके कुछ ही मिनटों बाद, ट्रंप ने हमले के विरोध में अपनी मुट्ठी बांधी और ये तस्वीरें देखकर उनके कट्टर समर्थकों ने उन्हें भावनात्मक समर्थन दिया। वह अब अमेरिकी इतिहास में राष्ट्रपति निर्वाचित होने वाले सबसे उम्रदराज शख्स हैं।



पाम बीच कन्वेंशन सेंटर में एक चुनावी नाइट वॉच पार्टी में पूर्व प्रथम महिला मेलानिया ट्रंप के साथ चलते समय हाथ हिलाते हुए पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप।

### विश्व के नेताओं ने ऐतिहासिक जीत के लिए ट्रंप को दी बधाई

**लंदन/यरुशलम।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और ब्रिटेन के उनके समकक्ष केअर स्टॉर्मर समेत विश्व के कई नेताओं ने बुधवार को डोनाल्ड ट्रंप को अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में ऐतिहासिक जीत पर बधाई दी। स्टॉर्मर विश्व के उन नेताओं में शामिल थे, जिन्होंने ट्रंप द्वारा अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में जीत का दावा करने के लिए फ्लोरिडा में एक रैली को संबोधित करने के तुरंत बाद बधाई संदेश जारी किए। उन्होंने कहा कि ट्रंप के जीत दर्ज करने के बाद, ब्रिटेन और अमेरिका के बीच विशेष संबंध नए अमेरिकी प्रशासन के तहत और भी समृद्ध होते रहेंगे।

## अमेरिका की पहली महिला राष्ट्रपति बनने से चूकीं कमला हैरिस

**वाशिंगटन।** एक दशक से भी ज्यादा समय पहले एक पत्रकार ने कमला हैरिस को महिला ओबामा कहा था। हालांकि, भारतीय और जमैका के अप्रवासी दंपति की बेटी कमला हैरिस पहले अफ्रीकी-अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा की उपलब्धियों की बराबरी करने में विफल रहीं। हैरिस अमेरिकी राजनीति में शीर्ष मुकाम हासिल करने में असफल रहीं और राष्ट्रपति चुनाव की दौड़ में अपने रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप से हार गईं। डेमोक्रेटिक नेता की ट्रंप के हाथों कड़े मुकाबले वाले चुनाव में हार ने अमेरिका की पहली महिला राष्ट्रपति बनने के उनके सपने को भी तोड़ दिया। उनके नामांकन से हालांकि महिलाओं में उत्साह पैदा हुआ कि सार्वजनिक जीवन में उनके लिए यह द्वार बंद नहीं हुआ है। हैरिस (60) के नाम कई अन्य 'पहली' उपलब्धियां भी दर्ज हैं। वह सैन फ्रांसिस्को की डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी रह चुकी हैं - इस पद पर चुनी जाने वाली पहली महिला, पहली अफ्रीकी-अमेरिकी और पहली भारतीय मूल की शख्स थीं। उपराष्ट्रपति के रूप में, वह इस पद पर पहुंचने वाली पहली महिला हैं। साथ ही, वह इस पद पर पहुंचने वाली पहली अफ्रीकी-अमेरिकी या भारतीय-अमेरिकी व्यक्ति भी हैं। 5 नवंबर के चुनाव से तीन दिन पहले प्रकाशित एक लेख में हैरिस ने बचपन में की गई अपनी भारत यात्रा को याद किया और अपनी दिवंगत मां श्यामला गोपालन को याद किया, जो एक कैंसर शोधकर्ता और नागरिक अधिकार कार्यकर्ता थीं। हैरिस ने ऑनलाइन दक्षिण एशियाई प्रकाशन द जुगरनॉट के लिए लिखे लेख में कहा, बड़े होने के दौरान, मेरी मां ने मुझे और मेरी बहन को हमारी विरासत का सम्मान करना सिखाया। लगभग हर दूसरे साल हम दिवाली के लिए भारत जाते थे।



## भारतीय मूल के छह अमेरिकियों ने जीता प्रतिनिधि सभा का चुनाव

**वाशिंगटन।** भारतीय मूल के छह अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के लिए चुनाव जीत गए हैं। मौजूदा कांग्रेस (अमेरिकी संसद) में इनकी संख्या पांच थी। सभी पांच मौजूदा भारतीय अमेरिकी सदस्यों को प्रतिनिधि सभा के लिए फिर से चुना गया है। भारतीय-अमेरिकी वकील सुहास सुब्रमण्यम ने वर्जीनिया और पूरे ईस्ट कोस्ट से चुने जाने वाले समुदाय के पहले व्यक्ति बनकर इतिहास रच दिया। सुब्रमण्यन ने रिपब्लिकन पार्टी के माइक क्लांसी को हराया। वह वर्तमान में वर्जीनिया राज्य के सीनेटर हैं। एरिजोना के पहले कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट से डॉ. अमीश शाह अपने रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ मामूली अंतर से आगे हैं। अगर वह जीत हासिल करने में सफल होते हैं तो प्रतिनिधि सभा में भारतीय अमेरिकियों की संख्या बढ़कर सात हो जाएगी। सुब्रमण्यम ने कहा मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं कि वर्जीनिया के 10 वें जिले के लोगों ने मुझ पर भरोसा जताया ताकि मैं सबसे कठिन लड़ाई लड़ सकूं और कांग्रेस में परिणाम दे सकूं। यह जिला मेरा घर है। मैंने यहां शादी की, मेरी पत्नी मिरांडा और मैं अपनी बेटियों का पालन पोषण कर रहे हैं और हमारे समुदाय के सामने आने वाले मुद्दे हमारे परिवार के लिए व्यक्तिगत हैं। वाशिंगटन में इस जिले की सेवा जारी रखना सम्मान की बात है। पूर्व में राष्ट्रपति बराक ओबामा के व्हाइट हाउस सलाहकार रह चुके सुब्रमण्यम आस्था से हिंदू हैं और देशभर में भारतीय अमेरिकियों के बीच लोकप्रिय हैं। वह कांग्रेस में 'समोसा कॉकस' में शामिल हुए हैं जिसमें वर्तमान में पांच भारतीय अमेरिकी - अमी बेरा, राजा कृष्णमूर्ति, रो खन्ना, प्रमिला जयपाल और श्री थानेदार शामिल हैं। 'समोसा कॉकस' अमेरिकी कांग्रेस में भारतीय मूल के अमेरिकियों के एक अनौपचारिक समूह को दिया गया नाम है। सभी पांच मौजूदा भारतीय अमेरिकी सदस्यों को प्रतिनिधि सभा के लिए फिर से चुना गया है। श्री थानेदार मिशिगन के 13वें कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट से लगातार दूसरी बार चुने गए। उन्होंने इसे पहली बार 2023 में जीता था। राजा कृष्णमूर्ति ने इलिनोइस के सातवें कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट से लगातार पांचवीं बार जीत दर्ज की है। कृष्णमूर्ति ने कहा व्हाइट हाउस और कांग्रेस पर नियंत्रण के लिए लड़ाई जारी है लेकिन मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं कि इलिनोइस के लोगों ने कांग्रेस में उनका प्रतिनिधित्व करने के लिए मेरा अनुबंध बढ़ा दिया है। इसी प्रकार कैलिफोर्निया के 17वें कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट का प्रतिनिधित्व करने वाले रो खन्ना और वाशिंगटन राज्य के सातवें कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट का प्रतिनिधित्व करने वाली प्रमिला जयपाल ने भी जीत दर्ज की। पेशे से चिकित्सक डॉ. अमी बेरा 2013 से कैलिफोर्निया के छठे कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट का प्रतिनिधित्व करने वाले भारतीय मूल के सबसे वरिष्ठ अमेरिकी सांसद हैं। उन्हें लगातार सातवीं बार फिर से चुना गया। एरिजोना में डेमोक्रेटिक पार्टी के शाह रिपब्लिकन पार्टी के मौजूदा उम्मीदवार डेविड श्वीकेट से थोड़ा आगे चल रहे हैं। उन्हें 132,712 वोट हैं जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी को मिले मतों की संख्या 128,606 थी। अभी तक 63 प्रतिशत मतों की गिनती हुई थी।

## एक नजर

### वियतनाम की सेना का विमान दुर्घटनाग्रस्त, पायलट लापता

**हनोई।** वियतनाम की वायु सेना का एक लड़ाकू प्रशिक्षण विमान याक-130 मध्य बिन्ह दीन्ह प्रांत में दुर्घटनाग्रस्त हो गया है और उसके दो पायलट लापता हैं। यह जानकारी वियतनाम की मीडिया ने बुधवार को दी। वीएन एक्सप्रेस अखबार के अनुसार, 940वीं वियतनामी वायु सेना रेजिमेंट का रूस निर्मित याक-130 फु कैट हवाई अड्डे से लगभग 15 किलोमीटर की दूरी पर एक पहाड़ी इलाके में तकनीकी खराबी के कारण स्थानीय समयानुसार सुबह 10 :30 बजे दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

### श्रीलंका में डेंगू से 20 लोगों की मौत

**कोलंबो।** श्रीलंका की राष्ट्रीय डेंगू नियंत्रण इकाई (एनडीसीयू) ने बुधवार को कहा कि इस वर्ष अब तक देश में डेंगू से 20 लोगों की मौत हो चुकी है। एनडीसीयू ने कहा कि कुल मामलों में मृत्यु दर का प्रतिशत 0 .05 है और इस वर्ष में 42,820 मामला सामने आ चुका है। पश्चिमी प्रांत में 42 .6 प्रतिशत मामले, उत्तरी प्रांत में 11 .4 प्रतिशत मामले और मध्य प्रांत में 10 .6 प्रतिशत मामले सामने आए हैं।

### श्रीलंका में पूर्व राष्ट्रपतियों का खर्च उठाना बहुत महंगा

**कोलंबो।** श्रीलंका सरकार ने बुधवार को घोषणा की कि एक समिति पूर्व राष्ट्रपतियों की सुरक्षा पर होने वाले खर्च की समीक्षा कर रही है तथा इसकी रिपोर्ट के बाद ही कोई निर्णय लिया जाएगा। विदेश मंत्री एवं मंत्रिमंडल के प्रवक्ता विजिता हेराथ ने यहां संवाददाताओं से कहा कि पूर्व राष्ट्रपतियों का खर्च उठाना काफी महंगा है और सरकार को इस पर सालाना 110 करोड़ श्रीलंकाई रुपये तक का खर्च करना पड़ता है।

### सेनाओं प्रमुखों को सेवा विस्तार लोकतंत्र का नरसंहार

**लाहौर।** जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने बुधवार को कहा कि थलसेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर समेत तीनों सेनाओं के प्रमुखों को दो साल का सेवा विस्तार देना "लोकतंत्र, कानून के शासन और लोगों के अधिकारों का नरसंहार है। खान ने रावलपिंडी की उच्च सुरक्षा वाली अदियाला जेल में मीडिया और अपने वकीलों के साथ बातचीत के दौरान यह टिप्पणी की। खान के 'एक्स' खाते से की गयी एक पोस्ट में यह जानकारी दी गई है।

## लेबनान में हवाई हमलों में 25 की मौत, 32 घायल

बेरूत, एजेंसी

लेबनान के विभिन्न इलाकों में मंगलवार को इजराइल की ओर से किये गये हवाई हमलों में कम से कम 25 लोग मारे गए और 32 अन्य घायल हो गए। लेबनान की राष्ट्रीय समाचार एजेंसी (एनएनए) ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। एजेंसी के अनुसार, माउंट लेबनान के चौफ जिले के बारजा में एक आवासीय अपार्टमेंट को निशाना बनाकर किए गए इजराइली हवाई हमले में 15 लोग मारे गए।

नागरिक सुरक्षा दल अभी भी मलबे के नीचे हताहतों की तलाश कर रहे हैं। वहीं, बालबेक में तालिया की नगर पालिका, बालबेक-हर्मेल गवर्नरेट, साथ ही दक्षिणी और पूर्वी लेबनान के कस्बों और गांवों पर इजराइली हमलों के कारण अतिरिक्त हताहत हुए। इसके अलावा, लेबनान और सीरिया के बीच मस्ना-जदीदत याबूस सीमा क्रॉसिंग पर एक पिकअप ट्रक को निशाना बनाकर किए गए इजराइली हमले में एक व्यक्ति घायल हो गया। इस बीच, हिजबुल्लाह ने कहा कि उसके लड़ाकों ने कब्जे वाले गोलान में इजराइल की 810वीं हरमोन ब्रिगेड के मुख्यालय माले गोलानी बैरक पर रॉकेटों से हमला किया।



### हिजबुल्ला कमांडर को मार गिराने का दावा

**यरूशलम।** इजराइल की सेना ने दक्षिणी लेबनान में वरिष्ठ हिजबुल्ला कमांडर को मार गिराने का दावा किया है। इजराइली सेना ने अपने बयान में कहा कि उसके लड़ाकू विमानों ने बुधवार को दक्षिणी लेबनान पर हमला किया, जिसमें वरिष्ठ हिजबुल्ला कमांडर हुसैन अब्द अल-हलीम हर्ब की मौत हो गयी। बयान के मुताबिक हर्ब ने गैलील में समुदायों के खिलाफ और विशेष रूप से मेटुला के क्षेत्र के खिलाफ कई रॉकेट हमलों को अंजाम दिया था। बयान में कहा गया है कि पिछले 24 घंटों में इजराइली वायु सेना ने लेबनान और गाजा पट्टी में लगभग 70 हमले किये हैं।

## नेतन्याहू ने रक्षा मंत्री को किया बर्खास्त, देशभर में प्रदर्शन

यरुशलम, एजेंसी

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मंगलवार को देश के रक्षा मंत्री योव गैलेंट को बर्खास्त कर दिया। हालांकि उनके इस कदम के खिलाफ देशभर में विरोध प्रदर्शन हुए हैं। नेतन्याहू ने यह घोषणा ऐसे समय की है, जब इजराइल क्षेत्र में कई मोर्चों पर लड़ाई लड़ रहा है। गाजा में युद्ध को लेकर नेतन्याहू और गैलेंट के बीच कथित तौर पर मतभेद रहा है।

नेतन्याहू ने मंगलवार को की गई अपनी घोषणा में विश्वास की कमी का उल्लेख किया था। नेतन्याहू ने कहा, युद्ध के बीच में, पहले से कहीं अधिक, प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री के बीच पूर्ण विश्वास की आवश्यकता होती है। हालांकि युद्ध के शुरूआती महीनों में ऐसा विश्वास था और बहुत ही सार्थक काम हुआ था, लेकिन दुर्भाग्य से पिछले महीनों के दौरान मेरे और रक्षा मंत्री के बीच यह विश्वास टूट गया। युद्ध के शुरुआती दिनों में, इजराइल के नेतृत्व ने हमास के 7 अक्टूबर 2023 के हमले का जवाब देते हुए एक एकीकृत मोर्चा बनाया था। लेकिन जैसे-जैसे युद्ध लंबा खिंचता गया और लेबनान तक फैल गया, प्रमुख नीतिगत मतभेद उभर कर सामने आ गए। नेतन्याहू ने हमास पर निरंतर सैन्य दबाव बनाए रखने का आह्वान किया, जबकि गैलेंट ने अधिक व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाते हुए कहा कि सेना ने कम से कम एक अस्थायी कूटनीतिक समझौते के लिए आवश्यक परिस्थितियां पैदा कर दी हैं, जिससे आतंकवादी समूह (हमास) द्वारा बंधक बनाए गए लोगों को वापस लाया जा सकता है। बंधकों के परिवार, साथ ही सरकार विरोधी प्रदर्शनों में शामिल हुए हजारों लोग नेतन्याहू पर सत्ता पर पकड़ बनाए रखने के लिए समझौते को विफल करने का आरोप लगा रहे हैं। नेतन्याहू के कट्टर सहयोगियों ने धमकी दी है कि अगर वह हमास को रियायतें देते हैं तो वे सरकार गिरा देंगे, जिससे ऐसे वक्त में समय से पहले चुनाव होने की आशंका बढ़ गई है जब प्रधानमंत्री (नेतन्याहू) की लोकप्रियता कम हो गई है। विपक्षी नेता येर लैपिड ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, युद्ध के बीच में, गैलेंट को बर्खास्त करना पागलपन वाला कृत्य है। नेतन्याहू अपने राजनीतिक अस्तित्व के लिए इजराइल की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं।



रक्षा मंत्री को निकाले जाने के बाद प्रदर्शन करते लोग।

## ऑस्ट्रेलिया से द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा

कैनबरा, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज से मुलाकात की और द्विपक्षीय समग्र रणनीतिक साझेदारी को गहरा करने के तरीकों पर विचार-विमर्श किया।

जयशंकर ने इस मुलाकात में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से अल्बनीज को अभिवादन प्रेषित किया। विदेश मंत्री तीन से सात नवंबर तक ऑस्ट्रेलिया की आधिकारिक यात्रा पर हैं। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा आज कैनबरा में प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज से मिलकर खुशी हुई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से अभिवादन प्रेषित किया।

भारत-ऑस्ट्रेलिया समग्र रणनीतिक साझेदारी को गहरा करने के लिए उनके मार्गदर्शन की प्रशंसा करता हूं। उन्होंने न्यूजीलैंड के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री विन्स्टन पीटर्स से भी यहां मुलाकात की।



प्रधानमंत्री एंथनी से मुलाकात विदेश मंत्री जयशंकर।

### भारत को पूर्ण प्राथमिकता वाला देश किया घोषित

**लंदन।** ब्रिटिश सरकार के अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा चैंपियन सर स्टीव स्मिथ ने भारत को पूर्ण प्राथमिकता वाला देश घोषित किया है। लेबर पार्टी की सरकार के तहत देश की अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा रणनीति की समीक्षा की जा रही है। इस सप्ताह लंदन के हाउस ऑफ लॉर्ड्स परिसर में इंडिया-यूके अचीवर्स ऑनर्स के तीसरे संस्करण पर दोहराया कि ग्रेजुएट रूट के तहत ब्रिटेन की, अध्ययन के बाद कार्य वीजा की पेशकश अपरिवर्तित रहेगी।

## बांग्लादेश में इस्कॉन मंदिर पर टिप्पणी से तनाव

ढाका, एजेंसी

- फेसबुक पर की गई पोस्ट को लेकर हो चुकी है झड़प

बांग्लादेश के दक्षिण-पूर्वी बंदरगाह शहर चटगांव के कुछ हिस्सों में सेना के नेतृत्व में संयुक्त बलों ने बुधवार को गश्त की, यहां एक दिन पहले एक मुस्लिम किराना दुकानदार द्वारा इस्कॉन (इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉनशस्नेस) के खिलाफ फेसबुक पर की गई पोस्ट को लेकर झड़प हो गई थी और इसमें कई लोग घायल हो गए थे।

अधिकारियों और प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि व्यापारी उस्मान अली ने फेसबुक पर इस्कॉन को आतंकवादी समूह करार दिया था जिसके बाद इलाके में तनाव व्याप्त हो गया था और हजारी गली क्षेत्र में रहने वाले हिंदू समुदाय ने इसके खिलाफ नाराजगी जताई थी। हजारी गली में मुख्य रूप से हिंदू समुदाय के लोग रहते हैं जो आभूषण की दुकानों और थोक दवा की दुकानों के मालिक हैं। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि इस्कॉन पर की गई इस टिप्पणी को लेकर रातभर संक्षिप्त झड़प हुई।

इस दौरान मौके पर पहुंची सेना, बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) के अर्धसैनिक बलों और पुलिसकर्मियों द्वारा लाठीचार्ज करने से कई लोग घायल हो गए। इस दौरान हजारी गली इलाके में दुकानें और व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे। यहां सेना के जवान पुलिस के साथ जीप में गश्त कर रहे हैं।

## कश्मीर पर झूठ फैलाने को लेकर पाकिस्तान की आलोचना

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

- संयुक्त राष्ट्र जैसे वैश्विक मंच में किया झूठ का इस्तेमाल
- भारत ने कहा- दुष्प्रचार जमीनी स्तर पर तथ्यों को नहीं बदलेगा

संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान द्वारा कश्मीर मुद्दा उठाने और इस वैश्विक मंच का इस्तेमाल झूठ फैलाने के लिए करने को लेकर इस्लामाबाद की आलोचना करते हुए भारत ने कहा है कि किसी भी तरह का दुष्प्रचार जमीनी स्तर पर तथ्यों को नहीं बदलेगा।

सूचना से संबंधित प्रश्नों पर संयुक्त राष्ट्र महासभा की चौथी समिति की आम बहस को संबोधित करते हुए, राज्यसभा सदस्य राजीव शुक्ला ने मंगलवार को इस बात पर जोर दिया कि विश्वास, जवाबदेही और सुशासन को बढ़ावा देने के लिए सूचना तक समावेशी पहुंच आवश्यक है। उन्होंने कहा एक (पाकिस्तानी) प्रतिनिधिमंडल ने एक बार फिर झूठ फैलाने के लिए इस प्रतिष्ठित मंच का इस्तेमाल किया है। दुष्प्रचार और गलत सूचना का सहारा लेना इस प्रतिनिधिमंडल की आदत है। पाकिस्तान द्वारा जम्मू-कश्मीर मुद्दा उठाए जाने के बाद, संयुक्त राष्ट्र की बहस में कड़ा जवाब देते हुए शुक्ला ने कहा मुझे स्पष्ट करने दीजिए। वास्तविक लोकतंत्र अलग ढंग से कार्य करते हैं। हाल में संपन्न स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों में जम्मू-कश्मीर के लोगों ने रिकॉर्ड संख्या में मतदान किया है। जम्मू-कश्मीर में तीन चरणों में 18 सितंबर से एक अक्टूबर तक विधानसभा चुनाव हुए।

### भारत को दीर्घकालिक बिजली निर्यात का रास्ता हुआ साफ

**काठमांडू।** नेपाल के उच्चतम न्यायालय ने भारत के साथ बिजली के निर्यात के लिए हस्ताक्षरित समझौते को रद्द करने की मांग वाली एक रिट याचिका को खारिज कर दिया है। उच्चतम न्यायालय के मंगलवार को दिए गए फैसले के बाद नयी दिल्ली के साथ नेपाल के दीर्घकालिक बिजली व्यापार का रास्ता साफ हो गया है। प्राधिकार के दुरुपयोग की जांच के लिए आयोग (सीआईएए) के पूर्व प्रमुख सूर्य नाथ उपाध्याय द्वारा दायर रिट याचिका उस समझौते के खिलाफ थी जिसके तहत नेपाल अगले 10 वर्षों के लिए भारत को 10 हजार मेगावाट बिजली निर्यात करेगा। उच्चतम न्यायालय के प्रवक्ता अच्युत कुइकेल के अनुसार, पीठ ने इसे खारिज कर दिया।

**खगोल विज्ञान** | नए शोध में अंतरिक्ष के विकास में एक कड़ी जोड़ने का प्रयास किया गया है

## आज भी अधूरी है ब्रह्मांड के विकास की गुत्थी

संवाददाता, नैनीताल

सही मायनों में ब्रह्मांड की उत्पत्ति की गुत्थी आज भी पूर्णतः नही सुलझ सकी है। अलबत्ता बिग बैंग ब्रह्मांड के जन्म का एक सुराग है। जिसे समझने के लिए आज भी शोध जारी हैं और हालिया नया शोध ब्रह्मांड के विकास की कड़ी को जोड़ता है। नए शोध के अनुसार बिग बैंग के बाद पहले ही क्षणों के दौरान मौजूदा भौतिकी की चार मूलभूत ताकतें एक ही बल में समाहित हो गई थीं।

यह ताकतें गुरुत्वाकर्षण, विद्युत चुंबकत्व, मजबूत परमाणु बल व कमजोर परमाणु बल के रूप में जानी जाती हैं। जैसे-जैसे ब्रह्मांड का विस्तार होता चला गया और वह ठंडा भी होते चला गया। इस बीच आये परिवर्तनों में इन शक्तियों को अलग अलग कर दिया। बिग बैंग के बाद एक सेकंड के कुछ अरबवें हिस्से में ही कई परिवर्तन हो गए। क्वार्क और ग्लूऑन उप-परमाणु कण हैं जो मजबूत परमाणु बल के लिए जिम्मेदार हैं। इसकी पुष्टि कृत्रिम रूप से 2010 में ब्रुकहेवन नेशनल लेबोरेटरी में और 2015 में एलएचसी के जरिए की गई। पता चलता है कि प्रारंभिक ब्रह्मांड बेहद गर्म और घना था। मगर क्वार्क-ग्लूऑन प्लाज्मा लंबे समय तक नहीं टिक सका, जो ब्रह्मांड के विस्तार के साथ ठंडा होने से न्यूट्रॉन के रूप में एक साथ एकत्रित हो गया। वैज्ञानिक इस घटना को क्वार्क कारावास कहते हैं। यह जानकारी भी मिलती है कि जब ब्रह्मांड में अधिक उच्च ऊर्जा वाले फोटॉन थे, तो कोई भी परमाणु नाभिक उनके द्वारा तुरंत नष्ट हो जाता था।



बिग बैंग के दौरान ब्रह्मांड के विकास का काल्पनिक चित्र।

### डार्क मैटर व एनर्जी को समझना बड़ी चुनौती

नैनीताल : डार्क मैटर व डार्क मैटर को समझना वर्तमान खगोल विज्ञान की सबसे बड़ी चुनौती है। इसे तभी समझा जा सकेगा, जब ब्रह्मांड के विकास की सही जानकारी मिलेगी। इसके लिए निरंतर शोध जरूरी हैं।